चैत्र कृष्ण पक्ष एकादशी
विक्रम संवत 2080

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

शुक्रवार, 5 अप्रैल 2024
वर्ष -34, अंक -69, पृष्ठ -14
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य -5 रुपये

# अमृत विचार

लखनऊ

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com



वैज्ञानिकों ने की ब्रह्मांड के दुर्लभ कण की खोज 14
शाहरुख के साथ कभी आईपीएल मैच नहीं देखती हूं 2

## भारत के सेवा क्षेत्र की वृद्धि मार्च में साढ़े 13 वर्ष के उच्चतम स्तर पर

नई दिल्ली, एजेंसी




- सेवा क्षेत्र की 400 कंपनियों को भेजे गए सवालों के जवाबों के आधार पर तैयार किया है सर्वेक्षण

भारत में सेवा क्षेत्र की गतिविधियां मजबूत मांग के दम पर मार्च में साढ़े 13 वर्ष के उच्चतम स्तर पर पहुंच गईं। एक मासिक सर्वेक्षण के अनुसार मौसमी रूप से समायोजित एचएसबीसी इंडिया, भारत सेवा पीएमआई कारोबारी गतिविधि सूचकांक मार्च में 61.2 पहुंच गया। यह फरवरी में 60.6 पर था।

खरीद प्रबंधक सूचकांक (पीएमआई) की भाषा में 50 से ऊपर अंक का मतलब गतिविधियों में विस्तार से और 50 से कम अंक का आशय संकुचन से होता है। एचएसबीसी इंडिया सर्विस पीएमआई को एसएंडपी ग्लोबल ने सर्वेक्षण सेवा क्षेत्र की करीब 400 कंपनियों को भेजे गए सवालों के जवाबों के आधार पर तैयार किया है। एचएसबीसी के अर्थशास्त्री इनेस लैम ने कहा, फरवरी में मामूली गिरावट के बाद मार्च में भारत की सेवाओं का पीएमआई बढ़ा, मजबूत मांग के कारण बिक्री तथा व्यावसायिक गतिविधि में तेजी आई। सेवा प्रदाताओं ने उत्पादन क्षमता बढ़ाने के लिए अगस्त 2023 के बाद से सबसे तेज गति से नियुक्तियां बढ़ाई हैं। सर्वेक्षण में कहा गया, रोजगार में नवीनतम वृद्धि कई महीनों में 22वीं और नवंबर 2022 के बाद से संयुक्त रूप से सबसे मजबूत है। इस बीच, एचएसबीसी इंडिया कंपोजिट पीएमआई आउटपुट इंडेक्स फरवरी में 60.6 से बढ़कर मार्च में 61.8 हो गया।

**आवक कम होने से प्याज 40%, टमाटर 36%, आलू 22%, चावल 14% और दालों की कीमतें 22% तक बढ़ी**

## प्याज, टमाटर के दाम बढ़े, शाकाहारी थाली मार्च में 7% महंगी

मुंबई, एजेंसी



- शाकाहारी थाली की कीमत मार्च में बढ़कर 27.3 रुपये प्रति प्लेट हुई जो पिछले साल 25.5 रुपये थी
- 'रोटी चावल दर' रिपोर्ट के अनुसार, पॉल्ट्री की कीमतें घटने से मांसाहारी थाली में सात प्रतिशत की गिरावट

मार्च महीने में प्याज, टमाटर और आलू की कीमतें बढ़ने से शाकाहारी थाली सालाना आधार पर सात प्रतिशत तक महंगी हो गई। घरेलू रेटिंग एजेंसी क्रिसिल की इकाई ने गुरुवार को यह सर्वेक्षण पेश किया। क्रिसिल मार्केट इंटेलिजेंस एंड एनालिसिस ने मासिक 'रोटी चावल दर' रिपोर्ट में कहा कि पॉल्ट्री की कीमतें घटने से पिछले महीने मांसाहारी थाली की लागत में सात प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई।

शाकाहारी थाली में रोटी, सब्जियां (प्याज, टमाटर और आलू), चावल, दाल, दही और सलाद आता है। इस थाली की कीमत मार्च में बढ़कर 27.3 रुपये प्रति प्लेट हो गई, जो एक साल पहले की समान अवधि में 25.5 रुपये थी। हालांकि, फरवरी के 27.4 रुपये की तुलना में मार्च में शाकाहारी थाली की कीमत घटी है। रिपोर्ट अनुसार, आवक कम होने और कम आधार दर के कारण प्याज का दाम सालाना आधार पर 40 प्रतिशत, टमाटर का दाम 36 प्रतिशत और आलू का दाम 22 प्रतिशत बढ़ने से शाकाहारी थाली महंगी हो गई है।

रिपोर्ट के मुताबिक, कम आवक के कारण एक साल पहले की तुलना में चावल का दाम भी 14 प्रतिशत और दालों की कीमतें 22 प्रतिशत बढ़ गई हैं।

### मांसाहारी थाली की लागत में आई कमी

मांसाहारी थाली की कीमत एक साल पहले की समान अवधि में 59 .2 रुपये थी जो पिछले महीने घटकर 54 .9 रुपये रह गई। लेकिन फरवरी के 54 रुपये प्रति थाली की तुलना में इसकी कीमत अब भी अधिक है। दरअसल ब्रॉयलर मुर्गे की कीमतों में 16 प्रतिशत की गिरावट आने से सालाना आधार पर मांसाहारी थाली की लागत घटी। मांसाहारी थाली में ब्रॉयलर का भारांक 50 प्रतिशत होता है। हालांकि, फरवरी की तुलना में मार्च में रमजान के पवित्र महीने की शुरुआत होने और अधिक मांग आने से ब्रॉयलर की कीमतें पांच प्रतिशत बढ़ गईं।

### एक नजर

#### सोनिया और वैष्णव सहित 14 सांसदों ने ली शपथ

**नई दिल्ली।** कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी और रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव समेत 14 सांसदों ने गुरुवार को राज्यसभा सदस्य के रूप में शपथ ली। उपराष्ट्रपति और राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ ने नए संसद भवन में उन्हें शपथ दिलाई। सोनिया गांधी ने राजस्थान से उच्च सदन के सदस्य के रूप में जबकि वैष्णव ने ओडिशा से राज्यसभा सदस्य के रूप में शपथ ली। कर्नाटक से कांग्रेस नेता अजय माकन और सैयद नासिर हुसैन, यूपी से भाजपा नेता आरपीएन सिंह और प. बंगाल से भाजपा के समिक भट्टाचार्य उन 14 नेताओं में शामिल हैं।

#### पूर्वोत्तर भारत में सात अप्रैल तक बारिश के आसार

**नई दिल्ली।** देश के पूर्वोत्तर हिस्सों में सात अप्रैल तक गरज के साथ बारिश के आसार हैं। भारतीय मौसम विज्ञान केंद्र (आईएमडी) ने गुरुवार को यह जानकारी दी।अरुणाचल में चार से सात अप्रैल तक बारिश और बर्फबारी के आसार हैं। असम और मेघालय में पांच अप्रैल को भारी बारिश का अनुमान है। मौसम विभाग के अनुसार, अरुणाचल में छिटपुट गरज और बिजली के साथ मध्यम वर्षा का अनुमान है।असम, मेघालय, नागालैंड, मणिपुर, मिजोरम और त्रिपुरा में अगले सात दिनों में हल्की से मध्यम वर्षा के आसार हैं।

## नेपाल सीमा से भारत में प्रवेश कर रहे तीन आतंकवादी गिरफ्तार

### तीनों आईएसआई के सहयोग से हिजबुल मुजाहिद्दीन के कैंप में ट्रेनिंग ले चुके हैं

राज्य ब्यूरो, लखनऊ



मो. अल्ताफ भट | सैय्यद गजनफर | नासिर अली

- एटीएस के मुताबिक, तीनों प्रशिक्षण लेकर भारत में बड़ी घटना को अंजाम देने के उद्देश्य से घुस रहे थे

**अमृत विचार :** यूपी एटीएस ने बुधवार को नेपाल सीमा से भारत में प्रवेश कर रहे दो पाकिस्तानी आतंकवादियों समते तीन को गिरफ्तार किया है। एटीएस के मुताबिक तीनों आतंकवादी बाकायदा प्रशिक्षण लेकर भारत में बड़ी घटना को अंजाम देने के उद्देश्य से घुस रहे थे। एटीएस की फील्ड इकाई गोरखपुर टीम को आतंकवादियों को भारत-नेपाल सीमा के तटवर्ती गांव शेख फरेंदा होते हुए गुप्त रास्ते से भारत में प्रवेश करने की पूर्व सूचना मिली थी। भौतिक और इलेक्ट्रानिंक सर्विलांस से सूचनाएं विकसित कर टीम ने तीनों को सोनौली सीमा पर गिरफ्तार कर लिया। बता दें कि तीनों में एक जम्मू -कश्मीर का निवासी है।

गिरफ्त में आए आतंकवादियों में पहला मोहम्मद अल्ताफ भट पुत्र खिजर मोहम्मद भट पाकिस्तान के रावलपिंडी,दूसरा सैयद गजनफर पुत्र सैयद मोहम्मद सैयद भी पाकिस्तान के इस्लामाबाद का निवासी है। तीसरा नासिर अली पुत्र गुलाम अहमद अली श्रीनगर का निवासी है। एटीएस द्वारा पूछताछ करने पर पता चला कि तीनों को भारत पहुंचने के उपरांत बड़ी घटना को अंजाम देने कार्य दिया जाना था। भारत में इन तीनों को कौन टारगेट दे रहा था? किससे मिलने का निर्देश मिला था? इसकी जानकारी एटीएस खंगाल रही है। एटीएस ने तीनों के खिलाफ मुअसं-04/24 की धारा 419, 420, 467, 468, 471, 120बी, 121ए भारतीय दंड विधान, 13, 18, 38 के अंतर्गत विधि विरुद्ध क्रिया-कलाप निवारण अधिनियम एवं 14, 14सी विदेशी अधिनियम-1946, के तहत लखनऊ एटीएस थाने में रिपोर्ट पंजीकृत कर न्यायालय में पेश कर अग्रिम कार्रवाई शुरू कर दी है।

### दो पाकिस्तानी समेत तीन आतंकियों की पुलिस रिमांड मंजूर

**लखनऊ, विधि संवाददाता।** भारत में गुप्त रास्ते से प्रवेश कर आतंकी घटनाओं को अंजाम देने के प्रयास के आरोपी पाकिस्तान के अल्ताफ भट व सैयद गजनफर तथा कश्मीर के नासिर अली को एटीएस प्रभारी न्यायाधीश पुष्कर उपाध्याय ने छह दिन के लिए पुलिस कस्टडी में दिए जाने का आदेश दिया है। कोर्ट ने कहा है कि पुलिस रिमांड अवधि 5 अप्रैल को प्रात: 10 बजे से 10 अप्रैल को शाम 6 बजे तक प्रभावी होगी। विशेष लोक अभिलेख नागेंद्र गोस्वामी एवं एमके सिंह ने अदालत को बताया कि दोनों पाकिस्तानी नागरिकों को कश्मीर के नासिर अली के साथ शेख फरेंदा गांव के चौराहे से पकड़ा गया, जहां से नासिर उन्हें कश्मीर ले जाता। दोनों पाकिस्तानियों ने फर्जी आधार कार्ड बनवाया था तथा उनका उद्देश्य भारत में आतंकी घटनाओं को अंजाम देना था। उनके पास से पाकिस्तानी व भारतीय पासपोर्ट व पाकिस्तानी पहचान पत्र, ड्राइविंग लाइसेंस फ्लाइट की टिकट तथा नेपाल, बांग्लादेश ,भारत एवं अमेरिका की करेंसी भी बरामद हुई थी। आरोपियों को रिमांड पर लेकर उनसे गुप्त रास्ते की जानकारी, आईएसआई एवं हिजबुल मुजाहिदीन के बारे में पूछताछ करना, मोबाइल डाटा बरामद करना, बैंक खातों के बारे में भी जानकारी करना है। मामले की रिर्पोट एटीएस निरीक्षक विजय प्रताप सिंह ने एटीएस के थाना गोमती नगर में दर्ज कराई है।

## स्वामी प्रसाद व संघमित्रा समेत 5 के खिलाफ गैर जमानती वारंट

लखनऊ, विधि संवाददाता



- संघमित्रा पर तलाक बिना दूसरी शादी का मामला
- मारपीट, धमकी व साज़िश के आरोपी नहीं हुए थे हाज़िर

**अमृत विचार :** बिना तलाक़ दिए दूसरी शादी की कथित आरोपी सांसद संघमित्रा व मारपीट, गाली-गलौज, जानमाल की धमकी व साज़िश रचने के आरोपी पूर्व सपा नेता स्वामी प्रसाद मौर्या, नीरज तिवारी, सूर्यप्रकाश शुक्ला उर्फ़ चिंटू तथा रितिक सिंह कोर्ट में हाज़िर नहीं हो रहे थे। इसे गंभीर मानते हुए एमपी-एमएलए कोर्ट के विशेष एसीजेएम अम्बरीश श्रीवास्तव ने सभी के विरुद्ध गिरफ्तारी वारंट जारी किया है। मामले की अगली सुनवाई के लिए 16 अप्रैल की तारीख़ तय की गई है।

अदालत द्वारा आरोपियों के विरुद्ध भेजे गए सभी जमानती वारंट आदेश के पीछे पुलिस द्वारा चस्पा किया गया था कि वारंट की तामीला के लिए आरोपी के घर जब जाया गया तो वह नहीं मिले। अदालत ने कहा है कि जमानती वारंट की तामीला रिपोर्ट से ऐसा प्रतीत होता है कि अभियुक्तगण वारंट की तामीला से बच रहे हैं। अदालत ने सभी आरोपियों की उपस्थिति के लिए उनके खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी करने का आदेश दिया है । पत्रावली के अनुसार यह मामला सुशांत गोल्फ सिटी के रहने वाले वादी दीपक कुमार स्वर्णकार ने अदालत में संघमित्रा, स्वामी प्रसाद मौर्या, उत्कृष्ट मौर्या, शिवा मौर्या,नीरज तिवारी, सूर्यप्रकाश शुक्ला एवं रितिक सिंह के ख़िलाफ़ दाखिल किया है।

### सातवें अभियुक्त को भी मिली उम्र कैद की सजा

**राजूपाल हत्याकांड**

**लखनऊ।** प्रयागराज के चर्चित पूर्व बसपा विधायक राजूपाल हत्याकांड के सातवें एवं अंतिम आरोपी इसरार अहमद ने सीबीआई की विशेष न्यायाधीश कविता मिश्रा ने उम्र कैद की सजा के साथ एक लाख नब्बे हजार के जुर्माने की सजा सुनाई है। 29 मार्च को अदालत ने आबिद, जावेद, रंजीत पाल, अब्दुल कवि, गुल हसन एवं फरहान को सजा सुनाई थी जबकि दोषी इसरार के मौजूद न होने पर अदालत ने हाजिरी माफी अर्जी को खारिज करते हुए गिरफ्तारी वारंट जारी किया था। सोमवार को इसरार अपने अधिवक्ता के माध्यम से अदालत में आत्म समर्पण किया था जिसे अभिरक्षा में लेने के बाद अदालत ने सजा के प्रश्न पर सुनने को 4 अप्रैल के लिए तलब किया था।

### इरफान सोलंकी के मामले में फैसला टला

**कानपुर।** सीसामऊ से सपा विधायक इरफान सोलंकी के खिलाफ गुरुवार को आगजनी मामले में कोर्ट का फैसला पांचवीं बार टल गया। एमपीएमएलए सेशन कोर्ट ने कुछ बिंदुओं पर स्पष्टीकरण के लिए अगली तिथि 6 अप्रैल निर्धारित की। पुलिस महाराजगंज जेल से सपा विधायक को लाई लेकिन उनको तीन घंटे पुलिस लाइन में रखा। जाजमऊ डिफेंस कॉलोनी की नजीर फातिमा की झोपड़ी जलाने के मामले में इरफान, रिजवान, शौकत, इजरायल, मो. शरीफ समेत अन्य को एमपीएमएलए सेशन जज सत्येंद्र नाथ त्रिपाठी की कोर्ट में पेश किया गया।

## केजरीवाल को सीएम पद से हटाने की दूसरी याचिका रद

नई दिल्ली, एजेंसी

- आपका समाधान यहां नहीं, आप सक्षम प्राधिकरण के पास जाएं

दिल्ली हाईकोर्ट ने आबकारी नीति से जुड़े धन शोधन मामले में ईडी द्वारा अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी के बाद उन्हें मुख्यमंत्री पद से हटाने का अनुरोध करने वाली जनहित याचिका पर सुनवाई से गुरुवार को इनकार कर दिया। कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश मनमोहन और न्यायमूर्ति मनमीत पीएस अरोड़ा ने कहा, कई बार राष्ट्रीय हित को निजी हित से ऊपर रखना पड़ता है, लेकिन यह उनका व्यक्तिगत फैसला है। हमें अदालत के तौर पर कानून के अनुसार चलना होगा। आपका समाधान यहां नहीं, कहीं और है। आप सक्षम प्राधिकरण के पास जाइए। पीठ ने कहा कि उसने हाल में ऐसी ही जनहित याचिका खारिज की थी, जिसमें केजरीवाल को मुख्यमंत्री पद से हटाने का अनुरोध किया गया था और इसलिए वह कोई अलग रुख नहीं अपना सकती है। याचिकाकर्ता विष्णु गुप्ता के वकील ने कहा कि अदालत ने इस मामले में हस्तक्षेप से इनकार किया है तो उन्हें याचिका वापस लेने का निर्देश दिया गया है और वह उपराज्यपाल के समक्ष अपनी अर्जी लेकर जाएंगे।

## दोषसिद्धि दर को लेकर बंगाल सरकार ने कोर्ट में उठाए सवाल

**कोलकाता।** प. बंगाल सरकार ने राज्य में केंद्रीय एजेंसियों द्वारा जांच किए जा रहे मामलों में दोषसिद्धि की दर को लेकर गुरुवार को सवाल उठाया, जबकि ईडी ने राज्य सरकार पर जांच आगे बढ़ाने में सहयोग न करने का आरोप लगाया। उत्तर 24 परगना जिले के संदेशखालि में महिलाओं का कथित यौन उत्पीड़न और जमीन हड़पने की जांच स्थानांतरित करने संबंधी अनुरोध का विरोध करते हुए, राज्य के महाधिवक्ता किशोर दत्ता ने मुख्य न्यायाधीश टीएस शिवज्ञानम की खंडपीठ के समक्ष दावा किया कि केंद्रीय एजेंसियों ने भरोसा खो दिया है।

## युवक को पिलाया गटर का पानी

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- आरोपियों ने पूरे घटनाक्रम का वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर किया वायरल
- सिविल लाइंस थाने में आठ नामजद, 10 अज्ञात के विरुद्ध एफआईआर, तीन गिरफ्तार

> हम मामले को काफी गंभीरता से लेकर वायरल हुए वीडियो में आरोपियों की पहचान कर रहे हैं। तीन लोगों को गिरफ्तार भी कर लिया है। आरोपी सगे भाई हैं। इसमें एक युवती का पिता है। मामला प्रेम-प्रसंग का है। -**राम प्रसाद शर्मा**, थानाध्यक्ष, सिविल लाइंस

**अमृत विचार :** युवक का अपहरण कर उसके गले में जूते-चप्पलों की माला डालकर पिटाई की। आरोपियों ने पेशाब और गटर का पानी भी पिलाया। आरोपियों ने वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया है। घटना का कारण युवक और युवती के बीच प्रेम-प्रसंग बताया जा रहा है। पुलिस ने तीन लोगों को गिरफ्तार किया है।

सिविल लाइंस थाना क्षेत्र में अगवानपुर के युवक का अपहरण कर उससे अमानवीय व्यवहार और मारपीट का सनसनीखेज मामला सामने आया है। पीड़ित के पिता ने एसएसपी हेमराज मीना से मिलकर कार्रवाई की मांग की है। मामले में सिविल लाइंस थाना पुलिस ने आठ लोगों के विरुद्ध नामजद और करीब 10 अज्ञात व्यक्तियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है। युवक के पिता ने बताया है कि 30 मार्च दोपहर 2 बजे हजारा, पिंकू व शर्मा उर्फ राजेश ने उनके बेटे को फोन कर अगवानपुर रेलवे स्टेशन नई बस्ती के पास बुलाया था। बेटे के पहुंचने पर उन लोगों ने वहीं से उसका अपहरण कर लिया और अपने गांव नानकबाड़ी उर्फ गिन्नौर दे माफी थाना पाकबड़ा ले गए। वहां आरोपी हजारा का बेटा आकाश और पिंकू की पत्नी रजनी, अंबरशरी, कमल, अरविंद और अन्य कई लोगों ने उनके बेटे के हाथ-पैर बांधकर गले में जूते चप्पलों की माला डालकर पीटा। और पेशाब पिलाया। हाथ-पैर बांधकर शौचालय में ले जाकर गटर का पानी पीने को मजबूर किया।

## बाबा तरसेम हत्याकांड: कत्ल की साजिश में चार गिरफ्तार

संवाददाता, खटीमा/नानकमत्ता

- आरोपियों के पास से दो कारें व दो मोबाइल फोन बरामद



**अमृत विचार :** नानकमत्ता डेरा कार सेवा प्रमुख बाबा तरसेम सिंह हत्याकांड में पुलिस को सफलता मिली है। बाबा की हत्या के लिए सुपारी देने वाले मास्टर माइंड और बाबा के करीबी सेवादार समेत चार साजिशकर्ताओं को गिरफ्तार किया गया है। हत्या के एवज में दस लाख की सुपारी दी गई थी। इधर, पुलिस महानिदेशक ने दोनों शूटर्स पर इनाम राशि बढ़ाकर एक-एक लाख रुपये करने का ऐलान किया है।

डेरा कार सेवा प्रमुख की 28 मार्च की सुबह बाइक सवार दो सिखों ने गोली मारकर हत्या कर दी थी। एसएसपी मंजूनाथ टीसी ने बताया कि मामले में दिलबाग सिंह, अमनदीप सिंह, हरमिंदर उर्फ पिंडी और बलकार सिंह को गिरफ्तार किया गया है। हरमिंदर सिंह उर्फ पिंडी शाहजहांपुर के रणधीरपुर, बलकार सिंह पीलीभीत जिले के ग्राम बाधे कंजा का रहने वाला है। आरोपियों से दो कार तथा दो मोबाइल फोन भी बरामद किए गए हैं।

## मानक पर खरे मदरसे ही होंगे संचालित

जीशान कदीर, लखनऊ



- मुख्य सचिव की ओर से दिये गए जिलावार आदेश
- समायोजन एवं अन्य अर्हताओं को लेकर पांच सदस्यीय कमेटी गठित

**अमृत विचार :** उप्र में जो मदरसे विभिन्न मानकों के आधार पर यूपी बोर्ड सहित अन्य बोर्ड से मान्यता प्राप्त करने के लिए अर्ह हैं, वे मान्यता लेकर मदरसों का संचालन कर सकते हैं। इसको लेकर मुख्य सचिव की ओर से आदेश जारी किये गए हैं। प्रदेश के सभी जिलाधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि वे पांच सदस्यीय समिति बनाकर छात्रों का विद्यालयों में समायोजन करें, जो मानकों से इतर मदरसों में अध्ययनरत रहे हैं।

मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र की ओर से अपर मुख्य सचिव/ प्रमुख सचिव बेसिक व माध्यमिक शिक्षा विभाग, निदेशक अल्पसंख्यक कल्याण और जिलाधिकारियों को आदेश दिए गए हैं। हाईकोर्ट के आदेशों का हवाला देते हुए कहा कि प्रदेश के जो मदरसे, विभिन्न मानकों के आधार पर यूपी/ सीबीएसई/आईसीएसई बोर्ड आदि से मान्यता प्राप्त करने को अर्ह हैं। ऐसे मदरसे बोर्ड से मान्यता प्राप्त करके प्राथमिक व माध्यमिक विद्यालयों का संचालन कर सकते हैं। इन मदरसों में पढ़ने वाले छात्रों को बेसिक / माध्यमिक में प्रवेश दिलाया जाए। इसको लेकर जिलाधिकारी की अध्यक्षता में पांच सदस्यीय समिति भी बनाई जाए। इसमें मुख्य विकास अधिकारी के अलावा जिला विद्यालय निरीक्षक, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी और जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारियों को शामिल किया जाना है।

### स्थापित होंगे विद्यालय, बढ़ेंगी सीटें

मदरसों से जुड़े छात्रों के लिए खबर राहत भरी है, इनके लिए जल्द ही नए विद्यालय स्थापित किये जाएंगे। जनपद स्तर पर नए विद्यालयों की स्थापना के साथ प्रवेश के लिए सीटों का भी निर्धारण किया जाएगा। सीटें बढ़ाकर छात्र-छात्राओं को समायोजित किये जाने के निर्देश दिये गए हैं।

## सपा ने मेरठ से प्रधान की जगह सुनीता को दिया टिकट

**लखनऊ।** सपा ने मेरठ सीट पर फिर टिकट बदला है। वहां दूसरी बार उम्मीदवार बदलते हुए पार्टी ने नामांकन के अंतिम दिन अतुल प्रधान की जगह पूर्व महापौर सुनीता वर्मा को प्रत्याशी बना दिया। गुरुवार को सपा के सिंबल के साथ पूर्व विधायक योगेश वर्मा की पत्नी सुनीता ने पर्चा भर दिया है। हालांकि अतुल प्रधान ने भी बुधवार को नामांकन कर दिया था। प्रधान से भी पहले अधिवक्ता भानु प्रताप सिंह को टिकट दिया गया था।

टिकट कटने की सूचना मिलते ही प्रधान ने पार्टी छोड़ने की चेतावनी दे दी लेकिन पार्टी नेतृत्व के समझाने पर निर्णय को स्वीकार कर लिया। गुरुवार को एक्स पर लिखा, राष्ट्रीय अध्यक्ष का निर्णय है, वह स्वीकार है।

**संस्कृति** | लगभग 300 साल पहले कलाबाजी करते समय नट की हो गई थी मौत, उनके साथ जिंदा दफन हुई थी पत्नी

## परंपरा के लिए दफन किए जाते हैं हिंदुओं के शव

ऋषिदेव गंगवार/हिमांशु उपाध्याय, बिसौली (बदायूं)

- नट और उनकी पत्नी की याद में गांव के पास बनवाया सती मंदिर



सती मंदिर में स्थापित पति को गोद में लेकर बैठी महिला की मूर्ति।

**अमृत विचार :** तेजी से बदलते दौर में लोग अपनी परंपराओं और संस्कृति को भूलते जा रहे हैं वहीं कुछ ऐसे लोग भी हैं जिन्होंने अपनी सामाजिक मान्यताओं और संस्कृति को जिंदा रखा है। हिंदू होने के बावजूद भुगोलिया नट जाति के लोग शवों का दाह संस्कार करने के बजाय दफनाते हैं। ऐसा वे अपनी परंपरा को जिंदा रखने के लिए करते हैं। ये लोग अपने पूर्वजों की समाधियों पर नियमित पूजा भी करते हैं।

राजस्थान के भूगोलिया नट उत्तर प्रदेश के गोरखपुर, बरेली, रामपुर, बदायूं समेत कई जिलों में डेरा डालकर रहते हैं। कलाबाजी के करतब दिखाना इनका पुश्तैनी पेशा है। कभी राजाओं, नवाबों ने इनकी कलाकारी देखकर जागीरें बख्शीश में दे डालीं जिसके चलते भुगोलिया नटों के पूर्वज कई गांवों के जमीदार भी रहे हैं। धीरे-धीरे जमींदारी चली गई। अब इन लोगों ने कलाबाजी करना बंद कर दिया है। ज्यादातर लोग मजदूरी करके परिवार का पालन पोषण करते हैं। हिंदू होने के बाद भी वे शवों को दफनाते हैं।

### पति के साथ जिंदा दफन हुई थी, तभी बना सती मंदिर

भुगोलिया नटों के अनुसार शवों को दफनाने का रिवाज तकरीबन 300 साल पुराना है। बुजुर्गों ने बताया कि लगभग 300 साल पहले कलाबाजों को बहुत सम्मान की नजर से देखा जाता था। उनके पूर्वजों ने गांव में डेरा डाला था। उस समय बिसौली की रियासत पर नवाब दूदे खां की हुकूमत थी। एक कलाबाज नट की रस्सी से गिरकर मौत हो गई। उसकी पत्नी ने नवाब के समक्ष पति के साथ जीवित दफन होने की इच्छा जताई। महिला को समझाया गया लेकिन वह जिद पर अड़ी रही। आखिरकार नवाब को महिला को पति के साथ दफन करने की इजाजत देखी पड़ी। महिला को उसके पति के साथ जिंदा दफना दिया गया। महिला व उसके पति की याद में करौली में सती मंदिर बनवाया गया। इस मंदिर में पति के शव को गोद में रखे महिला की मूर्ति है। भुगोलिया नट हर त्यौहार पर मंदिर में पूजा करते हैं। इसीलिए देश भर में भुगोलिया नटों में शवों को दफनाने की परंपरा कायम है।

### ऑरेंज कैप

| खिलाड़ी | मैच | रन |
|---|---|---|
| विराट कोहली (आरसीबी) | 04 | 203 |
| रियान पराग (आरआर) | 03 | 181 |
| हेनरिक क्लासेन (एसआरएच) | 03 | 167 |

### पर्पल कैप

| खिलाड़ी | मैच | विकेट |
|---|---|---|
| मुस्तफिजुर रहमान (सीएसके) | 03 | 07 |
| मोहित शर्मा (जीटी) | 04 | 07 |
| मयंक यादव (एलएसजी) | 02 | 06 |

### अंकतालिका

IPL

| टीम | मैच | जीत | हार | टाई | अंक | रन रेट |
|---|---|---|---|---|---|---|
| कोलकाता नाइट राइडर्स | 03 | 03 | 00 | 00 | 06 | +2.518 |
| राजस्थान रॉयल्स | 03 | 03 | 00 | 00 | 06 | +1.249 |
| चेन्नई सुपरकिंग्स | 03 | 02 | 01 | 00 | 04 | +0.976 |
| लखनऊ सुपर जायंट्स | 03 | 02 | 01 | 00 | 04 | +0.483 |
| पंजाब किंग्स | 04 | 02 | 02 | 00 | 04 | -0.220 |
| गुजरात टाइटंस | 04 | 02 | 02 | 00 | 04 | -0.580 |
| सनराइजर्स हैदराबाद | 03 | 01 | 02 | 00 | 02 | +0.204 |
| रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु | 04 | 01 | 03 | 00 | 02 | -0.876 |
| दिल्ली कैपिटल्स | 04 | 01 | 03 | 00 | 02 | -1.347 |
| मुंबई इंडियंस | 03 | 00 | 03 | 00 | 00 | -1.423 |

# मुस्तफिजुर के बिना सीएसके का सामना सनराइजर्स हैदराबाद से

**हैदराबाद, एजेंसी**

फॉर्म में चल रहे तेज गेंदबाज मुस्तफिजुर रहमान के बिना चेन्नई सुपर किंग्स शुक्रवार को आईपीएल के मैच में सनराइजर्स हैदराबाद से खेलेगी जो अपना दिन होने पर किसी भी आक्रमण की बखिया उधेड़ने में सक्षम है।

दिल्ली कैपिटल्स से पिछले मैच में पराजय झेलने के बाद चेन्नई टीम जीत की राह पर लौटने उतरेगी। इतने लंबे टूर्नामेंट में प्रदर्शन में उतार चढाव आना लाजमी है और चेन्नई के कप्तान ऋतुराज गायकवाड़ ने पिछले मैच में मिली हार के बाद यही कहा था। उन्हें और उनके सलामी जोड़ीदार रचिन रविंद्र को हालांकि घूमती गेंदों का सामना करने के लिये तैयार रहना होगा, जिसमें वे दिल्ली के खिलाफ चूक गए थे। क्रिकेट प्रेमी महेंद्र सिंह धोनी को आठवें नंबर से ऊपर बल्लेबाजी करते देखना चाहते थे। उन्होंने पिछले मैच में अपना पुराना फिनिशिर फॉर्म दिखाते हुए 16 गेंद में 37 रन बनाये थे। वैसे उनके ऊपर आने की संभावना कम ही है क्योंकि वह शिवम दुबे और समीर रिजवी को फिनिशर की भूमिका निभाते देखना चाहते हैं।

गेंदबाजी में चेन्नई को संयोजन पर विचार करना होगा क्योंकि मुस्तफिजुर अमेरिका और वेस्टइंडीज में होने वाले टी20 विश्व कप के लिये वीजा की प्रक्रिया पूरी करने बांग्लादेश लौट गए हैं। अभी तक मुस्तफिजुर और मथीषा पथिराना की जोड़ी सीएसके के लिये अच्छा प्रदर्शन कर रही थी। मुस्तफिजुर की जगह मुकेश चौधरी ले सकते हैं जबकि शार्दुल ठाकुर ने अभी तक एक भी मैच नहीं खेला है। दूसरी ओर सनराइजर्स हैदराबाद को घरेलू मैदान पर खेलने का फायदा मिलेगा। उसके बल्लेबाजों ने मुंबई के खिलाफ दूसरे मैच में आईपीएल के इतिहास का सर्वोच्च स्कोर बनाया था हालांकि सलामी बल्लेबाज मयंक अग्रवाल अभी तक प्रभावित नहीं कर सके हैं।

गुजरात टाइटंस के खिलाफ पहली बार सनराइजर्स के बल्लेबाज नाकाम रहे। गेंदबाजी में जयदेव उनादकट, मयंक मार्कण्डेय और भुवनेश्वर कुमार महंगे साबित हुए हैं। भुवनेश्वर ने नयी गेंद से निराश किया है और तीन मैचों में तीन ही विकेट ले सके हैं। कप्तान पैट कमिंस ने आठ रन प्रति ओवर की दर से रन दिये हैं लेकिन उन्हें दूसरे छोर से सहयोग चाहिये।

**चेन्नई सुपर किंग्स :** महेंद्र सिंह धोनी , मोईन अली, दीपक चाहर, तुषार देशपांडे, शिवम दुबे, ऋतुराज गायकवाड़ (कप्तान), अजय मंडल, मुकेश चौधरी, अजिंक्य रहाणे, शाइक रशीद, मिचेल सेंटनेर, सिमरजीत सिंह, निशांत सिंधू, प्रशांत सोलंकी, महीष तीक्षणा, रचिन रविंद्र , शार्दुल ठाकुर, डेरिल मिचेल, समीर रिजवी, मुस्ताफिजूर रहमान, अवनीश राव अरावेली। **सनराइजर्स हैदराबाद :** पैट कमिंस (कप्तान), अब्दुल समाद, अभिषेक शर्मा, एडेन मार्कराम, ट्रेविस हेड, वानिंदु हसरंगा, मार्को यानसेन, राहुल त्रिपाठी, वॉशिंगटन सुंदर, ग्लेन फिलिप्स, सनवीर सिंह, हेनरिच क्लासेन, भुवनेश्वर कुमार, मयंक अग्रवाल, टी नटराजन, अनमोलप्रीत सिंह, मयंक मार्कण्डेय, उपेंद्र सिंह यादव, उमरान मलिक, नीतिश कुमार रेड्डी, फजलहक फारूकी, शाहबाज अहमद, जयदेव उनादकट, आकाश सिह, जे सुब्रहमण्यन। **समय :** शाम 7 .30 से।

# शशांक की पारी से गुजरात के हाथ से फिसली जीत

## पंजाब किंग्स के शशांक सिंह ने नाबाद 61 और आशुतोष शर्मा ने बनाए 31 रन, गुजरात की 3 विकेट से हार




शशांक सिंह

**अहमदाबाद, एजेंसी**

शशांक सिंह नाबाद 61 रन और आशुतोष शर्मा 31 रनों ने आखिरी ओवरों में धुआंधार बल्लेबाजी करते हुए गुरुवार को इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के 17वें मुकाबले में पंजाब किंग्स को एक गेंद शेष रहते गुजरात टाइटंस पर तीन विकेट से जीत दिला दी है। पंजाब की चार मैचों में यह दूसरी जीत है।

200 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी पंजाब किंग्स की टीम की शुरुआत खराब रही। उमेश यादव ने दूसरे ही ओवर में कप्तान शिखर धवन एक रन को बोल्ड कर पंजाब को पहला झटका दिया। उसके बाद छठें ओवर में जॉनी बेयरस्टो 13 गेंदों में चार चौकों की मदद से 22 रन बनाकर पवेलियन लौट गये। उन्हें नूर अहमद ने बोल्ड आउट किया। प्रभसिमरन सिंह ने 24 गेंदों में पांच चौके और एक छक्का लगाकर 35 रन बनाये। सैम करेन पांच रन, सिकंदर रज़ा 15 रन और जितेश शर्मा 16 रन बनाकर आउट हुये। शशांक सिंह ने 29 गेंदों में छह चौके और चार छक्कों की मदद से नाबाद 61 जुटाये और आशुतोष शर्मा 17 गेंदों में तीन चौके और एक छक्के की मदद से 31 रन बनाये। हरप्रीत बरार एक रन बनाकर नाबाद रहे। पंजाब ने 19.5 ओवर में सात विकेट पर 200 रन बनाकर तीन विकेट से मुकाबला जीत लिया। गुजरात टाइटंस की ओर से नूर अहमद ने दो विकेट लिये। अजमतउल्लाह उमरजई, उमेश यादव, राशिद खान, दर्शन नालकंडे और मोहित शर्मा ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया। इससे पहले शुभमन गिल नाबाद 89 रनों की कप्तान पारी के दम पर गुजरात टाइटंस ने पंजाब किंग्स को जीत के लिए 200 रनों का लक्ष्य दिया था। आज यहां नरेंद्र मोदी स्टेडियम में पंजाब किंग्स के कप्तान शिखर धवन ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया है। बल्लेबाजी करने उतरी गुजरात की टीम की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने तीसरे ही ओवर में सलामी बल्लेबाज रिद्धिमान साहा 11 रन का विकेट गवां दिया। इसके बाद केन विलियम्सन 26 रन बनाकर पवेलियन लौट गये। साई सुदर्शन ने 19 गेंदों में छह चौकों की मदद से 33 रन बनाये। विजय शंकर आठ रन बनाकर आउट हुये। शुभमन गिल ने 48 गेंदों में छह चौकों और चार छक्कों की मदद से नाबाद 89 रनों की पारी खेली। वहीं राहुल तेवतिया आठ गेंदों में तीन चौके और एक छक्का लगाकर 23 रन पर नाबाद रहे। गुजरात की टीम ने 20 ओवरों में चार विकेट पर 199 रन बनाए। पंजाब किंग्स की ओर से कगिसो रबाडा ने दो विकेट लिये। हरप्रीत बरार और हर्षल पटेल ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया।

### पहले दस मैचों में आईपीएल की रिकॉर्ड दर्शक संख्या

**मुंबई।** इंडियन प्रीमियर लीग के पहले दस मैचों को 35 करोड़ दर्शकों ने देखा जो टूर्नामेंट के किसी भी सत्र से अधिक है जिसमें कोरोना महामारी के दौरान खेले गए सत्र भी शामिल हैं। डिजनी स्टार द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार टूर्नामेंट का कुल 'वॉचटाइम' 8028 करोड़ मिनट रहा जो पिछले साल से बीस फीसदी अधिक है। डिजनी स्टार (स्पोटर्स) के प्रमुख संजोग गुप्ता ने एक विज्ञप्ति में कहा, ''टाटा आईपीएल 2024 की रिकॉर्ड व्यूअरशिप से हम आहलादित हैं। हमने दर्शकों को केंद्र में रखकर कई पहल की जिससे दर्शकों की संख्या में इजाफा हुआ।'' डिजनी स्टार आईपीएल का 10 भाषाओं में प्रसारण कर रहा है जिसमें मूक, बधिरों और दृष्टिबाधित प्रशंसकों के लिये स्पेशल फीड भी शामिल है।

### गुजरात 199/4

20 ओवर, अतिरिक्त : 09

| बल्लेबाज | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| रिद्धीमान साहा का धवन बो रबाडा | 11 | 13 | 2/0 |
| शुभमन गिल नाबाद | 89 | 48 | 6/4 |
| केन विलियम्सन का बेयरस्टो बो हरप्रीत | 26 | 22 | 4/0 |
| साई सुदर्शन का जितेश बो हर्षल | 33 | 19 | 6/0 |
| विजय शंकर का हरप्रीत बो रबाडा | 08 | 10 | 0/0 |
| राहुल तेवतिया नाबाद | 23 | 08 | 3/1 |

**गेंदबाजी :** हरप्रीत बरार 4-0-33-1, अर्शदीप सिंह 4-0-33-0, कगिसो रबादा 4-0-44-2, सैम कुरेन 2-0-18-0, हर्षल पटेल 4-0-44-1, सिकंदर रजा 2-0-22-0

### पंजाब 200/7

19 .5 ओवर, अतिरिक्त : 13

| बल्लेबाज | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| शिखर धवन बो उमेश | 01 | 02 | 0/0 |
| जॉनी बेयरस्टो बो नूर अहमद | 22 | 13 | 4/0 |
| प्रभसिमरन सिंह का मोहित बो नूर अहमद | 35 | 24 | 5/1 |
| सैम करेन का विलियम्सन बो अजमतुल्लाह | 05 | 08 | 0/0 |
| सिकंदर रजा का रिद्धिमान बो मोहित | 15 | 16 | 0/0 |
| शशांक सिंह नाबाद | 61 | 29 | 6/4 |
| जितेश शर्मा का दर्शन बो राशिद | 16 | 08 | 0/2 |
| आशुतोष शर्मा का राशिद बो दर्शन | 31 | 17 | 3/1 |
| हरप्रीत बरार नाबाद | 01 | 02 | 0/0 |

**गेंदबाजी :** अजमतउल्लाह उमरजई 4-0-41-1, उमेश यादव 3-0-35-1, राशिद खान 4-0-40-0, नूर अहमद 4-0-32-2, मोहित शर्मा 4-0-38-1, दर्शन नालकंडे 0 .5-0-6-1

## खेल डायरी

### पाकिस्तान वालीबॉल महासंघ ने भारत को एशियाई चैलेंज लीग के लिए न्योता दिया

**कराची।** पाकिस्तान वॉलीबॉल महासंघ ने भारत को अगले महीने इस्लामाबाद में होने वाली एशियाई चैलेंज वॉलीबॉल लीग में टीम भेजने के लिये न्योता दिया है। पीवीएफ के अध्यक्ष चौधरी याकूब ने कहा कि उन्होंने टूर्नामेंट के लिये भारतीय वॉलीबॉल महासंघ को न्योता दिया है। उन्होंने कहा, ''हमने काफी प्रयासों के बाद इस टूर्नामेंट की मेजबानी हासिल की है। हम चाहते हैं कि 11 से 17 मई तक होने वाले टूर्नामेंट में सभी शीर्ष टीमें भाग लें।'' ईरान, श्रीलंका, भूटान, तुर्कमेनिस्तान, अफगानिस्तान, कजाखस्तान, किर्गीस्तान ने टूर्नामेंट में भागीदारी की पुष्टि कर दी है।

### पांच महिला बैडमिंटन खिलाड़ी क्वार्टर फाइनल में

**अस्ताना।** अनमोल खरब समेत पांच भारतीय महिला खिलाड़ी गुरुवार को कजाखस्तान इंटरनेशनल चैलेंज बैडमिंटन टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में पहुंच गईं। देविका सिहाग, पूर्व राष्ट्रीय चैम्पियन अनुपमा उपाध्याय, सातवीं वरीयता प्राप्त तान्या हेमंत और ईशारानी बरूआ ने महिला एकल में अंतिम आठ में जगह बनाई। तरुण चौथे वरीय स्थानीय खिलाड़ी दिमित्री मनारिन से भिड़ेंगे जबकि रवि और भरत आमने-सामने होंगे। मिश्रित युगल में रोहन कपूर और रूत्विजा गाडे, अभ्युदय चौधरी और वैष्णवी खाडकेकर, संजय श्रीवत्स और मनीषा के और अलीशा खान और झाकुओ सेयी भी क्वार्टर फाइनल में पहुंच गए।

### भारतीय फुटबॉल टीम 121वें स्थान पर पहुंची

**नयी दिल्ली।** भारतीय फुटबॉल टीम ताजा फीफा रैंकिंग में चार पायदान गिरकर 121वें स्थान पर खिसक गई जो पिछले कुछ साल में उसका सबसे खराब प्रदर्शन है। भारत को पिछले महीने गुवाहाटी में फीफा विश्व कप 2026 क्वालीफायर के दूसरे दौर में अफगानिस्तान ने 2-1 से हराया था। पिछले साल इंटर कांटिनेंटल कप, त्रिकोणीय टूर्नामेंट और सैफ चैम्पियनशिप जीतकर भारत शीर्ष सौ में पहुंचा था लेकिन 26 मार्च को अपने से नीची रैंकिंग वाली अफगानिस्तान टीम से हार अप्रत्याशित रही। जनवरी में एशियाई कप में भारतीय टीम एक भी मैच नहीं जीत सकी। गत विश्व चैम्पियन अर्जेंटीना शीर्ष पर है जबकि फ्रांस दूसरे, इंग्लैंड तीसरे और बेल्जियम चौथे स्थान पर है। ब्राजील पांचवें स्थान पर है।

### दक्षिण अफ्रीकी फुटबॉलर ल्यूक की लूटपाट में हत्या

**जोहानिसबर्ग।** दक्षिण अफ्रीका के फुटबॉलर और ओलंपियन ल्यूक फ्लूर्स की यहां लूटपाट की एक घटना में हत्या कर दी गई। उनके क्लब काइजेर चीफ्स ने यह जानकारी दी। चौबीस वर्ष के डिफेंडर ल्यूक को उस समय गोली मारी गई जब वह हनीड्यू इलाके में पेट्रोल पंप पर अपनी बारी का इंतजार कर रहे थे। क्लब ने एक बयान में कहा, ''ल्यूक फ्लूर्स की जोहानिसबर्ग में लूटपाट की घटना में कल रात हत्या हो गई है। इस कठिन समय में उनके परिवार और दोस्तों के प्रति हमारी संवेदनायें।'' पुलिस के प्रवक्ता मावेला मासोंडो ने बताया कि हमलावर ल्यूक की कार लेकर भाग गए। पुलिस कार लूटने और हत्या की जांच कर रही है।

### सात्विक-चिराग बैडमिंटन एशिया चैंपियनशिप से हटी

**नयी दिल्ली।** स्टार भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी कंधे की चोट से नहीं उबर पाए हैं जिसके कारण उनकी और चिराग शेट्टी की गत चैंपियन पुरुष युगल जोड़ी गुरुवार को अगले सप्ताह होने वाली बैडमिंटन एशिया चैंपियनशिप से हट गई। सात्विक और चिराग की दुनिया की नंबर एक जोड़ी ने पिछले साल अप्रैल में 58 साल के सूखे को खत्म करते हुए इतिहास रचा था क्योंकि वे दिनेश खन्ना के बाद दुबई में एशिया बैडमिंटन चैंपियनशिप में चैंपियन बनने वाले पहले भारतीय बने थे। दिनेश ने 1965 में स्वर्ण पदक जीता था। हालांकि मौजूदा सत्र में फ्रेंच ओपन सुपर 750 जीतने के अलावा दो टूर्नामेंट के उप विजेता रहे सात्विक और चिराग ने गुरुवार को टूर्नामेंट से बाहर होने का फैसला किया।

## थॉमस और उबेर कप में नहीं खेलेंगी पीवी सिंधु

**नयी दिल्ली।** भारतीय बैडमिंटन स्टार पीवी सिंधु पेरिस 2024 ओलंपिक को ध्यान में रखते हुए थॉमस और उबेर कप में नहीं खेलेंगी। उनकी जगह अनमोल खरब को टीम में शामिल किया गया है। भारतीय बैडमिंटन संघ (बीएआई) ने गुरुवार को चीन में के चेंगदू में 27 अप्रैल से होने वाले थॉमस और उबेर कप के लिए भारतीय पुरुष और महिला टीम की घोषणा करते हुए कहा है कि दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधु इस साल के उबेर कप में हिस्सा नहीं लेंगी। सिंधु ने पेरिस 2024 ओलंपिक पर ध्यान केंद्रित करने के लिए इस साल के उबेर कप से हटने का फैसला किया है।

# डोपिंग टेस्ट फेल होने के सर्वाधिक मामले भारत में

**नयी दिल्ली, एजेंसी**

- **3865 नमूनों की जांच की गई जिनमें से 125 पॉजीटिव रहे**

विश्व डोपिंग निरोधक एजेंसी द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार 2000 या अधिक नमूनों की जांच कराने वाले देशों में 2022 टेस्टिंग आंकड़ा रिपोर्ट के अनुसार भारत में डोपिंग टेस्ट में नाकाम रहने के मामले सर्वाधिक हैं जबकि दक्षिण अफ्रीका दूसरे स्थान पर है।

वाडा ने बुधवार को जारी रिपोर्ट में कहा कि भारत में 3865 नमूनों (मूत्र और रक्त दोनों) की जांच की गई जिनमें से 125 पॉजीटिव रहे जो नमूनों की संख्या का 3.2 प्रतिशत है। नमूनों की जांच के मामले में भारत 11वें स्थान पर है लेकिन डोपिंग के मामले रूस (85), अमेरिका (84), इटली (73) और फ्रांस (72) जैसी खेल महाशक्तियों से अधिक है। दक्षिण अफ्रीका ने 2023 नमूनों की जांच की जिसमें से 2.9 प्रतिशत पॉजीटिव रहे। तीसरे स्थान पर कजाखस्तान है जिसके 2174 नमूनों में से 1.9 प्रतिशत पॉजीटिव निकले। चौथे स्थान पर नॉर्वे और अमेरिका रहे। चीन ने रिकॉर्ड 19228 नमूनों की जांच की जबकि प्रतिकूल नतीजे 0.2 प्रतिशत रहे। डोपिंग मामलों के कारण अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति का निलंबन झेलने वाले रूस ने 10186 नमूनों की जांच की और 0.8 प्रतिशत पॉजीटिव रहे।

## ऋषभ पंत पर धीमी ओवरगति के लिए 24 लाख रुपये जुर्माना

**विशाखापत्तनम।** दिल्ली कैपिटल्स के कप्तान ऋषभ पंत पर इंडियन प्रीमियर लीग 2024 में दूसरी बार धीमी ओवरगति रहने के कारण 24 लाख रूपये जुर्माना लगाया गया है। पंत की कप्तानी वाली दिल्ली कैपिटल्स की ओवरगति बुधवार को कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ मैच में धीमी रही थी। आईपीएल ने एक बयान में कहा, ''दिल्ली कैपिटल्स के कप्तान ऋषभ पंत पर कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ आईपीएल मैच में धीमी ओवरगति के लिये जुर्माना लगाया गया है।'' इंपैक्ट खिलाड़ी समेत बाकी खिलाड़ियों पर मैच फीस का 25 प्रतिशत या छह लाख रूपये में से जो कम हो, जुर्माना लगाया गया है।''

# सलीमा को प्लेयर ऑफ द ईयर 2023 का पुरस्कार

**नयी दिल्ली, एजेंसी**


भारतीय महिला हॉकी टीम की मिडफील्डर सलीमा टेटे को प्लेयर ऑफ द ईयर 2023 के लिए बलबीर सिंह सीनियर पुरस्कार से सम्मानित किया गया। इससे पहले दो अप्रैल को भारतीय पुरुष हॉकी टीम के मिडफील्डर हार्दिक सिंह को भी इसी पुरस्कार से सम्मानित किया गया था। इन दोनों खिलाड़ियों को पुरुष और महिला वर्ग में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए इस पुरस्कार से नवाजा गया है। पुरस्कार के तहत दोनों खिलाड़ियों को 25- 25 लाख रुपये का चेक भी प्रदान किये गये।



हार्दिक सिंह भारतीय हॉकी पुरुष टीम के उप-कप्तान के रूप में टोक्यो ओलंपिक 2023 में कांस्य पदक जीतने वाली दल और हांग्जो एशियाई टीम का हिस्सा थे। वहीं सलीमा टेटे ने भी भारतीय महिला हॉकी टीम का हिस्सा बनकर 2023 हांग्जो एशियाई खेलों में कांस्य पदक जीता था। झारखंड के सिमडेगा जिले की रहने वाली सलीमा ने पुरस्कार जीतने पर खुशी व्यक्त की और कहा कि मेरे करियर में पहली बार इतने बड़े पुरस्कार से सम्मानित होना बहुत अच्छा लग रहा है। यह एक बड़ा सम्मान है और मेरे पूरे करियर के दौरान मेरे लिए यह एक बड़ी प्रेरणा होगी।




# करीबी ने बताया- भद्दे कमेंट करने वाले कॉमेडियन पर केस नहीं करेंगे सलमान



**मुंबई, एजेंसी।** बॉलीवुड सुपरस्टार सलमान खान अक्सर ही चर्चा में बने रहते हैं। कभी अपनी फिल्मों के कारण तो कभी किसी के द्वारा की गई टीका-टिप्पणी की वजह से। अब हाल ही में स्टैंडअप कॉमेडियन कुणाल कामरा ने सलमान खान पर अभद्र टिप्पणी की थी वहीं जब केआरके ने उनका वीडियो शेयर किया तो उन्होंने हेकड़ी दिखाते हुए कहा था कि वह जोक्स के लिए माफी नहीं मांगते हैं। इसी दौरान केआरके ने दावा किया था कि सलमान खान, कुणाल कामरा के खिलाफ मानहानि का केस करने वाले हैं। हालांकि ऐसा नहीं हुआ। अब इसके पीछे की वजह भी सामने आ गई है। दबंग खान के एक करीबी ने हाल ही में बताया है कि सलमान खान को अब इस तरह की चीजों की आदत हो गई है। वह कोर्ट के चक्कर नहीं काटना चाहते। इसलिए अब वह इस तरह का कोई भी कदम नहीं उठाना चाहते। जूम टीवी की रिपोर्ट के मुताबिक सलमान खान के एक करीबी सूत्र ने बताया है कि अगर सलमान खान ऐसे हर गाली देने वाले के खिलाफ मुकदमा करते रहे तो वह कोर्ट रूम के ही चक्कर लगाते रहेंगे। इतने सालों में सलमान खान इन सबके आदी हो चुके हैं। वह बहुत अच्छे से जानते हैं कि उनका नाम लेकर अटैक करने वाले सिर्फ अटेंशन पाने के लिए ऐसा करते हैं। इसलिए वह कुणाल कामरा पर केस नहीं कर रहे हैं। बता दें कि हाल ही में कॉमेडियन कुणाल कामरा एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था, जिसमें वह कहते नजर आ रहे थे कि 'मुझे ऑफर आया कि अंबानी के ओटीटी पर जानकर सलमान से मॉरल ज्ञान लेने का।



# करवाचौथ सीन पर ट्रोल होने पर रश्मिका मंदाना ने तोड़ी चुप्पी

**मुंबई, एजेंसी।** रश्मिका मंदाना ने संदीप रेड्डी वांगा की फिल्म 'एनिमल' को लेकर खूब सुर्खियां बटोरीं, इस फिल्म में वो रणबीर कपूर के किरदार रणविजय की पत्नी के रोल में थीं। फिल्म का जब ट्रेलर सामने आया तो करवा चौथ वाले सीन में रश्मिका मंदाना रणबीर पर गुस्सा जाहिर करती हैं और दांत पीसकर बोलने की वजह से उन्हें खूब ट्रोल किया गया। सभी सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर अभिनेत्री का मजाक उड़ाया गया और उनकी एक्टिंग एबिलिटी पर भी सवाल उठाए गए। फिल्म की रिलीज के बाद चीजें बदल गईं क्योंकि यह सीन फिल्म के सबसे चर्चित सीन में से एक बन गया ।रश्मिका मंदाना ने आखिरकार टॉक शो नो फिल्टर नेहा में फिल्म की रिलीज से पहले हुई ट्रोलिंग के बारे में खुल कर बात की है। रश्मिका ने बताया कि ट्रेलर के बाद शुरुआती आलोचना ने एक्ट्रेस को खुद से सवाल करने पर मजबूर कर दिया था। रश्मिका ने कहा, "करवा चौथ का सीन जो कि नौ मिनट लंबा सीन था और सीन करते समय सेट पर मौजूद लोगों को यह बहुत पसंद आया। वे तालियाँ बजा रहे थे और महसूस कर रहे थे कि यह बहुत अच्छा शूट हुआ है, लेकिन ट्रेलर आया और उसी सीन के एक खास डायलॉग के लिए मुझे इतना ट्रोल किया गया।

# इस वजह से शाहरुख खान के साथ कभी आईपीएल मैच नहीं देखती हैं जूही

**मुंबई, एजेंसी।** बॉलीवुड सुपरस्टार शाहरुख खान और जूही चावला न सिर्फ अच्छे दोस्त और बेहतरीन को-स्टार हैं, बल्कि दोनों आईपीएल टीम कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के को-ऑनर्स भी हैं। इन दिनों आईपीएल 2024 का खुमार चल रहा है। अब हाल ही में दिए एक इंटरव्यू में जूही चावला ने खुलासा किया है कि वह शाहरुख खान के साथ कभी भी आईपीएल मैच नहीं देखती हैं। उन्होंने इसके पीछे की बड़ी ही मजेदार वजह भी बताई है। दरअसल हाल ही में जूही चावला ने बताया कि आईपीएल हमेशा रोमांचक होता है। हम सभी अपने टेलीविजन सेट के सामने होते हैं। जब हमारी टीम खेलती है, तो उन्हें देखना दिलचस्प होता है और हम सभी बहुत ज्यादा तनाव में होते हैं। शाहरुख खान के साथ मैच देखना अच्छा नहीं है क्योंकि जब हमारी टीम अच्छा परफॉर्म नहीं कर रही होती है, तो वह मुझ पर अपना गुस्सा निकालते हैं। मैं उनसे कहती हूं कि वह यह बात मुझे नहीं बल्कि टीम को बताएं। एक्ट्रेस ने आगे कहा कि इसलिए हम मैच देखने के लिए अच्छे लोग नहीं हैं। मुझे लगता है कि यही बात आईपीएल टीम के कई मालिकों के साथ भी लागू होती है, उन सभी को अपनी टीमों के खेलने के दौरान पसीना बहाते हुए देखा जा सकता है। बता दें कि जूही चावला और शाहरुख खान फैमिली फ्रेंड हैं। दोनों की दोस्ती दशकों पुरानी है। जूही चावला ने शाहरुख खान के साथ कई फिल्मों में काम किया है। वह आर्यन खान के भी बेहद करीब हैं। जब आर्यन खान क्रूज केस में फंसे थे तो जूही चावला ने ही उनकी मदद की थी।




स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक त्रिनाथ शुक्ला द्वारा 25/16-ए, जाप्लिंग रोड, लखनऊ-226001 (उ.प्र.) से प्रकाशित एवं प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर,इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित।
**संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी**, 0522-4008111 (कार्यालय), **ईमेल**-amritvicharlucknow@gmail.com **आर.एन.आई नं0**-50986/1989 **(नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा)।**

# गर्जना के साथ एक्सप्रेस-वे छूकर उड़ जाएंगे 'फाइटर जेट'

## 6 व 7 अप्रैल को लखनऊ-आगरा एक्सप्रेस-वे की हवाई पट्टी पर होगा अभ्यास, क्षेत्र में एयरफोर्स व आर्मी के जवानों की बढ़ी हलचल

संवाददाता बांगरमऊ उन्नाव

**अमृत विचार।** क्षेत्र के लखनऊ-आगरा एक्सप्रेस-वे की साढ़े 3 किलोमीटर लंबी हवाई पट्टी पर आगामी शनिवार व रविवार को लड़ाकू विमानों के अभ्यास को लेकर गुरुवार को अचानक वायु सेना व थल सेना के जवानों की हलचल बढ़ गई। गुरुवार को करीब दो दर्जन वाहनों से एयरफोर्स व आर्मी के जवान पहुंचे और एटीएस (एयर ट्रैफिक कंट्रोल सिस्टम) की स्थापना का कार्य शुरू किया। एयरफोर्स व आर्मी के जवानों में इंजीनियरिंग कोर के तकनीकी अधिकारी भी शामिल रहे। इस दौरान सीनियर अफसरों ने कई आवश्यक निर्देश भी दिए।

एयर फोर्स व आर्मी के जानकारों ने बताया कि फाइटर जेट के अभ्यास में एयर ट्रैफिक कंट्रोल रूम मुख्य भूमिका अदा करता है। गुरुवार से एयर ट्रैफिक कंट्रोल सिस्टम स्थापित करने का काम शुरू कर दिया गया। जो शुक्रवार तक पूरी तरह से पूरा कर लिया जाएगा। अभ्यास वाले दिन सुबह गोरखपुर, बम्हरौली प्रयागराज, ग्वालियर व अंबाला एयरबेस के स्क्वाड्रन कमांडर कार्गो विमान सी-हरक्यूलिस व एयरफोर्स के हेलीकॉप्टरों से यहां की हवाई पट्टी पर उतरेंगे। जिनको यही कंट्रोल रूम कमांड देगा। यहीं के कमांड के हिसाब से विमान लैंड करेंगे।



एयर स्ट्रिप पर रूट डायवर्ट करने को लगाए गए ड्रम। अमृत विचार



बाबा कुटिया में बैठे एयरफोर्स व आर्मी के जवान।



यूपीडा कर्मियों को निर्देशित करतीं एसडीएम।

### लखनऊ से उड़ान भरकर अभ्यास में शामिल होंगे फाइटर जेट

**बांगरमऊ।** एयर स्ट्रिप की सुरक्षा में तैनात एयरफोर्स के एक जवान ने बताया कि मिग लड़ाकू विमान देश के फारवर्ड अर्थात सीमावर्ती एयरबेस बीकानेर, सूरतगढ़, पठानकोट, भुज, अंबाला आदि एयरबेस पर तैनात हैं। यदि मिग लड़ाकू विमान को अभ्यास में शामिल किया गया तो संभवत यह विमान अंबाला एयरवेज से उड़ान भरेंगे। यदि मिराज फाइटर जेट शामिल होता है तो वह ग्वालियर एयरबेस पर तैनात है। वहीं, सुखोई विमान पुणे एयरबेस व जगुआर गोरखपुर व इलाहाबाद के एयरबेस में तैनात हैं। बताया कि अभ्यास में शामिल सभी फाइटर जेट शनिवार को अपने-अपने बेस से उड़ान भरकर बख्शी तालाब लखनऊ बेस पर उतरेंगे और वहीं से उड़ान भरने के बाद एक्सप्रेस-वे की एयर स्ट्रिप पर अभ्यास में शामिल होंगे।

### हवाई पट्टी पर जुटने वाली भीड़ का लगाया अंदाजा, भेजी रिपोर्ट

**बांगरमऊ।** प्रदेश शासन के निर्देशानुसार जिला प्रशासन द्वारा हवाई पट्टी के नजदीकी गांव में भीड़ की टोह लेने को सादी वर्दी में पुलिस लगाई गई है। गुरुवार को पुलिस ने पड़ोसी गांव खंभौली, कबीरपुर, अमीरपुर गंभीरपुर, शीतलगंज व जोगीकोट आदि गांव के ग्रामीणों से अभ्यास के दौरान जमा होने वाली भीड़ का जायजा लिया और रिपोर्ट शासन को भेजी। जिला प्रशासन द्वारा भीड़ की रिपोर्ट के आधार पर ही सुरक्षा व्यवस्था के लिए पुलिसफोर्स तैनात किया जाएगा।

### एसडीएम ने परखी सुरक्षा व्यवस्था, ट्रैफिक इंतजाम दुरुस्त रखने के दिए निर्देश

**बांगरमऊ।** गुरुवार को एसडीएम नम्रता सिंह ने हवाई पट्टी पहुंचकर सफाई व सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। उन्होंने यूपीडा कर्मियों से इसे लेकर पूछताछ भी की। साथ ही एसडीएम ने पुलिस कर्मियों से हवाई पट्टी के दोनों ओर ट्रैफिक व्यवस्था चुस्त-दुरुस्त रखने का निर्देश भी दिया।

# आधी रात को कूड़ाघर में लगी आग, सुबह दमकल ने बुझाई

संवाददाता बांगरमऊ उन्नाव

- गनीमत रही कि लपटों की चपेट में कोई वाहन नहीं आया

**अमृत विचार।** नगर के लखनऊ मार्ग स्थित नजूल की भूमि पर बने पालिका के कूड़ा घर में बीती बुधवार रात अज्ञात कारणों से आग लग गई। गुरुवार सुबह सूचना पर पहुंची फायर ब्रिगेड ने आग पर काबू पाया। लपटों से किसी तरह बचते वाहन मार्ग से गुजरे।

नगर पालिका परिषद के सफाई कर्मियों द्वारा नगर से निकला गीला-सूखा कूड़ा नगर के लखनऊ मार्ग पर रेलवे क्रासिंग के पहले बाईं ओर स्थित नजूल की जमीन पर जमा किया जाता है। बीती बुधवार रात अचानक कूड़े में आग लग गई। करीब 100 मीटर में फैला कूड़ा पूरी रात धू-धूकर जलता रहा और आग की लपटों के बीच मार्ग से छोटे-बड़े वाहन बचकर निकलते रहे। गुरुवार सुबह पालिका कर्मियों की सूचना पर पहुंची फायर ब्रिगेड ने किसी तरह आग पर काबू पाया। गनीमत रही कि लपटों की चपेट में मार्ग से गुजर रहा कोई वाहन नहीं आया। अन्यथा बड़ी घटना हो सकती थी।



कूड़ाघर में लगी आग को बुझाने का प्रयास करता युवक। अमृत विचार

# परिवार को कमरे बंद कर नकदी और जेवर ले गए

संवाददाता नवाबगंज उन्नाव

- आधी रात को छत के रास्ते घर के अंदर दाखिल हुए थे चोर
- चोरों ने कमरे के दरवाजे की कुंडी बाहर से बंद कर दी थी

**अमृत विचार।** अजगैन कोतवाली क्षेत्र के जगदीशपुर गांव में चोरों ने कमरे में सो रहे परिवार को बाहर से कुंडी लगाकर बंद कर दिया। इसके बाद दूसरे कमरे में रखी अलमारी व बक्सा का ताला तोड़कर एक लाख रुपए व जेवर उठा ले गए। पीड़ित की सूचना पर पहुंची पुलिस जांच कर लौट आई।

जगदीशपुर गांव निवासी सर्वेश मिश्रा ने बताया कि बुधवार रात खाना खाने के बाद वह पत्नी और बेटी के साथ कमरे में सोने चले गए। इस दौरान छत के रास्ते घर में दाखिल हुए चोरों ने उनके कमरे के दरवाजे की कुंडी बाहर से बंद कर दी। इसके बाद दूसरे कमरे में रखी अलमारी व बक्सा का ताला तोड़कर उसमें रखे एक लाख रुपये व करीब पांच लाख के जेवर पार कर दिए। नींद खुलने पर जब उसने कमरे से निकलने का प्रयास किया तो दरवाजा बाहर से बंद था।

पड़ोस मे रहने वाले अपने भाई अमरेश को बुलाकर दरवाजा खुलवाया और दूसरे कमरे में पहुंचा तो आलमारी व बक्सा के ताले टूटे और नगदी व जेवर गायब देख उसके होश उड़ गए। चोरी की जानकारी पर ग्रामीण इकट्ठा हो गए। सूचना पर पुलिस पहुंची और जांच के बाद खुलासा किए जाने का आश्वासन देकर लौट आई। एसएचओ अवनीश सिंह ने बताया कि चोरी होने की सूचना मिली है। जांच की जा रही है।

# घर में घुसे मनचले को बांध कर पीटा काटे सिर के बाल

**शुक्लागंज उन्नाव।** गुरुवार को सोशल मीडिया पर चार वीडियो वायरल हुये। जिसमें एक मनचले युवक को कुछ लोगों ने पकड़ लिया। जहां उसे मारते-पीटते हुये उसे रस्सी से बांध दिया। जिसके बाद मनचले युवक के सिर के बालों को कैंची से काट दिये। जिसका वीडियो तेजी से सोशल मीडिया पर वॉयरल हुआ। हालांकि वॉयरल वीडियो की पुष्टि आपका अमृत विचार नहीं करता है।

सोशल मीडिया पर गुरुवार को कई वीडियो वॉयरल हुये। वीडियो में सुनाई दे रहा है कि एक युवक दीवार फांदकर घर में घुस गया और मौजूद किशोरी से बातचीत करने की बात कही जा रही है। जिस पर एक बूढ़े व्यक्ति ने युवक को पकड़ लिया। इस दौरान उसने भागने का प्रयास किया तो उसे पकड़कर रस्सी से बांध दिया गया।

# ट्रैक्टर की टक्कर से घायल व्यापारी ने तोड़ा दम, 10 घायल

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

- बांगरमऊ, अचलगंज और सोहरामऊ थाना क्षेत्रों में हुए सड़क हादसे

**अमृत विचार।** बांगरमऊ कोतवाली अंतर्गत बिल्हौर मार्ग पर ट्रैक्टर की टक्कर से घायल हुए बाइक सवार सर्राफा व्यापारी की इलाज के दौरान मौत हो गई। पिता की सूचना पर पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया। वहीं इसी कोतवाली अंतर्गत हुए सड़क हादसों में 6 लोग घायल हो गए। इसी तरह अचलगंज थानाक्षेत्र के लखनऊ-कानपुर हाईवे पर अज्ञात वाहन की टक्कर से स्कूटी सवार दंपती को गंभीर चोटें आई हैं। जिन्हें अलग-अलग अस्पतालों में भर्ती कराया गया।



एंबुलेंस में मौजूद घायल। अमृत विचार

### तेज रफ्तार डीसीएम पीछे से ट्रक में घुसी, चालक और खलासी गंभीर

**हादसा 02**

**बांगरमऊ।** हाथरस जिला के नगला शक्कन गांव निवासी शाह मोहम्मद (27), इरफान (23) के साथ डीसीएम में माल लादकर लखनऊ जा रहा था। गुरुवार को आगरा-लखनऊ एक्सप्रेस-वे पर जोगीकोट गांव के सामने तेज रफ्तार डीसीएम पीछे से ट्रक में घुस गई। इसमें चालक व खलासी गंभीर घायल हो गए। वहीं, कोतवाली क्षेत्र के गांव भिखारीपुर रुल्ल निवासी मंशाराम (53) अपने दामाद कस्बा ऊगू निवासी गंगाराम (25) के साथ बाइक से ऊगू जा रहे थे। रास्ते में अज्ञात वाहन ने बाइक में टक्कर मार दी। इसमें बाइक सवार ससुर-दामाद गंभीर घायल हो गए। इसके अलावा इसी कोतवाली क्षेत्र में हुए एक अन्य हादसे में लखनऊ जिले के काकोरी रोड निवासी अनुपमा (33) पत्नी जगवीर सिंह गंभीर घायल हो गई। सभी घायलों को प्राथमिक इलाज के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया।

### अज्ञात वाहन ने स्कूटी में टक्कर मारी

**हादसा 03**

कानपुर जिले के नौबस्ता थानाक्षेत्र के गोपाल नगर निवासी माधव प्रकाश (60) पत्नी मंजू (55) के साथ गुरुवार को किसी काम से उन्नाव कचहरी आए थे। जहां से काम निपटाकर लौटते समय दोपहर तीन बजे अचलगंज थानाक्षेत्र के लखनऊ-कानपुर हाईवे पर गहरा गांव के पास अज्ञात वाहन ने उनकी स्कूटी में टक्कर मार दी। इसमें दंपति गंभीर घायल हो गए। एंबुलेंस से उन्हें जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। वहीं कानपुर-लखनऊ हाईवे पर सोहरामऊ थानाक्षेत्र के गांव रसूलपुर मोड़ के पास लखनऊ से आ रही बाइक अचानक मोड़ से निकली और दूसरी बाइक से टकरा गयी। जिसमें सौरभ व रोहित निवासी गंगूखेड़ा थाना दही को गंभीर चोटें आ गईं। उन्हें 108 एंबुलेंस से स्वास्थ्य केंद्र नवाबगंज लाया गया। जहां से गंभीर हालत में उन्हें जिला अस्पताल भेजा गया।

**हादसा 01**

**बांगरमऊ।** कोतवाली क्षेत्र के जगतनगर गांव के मजरा नौबतपुर निवासी जितेंद्र (35) गांव के पास सर्राफा की दुकान किए था। बीती 28 मई की दोपहर वह खाना खाने घर जा रहा था। तभी तेज रफ्तार ट्रैक्टर ने उसकी बाइक में टक्कर मार दी थी। इसमें गंभीर घायल होने पर उसे सीएचसी से जिला अस्पताल फिर वहां से कानपुर के हैलट भेजा गया था। इसके बाद परिजन उसका एक निजी अस्पताल में इलाज करा रहे थे। जहां इलाज के दौरान गुरुवार सुबह उसकी मौत हो गई। पिता की सूचना पर पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया। युवक चार भाइयों में दूसरे नंबर पर था। बड़े भाई कमल किशोर की पहले मौत हो चुकी है। छोटे भाई गोपाल ने बताया कि जितेंद्र के दो बेटे यश व आयुष हैं। पति की मौत से पत्नी रजनी व मां कमला रो-रोकर बेहाल रहीं।



जितेंद्र।

### टायर फटने के बाद कंटेनर पुल पर लटका

**हादसा 04**

**उन्नाव।** अयोध्या जिले के थाना कैंट अंतर्गत सरांय गांव निवासी कंटेनर चालक सत्येंद्र, खलासी अखिलेश निवासी लखनीपुर जिला अयोध्या के साथ दिल्ली से पार्सल कंटेनर में लोडकर लखनऊ आगरा-एक्सप्रेस-वे के रास्ते अयोध्या जा रहे थे। कस्बा औरास के सई नदी पुल पर कंटेनर का अगले हिस्से के दाहिने तरफ का टायर फट गया। इससे कंटेनर अनियंत्रित होकर एक्सप्रेस-वे के अंडर पास के पुल पर लटक गया। हादसे में चालक व खलासी बाल-बाल बच गए।

# 38 शिक्षकों को नहीं मिली वेतन वृद्धि, अफसरों से लगा रहे गुहार

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

- समायोजन स्थानांतरण पर गैर जिलों से तबादले पर आए हैं शिक्षक
- शिक्षक संघ बीएसए से वार्ता कर शीघ्र कराएगा समस्या का समाधान

**अमृत विचार।** समायोजन स्थानांतरण पर जिले के हसनगंज ब्लाक में तैनाती लेने वाले परिषदीय शिक्षकों को अब तक वेतन वृद्धि का लाभ नहीं प्राप्त हो सका है, जबकि अन्य ब्लाक क्षेत्रों के शिक्षकों को लाभांवित किया जा चुका है। वेतनवृद्धि प्राप्त करने के लिए शिक्षक न सिर्फ विभागीय अधिकारियों, बल्कि उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के पदाधिकारियों से भी बढ़ा हुआ वेतन दिलाने की गुहार लगा रहे हैं। इसके बावजूद कोई नहीं सुन रहा है।

शासन की अंतर्जनपदीय समायोजन स्थानांतरण नीति के तहत करीब 450 परिषदीय शिक्षक-शिक्षिकाएं गैर जिलों से तबादले पर बीएसए कार्यालय आए थे। स्थानांतरित होकर आए शिक्षकों को ब्लाक क्षेत्रों में कार्यभार ग्रहण करा दिया गया। कुछ विलंब से संबंधित सभी शिक्षकों को वेतन का भुगतान भी किया जाने लगा। जिले के अन्य ब्लाकों में कार्यरत समायोजन स्थानांतरण पर आए शिक्षकों को वेतन वृद्धि का लाभ प्राप्त हो चुका है। वहीं हसनगंज ब्लाक के अलग-अलग परिषदीय विद्यालयों में स्थानांतरित होकर पहुंचे तीन प्रधान शिक्षकों सहित 38 शिक्षक-शिक्षिकाओं को अब तक वेतन वृद्धि नहीं मिल सकी है। लाभ से वंचित शिक्षकों के मुताबिक बीएसए सहित लेखाधिकारी कार्यालय सर्विस बुक की मूल प्रति न प्राप्त होने से वेतन वृद्धि नहीं दी जा रही है, जबकि शासन स्तर से विभागीय पोर्टल पर उपलब्ध ऑनलाइन सर्विस बुक के आधार पर संबंधित सुविधा दिए जाने का प्रावधान है। शिक्षकों ने आरोप लगाया कि अवशेष वेतन, वेतन वृद्धि व बोनस आदि रोककर उत्पीड़न किया जा रहा है। संघ के जिलाध्यक्ष ब्रजेश पांडेय व प्रवक्ता मदन कुमार पांडेय ने कहा सभी शिक्षकों की समस्या का बीएसए से वार्ता कर निराकरण कराया जाएगा।

# संदिग्ध परिस्थितियों में मिला युवक का शव

संवाददाता नवाबगंज उन्नाव

- सड़क हादसे में मौत होने के लगाए जा रहे कयास
- पुलिस ने शव की पहचान के प्रयास किए, नहीं पता लगा

**अमृत विचार।** सोहरामऊ थानाक्षेत्र में कुशहरी गांव के सामने गुरुवार भोरपहर संदिग्ध हालात में युवक का शव पड़ा देख ग्रामीणों में हड़कंप मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच के बाद उसकी पहचान के प्रयास किए। सफलता न मिलने पर शव मोर्चरी में रखवाया गया है।

सोहरामऊ थानाक्षेत्र के लखनऊ-कानपुर हाईवे किनारे कुशहरी गांव के पास गुरुवार सुबह एक युवक संदिग्ध हालात में शव पड़ा देख ग्रामीणों में हड़कंप मच गया। शव पड़ा होने की सूचना पर वहां लोगों की भीड़ एकत्र हो गई। मौके पर पहुंची पुलिस को जामातलाशी में ऐसा कुछ नहीं मिला जिससे उसकी शिनाख्त हो सके और न ही ग्रामीण उसे पहचान सके। इस पर पुलिस ने शव मोर्चरी में रखवा दिया और पहचान के लिए सोशल मीडिया का सहारा लिया है।

उसकी सड़क हादसे में मौत होने का कयास लगाए जा रहे हैं। सोहरामऊ एसओ कमल दुबे ने बताया कि कुशहरी गांव स्थित एक मंदिर के पास अज्ञात वाहन ने करीब 45 वर्षीय अज्ञात व्यक्ति को टक्कर मार दी। उसका शव पड़ा मिला है। उसकी शिनाख्त नहीं हो सकी है।

# ड्यूटी न करने वाले होमगार्ड्स पर होगा एक्शनः कमांडेंट

**उन्नाव।** जिला कमांडेंट होमगार्ड्स ने सभी जवानों को निर्वाचन ड्यूटी पर तैनात रहने को कहा है। उन्होंने कहा कि समय पर ड्यूटी में न पहुंचने वालों के विरुद्ध दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी। कमांडेंट के मुताबिक जिला निर्वाचन कार्यालय अन्य अधिकारियों-कर्मचारियों के साथ होमगार्ड जवानों की भी ड्यूटी लगा रहा है।

सभी को निर्वाचन ड्यूटी हरहाल में करनी होगी। इसलिए सभी को तय समय पर ड्यूटी स्थल पर पहुंचकर अधिकारियों के निर्देशों का पालन करते हुए सुरक्षा व्यवस्था में सहयोग करेंगे। इस संबंध में होमगार्ड कोई भी जानकारी कंपनी अधिकारियों व जिला होमगार्डस कार्यालय से भी प्राप्त कर सकते हैं।

## सार-संक्षेप

### पुलिस ने पोलिंग बूथों पर किया एरिया डोमिनेशन

**आसीवन।** आसीवन पुलिस द्वारा आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर असम सशस्त्र पुलिस बल के साथ क्रिटिकल पोलिंग बूथों पर एरिया डोमिनेशन किया गया गया। इस दौरान एसओ ज्ञानेंद्र सिंह ने कस्बा हैदराबाद सहित मियागंज, कायमपुर निबरवारा व खरगौरा सहित पूरे कस्बे का भ्रमण किया और लोगों से बिना किसी भय के मतदान करने की अपील की।

### युवक पर चचेरी बहन को अगवा करने की रिपोर्ट

**शुक्लागंज उन्नाव।** गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र के एक मोहल्ले में रहने वाले युवक पर उसकी ताई ने नाबालिग बेटी को अगवा करने का आरोप लगाया है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज की है। एक मोहल्ले में रहने वाली महिला ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देते हुये आरोप लगाया कि उसकी जेठानी के बेटा आशीष उसकी 16 वर्षीय बेटी को अपने साथ लेकर कहीं चला गया है। जानकारी होने पर उसने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर कार्यवाही की मांग की। जिस पर पुलिस ने आरोपी युवक के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है।

### मामूली विवाद को लेकर युवक को पीटा

**शुक्लागंज उन्नाव।** गंगाघाट कोतवाली के रविदास नगर मोहल्ले में मामूली बात लेकर पड़ोसियों ने एक युवक को पीट दिया। जिससे उसे चोटें आई। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने दो के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। रविदास नगर निवासी अब्दुल सलाम ने गंगाघाट कोतवाली पुलिस को तहरीर देते हुये बताया कि मामूली बात को लेकर पड़ोस में रहने वाला गोलू गाली गलौज करने लगा। जिसका उसने विरोध किया। विरोध करने पर आरोप है कि गोलू और मजीद ने मिलकर उसे मारा पीटा। जिससे उसे काफी चोटें आई। पुलिस ने तहरीर के आधार पर दोनों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है।


**एडवाइजरी** — एडीएम वित्त एवं राजस्व ने कहा, जानलेवा साबित हो सकती है लू

# अप्रैल में मई जैसा दिख रहा मौसम का मिजाज

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

**अमृत विचार।** यूपीएसडीएमए उत्तर प्रदेश राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण ने लोगों को हीट वेव (लू) से बचने की एडवाइजरी जारी की है। यह जानकारी देते हुए एडीएम वित्त एवं राजस्व नरेंद्र सिंह ने प्राधिकरण की सलाह पर अमल करते हुए सभी से घरों से बाहन निकलते हुए सिर ढके रहने, ढीले सूत्री वस्त पहनने व अधिक से अधिक पानी पीते रहने की सलाह दी है, क्योंकि सावधानी न बरतने पर लू घात जानलेवा भी साबित हो सकता है।

एडीएम के मुताबिक पूरे प्रदेश में तेज धूप व गर्म हवाएं चल रही हैं। आगे मौसम के मिजाज और अधिक तल्ख होने से इंकार नहीं किया जाता है। ऐसे में गर्मी के दिनों मई-जून में हीट वेव का प्रकोप और अधिक बढ़ जाएगा। उन्होंने बताया है कि प्राधिकरण द्वारा लू प्रकोप एवं हीट वेव से बचाव के लिए जन सामान्य को एडवाइजरी जारी की है, जिसमें लोगों को कड़ी धूप में (दोपहर 12.00 बजे से 3.00 बजे तक) आवश्यक न होने पर बाहर निकलने से बचना चाहिए।



### पशुओं को भी छाया वाले स्थानों पर रखें

प्यास न लगने पर थोड़ी-थोड़ी देर पानी पीते रहना चाहिए। इसके अलावा ढीले सूती हल्के रंग के कपड़े पहनना चाहिए। धूप से बचने के लिए गमछा, टोपी, छाता, धूप का चश्मा, जूता-चप्पल का उपयोग करना चाहिए। यात्रा पर निकलने वालों को साथ में पानी अवश्य ले लेना चाहिए। चेहरे व गर्दन पर गीला कपड़ा रखना चाहिए। साथ ही कमजोरी महसूस होने (चक्कर आने) पर चिकित्सकीय परामर्श लेना चाहिए। घर में बने पेय पदार्थ लस्सी, नमक चीनी का घोल, नींबू पानी, छांछ व आम का पना आदि का इस्तेमाल करना इस प्रतिकूल मौसम में फायदेमंद रहेगा। इस दौरान पशुओं को भी छाया वाले स्थानों पर रखना चाहिए। अपने घरों को ठंडा रखने के लिए शटर व दरवाजों को बंद रखते हुए पर्दों का इस्तेमाल करना चाहिए। रात के समय कमरों की खिड़कियां खुली रखें। खिड़कियों में रिफ्लेक्टर के तौर पर एल्यूमीनियम, पन्नी व गत्ते से ढक देना चाहिए, जिससे सूरज की किरणें सीधे प्रवेश न कर सकें। उल्लेखनीय है कि बुधवार व गुरुवार को छोड़कर यहां मई-जून जैसा मौसम रहा है।

### गर्मी में यह न करें

गर्मी के प्रकोप से बचने को शराब, चाय, काफी जैसे पेय पदार्थ न पिएं। धूप में खड़े वाहनों में पालतू मवेशी व बच्चों को न छोड़ें। महिलाएं खाना बनाते समय किचन व कमरे की खिड़कियां बंद न रखें। अधिक प्रोटीन वाले खाद्य पदार्थों का सेवन करने से बचें और बासी भोजन भी न करें।

# दहेज हत्या के आरोपी पति को पुलिस ने दबोचा

**पुरवा।** कोतवाली क्षेत्र के गांव भाटमऊ में बीती 31 मार्च को पति से हुए विवाद के बाद पत्नी ने फंदा लगाकर जान दे दी थी। पिता की तहरीर पर पुलिस ने पति इसरार सहित पांच लोगों के विरुद्ध दहेज हत्या की रिपोर्ट दर्ज की थी। गुरुवार को दरोगा फूलचंद्र ने आरोपी इसरार को भाटमऊ से पकड़ लिया। कोतवाल कुंवरबहादुर सिंह ने बताया कि आरोपी पति को कोर्ट में पेश कर जेल भेजा गया है। वहीं हसनगंज पुलिस ने दहेज हत्या के आरोपी पति को गिरफ्तार किया है। मेहंदीखेड़ा गांव में बीते मंगलवार गर्भवती महिला ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली थी। भाई की तहरीर पर उत्पीड़न, दहेज हत्या की पति रोहित सहित पांच ससुरालियों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज की थी।

# विदाई समारोह में कक्षा पांच के छात्र-छात्राओं को दिए पुरस्कार

संवाददाता गंजमुरादाबाद उन्नाव

**अमृत विचार।** क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय चोरहा में सत्र 2023-24 के कक्षा 5 के छात्रों का विदाई समारोह आयोजित किया गया। इसमें कक्षा 5 के छात्र-छात्राओं में रोली, कोमल, अमित, अजय, सुमित, नितिन, रागिनी, प्रियंका, रुचि, अंशिका व मोहित को विद्यालय की ओर से पानी की बोतल, टिफिन बॉक्स, पेंसिल, व पेन आदि देकर पुरस्कृत किया गया।

छात्र-छात्राओं में प्रथम, द्वितीय व तृतीय पुरस्कार अमित, रोली व कोमल को दिया गया। कार्यक्रम की शुरुआत प्रधान शिक्षक हरिओम शुक्ला द्वारा मुख्य अतिथि पूर्व प्रधानपति रमेश सिंह व वर्तमान प्रधान महदेई और एसएमसी अध्यक्ष विनोद को शाल भेंट की गई। प्रधान शिक्षक ने बताया कि शिक्षा जीवन के अंधकार को मिटाती है। उन्होंने विद्यालय के कायाकल्प के लिए ग्राम प्रधान की सराहना की। विद्यालय के शिक्षक सोनू प्रजापति ने बताया कि नए नामांकन शुरू हो गए हैं। हम सभी को एक साथ मिलकर अभिभावकों को जागरूक करना है। जिससे अधिक से अधिक 6 से 14 वर्ष के बच्चों का नामांकन कराया जा सके। प्रधान रमेश सिंह ने भी बच्चों को पुरस्कृत किया। अभिभावक सोनेलाल, भूधर, रामकिशन, रामसनेही, मिथिलेश कुमारी, रीना देवी, किरण रहीं।



मुख्य अतिथि को शाल ओढ़ाकर किया गया सम्मानित। अमृत विचार

# चेकिंग में उड़नदस्ते ने कार से पकड़े पांच लाख रुपये

## दस्ते में मजिस्ट्रेट व दरोगा ने सफीपुर क्षेत्र में की कार्रवाई

संवाददाता सफीपुर उन्नाव

**अमृत विचार।** लोकसभा चुनाव के मद्देनजर सचल दस्ते द्वारा की जा रही चेकिंग के दौरान एक कार सवार युवक के पास से पांच लाख रुपए बरामद हुए। इस पर अफसरों ने नकदी जब्त कर युवक से उसका पूरा ब्योरा मांगा है।

आदर्श आचार संहिता का पालन कराने को उड़नदस्ते गठित किए गए हैं। आयोग के निर्देश पर गठित टीमें लगातार चेकिंग में जुटी हैं। धन बल के आधार पर चुनाव प्रभावित न हो इसके लिए अधिक नकदी लेकर चलने पर इसका पूरा ब्योरा उपलब्ध कराना होता है। शक होने पर बरामद नकदी सीज की जा सकती है। इस बाबत चुनाव आयोग पहले ही निर्देश दे चुका है। गुरुवार को सफीपुर कोतवाली अंतर्गत सचल दस्ते के मजिस्ट्रेट एम खलाक बेग व दरोगा अरविंद रघुवंशी फोर्स के साथ हुलासी कुआं चौराहे पर चेकिंग कर रहे थे।


पकड़ी गई नकदी की जांच करते पुलिस अधिकारी। अमृत विचार

इसी दौरान उन्नाव-हरदोई मार्ग पर बांगरमऊ से आई कार को रोककर तलाशी ली गई। इसमें बांगरमऊ निवासी अमित गुप्ता के पास से पांच लाख रुपए नकद बरामद हुए। कार में अमित के अलावा चालक ज्ञानेंद्र कुमार भी मौजूद था। मजिस्ट्रेट ने बताया कि अमित गुप्ता ने पैसा लेकर कानपुर जाने की बात बताई। इस पर नगदी को जमा कराकर उससे संबंधित कागजात लाने और नकदी ले जाने का ब्योरा मांगा है।

## दबंगों ने किसान को पीटा, रिपोर्ट दर्ज

**शुक्लागंज उन्नाव।** गंगाघाट कोतवाली के जाजमऊ चौकी अंतर्गत बदुआ खेड़ा निवासी एक किसान को झब्बूपुरवा में रहने वाले दबंगों ने फसल काटने को लेकर मारा पीटा। जिससे उसे चोटें आई। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

बदुआ खेड़ा निवासी रामसजीवन निषाद ने गंगाघाट कोतवाली पुलिस को तहरीर देते हुये बताया कि उसका झब्बूपुरवा निवासी विनोद निषाद से विवाद चला आ रहा है। उसने नवम्बर माह में खेतों में फसल बोई थी। जिसे विनोद ने ट्रैक्टर से जुतवा दिया था।


किसी तरह उसने फसल तैयार की और पिछले सप्ताह काट रहा था, तभी आरोप है कि विनोद अपने साथी मुंशीलाल के साथ खेत पर पहुंचा और गाली गलौज करते हुये उसे मारा पीटा। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने दोनों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है।

# डीएम की नहीं सुनी, मस्जिदों के रास्तों पर गंदगी

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

**अमृत विचार।** रमजान में अलविदा की नमाज शुक्रवार यानी आज है, इसके बावजूद नगर पालिका प्रशासन ने डीएम के निर्देशों को धता बताते हुए मस्जिदों को जाने वाले मार्गों की सफाई नहीं कराई। गुरुवार को जहां एक ओर जगह-जगह कूड़ा पड़ा रहा। वहीं कुछ स्थानों पर नालियां चोक होने से गंदा पानी रास्तों पर बहता रहा। इससे रोजेदारों में रोष रहा। उनका कहना था कि अब उन्हें अलविदा की नमाज अदा करने गंदगी से होकर जाना पड़ेगा।

बीते दिनों सकुशल त्योहारों को आयोजित कराने को लेकर डीएम ने पीस कमेटी की बैठक में नगर निकायों के ईओ को मंदिरों व मस्जिदों को जाने वाले मार्गों की सफाई कराने के निर्देश दिए थे। इसके बावजूद कुछ मस्जिद मार्गों पर गंदगी पड़ी है। वहीं बुधवारी व छिपियाना चौराहा आदि में नालियां ओवरफ्लो होने से गंदा पानी रास्तों पर बहता रहा। रमजान माह में भी जगह-जगह क्षतिग्रस्त पड़े क्रास की


शेखवाड़ा में रास्ते पर फैली गंदगी।

- शहर काजी के अलावा स्थानीय बाशिंदों ने भी जताई नाराजगी

मरम्मत न कराने और नाले-नालियों की सिल्ट न निकलवाने से स्थानीय बाशिंदों में नाराजगी रही। उन्होंने बताया कि सभासद गैंग लगाकर झाड़ू तो लगवा ही सकते थे। वहीं क्रास सही करने को पालिका प्रशासन की स्वीकृति चाहिए जो नहीं मिलती है। इससे लंबे समय से क्षतिग्रस्त क्रास नहीं बदले जा रहे हैं।

## आज होगी अलविदा की नमाज

**उन्नाव।** शहर काजी मौलाना निसार अहमद मिस्बाही ने कहा कि शहर की जामा मस्जिद सहित तमाम मस्जिदों की आंतरिक साफ-सफाई करा ली गई है। इसी तरह मस्जिद कमेटियों ने नमाजियों की सुविधा के लिए वजू करने के लिए पानी का इंतजाम भी करा रही हैं। उन्होंने बताया कि आम दिनों की तुलना में लगभग सभी मस्जिदों में अलविदा की नमाज में दो गुना नमाजियों की जमात जुटती है। इसलिए मस्जिद कमेटियां पहले की तरह सभी को आराम से नमाज पढ़ने की सुविधा की दोहरी व्यवस्था कर रही हैं।


शहर काजी निसार अहमद मिस्बाही।

- जगह की कमी न पड़े इसलिए मस्जिदों के खुले स्थान पर शामियाने लगवाए

मस्जिदों में नमाज अदा करने को जगह की कमी न पड़े। इसलिए मस्जिदों के खुले स्थानों छत आदि पर शामियाने लगवाए जा रहे हैं। उन्होंने सभी से मस्जिदों के भीतर ही नमाज अदा करने की अपील की। कहा कि इसके लिए समय पर मस्जिद पहुंचकर अपना स्थान सुरक्षित करना चाहिए। किंही कारणों से विलंब होने और नजदीकी मस्जिद में जगह न रहने पर आसपास किसी दूसरी मस्जिद में पहुंचकर नमाज अदा करना चाहिए। उन्होंने सभी मस्जिद मार्गों खासकर मुस्लिम बहुल आबादियों में क्षतिग्रस्त नालियों से हो रहे जलभराव पर एतराज जताया। साथ ही उम्मीद जताई कि नगर प्रशासन जुमा (शुक्रवार) को मस्जिद मार्गों को साफ-सुथरा करा देगा। इसके अलावा नमाज के मद्देनजर जरूरत के मुताबिक अतिरिक्त जलापूर्ति भी कराई जानी चाहिए। उन्होंने विद्युत आपूर्ति भी लगातार बहाल रखने पर भी जोर दिया।

# चार लोगों ने फांसी लगा कर जिंदगी को कहा अलविदा

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

**अमृत विचार।** माखी थानाक्षेत्र में 17 वर्षीय किशोरी का शव उसके दुपट्टे के फंदे से लटका देख परिजनों के होश उड़ गए। पुलिस ने जांच के बाद शव का पोस्टमार्टम कराया। जिसमें उसकी मौत हैंगिंग से होने की बात सामने आई है। वहीं, सूत्र बताते हैं कि उसके शरीर पर चोट के निशान भी थे। लेकिन, परिजनों ने कोई आरोप नहीं लगाया है। वहीं हसनगंज व बीघापुर में युवकों ने फांसी लगा जान दे दी। इसके अलावा सदर कोतवाली क्षेत्र में 65 वर्षीय वृद्ध का शव फंदे से लटका मिला। घटनाओं के बाद से परिजन बेहाल है।

- माखी के अकबरपुर दबौली में किशोरी ने लगाई फांसी, शरीर पर चोट के निशान
- हसनगंज व बीघापुर में युवकों ने फंदे से लटककर की खुदकशी


नगमा।


गोविंद।

**केस 01** **माखी थानाक्षेत्र के अकबरपुर दबौली गांव** निवासी नगमा (17) पुत्री मुन्ना का शव संदिग्ध हालत में घर में उसके दुपट्टे से लटका मिला। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच कर शव नीचे उतरवाया और पोस्टमार्टम के लिए भेजा। इसमें किशोरी की मौत का कारण हैंगिंग आया है। हालांकि, सूत्र बताते हैं कि उसके हाथ व पैर में पांच चोटें मिली हैं। इससे उसके साथ मारपीट होने की भी चर्चा है। लेकिन परिजनों की ओर से कोई आरोप नहीं लगाया गया है। वह आत्महत्या की वजह भी नहीं बता सके। बेटी की मौत से मां शकीना व तीन बहनें बेहाल हैं। एसओ संदीप मिश्रा ने बताया कि आत्महत्या के पीछे का कारण परिजन नहीं बता सके।

**केस 02** **हसनगंज।** कोतवाली क्षेत्र के कोईया मदारपुर गांव में गोविंद (22) पुत्र शत्रुघ्न रावत का शव गुरुवार शाम करीब चार बजे गांव से 400 मीटर दूर जामुन के पेड़ में गमछे से लटका देख लोगों में सनसनी फैल गई। सूचना पर परिजन पहुंचे और शव देख बेहाल हो गए। पुलिस ने मौके पर जांच के बाद शव फंदे से उतरवाया और मोर्चरी भेजा। परिजनों ने बताया कि गोविंद तीन भाइयों में दूसरे नंबर पर था। बड़ा भाई संजू, गोपाल व छोटी बहन बिट्टी है। वह मुंबई में एक निजी फैक्ट्री में मजदूरी करता था। होली पर एक महीने पहले घर लौटा था। उसकी शादी हसनगंज के मोहनगंज में तय हुई थी। बेटे की मौत से मां संगीता का रो-रोकर बुरा हाल है। एसएचओ चंद्र कांत मिश्रा ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद मौत का कारण स्पष्ट होगा।

**केस 03** **बीघापुर कोतवाली क्षेत्र टिकुरीमऊ गांव** निवासी राजदीप (38) मां सरला व बहन डाली के साथ घर पर रहता था। वह मजदूरी कर परिवार चलाता था। उसकी अभी शादी नहीं हुई थी। बुधवार रात खाना खाने के बाद वह कमरे में सोने चला गया। गुरुवार सुबह उसका शव बनियान के फंदे से लटका मिला। बहन ने उसे लटका देख शोर मचाया तो ग्रामीण एकत्र हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच की। बहन आत्महत्या के पीछे का कारण नहीं बता पाई। मृतक की मां की मानसिक हालत सही नहीं रहती है। इससे भाई-बहन ही उसकी देखभाल करते थे। उसकी एक बहन शालू की शादी हो चुकी है। ग्रामीणों में चर्चा है कि युवक का एक महिला से प्रेम-प्रसंग था। कुछ दिन पहले महिला ने उसकी कुछ जमीन अपने नाम करा ली थी। तब से वह परेशान था। एसओ राजपाल ने बताया कि परिजनों ने अभी कोई आरोप नहीं लगाया है।

**केस 04** **उन्नाव।** सदर कोतवाली क्षेत्र के सिंगरोसी गांव निवासी छेदीलाल (65) बुधवार शाम गांव के ही दुर्गा मंदिर गया था। लेकिन रात में वह घर नहीं लौटा। इससे परिजन उसकी तलाश करते हुए मंदिर पहुंचे। जहां उसका शव फंदे से लटका देख उनके होश उड़ गए। सूचना पर पुलिस पहुंची और जांच के बाद शव का पोस्टमार्टम कराया।

# ई-बसों के आमने-सामने आने से नवीन पुल पर जाम

संवाददाता शुक्लागंज उन्नाव

**अमृत विचार।** गुरुवार सुबह पीक ऑवर के समय नवीन पुल पर वाहनों का भार बढ़ने से जाम की स्थिति बनी रही। जिस कारण कानपुर दफ्तर जाने वाले लोग विलंबित हो गये। वहीं ई बसों के निकलने के कारण जाम और तीखा हो गया। जाम हटवाने में पुलिस के पसीने छूट गये।

सुबह करीब 10 बजे नवीन पुल से कानपुर जाने के लिये वाहनों का रैला निकल पड़ा। वाहनों का भार बढ़ने के कारण बालूघाट मोड़ से लेकर नवीन पुल मुख्य द्वार तक वाहन फंसे गये। इस दौरान दोपहिया वाहन सवारों ने जल्दबाजी में निकलने के कारण अपने वाहन आड़े तिरछे लगा दिये। जिससे दोनों ओर यातायात रुक गया। यह देख मौजूद पिकेट पुलिस ने आड़े तिरछे खड़े वाहनों को सीधा कराया। जिसके बाद वाहन रेंगना शुरू हो सके। इस दौरान कानपुर और शुक्लागंज की ओर से एक के बाद एक ई-बसें निकली। जो संकरे रास्ते में फंस गई। जिससे जाम बढ़ गया। कुछ ही देर में नवीन पुल से फोरलेन तक वाहनों की कतारें लग गईं।


नवीन पुल के रास्ते पर जाम में फंसे वाहन सवार। अमृत विचार

## सार-संक्षेप



कलाकारों के साथ पत्र विक्रेता संघ के लोग। अमृत विचार

### समाचार पत्र विक्रेता संघ के होली मिलन में उड़ा अबीर-गुलाल

**उन्नाव।** शहर के इंदिरा नगर स्थित उत्सव लान में समाचार पत्र विक्रेता संघ के होली मिलन समारोह में जमकर अबीर-गुलाल उड़ाया गया। इसमें सदर विधायक पंकज गुप्ता, सपा से लोकसभा प्रत्याशी व पूर्व सांसद अन्नू टंडन व नर सेवा-नारायण सेवा संस्था के संस्थापक विमल द्विवेदी भी बधाइ देने पहुंचे। साथ ही आयोजकों ने कलाकार बुलाकर फाग सहित अन्य प्रस्तुतियां कराईं। शाम से ही आयोजन स्थल पर संघ से जुड़े समाचार पत्र विक्रेता पहुंचने लगे थे। सभी पदाधिकारियों के पहुंचते ही लोगों ने एक-दूसरे के अबीर-गुलाल लगा शुभकामनाएं देना शुरू कर दिया। इसमें अतिथि के तौर पर पहुंचे विधायक व पूर्व सांसद का माल्यार्पण कर स्वागत किया गया। अतिथियों ने त्योहारों खासकर होली का महत्व बता सभी से परस्पर सद्भावना बढ़ाने की अपील की। इसमें कलाकारों के साथ अन्य लोगों ने फाग, होली गीत व कविताएं सुनाकर सभी को आनंदित किया। कार्यक्रम में संघ के पदाधिकारियों में विष्णु गुप्ता, अश्वनी निगम, अतुल कुमार, विनय कुमार, धीरेंद्र तिवारी, राम अवध सिंह चौहान, रामशंकर, जितेंद्र कुशवाहा, संजय सिंह, अरविंद कुमार, श्यामू अवस्थी, विकास, विजय, अमित, जमुना, सागर पंडित, धर्मेंद्र व पिंटू निगम आदि शामिल थे।

### ट्रांसफार्मर मरम्मत होने से क्षेत्र की गुल रही बिजली

**शुक्लागंज उन्नाव।** अप्रैल माह में बिजली विभाग अनुरक्षण माह चला रही है। उसी को देखते हुये गुरुवार को नगर के दो मोहल्लों में पेड़ों की छंटाई का काम कराया गया। इसके साथ ही ट्रांसफार्मरों की मरम्मत कराई गई। जिस कारण क्षेत्र की घंटों बिजली गुल रही। बिजली न आने से लोग परेशान रहे। एसडीओ के निर्देश पर गुरुवार सुबह बिजली कर्मियों की टीम नगर के आर्य नगर और विष्णुपुरी में पहुंची। जहां टीम ने एचटी लाइन से छू रहे कई पेड़ों की टहनियों को काटने का काम किया। जिस कारण सुबह से दोपहर दो बजे तक क्षेत्र की बिजली गुल रही। इसी तरह दोपहर में विद्युत आपूर्ति बंद कर सीताराम कॉलोनी में पेड़ों की छंटाई हुई। जिस कारण दो बजे से चार बजे तक बिजली गुल रही। वहीं महेश मार्ग में रखे 630 केवीए के ट्रांसफार्मर की मरम्मत की गई। जहां ट्रांसफार्मर को रिपेयर किया गया। जिससे सुबह ग्यारह बजे से दोपहर एक बजे तक छह सौ से अधिक घरों की बिजली गुल रही। वहीं गांधी नगर में दोपहर के समय लो वोल्टेज आने से उपभोक्ताओं को परेशानी उठानी पड़ी।


ट्रांसफार्मर की मरम्मत करता बिजली कर्मी।

### आज परिषदीय स्कूलों में अवकाश

**उन्नाव।** बीएसए संगीता सिंह ने बताया कि पांच अप्रैल को अलविदा की नमाज पर कार्यालय सहित परिषदीय विद्यालयों में अवकाश रहेगा। उन्होंने बताया कि अवकाश तालिका में त्रुटिवश छह अप्रैल को अलविदा की नमाज दर्शा दिया गया था। जिसे सुधार लिया गया है।

# गौशाला में ठेकेदार नहीं देता हरा चारा, गोवंश हुए कमजोर

संवाददाता शुक्लागंज उन्नाव

**अमृत विचार।** चंपापुरवा नेतुआ मार्ग स्थित गगनी खेड़ा में बने कान्हा गौशाला में सैकड़ों गोवंश संरक्षित हैं। जहां उनके देख रेख और खाने पीने की जिम्मेदारी पालिका ने ठेकेदार को दे रखी थी। इधर ठेकेदार को बदला गया है। जिस कारण नया ठेकेदार सूखे भूसे के अलावा हरा चारा नहीं मुहैया करा रहा है। जिससे गोवंशों को सूखा भूसा दिया जा रहा है। भूसा खाकर गोवंश कमजोर हो रहे हैं।

नगर पालिका की ओर से गगनी खेड़ा में कान्हा गौशाला बनवाया गया है। जहां लगभग ढाई सौ गोवंश संरक्षित हैं। जहां मौजूद पालिका कर्मी गौशाला की देखरेख करने के साथ ही उनके चारे-पानी की व्यवस्था देखते हैं। इधर गौशाला के ठेकेदार को बदल दिया गया है। कर्मचारियों ने बताया कि नये ठेकेदार ने हरा चारा भेजना बंद कर दिया है। जिससे हम लोग सूखा भूसा ही गोवंश को खिला रहे हैं।

> सूखा भूसा देने की जानकारी मिली है। ठेकेदार को सख्त लहज में कह दिया गया है। जल्द ही हरा चारा और चोकर भी गौवंश को मुहैया कराया जाएगा।
>
> -कौमुदी पांडे, पालिकाध्यक्ष नगर पालिका गंगाघाट

## अभियान चलाकर की गई मोहल्ले की साफ-सफाई

**शुक्लागंज उन्नाव।** गुरुवार को पालिकाध्यक्ष और ईओ के निर्देश पर पालिका के सफाई कर्मी कंचन नगर पहुंचे। जहां साफ सफाई कर एंटी लार्वा का छिड़काव किया। इसके साथ ही फागिंग कराई गई।

पालिकाध्यक्ष कौमुदी पांडे और ईओ मुकेश कुमार मिश्रा के निर्देश पर गुरुवार को पालिका के सफाई कर्मी वार्ड चार कंचन नगर पहुंचे। जहां संचारी रोग नियंत्रण एवं दस्तक अभियान को लेकर सफाई कर्मियों ने वृहद स्तर पर साफ सफाई की। इस दौरान क्षेत्र की सफी गलियों में झाड़ू लगाने के साथ ही नाला-नालियों की साफ सफाई करते हुये एंटी लार्वा का छिड़काव किया।

# काल युक्त संवत्सर 2081 के राजा भौम और मंत्री होंगे शनि

संवाददाता बांगरमऊ उन्नाव

**अमृत विचार।** तहसील क्षेत्र के ऊगू कस्बा निवासी आचार्य ऋषि कांत मिश्र शास्त्री के अनुसार नव संवत्सर 2081 शक संवत 1946 का शुभारंभ चैत्र शुक्ल पक्ष प्रतिपदा दिन मंगलवार से होगा। संवत के राजा भौम व मंत्री शनि होंगे। इसलिए विश्व में भारत राष्ट्र की प्रतिष्ठा में अभूतपूर्व बढ़ोतरी होगी।

आचार्य जी ने बताया कि इस वर्ष के प्रारंभ में काशी विश्व पंचांग के अनुसार काल युक्त नाम का संवत्सर रहेगा। चैत्र नवरात्र का शुभारंभ दिनांक नौ अप्रैल से होगा।



- वासंतिक नवरात्र की शुरुआत नौ अप्रैल से होगी

इस बार नवरात्र में मां दुर्गा का आगमन घोड़े के वाहन पर हो रहा है, जिससे भारत वर्ष पर संकट के बादल मंडराते रहेंगे। सत्तारूढ वर्ग परस्पर संवाद से समस्याओं का निपटारा करते रहेंगे। महंगाई व बेरोज़गारी सेयुवा वर्ग में असंतोष रहेगा। वहीं शेयर बाजार में उछाल रहेगी, जिससे व्यापार चमकेगा। अरिष्ट शमन के लिए दुर्गा सप्तशती पाठ विधि विधान से करना चाहिए।

**कलश स्थापना का मुहूर्त**

- प्रात: **छह बजे** से प्रारंभ होकर दोपहर 12 .25 मिनट तक शुभ मुहूर्त रहेगा।
- इस मध्य विशेष अभिजित मुहूर्त 11.35 से 12 .25 बजे तक होगा।
- सायं बेला में 4 .30 बजे से सूर्यास्त तक मुहूर्त है

**चुनाव-2024** किसी तरह की बाधा से बचने को डीएम ने सभी को दिए नोट्स तैयार करने के निर्देश

# जोनल व सेक्टर मजिस्ट्रेट को दी गई ट्रेनिंग

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

**अमृत विचार।** लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 को पारदर्शिता व निष्पक्षता पूर्वक सकुशल संपन्न कराने को निराला प्रेक्षागृह में जोनल व सेक्टर मजिस्ट्रेट्स को प्रशिक्षण दिया गया। जिला निर्वाचन अधिकारी/डीएम गौरांग राठी की अध्यक्षता में कार्मिक प्रशिक्षण प्रभारी सीडीओ प्रेम प्रकाश मीणा ने सभी को आयोग के निर्देशों पर अमल कराने को कहा।

डीएम ने सकुशल निर्वाचन कराने के लिए सभी को गंभीरता से प्रशिक्षण लेने की सलाह दी। कहा कि इसमें किसी की लापरवाही व उदासीनता से जिले की छवि नहीं खराब होनी चाहिए। इसलिए आयोग द्वारा किए गए परिवर्तनों को सभी अच्छे से समझ लें। जिससे मतदान के समय किसी तरह की


मातहतों को जानकारी देते जिला निर्वाचन अधिकारी गौरांग राठी।


प्रशिक्षण के दौरान मौजूद जोनल व सेक्टर मजिस्ट्रेट। अमृत विचार

समस्या न खड़ी हो। सभी को प्रशिक्षण के महत्वपूर्ण बिंदुओं के नोट्स तैयार करने को कहा। वहीं मास्टर टेनर्स के जरिए प्रशिक्षु जोनल व सेक्टर मजिस्ट्रेट्स की शंकाओं का समाधान भी कराया। जिला प्रशिक्षण प्रभारी रामबहल व ग्रामीण अभियंत्रण विभाग के सहायक अभियंता जय सिंह ने जोनल व सेक्टर मजिस्ट्रेट्स को प्रोजेक्टर व पीपीटी के जरिए ईवीएम का प्रयोगात्मक प्रशिक्षण दिया। साथ ही कंट्रोल यूनिट, बैलट यूनिट व वीवीपैट का संयोजन व इस्तेमाल का तरीका बताया।

प्रशिक्षण में उप जिला निर्वाचन अधिकारी एडीएम (वित्त एवं राजस्व) नरेन्द्र सिंह, एडीएम (न्यायिक) विकास कुमार सिंह, ज्वाइंट मजिस्ट्रेट राम मोहन मीणा, एसडीएम हसनगंज हिमांशु गुप्ता, नगर मजिस्टेट राजीव राज व मास्टर टेनर सहित सभी जोनल व सेक्टर मजिस्ट्रेट मौजूद रहे।

## दुष्कर्म के वांछितों को पुलिस ने पकड़ा

**शुक्लागंज उन्नाव।** एसपी के निर्देश पर चलाये गये अभियान के दौरान गुरुवार को गंगाघाट कोतवाली पुलिस ने दुष्कर्म के वांछित दो आरोपियों को मुखबिर की सूचना पर गिरफ्तार किया।

कोतवाली प्रभारी रामफल प्रजापति ने बताया कि फत्तेपुर निवासी उमेश उर्फ विधायक ने एक किशोरी के साथ दुष्कर्म किया था। जिस पर उसके खिलाफ पाक्सो एक्ट और दुष्कर्म का मामला दर्ज था। वहीं गायत्री नगर भातू फार्म निवासी धीरज कुमार के खिलाफ कोतवाली में दुष्कर्म की रिपोर्ट दर्ज थी। एसपी के निर्देश पर अभियान के दौरान गंगाघाट कोतवाली के दरोगा दरोगा गया प्रसाद रमन, जन्मेदय सिंह, हेड कान्सटेबल रविशंकर शर्मा, नीलेश वर्मा, सिपाही सतेन्द्र सिंह, विनीत कुमार, राजाराम चौहान ने उमेश को हाजीपुर चौराहे और धीरज को मरहला चौराहे के पास से पुलिस ने गिरफ्तार किया।

# परशुराम- लक्ष्मण संवाद से दर्शक रोमांचित

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

**अमृत विचार।** पड़री गांव के बालेश्वरी देवी मंदिर परिसर में 156 वर्ष से चली आ रही परंपरा के तहत रामलीला के धनुष भंग प्रसंग का कलाकारों ने मंचन किया। परशुराम व लक्ष्मण की भूमिका का निर्वहन करने वाले कलाकारों का जीवंत अभिनय देख दर्शक मंत्रमुग्ध बने रहे।

मंदिर समिति के पदाधिकारियों के आमंत्रण पर पहुंची टिंकू कानपुरी पार्टी के कलाकारों ने धनुष भंग लीला सहित अन्य मनमोहक प्रस्तुतियां देकर दर्शकों को सम्मोहित बनाए रखा। रावण-वाणासुर संवाद के दौरान कलाकारों के अभिनय को सराहा गया। वहीं लक्ष्मण-परशुराम संवाद में भी दर्शक तर्कों के साथ भाव-भंगिमाएं निहारते रहे। वहीं अंत में परशुराम द्वारा श्रीराम-लक्ष्मण की आरती करते समय सभी की आखें नम रहीं। मुख्य अतिथि महिला आयोग की पूर्व उपाध्यक्ष अनीता


लक्ष्मण-परशुराम संवाद लीला देखते दर्शक। अमृत विचार


महिला आयोग की पूर्व उपाध्यक्ष का सम्मान करते मेला कमेटी के पदाधिकारी।

प्रधान ने मंदिर में पूजन-अर्चन कर घंटा बांधकर लोक कल्याण की कामना की। उन्होंने कहा कि मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीरामचंद्र का जीवन चरित्र भारतीय जनमानस के रोम-रोम में बसा है। मेले भारतीय संस्कृति व सामाजिकता के वाहक हैं, जो भेदभाव समाप्त कर समरसता बढ़ाते हैं। मंचन में राम का अभिनय करण तिवारी, रावण का ओम प्रकाश त्रिवेदी, लक्ष्मण का मनीष तिवारी, व परशुराम का अभिनय डा. सर्वेश द्विवेदी ने किया। वहीं सुरेश शास्त्री ने व्यास रहे। प्रत्युष प्रधान, अपूर्व मोहन, भोला त्रिवेदी, रानू त्रिवेदी, कौशल किशोर पांडेय, महेंद्र नाथ पांडेय आदि रहे।



**25वां रोजा**

**शिया**
सहरी : 04.19 बजे
इफ्तार : 06.35 बजे

**सुन्नी**
सहरी : 04 .23 बजे
इफ्तार : 06.26 बजे

नोट : रोजेदारों की सुविधा के लिए सहरी का समय एक दिन आगे का दिया जा रहा है।

## एक नजर

### युवक को पीटा, केस दर्ज

**बछरावां, रायबरेली।** बुधवार को स्टेशन रोड नई बस्ती मुहल्ले के रहने वाले जय प्रकाश ने थाने में तहरीर देकर बताया कि उनके भाई चंद्रप्रकाश व शिव प्रकाश घर का सामान बेचने जा रहे थे। जब उन्होंने मना किया तो उनके भाइयों ने उनके साथ मारपीट की जिससे उसे चोटे आई हैं। थानाध्यक्ष विजेंद्र शर्मा ने बताया कि केस दर्ज कर कार्यवाही की जा रही है।

### पति पर मुकदमा दर्ज

**बछरावां, रायबरेली।** महरौरा गांव की रहने वाली अर्चना पत्नी राजेश ने अपने पति पर मारपीट के साथ ही उसके पिता से चार पहिया वाहन मांगने की जिद करने का आरोप लगाया है। उन्होंने तहरीर में बताया कि आए दिन उसका पति शराब पीकर घर आता है और उसके साथ मारपीट करता है। थानाध्यक्ष विजेंद्र शर्मा ने बताया कि केस दर्ज किया गया है। कार्यवाही की जा रही है।

### शराब के साथ एक गिरफ्तार

**बछरावां, रायबरेली।** भूपखेड़ा गांव स्थित एक सरकारी ट्यूबवेल के पास से एक आरोपित को पुलिस ने दस लीटर अवैध शराब के साथ गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। पुलिसिया पूछताछ में आरोपित ने अपनी पहचान रामभजन पुत्र राम सुमिरन निवासी कुर्री के रूप में बताई है। थानाध्यक्ष विजेंद्र शर्मा ने बताया कि आरोपित को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है।

### मादक पदार्थ के साथ युवक गिरफ्तार

**बछरावां, रायबरेली।** संदिग्ध व्यक्ति व वाहन चेकिंग के दौरान गश्त में घूम रही पुलिस टीम ने महराजगंज रोड छोटी नहर पुलिया पर जलालपुर मोड़ के पास से एक युवक इंद्र कुमार निवासी सत्य नारायण टोला कस्बा बछरावां को 165 ग्राम चरस के साथ गिरफ्तार कर जेल भेजा है। थानाध्यक्ष विजेंद्र शर्मा ने बताया कि आरोपित के पास से मादक पदार्थ बरामद किया गया है। उसे गिरफ्तार कर एनडीपीएस एक्ट के तहत जेल भेजा गया है।

### पासी होली मिलन समारोह का आयोजन आज

**बछरावां, रायबरेली।** अखिल भारतीय वीरा पासी सेना के नेतृत्व में पासी होली मिलन समारोह का आयोजन प्रसादी का पुरवा में शुक्रवार को आयोजित किया जाएगा। इस मौके पर हिंदुस्तान आजाद संगीत पार्टी भटनौसा का रंगारंग कार्यक्रम भी होगा। इसमें पासी समाज के लोग बढ़-चढ़कर हिस्सा लेंगे।

# अलग-अलग जगहों पर आग लगने से लाखों की संपत्ति जलकर नष्ट



जंगल में लगी आग। अमृत विचार



आग लगने से जला गृहस्थी का सामान। अमृत विचार

**संवाददाता, रायबरेली।**

**अमृत विचार।** गुरूवार को संदिग्ध परिस्थितियों में दो अलग-अलग जगहों पर अग्निकांड की घटनाएं हो गई, जिसमें एक तरफ जहां जंगल में आग लगने से हजारों पेड़ों के जलने की आशंका है। वही दूसरी तरफ एक मकान में आग लगन से परिवार की गृहस्थी जल कर राख हो गई। फायर ब्रिगेड ने सूचना पर पहुंच कर किसी तरह से आग को काबू में किया।

पहली घटना ऊंचाहार क्षेत्र के जमुनापुर चौराहे के निकट कानपुर उन्नाव राजमार्ग के किनारे जंगल में लगी आग की है। जिसमें कंटीली झाड़ियों के अलावा वन विभाग द्वारा लगाये गए पेड़ भी है। थोड़ी ही देर में आग गेंहू के खेतों व आबादी की तरफ बढ़ने लगी। वहीं आग को देखकर स्थानीय लोगों ने बुझाने का भरसक प्रयास किया, लेकिन आग नहीं बुझाई जा सकी, जिसके बाद स्थानीय लोगों ने इसकी सूचना फायर ब्रिगेड को दी। सूचना पाकर मौके पर पहुंचे दमकल कर्मियों ने ग्रामीणों की मदद से आग पर काबू पाया गया।

दूसरी घटना सलोन क्षेत्र के ममुनी गांव की है। जहां पर गांव के ही पुरखा वर्मा के घर पर उस समय आग लग गई जब घर पर कोई नहीं था। लगभग दस मिनट के अंदर आग ने पूरे घर को अपनी आगोश में समा लिया। फायर के मौके पर ना पहुंचने के कारण ग्रामीणों ने पास लगे हैंडपम्प से बाल्टी के जरिये पानी भरकर आग पर काबू पाया। लेखपाल शैलेन्द्र गुप्ता ने बताया कि संदिग्ध परिस्थितियों में आग लगने से ग्रह स्वामी का अनाज, कपड़ा, बर्तन, तख्त आदि जल गए है। 28 से 30 हजार रुपये का नुकसान हुआ है। अग्नि कांड की रिपोर्ट अधिकारियों को भेज दी गई है। इस संबंध में फायर टीम प्रभारी गोपी चन्द्र मिश्रा ने कहा कि उन्हें घटना की सूचना नही है।

# पेट्रोल पंप के पास लगती है अवैध मौरंग मंडी

**लालगंज, रायबरेली।**

▸▸ **ओवरलोड मौरंग लदे ट्रकों से सड़कें हो रही हैं जर्जर**

**अमृत विचार।** पुलिस व एआरटीओ की मिलीभगत से जगह-जगह पर अवैध मौरंग मंडियां सज रही हैं। नेशनल हाईवे के किनारे सबमर्सिबल पंप की बोरिंग कराकर इन ओवरलोड मौरंग की गाड़ियों में पानी डालने के नाम पर अवैध कमाई का खुला खेल जारी है। ट्रकों से खुलेआम सड़कों पर पानी बह रहा है। डामर रोड पर पानी पड़ने से सड़के खराब होने से सरकार को जहां करोड़ों रुपए की क्षति हो रही है। वहीं मौरंग खरीदने वालों को भी यह लोग चूना लगाने में जुटे हैं।

लालगंज-फतेहपुर नेशनल हाईवे पर गंगागंज पेट्रोल पंप के निकट अवैध मौरंग मंडी लगती है, जहां खड़ी होने वाली गाड़ियों से कुछ दलाल अवैध वसूली करने में जुटे हैं, उनसे जब कभी कोई शिकायत करता है तो वह कहते हैं कि पुलिस व एआरटीओ को इसकी जानकारी है। वह सब हर महीने गाड़ियों के हिसाब से उन्हें चढ़ौका चढ़ाते हैं इसलिए चाहे जहां शिकायत करनी हो कर लो कोई उनका कुछ नहीं कर सकता। दो सड़का से लेकर गेगासो तक सड़क के किनारे खड़े होने वाले मौरंग लदे इन ट्रकों में लदी मौरंग में पानी डालने के नाम पर भी अवैध वसूली का खुला खेल जारी है।

सबमर्सिबल पंप की बोरिंग करने वाले एक गाड़ी में पानी छिड़कने के नाम पर 400 रुपये घंटे वसूली करने में जुटे हैं। इन ट्रकों से बहकर आने वाला पानी सड़क पर ही गिरा करता है जिससे डामर रोड खराब व ध्वस्त हो जाती है। इतना ही नहीं सड़कों पर गिरने वाला पानी और सड़कों पर खड़े वाहन राहगीरो के लिए जानलेवा साबित हो रहे हैं। आए दिन होने वाली दुर्घटनाओं से भी जिम्मेदार सबक नहीं ले रहे हैं। उन्हें किसी की जान की कोई परवाह नजर नहीं आ रही।

अवैध रूप से मोटी कमाई होने के चलते प्रशासन सड़क पर खुलेआम खड़े होने वाले इन ओवरलोड वाहनो पर कोई कार्रवाई नहीं कर रहा है जिससे उनके हौसले बुलंद हैं। इन वाहनों से अवैध वसूली करने वाले खुलेआम कहते है कि वह अधिकारियों को कमाई का एक मोटा हिस्सा देते हैं इसलिए उन्हें किसी का कोई भय नहीं है। मामले की शिकायत मुख्यमंत्री से की गई है।

### लूट नहीं वाद-विवाद की हुई थी घटना

**लालगंज, रायबरेली।** प्रभारी निरीक्षक शिव शंकर सिंह ने सोशल मीडिया पर चल रही लूट की खबर को पूरी तरह से बेबुनियाद बताया। उन्होंने कहा कि कोतवाली क्षेत्र के बाल्हेमऊ में फल विक्रेता पुनीत सैनी पुत्र देवी शंकर और ऐहार निवासी आदित्य शुक्ला के मध्य फलों की खरीद फरोख्त को लेकर वाद विवाद हुआ था। लूट का कोई मामला नहीं था। सोशल मीडिया पर लगातार लूट की खबर चल रही थी। इस बाबत कोतवाल शिव शंकर सिंह ने पुलिस की तरफ से प्रेस विज्ञप्ति रिलीज करते हुए बताया कि वाद विवाद कहासुनी की घटना हुई थी। लूट की खबर गलत है। मामले में कार्रवाई की जा रही है।

# कंपनी में पकड़ी गई कर चोरी सात लाख का लगा जुर्माना

**ऊंचाहार, रायबरेली।**

**अमृत विचार।** गंगा एक्सप्रेस-वे के निर्माण का कार्य कर रही अडानी ग्रुप में बड़ी कर चोरी पकड़ी गई है। यह हेराफेरी निजी ठेकेदार कंपनी के कर्मचारियों से मिलकर कर रहे थे। कर विभाग ने इसमें सात लाख का जुर्माना किया है और दो ट्रकों पर लदे लोहे के स्क्रैप को कब्जे में लिया है।

गंगा एक्सप्रेस-वे का निर्माण अडानी एंटरप्राइजेज और आईआरबी इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपर्स कर रहे हैं। इसमें प्रयोग की जा रही लोहे की मोटी सरिया के स्क्रैप खरीद फरोख्त में चोरी पकड़ी गई है। दरअसल स्क्रैप खरीदने का काम करने वाले दो पार्टनर में आपसी विवाद के बाद लोहे के स्क्रैप से लदे ट्रक को पुलिस ने पकड़ा था। उसके बाद दोनो पक्षों ने सुलह कर लिया। किंतु इसी बीच इसमें कर विभाग शामिल हो गया।

मामले की पड़ताल की गई तो पता चला कि दो ट्रकों में 17-17 टन स्क्रैप की पर्ची बनाकर उसमें 40-40 टन से अधिक का स्क्रैप ले जाया जा रहा था। कोतवाली पहुंची कर विभाग की टीम ने ट्रकों को कब्जे में लेकर उसकी तौल कराई तो कर चोरी का खुलासा हो गया। दूसरा ट्रक क्षेत्र के सवैया हसन नहर की पटरी पर खड़ा था, उसे भी कर विभाग ने कब्जे में ले लिया। कर विभाग के असिस्टेंट कमिश्नर प्रतीक कुमार पटेल ने बताया कि दोनो ट्रकों पर कागजों के विपरीत अधिक माल लोड था, जिसमे बड़े पैमाने पर कर चोरी की गई थी। नियमानुसार 36 फीसदी टैक्स वसूली की कार्रवाई करते हुए करीब सात लाख रुपए का जुर्माना लगाया गया है।

# संवेदनशील मतदान केंद्रों का डीएम-एसपी ने किया निरीक्षण

▸▸ **व्यवस्थाओं को दुरुस्त करने के डीएम ने दिए निर्देश**

**सलोन, रायबरेली**

**अमृत विचार।** जिले में आगामी 20 मई को होने वाले लोकसभा चुनाव को लेकर जिला प्रशासन ने पूरी तरीके से कमर कस रखी है। चुनाव को लेकर लगातार जिलाधिकारी व्यवस्थाओं का स्थलीय निरीक्षण भी कर रही हैं। अव्यवस्थाओं को दुरुस्त करने की हिदायत भी दे रही हैं। चुनाव को सकुशल संपंन कराने के लिए सुरक्षा की दृष्टि से पुलिस प्रशासन भी अराजकतत्वों पर पैनी नजर रखे हुए है।

लोकसभा चुनाव को लेकर जिला प्रशासन पूरी तरह अलर्ट नजर आ रहा है। सलोन विधान सभा में 20 मई को होने वाले मतदान को देखते हुए जिलाधिकारी और एसपी लगातार संवेदनशील व अतिसंवेदनशील मतदान केंद्रों को निरीक्षण कर रहे हैं। गुरुवार को जिलाधिकारी हर्षिता माथुर व एसपी अभिषेक अग्रवाल ने अधीनस्थों के साथ सलोन क्षेत्र के पूर्व माध्यमिक प्राथमिक और निजी विद्यालयों में बनने वाले मतदान केंद्र का निरीक्षण किया। उन्होंने यहां की व्यवस्थाओं का जायजा लेते हुए अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए है। डीएम, एसपी ने प्राथमिक विद्यालय सलोन देहात, मीरजहांपुर, मटका, दुबहन निजी विद्यालय अमीना इंटर कालेज, निमिषा इंटर कालेज का निरीक्षण किया। इस दौरान डीएम ने सभी मतदान केंद्रों पर स्वच्छ पेयजल, रैंप, चार्जिंग पॉइंट, प्रकाश व्यवस्था, व्हीलचेयर, पंखा, स्वच्छ शौचालय आदि की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।



मतदान केंद्र का निरीक्षण करतीं डीएम। अमृत विचार

# घर में सेंध लगाकर लाखों का माल किया पार

▸▸ **चोरी की घटनाओं को रोकने में नाकाम खीरों पुलिस**

▸▸ **आए दिन हो रही घटनाओं से दहशत में लोग**

**खीरों, रायबरेली**

**अमृत विचार।** क्षेत्र में लगातार हो रही चोरी की घटनाओं को रोकने में स्थानीय पुलिस पूरी तरह से असहाय दिख रही है। इससे एक तरफ क्षेत्र के ग्रामीणों में दहशत का माहौल है। वही दूसरी ओर चोरी की घटनाएं पुलिस की रात्रि गस्त की पोल खोल रही हैं। बुधवार की रात एक गांव में एक दिहाड़ी श्रमिक के एक घर के पीछे की दीवार में नकब लगाकर बेखौफ चोरों ने आभूषण, नकदी और गृहस्थी का सामान पार कर दिया। पीड़िता की सूचना पर पहुंची पुलिस ने घटना की जांच की। लेकिन अभी तक मुकदमा पंजीकृत नहीं किया गया है।

तिवारिनखेड़ा मजरे खजुहा निवासी शिवलली कुरील ने खीरों थाने में शिकायती पत्र देते हुए बताया कि उसका पति अमरनाथ कुरील और बेटा अमन कुरील दूसरे शहरों में दिहाड़ी श्रमिक के रूप में कार्य करते हैं। वह घर पर अपनी बेटी प्राची और बेटे रमन के साथ रहती है। बुधवार की रात अज्ञात चोरों ने उसके घर के पीछे की दीवार में नकब लगाकर बक्सों में रखे सोने चांदी के आभूषण और पांच हजार रुपये, गैस चूल्हा, रेगुलेटर, कपड़े आदि सहित लगभग एक लाख का सामान चोरी कर ले गए।

गुरुवार को सुबह घटना की जानकारी हुई। इससे पूर्व इसी गांव में शिवलली के घर से लगभग 200 मीटर की दूरी पर स्थित शान्ती लोधी पत्नी राम बहादुर लोधी के घर में को चोरी की घटना हुई थी।

दो सप्ताह पहले बगल के ही गांव बैशनखेड़ा मजरे पाहो निवासी धनेन्द्र प्रताप सिंह के दरवाजे बंधी लगभग डेढ़ लाख कीमत की दो भैंस भी चोर खोल ले गए हैं। लगातार क्षेत्र में बेखौफ चोरों की सक्रियता और पुलिस की निष्क्रियता से ग्रामीणों में दहशत व्याप्त है। थानाध्यक्ष देवेन्द्र सिंह भदौरिया ने बताया कि पीड़िता द्वारा दिए गए शिकायती पत्र के आधार पर घटना की जांच की जा रही है।

### बैंक ऑफ़ बड़ौदा ने स्कूल को सौंपे तीन सीलिंग फैन

**जगतपुर, रायबरेली।** विकास क्षेत्र के कंपोजिट विद्यालय रोझइया भीखमसाह में बैंक ऑफ़ बड़ोदा इटौरा बुजुर्ग के शाखा मैनेजर ने विद्यालय को तीन सीलिंग फैन सौंपे हैं। यह जानकारी विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापक दीपक कुमार ने दिया। विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापक ने बताया है कि नन्हे मुन्ने बच्चों को गर्मी से राहत के लिए शाखा प्रबंधक द्वारा सीलिंग फैन देकर सहयोग किया। इस मौके पर शिवकुमार सिंह, धीरेंद्र प्रताप सिंह, कंचन लता, दुर्गेश नंदिनी, सुषमा तिवारी, आरती शर्मा, आभा मिश्रा, ज्ञान देवी, बिंदादीन, दिवाकर मिश्रा आदि मौजूद रहे।

## सार-संक्षेप

### ड्राइवर ने लूट की घटना की दी तहरीर

**बछरावां, रायबरेली।** थाना क्षेत्र के अंतर्गत सुदौली मोड पर ड्राइवर के साथ हुई लूट की घटना में ड्राइवर ने स्थानीय थाने में प्रार्थना पत्र देकर न्याय की लगाई गुहार है। पुलिस को दिए गए शिकायती पत्र में भटपुरा थाना निगोहा के रहने वाले शिव प्रकाश पुत्र शिव शंकर यादव ने आरोप लगाते हुए कहा है कि दो अप्रैल 2024 को वह अपनी गाड़ी से लखनऊ से इलाहाबाद जा रहे थे तभी बच्चू पुत्र अनिल, अमर दुबे पुत्र मुन्नू दुबे, अजीत पुत्र छोटेलाल, पुरुषोत्तम पुत्र बुधई ने सुदौली मोड के पास गाड़ी रोक कर उससे मारपीट की एवं 18500 रुपए छीन लिए। इसके बाद शिव प्रकाश ने बछरावां थाने में प्रार्थना पत्र देकर न्याय की गुहार लगाई है। थाना प्रभारी बृजेंद्र शर्मा ने बताया कि उन्हें घटना की जानकारी नहीं है। प्रार्थना पत्र मिलने पर कार्यवाही की जाएगी।

### नीलगाय से टकराकर बाइक सवार घायल

**बछरावां, रायबरेली।** गुरुवार की सुबह लखनऊ-प्रयागराज हाइवे होते हुए बाइक सवार पप्पू पुत्र साकिर अली निवासी अल्लापुर जलालाबाद लखनऊ की ओर जा रहा था, तभी चुरुवा पश्चिम गांव बाईपास मोड़ के पास एक नीलगाय अचानक उसकी बाइक के सामने आ गई। जिससे बाइक अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा गई। हादसे में बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पर पहुंची एंबुलेंस ने घायल को इलाज के लिए सीएचसी पहुंचाया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर देखते हुए उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है। थानाध्यक्ष विजेंद्र शर्मा ने बताया कि तहरीर मिलने पर विधिक कार्यवाही की जाएगी।

### पांच हजार का इनामी बदमाश गिरफ्तार

**ऊंचाहार, रायबरेली।** पांच हजार के इनमिया अभियुक्त को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेजा है, जिस पर कई थानों में आपराधिक मामले दर्ज है। गुरुवार की सुबह कोटरा बहादुरगंज मोड़ के पास से पुलिस ने प्रयागराज जिले के शिवकुटी थाना क्षेत्र के अंतर्गत जीशान मार्केट गोविंदनगर निवासी आमिर हुसैन को गिरफ्तार किया जिस पर कुछ दिनों पूर्व पुलिस अधीक्षक ने 5 हजार रुपए का इनाम घोषित किया था। कोतवाल अनिल कुमार सिंह ने बताया कि पकड़े गये अभियुक्त को जेल भेजा गया है। जिसके विरुद्ध गैंगस्टर एक्ट के तहत कार्यवाई की जा चुकी है। उस पर ऊंचाहार कोतवाली के अलावा अन्य थानों में भी आपराधिक मामले दर्ज है।

### सहायक वाणिज्य प्रबन्धक ने स्टेशन का किया निरीक्षण



रेलवे स्टेशन पर टिकट मशीन देखते सहायक वाणिज्य प्रबंधक।

**संवाददाता, रायबरेली, अमृत विचार।** रेलवे स्टेशन पर यात्रियों को मिलने वाली सुविधाओं की जांच करने के लिए गुरुवार को सहायक वाणिज्य प्रबन्धक सैफुल्लाह रायबरेली पहुंचे थे। उन्होंने रेलवे प्लेट फार्म, ब्रिज, पार्सल, बुकिंग कक्ष, टग कक्ष, सर्कुलेटिंग एरिया सहित स्टेशन पर यात्रियों को मिलने वाली सुविधाओं की जानकारी ली। उन्होंने कायकल्प के तहत चल रहे कार्य को भी देखा। निरीक्षण के दौरान उन्होंने स्टेशन पर मौजूद यात्रियों से मिलने वाली सुविधाओं के बारे में पूछा। इसके बाद वह सीधे माल गोदाम की ओर चले गए जहां पर ट्रेनों से उतर रहे माल के बारे में सम्बंधित से पूछताछ की। साफ सफाई को लेकर भी उन्होंने निर्देश दिए। उन्होंने निरीक्षण के दौरान मौजूद सुपर वाइजर, पर्यवेक्षकों से भी जानकारी ली, और जरूरी निर्देश दिए। इस दौरान स्टेशन अधीक्षक रवि रंजन कुमार सीआईटी अजय सिंह, अल्ताफ , सीजीएस श्रीभगवान, सीएमआई अवधेश कुमार सहित अन्य मौजूद रहे।

### अध्यक्ष के तीन, महामंत्री के लिए दो वकीलों ने किया नामांकन

**लालगंज, रायबरेली, अमृत विचार।** बैसवारा अधिवक्ता एसोसिएशन तहसील लालगंज के हो रहे चुनाव में पर्चा नामांकन के अन्तिम दिन विभिन्न पदों में प्रत्याशियों ने अपने अपने प्रस्तावकों के साथ नामांकन पत्र दाखिल कर चुनाव को दिलचस्प बना दिया। चुनाव प्रक्रिया को संपंन कराने के दायित्व का कुशलता पूर्वक निर्वहन कर रहे चुनाव अधिकारी एडवोकेट लक्ष्मी शंकर यादव, घनश्याम यादव, शिवाकांत द्विवेदी, विनोद मौर्या ने बताया कि वृहस्पतिवार को नामांकन का आखिरी दिन था। जिसमें दाखिल किए गए नामांकन पत्रों के पश्चात अध्यक्ष पद पर दो सेट में राजेन्द्र नाथ चौधरी, डा. विनय भदौरिया व वीरेन्द्र चौहान ने नामांकन पत्र दाखिल किया। वही महामंत्री पद पर राजबहादुर मौर्या व सुरेश कुमार तथा उपाध्यक्ष के दो पदों में शैलेन्द्र कुमार तिवारी व वीरेंद्र प्रताप वर्मा, कनिष्ठ उपाध्यक्ष के एक पद पर अजय कुमार व नरेंद्र कुमार तथा कोषाध्यक्ष पद पर इंदुप्रकाश सिंह, वरिष्ठ गर्वनिंग कौंसिल के 6 पद में केवल तारा यादव ने नामांकन दाखिल किया। वरिष्ठ उपाध्यक्ष ,संयुक्त मंत्री व कनिष्ठ गर्वनिंग कौंसिल के पद पर किसी प्रत्याशी ने नामांकन नही किया। मतदान 12 अप्रैल को होगा।

### भिंड व छतरपुर के कीर्तनकारों में हुआ मुकाबला

**खीरों, रायबरेली, अमृत विचार।** खीरों क्षेत्र के शिवपुरी गांव में स्थित जंगलेश्वर शिव मन्दिर में बुधवार को बाबा जय जंगलेश्वर मेला समिति द्वारा होली मिलन समारोह के साथ ही मेले का आयोजन किया गया। रात में भव्य जवाबी कीर्तन का आयोजन किया गया। जिसमें भिंड मध्य प्रदेश की कीर्तनकारा कल्पना दुबे और छतरपुर के कीर्तनकार बाबूलाल राजपूत के मध्य रोचक मुकाबला हुआ। दोनों कीर्तनकारों ने विभिन्न धार्मिक, सामाजिक और भावनात्मक गीत प्रस्तुत कर भक्तों को भाव विभोर कर दिया। इस अवसर पर समिति के विनोद सिंह, सुनील कुमार, रामूसिंह, पीरमोहम्मद, बच्चूलाल खान, सद्दीक अली, छविनाथ आदि सहित आसपास के कई गांवों के काफी संख्या में महिला पुरुष भक्त उपस्थित थे।

### पड़रिया में नाग देवता मंदिर में भंडारा आयोजित

**शिवगढ़, रायबरेली, अमृत विचार।** क्षेत्र के ग्राम पंचायत पड़रिया स्थित नाग देवता नगदवा बाबा के मन्दिर प्रांगण में सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन किया गया। कथा के समापन पर बृहस्पतिवार को भंडारा आयोजित किया गया। भंडारे में पहुंचे हजारों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण कर मनोकामनाएं मांगी। भंडारे का आयोजन हिमाचल सिंह व उनकी धर्मपत्नी कोमल सिंह, पूर्व प्रधान रामराज सिंह, हरिमोहन सिंह जगत, बहादुर सिंह, रघुराज सिंह, उदयराज सिंह, राजाराम सिंह, ओम प्रकाश सिंह, सरजू प्रसाद, विजय बहादुर सिंह, ओम प्रकाश सिंह, रघुराज सिंह, राहुल, हनुमान, श्रीराम, जागीर सिंह आदि ग्रामीणों के सामूहिक सहयोग से किया गया। दोपहर बाद शुरू हुआ भंडारा देर रात तक चलता रहा। पूर्व प्रधान रामराज सिंह ने बताया कि नाग देवता पर ग्रामीणों की अटूट आस्था है।

# जमा पूंजी में हुई बढ़ोतरी किसानों को मिलेगा फायदा

▸▸ **वित्तीय वर्ष में एनपीए में कमी होने के साथ ही जमा पूंजी में वृद्धि**


**संवाददाता, रायबरेली**

**अमृत विचार।** जिला सहकारी बैंक ने बीते वित्तीय वर्ष में बैंक में जमा धनराशि में 26 करोड़ को बढ़ोत्तरी की है। जमा पूंजी में वृद्धि के साथ ही वित्तीय वर्ष में एनपीए में कमी होने से अब किसानों को इसका लाभ मिलेगा।

बैंक के मुख्य कार्यपालक अधिकारी प्रवीन कुमार ने बताया कि 31 मार्च 2024 को समाप्त हुई वित्तीय वर्ष में बैंक के जमा में 26 करोड़ 86 लाख, ऋण एवं अग्रिम में 37 करोड़ 10 लाख, ग्रास प्रॉफिट में 6.25 करोड़ रुपए एवं नेट प्रॉफिट में 1.53 करोड़ तथा कार्यशील पूँजी में 84 करोड़ 34 लाख रूपए की वृद्धि हुई है। इसके साथ ही बैंक की एनपीए में 1.75 करोड़ और प्रबंध लागत 60 लाख रुपये से घटी है। अब बैंक की निवल मालियत बढ़कर 27.69 करोड़ रुपये हो गयी है।

मुख्य कार्यपालक अधिकारी ने बताया कि बैंक की कार्यशील पूँजी में वृद्धि एवं एनपीए में कमी होने से इसका सीधा फ़ायदा जनपद के किसानों को मिलेगा। उनको फसली ऋण के अलावा मत्स्य पालन, डेयरी उद्योग, प्रोसेसिंग यूनिट आदि उद्योगों में आसानी से वित्तपोषण किया जा सकेगा।

**सहकारी बैंक**




इस तरह से मिल रहा लाभ।

> वित्तीय वर्ष में कृषि निवेश का दायरा बढ़ाया जा रहा है जिससे अधिक से अधिक लोगों को स्वरोजगार के लिए प्रेरित किया जा सके। इस वित्तीय वर्ष में भी सभी के सहयोग से बैंक को लगातार प्रगति के पथ पर आगे बढ़ाया जाएगा।
>
> **-विवेक विक्रम सिंह**
> **अध्यक्ष, जिला सहकारी बैंक, रायबरेली**

### वंदे भारत में पथराव करने वाले तीन गिरफ्तार

**रायबरेली।** बीते दिनों बछरावां श्रीराजनगर के मध्य वंदे भारत ट्रेन पर पत्थर लगने की घटना का रेलवे पुलिस ने खुलासा कर दिया है। बीती 18 मार्च को प्रयागराज से गोरखपुर जा रही वंदे भारत ट्रेन पर बछरावां श्री राजनगर के मध्य पत्थर लगने से गाड़ी के C 2 और C 4 कोच के शीशे टूट गए थे। इसके संबंध में आरपीएफ थाने में केस दर्ज किया था। मामले में ट्रेन में लगे सीसीटीवी और सूचना के आधार पर तीन बाल अपचारियों को आरपीएफ ने पकड़ा है, जिन्होंने पत्थर मारने की घटना को स्वीकार किया है। रेलवे पुलिस ने तीनो को किशोर न्याय बोर्ड के समक्ष पेश किया है। जिन्हें किशोर न्याय बोर्ड द्वारा सभी को बाल सुधार गृह भेज दिया गया है।

# बाइक बिक्री करने आये तो एम्स से चोरी तीन बाइकों का हुआ खुलासा

**संवाददाता, रायबरेली**

**अमृत विचार।** भदोखर पुलिस ने एम्स परिसर से कुछ दिन पहले चोरी हुई तीनों बाइक को बरामद करने मे सफल रही। थाना क्षेत्र के सरईया पुल के पास से पुलिस ने तीन बाइक और एक तमंचा व कारतूस के साथ दो युवकों को गिरफ्तार किया।

थाना प्रभारी शिवाकांत पांडे ने बताया कि बुधवार की शाम लगभग साढे.आठ बजे सरईया पुल के पास बाइक की बिक्री करने के लिए दो युवक आए थे। मुखबिर की सूचना पर एम्स चौकी प्रभारी कपिल चौहान हमराही यतन यादव ने अपनी पूरी टीम के साथ मौके पर पहुंचकर दोनों युवकों को धर दबोचा।

बाइक के साथ गिरफ्तार युवक अंशु सिंह पुत्र अवधेश बहादुर सिंह निवासी ग्राम पीतांबरपुर, मनीष पुत्र रामसागर निवासी ग्राम सेखवापुर थाना लालगंज की तलाशी लेने पर अभियुक्त मनीष के पास से एक तमंचा और कारतूस बरामद किया। दोनों से पूछताछ करने पर कुछ दूरी पर युवकों के बताये स्थान से तीन बाइक बरामद किया। थाना प्रभारी ने बताया कि यह तीन बाइक कुछ दिन पहले एम्स से गायब हुई थी, जिनकी तलाश की जा रही थी। दोनो गिरफ्तार युवकों को संबंधित धाराओं में मामला दर्ज कर जेल भेज दिया गया है।

# रिपोर्ट कार्ड मिलते ही झूमे छात्र

**डलमऊ, रायबरेली।** डॉ. आरडीएस पब्लिक स्कूल में प्राइमरी स्तर का रिपोर्ट कार्ड वितरित किया गया। इस दौरान छात्र-छात्राओं ने एक बढ़कर एक सांस्कृतिक प्रस्तुति दी। जिसे लोगों ने खूब सराहा। विद्यालय के प्रबंधक संदीप चौधरी ने कहा कि विद्यालय नित नई ऊंचाई छू रहा है। मेरा उद्देश्य है कि क्षेत्र का हर बच्चा शिक्षित हो और क्षेत्र जिले का नाम रोशन करे।

समाजसेवी नताशा चौधरी ने कहा कि देश का भविष्य बच्चों के हाथ में है। शिक्षा ही ऐसा शस्त्र है जिससे व्यक्ति जिंदगी में बहुत बड़ा परिवर्तन कर सकता है। विद्यालय में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान पाने वाले छात्रों को सम्मानित किया गया। इस मौके पर माधव, गिरजा शंकर, राम प्रसाद, आरती, शिल्पी गुप्ता, दिव्या, दिव्यांशी, अर्पित आदि मौजूद रहे।



छात्रा को प्रोत्साहित करतीं नताशा चौधरी। अमृत विचार

### तीमारदारों को पीटने के मामले में किसान नेता ने एम्स में किया प्रदर्शन

**रायबरेली।** अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान एम्स परिसर में मेडिकल कॉलेज के सामने किसान नेता रमेश सिंह ने तीमारदारों के साथ की गई मारपीट को लेकर धरना प्रदर्शन किया। धरने पर बैठते ही हडकंप मच गया। गले में एम्स प्रशासन मुर्दाबाद लिखी तख्ती डालकर कर धरने पर बैठे किसान नेता रमेश बहादुर सिंह गार्डो पर मामला दर्ज करने की मांग करने लगे। गुरुवार को एम्स प्रशासन की कार्रवाई से असंतुष्ट किसान नेता ने एम्स परिसर के अंदर धरने पर बैठ कार्रवाई की मांग करने लगे। जिसकी जानकारी मिलते ही थाना प्रभारी शिवाकांत पांडे मौके पर पहुंचकर किसान नेता को समझाते बुझाते हुए गार्डो पर की गई कार्रवाई से अवगत कराया।

# बीडीओ पर धमकाने का आरोप

लालगंज, रायबरेली।

▸▸ शिकायतकर्ता ने बीडीओ से की थी रोजगार सेवक की शिकायत

**अमृत विचार।** विकासखंड के खजूर गांव ग्राम पंचायत में फर्जी अभिलेखों के आधार पर रोजगार सेवक की नौकरी कर रहे दिनेश यादव के खिलाफ शिकायत करने पर वादी को ही खंड विकास अधिकारी के द्वारा धमकाया जा रहा है। जबकि दिनेश यादव के द्वारा रोजगार सेवक की नौकरी पाने में कौशांबी से उत्तीर्ण अंक पत्र लगाए गए हैं। उसके पूर्व वह अंबारा पश्चिम इंटर कॉलेज से हाईस्कूल कर चुका था। दोनों अंक पत्र जांच में सामने आ गए हैं।

दोनों में अलग-अलग दिनेश यादव की जन्म तिथि दर्ज है। इसके बावजूद खंड विकास अधिकारी अभी भी रोजगार सेवक दिनेश यादव का पक्ष ले रही हैं और उसके खिलाफ कोई कार्यवाही करने के बावजूद उल्टा शिकायतकर्ता सुशील कुमार सिंह को ही धमका रही है। मामले में एक अप्रैल 2024 को पत्रांक संख्या 212 के तहत खंड विकास अधिकारी लालगंज के द्वारा शिकायतकर्ता सुशील सिंह को पत्र लिखकर फिर से साक्ष्य मांगे गए हैं अन्यथा की स्थिति में शासकीय कार्य में व्यवधान डालने के आरोप में कार्यवाही की बात कही गई है। वास्तव में दिनेश यादव के खिलाफ दो वर्ष से जांच चल रही है।

अंबारा पश्चिम इंटर कॉलेज ने लिखकर दे दिया है कि हमारे यहां से दिनेश यादव ने हाईस्कूल उत्तीर्ण किया है। इन सबके बावजूद अभी तक दिनेश यादव के खिलाफ कोई कार्यवाही नहीं हुई है और वह सरकार से बराबर तनख्वाह ले रहा है। नौकरी पाने की लालच में दिनेश यादव ने उम्र घटाकर दोबारा कौशांबी से हाईस्कूल किया था, लेकिन लालगंज खंड विकास अधिकारी दिनेश यादव को ऐनकेन प्रकारेण बचाने में जूटी हुई है और शिकायतकर्ता को धमका कर अपनी शिकायत वापस लेने का दबाव बना रही हैं।

# प्लास्टिक सर्जरी और गुर्दे के रोगियों को राहत

▸▸ एम्स में सुविधाओं के बढ़ने से आसपास के जिलों से पहुंचने लगे रोगी

संवाददाता, रायबरेली

**अमृत विचार।** अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) मुंशीगंज मे प्लास्टिक सर्जरी एवं नेफ्रोलॉजी विभाग लगभग 15 दिन पहले शुरू कर दिए गए हैं। दोनों ही विभाग शुरू होते ही नेफ्रोलॉजी, प्लास्टिक सर्जरी के मरीज का ओपीडी में आना शुरू हो गया है। दोनों विभागों की ओपीडी शुरू होने से स्थानीय आसपास के जिले के गुर्दे के मरीजों को अब बड़े शहरों के लिए पलायन नहीं करना पड़ेगा।



अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान मुंशीगंज।

साथ ही साथ आसपास के शहरों के मरीजों के लिए भी सुविधाजनक साबित हो रहा है। प्लास्टिक सर्जरी व नेफ्रोलॉजी विभाग में मरीज पहुंच कर इलाज की सुविधा उठा रहे हैं। नेफ्रोलॉजी विभाग की ओपीडी सप्ताह में दो दिन होती है। ओपीडी टाइम में नेफ्रोलॉजी के रोगी इलाज की सुविधा का लाभ उठा रहे है। नेफ्रोलॉजी विभाग की ओपीडी शुरू होते ही शहर ही नहीं अन्य शहरों के लोगों का भी आना शुरू हो चुका है।

मंगलवार को डॉ0 शुभम राय ने लगभग चार दर्जन से अधिक मरीजों का इलाज किया। अमेठी जिला से आए अभिरल ने बताया की चिकित्सक से मिल चुके है। बहुत अच्छे से हाल जाना व दवाईयां भी बहुत कम लिखी है। नेफ्रोलॉजी विभाग शुरू हो जाने से अब लखनऊ नहीं जाना पड़ेगा। नेफ्रोलॉजिस्ट डॉ. शुभम राय ने कहा की गुर्दा से संबंधित किसी भी प्रकार की बीमारी को समय रहते ठीक किया जा सकता है। मरीज का इलाज हमारी पहली प्राथमिकता है।

### प्लास्टिक सर्जरी विभाग में आने लगे रोगी

अधीक्षक प्रोफेसर डॉ. सुयश सिंह ने बताया कि प्लास्टिक सर्जरी एवं नेफ्रो विभाग शुरू कर दिए गए हैं। प्लास्टिक सर्जरी विभाग में डॉ. नम्रता व डॉ. सोनिया अपनी सेवा मरीजों को प्रदान कर रही हैं। साथ ही साथ डॉ. शुभम राय सप्ताह में दो दिन ओपीडी में बैठकर मरीज का इलाज कर रहे हैं।

> निदेशक प्रोफेसर डॉ. अरविंद राजवंशी के नेतृत्व व निर्देशन में विभागों की बढ़ोतरी के साथ-साथ मरीजों की सुविधाओं को देखते हुए सभी प्रकार की सुविधा मुहैया करने का प्रयास किया जा रहा है। संचालित सभी विभागों को मिलाकर लगभग तीन हजार की ओपीडी प्रतिदिन डॉक्टर कर रहे हैं।
>
> **-प्रोफेसर डॉ. सुयश सिंह अधीक्षक**

## सार-संक्षेप

### स्वर्ग से ऊंचा है मां का स्थान : स्वामी भाष्कर



सम्मानित महिलाएं। अमृत विचार

**सरेनी, रायबरेली।** स्वामी सूर्य प्रबोध परमहंस इ. कालेज अनंगपुरम रालपुर के संस्थापक स्वामी भाष्कर स्वरूप महाराज की स्व. माता की पुण्यतिथि का कार्यक्रम मातृ सम्मेलन के रूप में विद्यालय परिसर में ही संपन्न हुआ। इस सम्मेलन में अपने विशिष्ट गुणों से विभूषित लगभग 30 माताओं का फूल माला और अंगवस्त्र भेंटकर सम्मानित किया गया। स्वामी भाष्कर स्वरूप ने कहा कि जन्मदात्री मां का स्थान स्वर्ग से भी ऊंचा है। यद्यपि संत परम्परा में पिता को प्रणाम करने का निषेध किया गया है किन्तु मां को प्रणाम करने का विधान है। कार्यक्रम में बद्रीनाथ दीक्षित, द्वारिका प्रसाद दीक्षित, उमाशंकर दीक्षित, आदर्श दीक्षित, पूर्व प्राचार्य अरूण कुमार सिंह, राजेश सिंह फौजी, सुरेश आचार्य, हनुमन्त सिंह, शिवमोहन मौर्य, भवानी शंकर, कुंजबिहारी गुप्ता, दिनेश शंकर, रवीन्द्र शर्मा, संतोष शुक्ल, कमल श्रीवास्तव, प्रखर मिश्र, प्रीती तिवारी, प्रतिमा मौर्या, आकाश पटेल, शारदा सिंह, श्वेता सिंह, गरिमा सिंह, शुभी त्रिवेदी, रश्मि, अंजली आदि उपस्थिति रहे। अतिथियों का धन्यवाद ज्ञापन विद्यालय के प्रधानाचार्य सन्तोष त्रिपाठी ने किया।

### वांछित आरोपी गिरफ्तार

**अमेठो।** जनपद में अपराध एवं अपराधियों के धर पकड़ हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में गुरूवार को उ0नि0 सुरेश चन्द्र यादव थाना रामगंज मय हमराह द्वारा तलाश वांछित देखभाल क्षेत्र व चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु, वाहन के दौरान मुखबिर की सूचना पर मु0अ0सं0 25/24 धारा 366,506/376 भादवि थाना रामगंज जनपद अमेठी में वांछित अभियुक्त अजय वर्मा पुत्र राम सेवक वर्मा निवासी ग्राम सराय भनई थाना अन्तू जनपद प्रतापगढ़ उम्र करीब 20 वर्ष को बहादुरपुर मोड़ के पास से गिरफ्तार किया गया। थाना रामगंज पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही कर जेल भेज दिया गया है।

### उपजिलाधिकारी ने की बैठक

**अमेठी, अमृत विचार।** लोकसभा सामान्य निर्वाचन को शांतिपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने तथा चुनाव में शत प्रतिशत मतदान सुनिश्चित कराने के उद्देश्य से जिला निर्वाचन अधिकारी ,जिलाधिकारी निशा अनंत के निर्देशन में आज उपजिलाधिकारी गौरीगंज दिग्विजय सिंह ने खंड विकास अधिकारी जामों तथा थानाध्यक्ष जामों के साथ थाना क्षेत्र जामों के अंतर्गत ग्राम प्रधानों, कोटेदारों व सम्भ्रांत व्यक्तियों के साथ बैठक कर लोकसभा चुनाव में भयमुक्त वातावरण में मतदान करने व आमजन मानस को भी अधिक से अधिक संख्या में अपने मतदान केंद्र पर पहुंच कर अपने मताधिकार का प्रयोग करने के लिए प्रेरित करने की अपील की गई।

### तमंचा-कारतूस व हेरोइन के साथ दो अभियुक्त गिरफ्तार

**जगदीशपुर, अमेठी।** मुखबिर की सूचना पर पहुंची पुलिस ने तमंचा कारतूस एवं हेरोइन समेत अलग-अलग स्थानों से दो मुलजिमों को गिरफ्तार कर जेल भेजा। थानाक्षेत्र के अंतर्गत लखनऊ सुल्तानपुर रोड सिधियावा गांव के समीप पुलिस ने शिवांश सिंह निवासी धोबही परसपुर गोण्डा को एक अदद व कारतूस समेत गिरफ्तार किया। वहीं दूसरे अभियुक्त कल्लू उर्फ आलोक श्रीवास्तव निवासी मऊ अतवारा को फैजाबाद रोड रेलवे क्रॉसिंग से गिरफ्तार किया जिसकी तलाशी लेने पर 16 ग्राम नाजायज हेरोइन बरामद हुई। इस संबंध मे पुलिस ने बताया कि बरामद हेरोइन की कीमत लगभग दस लाख रुपए आंकी गई। वहीं गिरफ्तार मुल्जिमान के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत कर जेल भेजा गया।

### वीरांगना झलकारी बाई का बलिदान दिवस आज

**अमेठी।** जिले में 1995से वीरांगना झलकारी बाई की जयंती और बलिदान दिवस के कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं। आज मुंशीगंज अम्बेडकर मार्केट में वीरांगना झलकारी बाई की प्रतिमा पर माल्यार्पण का कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। इस प्रतिमा को 2007 में लोकजनशक्ति पार्टी के नेता ओंकार नाथ शुक्ल ने लगवाया था। कोरी समाज के लोग पिछले दो दशक से अमेठी में वीरांगना झलकारी बाई की आदमकद प्रतिमा लगाने की मांग कर रहे हैं। यूपीए और एनडीए दोनों सरकारों और जिले के जनप्रतिनिधियों ने इस मांग पर अभी तक कोई विचार नहीं किया है। वीरांगना झलकारी बाई चेतना समिति के अध्यक्ष संजय कुमार कोरी ने बताया कि वीरांगना झलकारी बाई अनपढ़ होने के बावजूद तीर तलवार चलाने और मलखम्भ की शौकीन थी अपने पति के साथ अभ्यास करके उसने स्वयं को शस्त्र विद्या में पारंगत बनाया था। उसकी वीरता से प्रभावित होकर रानी लक्ष्मीबाई ने उसे अपनी स्त्री सेना का सेनापति बनाया था। 1857 के प्रथम स्वतंत्रता संग्राम की अमर वीरांगना झलकारी बाई कोरी का आज बलिदान दिवस है। झलकारी बाई ने 1857के प्रथम स्वतंत्रता संग्राम में रानी लक्ष्मीबाई की जान बचाकर अंग्रजों से खुद लोहा लिया और अपने पति गोलंदाज पूरन कोरी के साथ रणभूमि में शहीद हुई थी। झलकारी बाई कोरी के वंशजों की ओर से आज अमेठी और रायबरेली सहित उत्तर प्रदेश के कई जिलों में बलिदान दिवस पर माल्यार्पण और विचार गोष्ठी के आयोजन किए गए हैं।

# प्रथम मेमू रेक का उत्पादन कर एमसीएफ ने किया ऐतिहासिक कार्य: महाप्रबंधक

लालगंज, रायबरेली

**अमृत विचार।** आधुनिक रेल डिब्बा कारखाने ने अपने उत्पादन में अभूतपूर्व वृद्धि कर एक नये चरण में प्रवेश किया। आरेडिका द्वारा निर्मित प्रथम 3-फेज मेनलाइन इलेक्ट्रिक मल्टीपल यूनिट (मेमू) को महाप्रबंधक आरेडिका प्रशांत कुमार मिश्रा ने हरी झंडी दिखाकर एमसीएफ से उत्तर पूर्वी रेलवे के लिए रवाना किया। जीएम ने कहा कि यह आरेडिका के कोच उत्पादन में एक ऐतिहासिक दिन है।

मुख्यतः मेमू ट्रेन छोटी और मध्यम दूरी के मार्गों पर सेवा प्रदान करती है। यह ट्रेन यात्रियों के लिए बहुत मददगार साबित हो रही है। इसमें यात्रियों को पूर्व से टिकट बुक न करके यात्रा के समय ही टिकट उपलब्ध हो जाती है। मेमू ट्रेनें अन्य ट्रेनों की तुलना में त्वरित गति से रफ्तार पकड़ती हैं और तुरंत रुकती भी हैं। 3-फेज मेमू में अत्याधुनिक मल्टीफंक्शन व्हीकल बस (एमवीबी) आधारित ट्रेन कंट्रोल मैनेजमेंट सिस्टम (टीसीएमएस) जो उन्नत नियंत्रण सुविधाएं प्रदान करता है। जिसे मेसर्स बीएचईएल द्वारा स्वदेशी तकनीक से विकसित किया गया है। इससे मेक इन इंडिया अभियान को और बल मिलेगा।



प्रथम मेमू रेक का उद्घाटन करते महाप्रबंधक प्रशांत कुमार मिश्रा। अमृत विचार

मेमू ट्रेन की आसान निगरानी और नियंत्रण के लिए टच स्क्रीन-आधारित ड्राइवर डिस्प्ले यूनिट भी स्थापित की गई है। एर्गोनॉमिक रूप से डिजाइन किए गए ड्राइवर डेस्क के साथ एक वातानुकूलित ड्राइविंग कैब ड्राइवर को आरामदायक ड्राइविंग वातावरण प्रदान करती है। इन कोचों में तेजी से ब्रेक लगाने के लिए सेमी परमानेंट शाखू कपलर और इलेक्ट्रो-न्यूमेटिक एयर ब्रेक सिस्टम भी प्रयुक्त किया गया है। जीएम पीके मिश्रा ने इस उपलब्धि का सम्पूर्ण श्रेय आरेडिका के समर्पण और कड़ी मेहनत को दिया है, जो सभी विभागों के विशेष रूप से उत्पादन और भंडार विभाग के समन्वय से संभव हो सका है।

### यात्रियों की सुरक्षा का विशेष ख्याल

यात्रियों के आराम और सुरक्षा का विशेष ध्यान दिया गया है। यह 3-फेज मेमू ट्रेन को 110 किमी प्रति घंटे की अधिकतम सेवा गति के लिए डिजाइन की गई है, जो उच्च त्वरण से अधिकतम गति प्राप्त करने की क्षमता है। मेमू ट्रेन के प्रत्येक कोच को नवीनतम जीपीएस-आधारित यात्री सूचना प्रणाली से युक्त है, जो अपने मार्ग में पड़ने वाले रेलवे स्टेशनों के बारे में यात्रियों को जानकारी प्रदान करती रहेगी। प्रत्येक कोच में ऊर्जा दक्ष एलईडी लाइटें लगाई गई हैं। साथ ही साथ 50 प्रतिशत आपातकालीन रोशनी की व्यवस्था भी की गयी है।

### मजदूर का पेड़ से लटकता मिला शव

**अमेठी।** गुरुवार की सुबह शौच के लिये गए भट्ठा मजदूर का शव महुआ के पेड़ से लटकता मिलने से हड़कंप मच गया। भट्ठा मुंशी की सूचना पर मौके पर पहुँची संग्रामपुर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिये भेजकर मामले की जांच शुरू कर दी है। मृतक मजदूर छत्तीसगढ़ राज्य का रहने वाला था जो एक ईंट भट्ठे पर मजदूरी करता था। पूरा मामला संग्रामपुर थाना क्षेत्र का है जहाँ कौलापुर गाँव के पास चंदिकन रोड पर स्थित ईंट भट्ठे पर काम करने वाला मजदूर राम नारायण गौड़ पुत्र हीरालाल गौड़ निवासी कसडोल छत्तीसगढ़ गुरुवार की सुबह बाग में शौच के लिए गया था। राम नारायण गौंड जब काफी देर तक नही लौटा उसकी तलाश शुरू हुई जिसके बाद उसका शव कौलापुर बाग में महुआ के पेड़ पर रस्सी के सहारे लटका मिला। शव मिलते ही इलाके में हड़कंप मच गया और भट्ठे पर काम करने वाले मजदूर और मुंशी मौके पर पहुँचने के बाद पुलिस को सूचना दी गई। सूचना मिलते ही संग्रामपुर पुलिस मौके पर पहुँची और शव को पेड़ से उतारकर कब्जे में लेते हुए पोस्टमार्टम के लिये भेज मामले की जांच शुरू कर दी है।

# कमरे के अंदर साड़ी के फंदे से लटका मिला महिला का शव

▸▸ पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पीएम के लिए भेजा

बाजारशुक्ल, अमेठी।

**अमृत विचार।** बृहस्पतिवार की सुबह संदिग्ध परिस्थितियों में विवाहिता का शव कमरे के अंदर साड़ी के फंदे के सहारे लटका मिलने से हड़कंप मच गया। घटना की जानकारी मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिये भेजा।

मामला बाजार शुकुल थाना क्षेत्र के सत्थिन भीतर कोट गांव का है जहां के रहने वाले रामबहादुर यादव की पत्नी 42 वर्षीय का संदिग्ध परिस्थितियों में घर के द्वितीय तल पर बंद कमरे में साड़ी के सहारे छत के हुक पर लटका शव मिलने से हड़कंप मच गया। सुबह घटना की जानकारी होने पर परिजनों समेत पूरे गांव में हड़कंप मच गया और बड़ी संख्या में स्थानीय ग्रामीण मौके पर इकट्ठा हो गए जिसके बाद पुलिस को सूचना दी गई। सूचना मिलते ही बाजारशुक्ल एसओ तनुज कुमार पाल मौके पर पहुचे और शव को उतारकर कब्जे में लिया उसके बाद शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेजकर जांच शुरू कर दी है।



घटना स्थल पर मौजूद पुलिस। अमृत विचार

### एसओ ने कहा

वहीं घटना को लेकर बाजारशुक्ल एसओ तनुज कुमार पाल ने कहा कि शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। परिजनों की तरफ से कोई तहरीर नहीं दी गई।

# स्टैंड संचालक के गुर्गों ने चालक को पीटा, हंगामा

संवाददाता, रायबरेली

**अमृत विचार।** नगर पालिका की उदासीनता के चलते वाहन स्टैंड संचालकों की दबंगई थमने का नाम नहीं ले रही है। गुरुवार को ऐसी ही एक घटना प्रकाश में आई जिसमें वाहन पर्ची के बने स्टैंड पर टोकन कम देने के मामले में संचालक के गुर्गों ने लात घूंसों से जमकर पिटाई कर दी। साथी की पिटाई से अन्य चालक आक्रोशित हो गए।

पालिका अफसर और ठेकेदार के खिलाफ राजघाट चौकी के पास जोरदार प्रदर्शन करने लगे। सभी ने टोकन बन्द करने की मांग की। बाद में पुलिस ने किसी तरह समझा-बुझाकर शांत कराया। दोनों पक्षों में समझौता कराने के बाद अफसरों ने राहत की सांस ली। लालगंज निवासी अजय कुमार अपने रिश्तेदार को इलाज के लिए एम्स लेकर गया था। वापस लौटते समय राजघाट के समीप टोकन स्टैंड के कर्मचारियों ने उसे रोका और पैसा मांगा, जिस पर उसने देने से इंकार कर दिया।

इससे स्टैंड संचालक के गुर्गों ने आटो की चाभी निकालकर उसकी पिटाई कर दी। रिक्शा चालक ने राजघाट चौकी में इसकी शिकायत दर्ज कराई, लेकिन वहां उसकी सुनवाई नहीं हुई। उसके बाद दर्जनों की संख्या में रिक्शा चालकों ने रोड जाम कर हंगामा करने लगे। नगर पालिका के साथ स्टैंड संचालकों के खिलाफ नारेबाजी शुरू कर दी। इससे पुलिस महकमे में खलबली मच गई। आनन-फानन में मौके पर पहुंची पुलिस ने समझा कर उन्हें शांत कराया। इस संबंध में चौकी इंचार्ज मनोज यादव ने बताया कि दोनों के मध्य समझौता हो गया है।

> नगर पालिका की ओर से राजघाट का टेंडर उठा है। वहां पर हुए विवाद से पालिका से कोई लेना-देना नहीं है। वह मामला पुलिस का है।
>
> **-शत्रोहन सोनकर**
> **अध्यक्ष नगर पालिका परिषद**

> नपा स्टैंड को लेकर कुछ लोग गलत हरकत कर रहे हैं साथ ही बदनाम करने की कोशिश कर रहे हैं। पूर्व में भी कार्यालय में आकर ऐसी हरकत कर चुके हैं।
>
> **-स्वर्ण सिंह**
> **अधिशासी अधिकारी नपा परिषद**

# स्मृति के नेतृत्व में अमेठी में विकास की नींव हुई मजबूत

संवाददाता, अमेठी

▸▸ उद्योगपति ने कहा- व्यापारी डबल इंजन की सरकार में सुरक्षित

▸▸ जिला पंचायत अध्यक्ष ने कहा- गांवों की पक्की सड़कों से जोड़ने का चल रहा काम

**अमृत विचार।** जिला पंचायत अध्यक्ष अमेठी जाने माने उद्योगपति राजेश मसाला ने कहा कि हम सब ने वह दिन देखा है जब व्यापारी शाम को दूकान बंद कर घर जाने लगता था तो उसे गोली मार कर लूट लिया जाता है पर आज ऐसा नहीं है आज व्यापारी सुरक्षा की भावना के साथ अपना व्यापार कर रहा है।

जिला पंचायत अध्यक्ष ने कहा कि देश व समाज का विकास तभी संभव जब सुरक्षित वातावरण हो लोगों में सुरक्षा की भावना हो लोगों में यह विश्वास हो की हम सुरक्षित है किसी प्रकार का भय न हो। व्यापारी अपना व्यवसाय वहीं शुरू करता है जहां उसे सुरक्षा नजर आती है। मोदी और योगी की सरकार में किसी की हिम्मत नहीं है कि किसी व्यापारी को गोली मार कर बच जाए।

राजेश ने कहा कि मैं पहले यही सुनता था अमेठी वीवीआईपी क्षेत्र है पर न बिजली थी न पीने का पानी था जर्जर रेलवे की सुविधा.... पर अमेठी की संमानित जनता ने जब स्मृति ईरानी को अमेठी की जिम्मेदारी सौंपी तो दीदी ने अमेठी को सचमूच वीवीआईपी क्षेत्र बना दिया आज अमेठी के सभी रेलवे स्टेशनों का सुंदरीकरण होने के साथ ही उच्चकोटि की सुविधाएं उपलब्ध हैं क्षेत्र में सड़कों का जाल बिछाया जा रहा है दीदी के प्रयास से 16 हजार करोड़ की महत्वाकांक्षी योजना से हर घर जल पहुंचाने का काम चल रहा है।



मीडिया को संबोधित करते राजेश मसाला।

जिला पंचायत अध्यक्ष ने बताया कि दीदी स्मृति के प्रयासों से शहरों से लेकर गांवों तक पानी निकासी के लिए नालों का निर्माण, गांवों को पक्की सड़कों से जोड़ने का भी काम चल रहा है। आज अमेठी में विकास धरातल पर दिख रहा है और अमेठी वीवीआईपी नजर आ रहा है।

### जिला निर्वाचन अधिकारी ने की प्रभारी अधिकारियों के साथ बैठक

**संवाददाता, अमेठी।** जिलाधिकारी, जिला निर्वाचन अधिकारी निशा अनंत ने लोकसभा सामान्य निर्वाचन, को स्वतंत्र, निष्पक्ष, पारदर्शी व शान्तिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराने के लिए आज कलेक्ट्रेट सभागार में नोडल अधिकारियों के साथ बैठक कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। बैठक में जिलाधिकारी ने लोकसभा सामान्य निर्वाचन से संबंधित अब तक की गई कार्यवाही के संबंध में सभी प्रभारी अधिकारियों से जानकारी ली। पुलिस विभाग से बाहर से आने वाले पुलिसकर्मियों के ठहरने की उचित व्यवस्था, एडीएम न्यायिक से आदर्श आचार संहिता के पालन एवं उल्लंघन संबंधी कार्यवाही, कंट्रोल रूम में प्राप्त शिकायतों के निस्तारण की स्थिति, एआईजी स्टांप से मा. प्रेक्षक संबंधी व्यवस्था, एसओसी चकबंदी से ईवीएम, मतदान केंद्रों पर आवश्यक सुविधाएं, अधिशासी अभियंता पीडब्ल्यूडी से पोलिंग पार्टी रवाना स्थल व मतगणना स्थल पर टेंट, फर्नीचर, विद्युत, लाउडस्पीकर की व्यवस्था, डीपीआरओ से वीडियोग्राफी, वेबकास्टिंग की व्यवस्था को लेकर अब तक की गई तैयारी की गहन समीक्षा किया।


प्रवेश प्रारम्भ प्रवेश प्रारम्भ

वरुण अर्जुन विश्वविद्यालय

वरुण अर्जुन कॉलेज ऑफ नर्सिंग

उत्तर प्रदेश मेडिकल फैकल्टी से मान्यता प्राप्त

बी.एस.सी. नर्सिंग

(4 वर्षीय डिग्री कोर्स)

शैक्षिक योग्यता : इण्टरमीडिएट साइंस (बायोलॉजी) के साथ

पोस्ट बेसिक नर्सिंग

(2 वर्षीय कोर्स, योग्यता जी.एन.एम. पास आउट)

जी.एन.एम.

(3 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)

ए.एन.एम.

(2 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)

प्रवेश हेतु संपर्क करें :-

मो. 9412151327, 7521001992

पता

वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखण्ड हॉस्पिटल

NH-24, बन्थरा, जिला शाहजहाँपुर



अमृत विचार

क्लासीफाइड

**सूचना**

सूचित हो कि मैं आकाश प्रताप सिंह पुत्र चन्द्रमान सिंह मूल निवासी – **ग्राम जिताई का पुरवा, पो0– बर्रा–ठर्रा, जनपद– कानपुर देहात** मेरा पैन कार्ड विपिन कुमार के नाम से था और आधार कार्ड और हाईस्कूल के प्रमाण पत्र अनुसार में आकाश प्रताप सिंह है। अतः पैन कार्ड में मेरा नाम संशोधित कर आकाश कुमार दर्ज किया जाय। – **आकाश प्रताप सिंह पुत्र चन्द्रभान सिंह, निवासी– ग्राम जिताई का पुरवा, पो0– बर्रा–ठर्रा, जनपद– कानपुर देहात**

**सूचना**

सूचित हो कि मैं **मालती देवी पुत्री रूपकिशोर, निवासिनी– घनश्यामपुर, पोस्ट– बहलोलपुर, तहसील व जिला फतेहपुर** मेरा हाईस्कूल वर्ष 2014 अनुक्रमांक 2223481 है तथा इन्टरमीडियट वर्ष 2016 अनुक्रमांक 1677957 का अंकपत्र व सह प्रमाणपत्र वास्तव में खो गया है।

**सूचना**

सूचित किया जाता है कि **द्वारिका प्रसाद पुत्र गुरू प्रसाद, निवासी– हसनापुर, परगना – हिसामपुर, तहसील– कैसरगंज** विगत 26 वर्षों से लापता है जिनकी भूमि हसनापुर व पारापरसरामपुर मे है इनके भाई राजामान पुत्र गुरू प्रसाद ने वरासत का दावा प्रस्तुत किया है यदि द्वारिका प्रसाद जीवित हैं तो एक माह मे साक्ष्य सहित तहसीलदार कैसरगंज जनपद बहराइच के न्यायालय मे प्रस्तुत हों

**सूचना**

सूचित हो कि पहले मेरा नाम SAROJ था अब मैने बदलकर अपना नाम SAROJ KUMAR रख लिया है भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाए। S/O: SANT LAL, VILL- TARSAND,POST-DHARMPUR, GAURABADA SHAHPUR, JAUNPUR, UTTAR PRADESH - 222001

**सूचना**

सूचित हो कि पालिसी संख्या 216160247 में त्रुटिवश मेरी पुत्री का नाम काव्या दर्ज है। जबकि अन्य सभी दस्तावेजों में वैष्णवी गुप्ता दर्ज है। जिसे दोनों नामों से जाना व पहचाना जाता है। **शिवप्रकाश निवासी – कस्बा मोहनलालगंज, लखनऊ।**

**सूचना**

सूचित हो कि मैं **प्रियंका सिंह पुत्री ज्ञानेंद्र प्रताप सिंह, निवासिनी– मुंगारी, रामपुर, करछना, प्रयागराज,** मेरी हाईस्कूल वर्ष 2004 जीजीआईसी रामपुर, करछना, प्रयागराज, इंटरमीडिएट– 2006 बृजमंगल सिंह इंटर कालेज रामपुर, करछना, प्रयागराज, बीए–2006 कानपुर विश्वविद्यालय, एमए – 2008 सैम हिगिनबॉटम कृषि, प्रौद्योगिकी और विज्ञान विश्वविद्यालय, पूर्व में इलाहाबाद कृषि संस्थान,का मूल अंक पत्र व प्रमाण पत्र वास्तव में खो गया है।



आवश्यकता है

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित अमृत विचार को

रिपोर्टर /सब एडिटर/सीनियर सब एडिटर की

न्यूनतम योग्यता:- स्नातक

मुख्यधारा के अखबार में कम से कम 3 से 5 वर्ष काम करने का अनुभव

वेतन :- योग्यता अनुसार

बायोडाटा भेजें:-

hr@amritvichar.com 8476006584, 9518031113

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार

हेड ऑफिस : नजदीक सेटेलाइट बस स्टैण्ड, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली



## 25वां रोजा

सहरी : 04 .36 बजे, शुक्रवार
इफ्तार : 06 .28 बजे, शुक्रवार

नोट : रोजेदारों की सुविधा के लिए सहरी का समय एक दिन आगे का दिया जा रहा है।

## एक नजर

### घर-घर चलाया जाएगा सेफ्टी चेक अभियान

**संडीला, हरदोई, अमृत विचार।** इंडियन ऑयल कंपनी के फील्ड अधिकारी विशाल पोरवाल ने उमा गैस एजेंसी पर बताया कि कंपनी की तरफ से सभी उपभोक्ताओं के लिये शुक्रवार से बेसिक सेफ्टी चेक अभियान शुरू किया जा रहा है। जिसमें गैस एजेंसी से डिलीवर मैन या मैकेनिक घर घर जाकर गैस चूल्हा पाइप की जांच करेंगे। कंपनी की तरफ से यह अभियान सुरक्षा जांच हेतु चलाया जा रहा है जो पूरी तरह से निशुल्क होगी।

### छत पर खेलते समय बच्ची गिरकर घायल

**मल्लावां, हरदोई, अमृत विचार।** छत पर खेलते समय अचानक मासूम बच्ची के घायल हो गईं। घायल को सीएचसी मल्लावां में भर्ती कराया गया। मल्लावां क्षेत्र के शाहपुर गंगा निवासी अजय कुमार की चार वर्षीय बच्ची शाम को छत पर खेल रही थी, तभी खेलते-खेलते छत से नीचे आ गिरी। जिसमें वह घायल हो गई। सीएचसी मल्लावां में प्राथमिक उपचार के बाद हालत में सुधार न देख जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

### करंट लगने से झुलसे किसान की मौत

**मल्लावां, हरदोई।** खेत पर सिंचाई करते समय अचानक मोटर के स्टार्टर में लगी आग को बुझाने में करंट से किसान झुलस गया। करंट से झूलसे किसान को सीएचसी में भर्ती कराया गया जहां उसकी मौत हो गईं। मल्लावां के सुकरौला निवासी दिनेश शुक्ला उर्फ बबलू (45) का गांव बाहर खेत पर निजी ट्यूबवेल लगा है। खेत पर ही माता पिता भी रहते थे। बुधवार की रात ट्यूबवेल से सिंचाई हो रही थी। इसी बीच मोटर के स्टार्टर में आग लग गई। दिनेश आग बुझाते समय करंट की चपेट में आकर गंभीर रूप से झुलस गया। ग्रामीणों ने दिनेश को सीएचसी पर भर्ती कराया। जहां पर उसकी मौत हो गई।

# हर मोमिन की जान...अलविदा रमज़ान

हरदोई

**अमृत विचार।** रहमत, मग़फिरत और जहन्नुम की आग से निजात दिलाने वाला माह-ए-रमज़ान अगले साल के लिए रुख्सत हो रहा है। इस पाक महीने के आखिरी जुमे को जुम-अतुल-विदा यानी अलविदा कहा जाता है। इससे एक दिन पहले गुरुवार को 25 वें रमज़ान की शब जिसे शब-ए-कद्र कहा जाता है, को मस्जिदों और घरों में कसरत से इबादत की गई।

माह-ए-रमज़ान में अल्लाह तआला अपने बंदों की हर नेकी का 70 गुना सवाब (पुण्य) देता है। इसी महीने में कुरआन नाज़िल हुआ था, जिससे इस महीने फज़ीलत और खास है। इस्लाम में इस बात का हुक्म है कि रोज़े रखो, ताकि हर मोमिन को भूख और प्यास की शिद्दत का एहसास हो, रहमत, मग़फिरत और जहन्नुम की आग से निजात दिलाने वाले रमज़ान के महीने में जितनी भी इबादत की जाए, वो भी कम है। कहा जाता है कि रमज़ान के तीसरे अशरे 21, 23, 25 और 27वीं शब (रात) को शब-ए-कद्र में सारी रात जाग कर इबादत कर जो भी दुआ मांगी जाती है, अल्लाह उसे कुबूल करता है, लेकिन शर्त है कि दुआ जायज़ हो और सच्चे मन से मांगी जाए। इधर शहर की जामा मस्जिद और बाकी मस्जिदों में अलविदा की नमाज़ को ले कर तैयारी मुकम्मल कर ली गई। वहां की साफ-सफाई और रंग-रोगन का काम पूरा कर लिया गया।

### आज अलर्ट मोड में रहेगी पुलिस, रहेगी कड़ी नजर

डीजीपी ने अलविदा पर पूरे सूबे की पुलिस को अलर्ट रहने के सख्त निर्देश दिए है। इसके लिए एसपी केशव चन्द्र गोस्वामी ने एएसपी पूर्वी नृपेन्द्र कुमार, एएसपी पश्चिमी एमपी सिंह, सीओ सिटी अंकित मिश्रा के अलावा सीओ सण्डीला, सीओ बिलग्राम, सीओ शाहाबाद, सीओ हरपालपुर, सीओ बघौली और सीओ हरियावां को अपने मातहतों के साथ ला एंड आर्डर पर नज़र बनाए रखने के लिए कड़े निर्देश दिए है।



### नन्हें रोज़ेदार भी कर रहे इबादत

सण्डीला, हरदोई, अमृत विचार। रमजान के आख़िरी अशरा में गर्मी के बावजूद जहां बड़े रोजा रख रहे हैं। वहीं नन्हे रोजेदार भी रोजा रख कर अल्लाह से अमन शांति देश में खुशहाली की दुआ मांग रहे हैं। पवित्र माह रमज़ान में बड़ों के साथ बच्चे भी नमाज की पाबंदी व कुरआन की तिलावत करते नज़र आ रहे हैं। बच्चों में भी अल्लाह की इबादत करने की ललक दिख रही है, और उनके हौसले बुलन्द हैं। वह गर्मी को मात देते हुए लगातार रोज़े रख रहे हैं। कक्षा 3 के छात्र मो. नौमान, कक्षा 4 के छात्र अब्दुल्लाह, कक्षा 5 की छात्रा रूही, कक्षा 6 के छात्र साकिब अली सैफ़ी सहित अन्य बच्चे रोज़ा रख रहे हैं। इन बच्चों ने बता दिया है कि अल्लाह का फरमान बड़े बुजुर्गों के साथ बच्चे भी मान रहे हैं बच्चे कहते है धूप व गर्मी के बावजूद भूख-प्यास सहन बर्दाश्त करने वाले रोजेदारों को अल्लाह सब्र अता करता है। अपने घर के बड़ों व अन्य सदस्यों को देख कर प्रेरणा मिलती है। इसी जज्बा के साथ सब्र का उदाहरण पेश करते हुए नन्हें रोज़ेदारों ने बताया कि वह अपने माता पिता व घर के अन्य बड़ों को देख वह रोजा रख रहे हैंऔर बताया कि सुबह सहरी और शाम को घर के अन्य सदस्यों के एक साथ इफ्तार करना बहुत अच्छा लगता है। नगर के कई मुस्लिम क्षेत्रों में छोटे-छोटे बच्चे रोजा रख रहे हैं और इबादत करते हुये अल्लाह से देश में अमन चैन भाईचारगी की दुआ मांग रहे हैं।



नौमान।



अब्दुल्लाह।



रुही।



साकिब।

### पूर्व सभासद ने कराया रोजा अफ्तार

**हरदोई, अमृत विचार।** विकास खंड कछौना में रमजान के पवित्र माह में पूर्व सभासद में मेराज मंसूरी के आवास पर रोजा इफ्तार का आयोजन किया गया। आदर्श आचार संहिता के चलते सादगी से रोजा अफ्तार कार्यक्रम किया गया। इस अवसर पर कस्बा सहित ग्रामीण क्षेत्र के रोजदारों ने प्रतिभाग किया, रोजेदारों को फला, मिष्ठान, जूस खिलाकर रोजा इफ्तार किया गया। सभी देश समाज में आपसी भाईचारा व सद्भाव बने रहने की दुआएं की। हाजी जमील अहमद ने बताया रमजान माह हमें सीख देता है कि जब तक हमारा पड़ोसी भूखा है, आगे आकर उसके मददगार बनना है। रमजान माह में एक दूसरे के सुख-दुख में भागीदारी से रौनक बढ़ जाती है। रोज खुद को सुधारने, संवारने और निखारने का अवसर है। इस्लाम में पूरे माह में रोजे पूरे वर्ष मानवता के प्रति अपनी भूमिका निभाते हैं। समाज में जीने का सलीका सिखाते है।इस अवसर पर हाजी जमील, पूर्व सभासद में मेराज मंसूरी, अजमेरी, कुर्बान अली, मलिक, अनीस सुजानपुर, फुरकान, महबूब सिद्दीकी, इंतियाज, डॉक्टर शकील, हाजी हनीफ, अनीश टेलर्स, असलम शिक्षक आदि रोजादारों ने आदर्श आचार संहिता का पालन करते हुए रोजा इफ्तार कर देश की सलामती की दुआएं मांगी।




पूर्व सभासद के आवास पर आयोजित अफ्तार पार्टी में मौजूद रोजेदार। अमृत विचार

### अलविदा की नमाज़ के लिए संघ ने मांगी छुट्टी

हरदोई, अमृत विचार। अलविदा (रमज़ान का आखिरी जुमा) की नमाज़ के लिए प्रदेश के परिषदीय स्कूलों में छुट्टी घोषित करने की मांग की गई है। इसके लिए उत्तर प्रदेशीय जूनियर हाई स्कूल (पूर्व माध्यमिक) शिक्षक संघ के प्रदेश अध्यक्ष योगेश त्यागी ने बेसिक शिक्षा परिषद के सचिव को चिट्ठी लिखी है। संघ के प्रदेश अध्यक्ष श्री त्यागी ने कहा है कि प्रदेश के परिषदीय स्कूलों में अलविदा की छुट्टी होती थी। इसके लिए कई ज़िलो में पहले से ही स्थानीय छुट्टी घोषित हो चुकी है। श्री त्यागी ने सचिव को भेजी चिट्ठी में मांग करते हुए कहा है कि प्रदेश के परिषदीय स्कूलों में 5 अप्रैल (कल) अलविदा की नमाज़ के लिए छुट्टी घोषित की जाए।

# ट्रांसफॉर्मरों की बढ़ाई क्षमता, नहीं होगी ट्रिपिंग

## आबकारी मंत्री के निर्देश पर बिजली विभाग ने शुरू की कार्रवाई, उपभोक्ताओं को राहत

बावन, हरदोई

**अमृत विचार।** ग्राम पंचायत बावन और उसके आसपास के गांव में लो-वोल्टेज व बिजली ट्रिपिंग की समस्या से उपभोक्ताओं को नहीं जूझना पड़ेगा। निर्बाध बिजली आपूर्ति मिलेगी। बावन के सभी ट्रांसफॉर्मरों की क्षमता बढ़ा दी गई है।

आबकारी मंत्री नितिन अग्रवाल के निर्देश पर विद्युत विभाग के अफसरों ने संज्ञान लेकर विभागीय कार्यवाई शुरू कर दी है। मखदूम शाह बाबा की मजार पर रखा ट्रांसफार्मर बदल दिया गया है।



कस्बे में रखा गया नया ट्रांसफार्मर। अमृत विचार

ज्यादा क्षमता का नया ट्रांसफार्मर रख दिया गया है। जल्द ही अन्य जगहों पर लगे ट्रांसफार्मर हटाकर नए रखवा दिए जाएंगे।

बावन कस्बे में चार ट्रांसफार्मर रखे हैं। चार ट्रांसफॉर्मरों के जरिये बावन को बिजली की आपूर्ति की जाती है। मखदूम शाह बाबा की मजार पर 100 केवीए का ट्रांसफार्मर रखा था, जिससे बहुत दिक्कत होती थी। पिछले साल जून-जुलाई में ट्रिपिंग और लो-वोल्टेज की समस्या से लोग परेशान थे, इसलिए इस बार यहां पर 400 केवीए का ट्रांसफार्मर रख दिया गया है। एक मैरिज हाल के सामने 250 केवीए का ट्रांसफार्मर रखा है वहां पर 400 केवीए का रखा जाएगा। बावन के मजरे बुलारपुर में 16 केवीए का ट्रांसफार्मर रखा हुआ है वहा पर 63 केवीए का रखा जाएगा। मढिया गांव में 16 केवीए का रखा है यहां पर 25 केवीए का रखा जाएगा। इसके अलावा बावन के आस पास के गांव में सभी ट्रांसफॉर्मरों की क्षमता में वृद्धि की जाएगी। इसके लिए रावेंद्र पांडेय, सोनपाल और जुबैर के द्वारा सर्वे किया जा रहा है। माना जा रहा है कि आने वाली गर्मियों में उपभोक्ताओं को बिजली संकट नहीं झेलना होगा। विद्युत विभाग के जेई महेंद्र कुमार पालीवाल ने बताया कि सभी ट्रांसफॉर्मरों की क्षमता वृद्धि कराई गई है। इससे ओवरलोडिंग की समस्या खत्म होगी और उपभोक्ताओं को दिक्कत नहीं होगी।

# औद्योगिक गलियारा निर्माण में तेजी के लिए मिली प्रशंसा

हरदोई

**अमृत विचार।** जनपद के लिए उस समय एक बार फिर एक गौरवपूर्ण क्षण आया जब यूपीडा की ओर से औद्योगिक गलियारे की स्थापना हेतु जिला प्रशासन की ओर से की गयी त्वरित कार्रवाई के लिए प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया।

जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह को यूपीडा की ओर से प्राप्त प्रशस्ति पत्र में कहा गया है कि औद्योगिक गालियारे की स्थापना हेतु जनपद हरदोई में चिन्हित भूमि का 92 प्रतिशत भू-स्वामियों की आपसी सहमति के आधार पर तीन माह से कम अवधि में क्रय कराया गया है। इतनी अल्प अवधि में भूमि क्रय के लिए यूपीडा की ओर से जिलाधिकारी के कुशल प्रबंधन, अनुश्रवण एवं नेतृत्व तथा जनपदीय टीम की सक्रियता व प्रभावी कार्यशैली की सराहना की गयी है। जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह ने शानदार उपलब्धि के लिए जनपद वासियों को बधाई देते हुए कहा कि यह उपलब्धि जनपद के लिए गौरव का विषय है। इस उपलब्धि को हासिल करने के पीछे जनपद की प्रशासनिक टीम की लगन व मेहनत है।

# यू-डायस पोर्टल से 72,723 बच्चे नदारद, जिम्मेदारों से जवाब तलब

हरदोई

**अमृत विचार।** परिषदीय स्कूलों में पढ़ने वाले छात्र-छात्राओं की प्रोफाइल यू-डायस पोर्टल पर अपलोड होना था, ताकि उन बच्चों का पेन नंबर जारी हो सके। केन्द्र सरकार के बार-बार कहने के बावजूद ज़िम्मेदार अभी भी लापरवाही का लबादा ओढ़े हुए है। इसके लिए बीएसए विजय प्रताप सिंह ने बीईओ, ब्लाक कोआर्डिनेटर, कम्प्यूटर आपरेटर और शिक्षक संकुल से जवाब तलब करते हुए नोटिस जारी की है, जिसमें दो दिन में जवाब देने को कहा है।

बीएसए ने बताया के केन्द्र सरकार ने यू-डायस पोर्टल पर परिषदीय स्कूलों में पढ़ने वाले छात्र-छात्राओं की प्रोफाइल अपलोड करने के कड़े निर्देश दिए थे। ऐसा होने से उन बच्चो का पेन नंबर जारी होना है। हालांकि शुरुआत से ही इस अहम काम में लापरवाही नज़र आ रही थी। इसके लिए एक बार नहीं बल्कि कई बार सरकारी चिट्ठी भेजी जाती रहीं। ज़िले के परिषदीय स्कूलों में 4 लाख,76 हज़ार 270 छात्र-छात्राएं पढ़ाई कर रहें है। जिसमें से अभी तक 4 लाख,3 हज़ार 547 छात्र-छात्राओं की प्रोफाइल अपलोड की गई, अभी भी 72 हज़ार 723 छात्र-छात्राओं की प्रोफाइल यू-डायस पोर्टल पर अपलोड नहीं हुई है। बीएसए श्री सिंह ने ज़िलें के सभी बीईओ, ब्लाक कोआर्डिनेटर, कम्पूटर आपरेटर और शिक्षक संकुल को इस तरह की लापरवाही के लिए ज़िम्मेदार मानते हुए उन्हे नोटिस जारी है। जवाब देने के लिए दो दिनों की मोहलत देते हुए सभी बच्चों की प्रोफाइल अपलोड करने के कड़े निर्देश दिए है।

### नामांकन में गिरावट से महानिदेशक नाराज

बीएसए श्री सिंह ने बताया पिछले साल से इस साल नामांकन में काफी गिरावट आई है। समीक्षा बैठक के दौरान महानिदेशक स्कूल शिक्षा ने पाया कि शिक्षा सत्र-2022-23 के सापेक्ष शिक्षा सत्र-2023-24 में नामांकन में काफी गिरावट आई है। इससे खफा हुईं महानिदेशक ने बीईओ से लेकर स्कूल के प्रधानाध्यापक को तीन दिनों की मोहलत देते हुए उनसे जवाब तलब किया है।



साईं मंदिर के 15वें स्थापना दिवस पर आयोजित जागरण में भजन सुनाते गायक। अमृत विचार

# बिगड़ी मेरी बना दे ऐ शिरडी...

मल्लावां, हरदोई

**अमृत विचार।** माता मान देवी मंदिर श्यामपुर स्थित साईं मंदिर के 15 वें स्थापना दिवस वार्षिकोत्सव में आयोजित जागरण में गायक कलाकारों द्वारा भजन प्रस्तुत भजनों एवं झांकियों से पूरी रात भक्तगण झूमते रहे। मंदिर के पुजारी विकास तिवारी एवं लखनऊ के पंडित एके अनजाना ने मुख्य यजमान दिल्ली से पधारे महेश सिंह एवं मीनू सिंह अर्कवंशी द्वारा विधि विधान पूर्वक पूजन अर्चन एवं ज्योति जलाकर जगराते का शुभारंभ कराया। सरगम जागरण पार्टी लखनऊ के संचालक बबलू अलबेला ने गणेश वंदना एवं सरस्वती वंदना के साथ जगराते की शुरुआत की। मऊ से आए गायक राकेश लक्खा ने माता का भजन मेरी मैया का चोला है रंग लाल शेरावाली का चोला है रंग लाल... तथा साईं भजन बिगड़ी मेरी बना दे ऐ शिरडी वाले बाबा... सहित कई भजन सुनाकर भक्तगणों को मंत्र मुग्ध किया। गायिका मानसी द्विवेदी कानपुर ने साईं बाबा के भजन शिरडी वाले साईं बाबा आया है तेरे दर पे सवाली..., लब पे दुआएं आंखों में पानी सर तेरे दर पे पर है झोली खाली.... तथा खाटू श्याम बाबा का भजन हारा हूं बाबा पर तुझ पर भरोसा है... जैसे भजन सुनाकर भक्तों को खूब झुमाया। लखनऊ के सुनील झांकी वालों ने गणेश जी, राधा कृष्ण, शिव पार्वती एवं साईं बाबा सहित कई झांकियां एवं कलाकारों द्वारा नृत्य प्रस्तुत कर दर्शकों को भाव विभोर कर दिया।

VAMCRH SHAHJAHANPUR Excellence towards profession
VARUN ARJUN MEDICAL COLLEGE & ROHILKHAND HOSPITAL

वरुण अर्जुन मेडिकल कालेज एवं रोहिलखंड हास्पिटल
एन.-एच. 24, बन्थरा, जिला शाहजहाँपुर फोन : 05842-276501, 7521001988, 7521001989




**मेडिसिन विभाग :-** सामान्य रोग के समस्त गंभीर रोगियों का इलाज व भर्ती सुविधा विशेषज्ञ डाक्टरों की देख-रेख में की जाती है। टी.एम.टी. (TMT), ईको (ECHO), होल्टर (HOLTER), की जाँच, एम.आई.सी.यू. (MICU) की सुविधा 24 घंटे विशेषज्ञ द्वारा उचित दरों में उपलब्ध है।
**सर्जरी विभाग :-** पित्त की पथरी, हर्निया, हाइड्रोसिल, बवासीर, भगन्दर, आँत का फटना, अपेन्डिक्स आदि रोगों का समुचित उपचार व ऑपरेशन की सुविधा। पेशाब में रूकावट, खून आना, दूधिया पेशाब आना, गुर्दे एवं पेशाब संबंधित रोगों का परामर्श इलाज एवं दूरबीन विधि द्वारा ऑपरेशन की सुविधा सस्ते दरों पर उपलब्ध है। आंतो के ऊपरी भाग व निचला भाग, बड़ी आंत व गुदा की जाँच दूरबीन द्वारा व ICU की सुविधा उचित दरों पर उपलब्ध है।
**स्त्री एवं प्रसूति रोग विभाग :-** बच्चे दानी में गांठ, बच्चेदानी का बाहर आना, माहवारी की समस्या, बार-बार गर्भपात होना तथा महिलाओं में बांझपन के इलाज की सुविधा, पेप स्मेयर की जाँच, कैंसर की जाँच, दूरबीन विधि द्वारा आपरेशन व सीजेरियन एवं नार्मल डिलीवरी की सुविधा एवं आई.सी.यू. (ICU) की सुविधा उचित दरों पर उपलब्ध है।
**बाल रोग विभाग :-** बच्चों की अत्याधुनिक नर्सरी (NICU) एवं PICU की सुविधा 24 घंटे उपलब्ध। नियोनेटल वेंटीलेटर की सुविधा, फोटो थैरेपी, एक्सचेंज, ट्रान्सफ्युजन, सरफेक्टेंट थैरेपी, सी-पैप (CPAP) की सुविधा उपलब्ध हैं। बच्चों में खून की कमी, मिर्गी पीलिया, वजन कम होना, खांसी, लकवा, डायरिया, निमोनिया आदि रोगों का परामर्श व इलाज की सुविधा। बच्चों के लिए निःशुल्क टीकाकरण की सुविधा उपलब्ध है, बच्चों के ऑपरेशन की सुविधा।
**कैंसर विभाग :-** स्तन कैंसर का ऑपरेशन Breast Conservation एवं Sentinel Node तकनीक के द्वारा। मुंह का कैंसर, जीभ का कैंसर, थायरॉइड कैंसर, गले का कैंसर, पेट का कैंसर, आंतों का कैंसर, लिंग का कैंसर, किडनी का कैंसर, फेफड़े का कैंसर, पित्ताशय का कैंसर, स्तन का कैंसर, बच्चेदानी का कैंसर, पैनक्रियाज का कैंसर, चमड़ी का कैंसर, हड्डी का कैंसर का इलाज की सुविधा।
**नेत्र रोग विभाग :-** काला मोतिया की जाँच व इलाज, कार्निया की बीमारी का इलाज, आँख के पर्दे की जाँच व इलाज, मोतियाबिन्द के ऑपरेशन MSICS तथा फेको विधि द्वारा, भैंगापन, नासूर, नाखूना आदि का इलाज व ऑपरेशन की सुविधा, कम्प्यूटर (Auto Refraction) द्वारा चश्में के नम्बर व प्रमाणीकरण व जाँच की सुविधा सस्ते दरो पर उपलब्ध है। आप्थेल्मोस्कोप द्वारा आँख के पर्दे की जाँच, जर्मन माईक्रोस्कोप द्वारा आँख के आपरेशन की सुविधा। आँख में किसी भी प्रकार की चोट का इलाज और बच्चों की आँखो की बीमारियों का सभी प्रकार का इलाज। मोतियाबिन्द का आपरेशन, लैन्स, दवा व खाना मुफ्त।
**हड्डी रोग विभाग :-** स्पाइन सर्जरी, ट्रामा सर्जरी, घुटने के जोड़ का प्रत्यारोपण, पोलियों का ऑपरेशन, बच्चों के पैरों के टेढ़ापन का ऑपरेशन, आर्थोस्कोपी, गठिया, जोड़ों का दर्द, कमर दर्द, गर्दन दर्द आदि रोगों का इलाज सस्ते दामों पर, फिजियोथैरेपी की सुविधा।
**मानसिक रोग विभाग :-** उत्तर प्रदेश में पहली बार Portable TDCS (Transcranial direct current stimulation) थैरेपी की सुविधा। ई.ई.जी (E.E.G.), ई.एम.जी. (E.M.G.) एवं ई.सी.टी. (ECT) की सुविधा साइकोथैरेपी की सुविधा, साइकोलोजिकल टेस्टिंग, IQ टेस्ट, की सुविधा सस्ते दरों पर उपलब्ध है। याददाश्त कम होना, भूख न लगना, नींद न आना, डर लगना, बेचैनी, घबराहट, मानसिक दौरे पड़ना, सिर में दर्द एवं तनाव आदि का समुचित उपचार।
**चर्म रोग विभाग :-** सफेद दाग, सोराइसिस का इलाज फोटोथैरेपी (PUVA Chamber) के द्वारा व अधिक पसीना आने का इलाज, Megasurg-gold द्वारा मस्से व तिल का इलाज एवं Microdermabrasion के द्वारा झुर्रियों एवं त्वचा के गड्ढों का इलाज, दाद खाज खुजली, मुहाँसे, कुष्ठ रोग, स्किन एलर्जी, हाथ पैर फटना, बालों का झड़ना, रूसी व डैंड्रफ आदि के इलाज की सुविधा विशेषज्ञ डॉक्टरों के द्वारा सस्ते दरों पर उपलब्ध।
**नाक कान एवं गला रोग विभाग :-** कान के पर्दे में छेद होना, कम सुनाई देना, नाक की हड्डी बढ़ना, नाखूना, घेंघा, नाक की हड्डी का टेढ़ा होना, टांसिल बढ़ना आदि रोगों का उपचार व आपरेशन सुविधा दूरबीन द्वारा गले के अन्दर की जाँच, इंपीडेस आडियोमेट्री, प्योरटोन आडियोमेट्री, सुनने की जाँच व मशीन लगाने की सुविधा उपलब्ध है।
**छाती व श्वास रोग :-** छाती व सांस फूलना, खांसी आना, बुखार बना रहना, सीने में दर्द, बलगम आना, बलगम में खून आना, फेंफड़ों में पानी आना आदि रोगों का इलाज तथा पी.एफ.टी. (PFT), बाई-पैप (BIPAP), सी-पैप (CPAP), सी.बी-नैट (CBNAAT) की सुविधा सस्ते दरों पर उपलब्ध है।
**डायलिसिस विभाग :-** डायलिसिस की सुविधा सस्ते दरों पर उपलब्ध है।
**ब्लड बैंक: -** ब्लड बैंक की सुविधा 24 घंटे उपलब्ध है।
**डेंटल विभाग :-** समस्त प्रकार के दांतों के रोगों का इलाज।
**न्यूरो सर्जरी विभाग -** सर व दिमाग की चोट, ब्रेन हैमरेज, ब्रेन ट्यूमर , स्ट्रोक, लकवा, माइग्रेन, दिमागी टी.बी., मिर्गी के दौरे, रीढ़ की हड्डी में दर्द अथवा टी.बी., स्लिप डिस्क, सियाटिका,दिमाग में पानी या खून का थक्का जमना, कमर व गर्दन में दर्द, चलने में लड़खड़ाहट कमर की नस दबना, इत्यादि रोगों का समुचित परामर्श एवं उपचार की सुविधा उपलब्ध व इमरजेंसी न्यूरोसर्जरी (सर/दिमाग की चोटें) आई सी यू की सुविधा 24 घंटे उपलब्ध।
**प्लास्टिक सर्जरी विभाग -** जन्मजात कटे-फटे होठ, तालू, मुँह व पैदाइशी निशान, जबड़े की हड्डियों के फ्रैक्चर व चेहरे की फटी चमड़ी, जन्मजात विकृत जननांग व विकृत सिर, जन्मजात कान, नाक का टेढ़ापन या विकृत, हाथों व पैरों की चिपकी उंगुलियां, जलने या दुर्घटना में कटे फटे निशान, चेहरे के दाग धब्बों आदि की कास्मेटिक सर्जरी आदि।
**स्किन विभाग -** लेजर द्वारा अनचाहे बालों को हटाना।

उपलब्ध सुविधायें:-
★ अत्याधुनिक 1.5 Tesla MRI मशीन द्वारा MRI Brain, MRI Knee Joint, MRI Spine आदि ★ 32 Slice-CT स्कैन मशीन द्वारा CT Head, सी.टी. स्कैन स्पाइन एवं सीटी चैस्ट। आदि ★ डायलेसिस की सुविधा ★ डिजीटल एक्सरे ★ Mammography ★ कान की जाँच (Audiometry), बैरा (BERA), इंपीडेंस (Impedance) ★ हृदय की जाँच, ECHO,TMT ★ पल्मोनरी फंक्शन टेस्ट (PFT) ★ अल्ट्रासाउण्ड★ आँख की जाँच पेरीमेट्री, टोनोमेट्री/रिफरेक्शन । ★ दुरबिन विधी द्वारा सभी प्रकार के ऑपरेशन की सुविधा उपलब्ध

परिवार स्वाथ्य कार्ड की सुविधा 200/- रु में एक साल के लिए उपलब्ध
मोतियाबिन्द का आपरेशन, लैन्स, दवा व खाने के साथ मुफ्त।

## एक नजर

### मोबाइल की दुकानों से हजारों का सामान चोरी

**हरदोई, अमृत विचार।** कछौना क्षेत्र में चोरी की घटनाओं पर अंकुश नहीं लग पा रहा है। बीती रात पुलिस पिकेट से चंद कदमों की दूरी पर मोबाइल की दो दुकानों का टीन शेड का पटरा काटकर चोरों ने घटना को अंजाम दिया। कछौना कस्बा के लखनऊ पलिया हाईवे पर अमित गुप्ता उर्फ शालू (गुप्ता मोबाइल शॉप) व अंकुर गौतम की लक्ष्मी कम्युनिकेशन नाम से मोबाइल की दुकान है। दोनों दुकानों से चोरों ने टीन शेड की गुमटी का पल्ला काटकर शालू की दुकान से सीसीटीवी का डीवीआर, पावर बैंक (कीमत लगभग 30 हजार) ले गए। पड़ोस की दुकान अंकुर गौतम के यहां से मोबाइल सेट चोरी कर ले गए। जिसकी कीमत 25 हजार रुपये है।

### कचहरी के बुजुर्ग मुंशी की संदिग्ध हालत में मौत

**हरदोई, अमृत विचार।** कचहरी में मुंशीगीरी करने वाले बुज़ुर्ग की संदिग्ध हालात में मौत हो गई। पुलिस का कहना है कि शव का पोस्टमार्टम कराया गया है, रिपोर्ट आने के बाद कुछ कहा जा सकता है। बेहटा गोकुल थाने के उसी गांव का निवासी आशाराम (60) कचहरी में एक वकील के पास मुंशी का काम करता था। परिवार में पत्नी के अलावा इकलौता पुत्र सोमेन्द्र और एक पुत्री थी। पुत्री की शादी हो गई,जबकि सोमेन्द्र की सड़क हादसे में मौत हो चुकी है। गुरुवार को आसाराम की अचानक हालत बिगड़ गई। पोता सचिन उन्हें इलाज के लिए मेडिकल कालेज लेकर पहुंचा, लेकिन उससे पहले ही मौत हो गई। पुलिस का कहना है कि जांच की जा रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही पता चलेगा।

### चार लोगों पर दर्ज हुआ एससी-एसटी एक्ट का केस

**शाहाबाद, हरदोई, अमृत विचार।** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम नरहाई में एक हरिजन ने गांव के चार दबंग लोगों के विरुद्ध जाति सूचक गाली गलौज करने और मारपीट करने का आरोप लगाते हुए कोतवाली में प्रार्थना पत्र दिया है। पुलिस ने आरोपियों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर जांच पड़ताल शुरू कर दी है। क्षेत्र के ग्राम नरहाई निवासी हनी की तहरीर पर पुलिस ने सुमित व उसके पिता रामसेवक सहित दो अज्ञात पर केस दर्ज किया है।

# लोकतंत्र के पर्व में सब की हिस्सेदारी जरूरी

## हेल्पलाइन ऐप के माध्यम से छूटे हुए मतदाता 15 अप्रैल तक करें आवेदन : सीडीओ

हरदोई



राजकीय इंटर कॉलेज में आयोजित मतदाता जागरूकता कार्यक्रम में मौजूद डीएम व सीडीओ। अमृत विचार

**अमृत विचार।** लोकसभा सामान्य निर्वाचन की स्वीप गतिविधियों की श्रृंखला में गुरुवार को राजकीय इंटर कॉलेज में युवा मतदाता डिबेट एवं स्लोगन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह व मुख्य विकास अधिकारी सौम्या गुरुरानी ने दीप प्रज्ज्वलित कर सरस्वती प्रतिमा पर पुष्प अर्पित किया। राजकीय बालिका इंटर कॉलेज की छात्रा ने सरस्वती वंदना पर भक्ति पूर्ण नृत्य प्रस्तुत किया।

मतदाता जागरूकता पर आधारित डिबेट व स्लोगन प्रतियोगिता को लेकर बच्चों में काफ़ी उत्साह दिखा और प्रतियोगिता में 15 विद्यालयों के 2-2 प्रतिभागियों ने प्रतिभाग किया तथा बच्चों को समूहों में बांटकर प्रतियोगिता का आयोजन कराया गया। जिलाधिकारी द्वारा प्रतियोगिताओं के विजयी प्रतिभागियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। उन्होंने कुछ युवा मतदाताओं को इपिक कार्ड व गुलाब के पुष्प भेंट किये तथा मतदान के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर जिला विद्यालय निरीक्षक बाल मुकुंद प्रसाद, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी विजय प्रताप सिंह व जिला सूचना अधिकारी संतोष कुमार आदि उपस्थित रहे।

माधौगंज संवाददाता के अनुसार उच्च प्राथमिक विद्यालय में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान मतदाताओं को मतदाता जागरूकता की शपथ दिलाई गई। इस अवसर पर नायब तहसीलदार देशराज भारती, नायब तहसीलदार मल्लावां यशवंत सिंह एवं खंड शिक्षा अधिकारी गिरजेश कटियार उपस्थित रहे।

### जिलाधिकारी ने आईएमए के साथ बनाई रणनीति

**हरदोई।** जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह की अध्यक्षता में मतदाता जागरूकता के सम्बन्ध में इंडियन मेडिकल एसोसिएशन के साथ बैठक हुई। जिलाधिकारी ने एसोसिएशन से मतदाता जागरूकता में अपना सहयोग देने का अनुरोध किया गया। संगठन ने जिलाधिकारी को पूर्ण सहयोग हेतु आश्वस्त किया। जिलाधिकारी ने कहा कि संगठन की ओर से होर्डिंग लगवाकर मतदान के लिए प्रेरित किया जाये। पर्चा पर मतदाता जागरूकता की मुहर लगायी जाये। आने मरीजों को चिकित्सा पर्चे के साथ मतदान हेतु अपील का पर्चा दिया जाये। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी सौम्या गुरुरानी, अपर जिलाधिकारी प्रियंका सिंह, आईएमए अध्यक्ष डॉ अजय अस्थाना, आदि उपस्थित रहे।

## मतदान का प्रतिशत बढ़ाने को किया जा रहा है प्रयास : डीएम

हरदोई

**अमृत विचार।** राजकीय बालिका इंटर कॉलेज में मतदाता जागरूकता पर आधारित डिबेट व स्लोगन प्रतियोगिता में मौजूद जिलाधिकारी ने कहा कि जनपद को मतदान प्रतिशत में शीर्ष जनपदों की श्रेणी में लाना है। इसके लिए काफ़ी प्रयास किए गए हैं। हमारी वोटर लिस्ट काफ़ी हद तक त्रुटि रहित हो गयी है। इपी रेशियो बढ़ा है। दिव्यांग मतदाताओं की संख्या बढ़ी है। जेन्डर रेशियो 858 से बढ़कर 910 हो गया है।

प्रत्येक विधानसभा में नारी शक्ति, दिव्यांग, युवाओं को समर्पित बूथ बनाये जा रहे हैं। बाकी बचे बूथों को आदर्श बूथ बनाया जा रहा है। दिव्यांगों व 85 वर्ष से अधिक आयु के मतदाताओं के लिए घर पर मतदान की व्यवस्था की गयी है। मतदान के लिए कोई मतदाता आलस्य न करे। लोकतंत्र के पर्व में सभी मतदाताओं की हिस्सेदारी व जिम्मेदारी महत्वपूर्ण है। उन्होंने सभी बच्चों व उनके शिक्षकों को मतदाता जागरूकता की शपथ दिलायी। मुख्य विकास अधिकारी सौम्या गुरुरानी ने कहा कि सभी युवा मतदाता लोकतंत्र के प्रति अपनी जिम्मेदारी का निर्वहन करें और पास पड़ोस के लोगों को भी मतदान करने के लिए प्रेरित करें। उन्होंने बच्चों को निर्वाचन आयोग की ओर से जारी क्यू आर कोड के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि वोटर हेल्पलाइन ऐप के माध्यम से छूटे हुए मतदाता 15 अप्रैल तक आवेदन कर सकते है। सी विजिल ऐप से आचार संहिता के उल्लंघन की शिकायत की जा सकती है। केवाईसी ऐप से हम अपने उम्मीदवार के बारे में जान सकते है।

### जिला शिकायत समिति का किया गया गठन : जिला निर्वाचन अधिकारी

**हरदोई।** जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी मंगला प्रसाद सिंह ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग के आदेशानुसार जनपद में नकदी तथा अन्य वस्तुओं की जब्ती और इन्हें छोड़ने के लिए मानक प्रचालन प्रक्रिया के तहत स्थैतिक निगरानी दल या उड़नदस्ता दल द्वारा की गयी। जब्ती के प्रत्येक मामले की जांच, जब्त की गयी नकदी को रिलीज कराने, आम जनता तथा सही व्यक्तियों को असुविधा से बचाने एवं उनकी शिकायतों के निवारण के लिए जिला शिकायत समिति का गठन किया गया है।



### शाहाबाद एसडीएम ने चुनाव तैयारियों को लेकर की बैठक

**हरदोई, अमृत विचार।** उपजिलाधिकारी शाहाबाद पूनम भाष्कर ने समस्त खंड विकास अधिकारियों, समस्त सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों, थानाध्यक्ष सहित अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद शाहाबाद व अन्य अधिकारियों के साथ विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा की। उन्होंने दिव्यांग मतदाता, 85 वर्ष से अधिक आयु के मतदाताओं के शत प्रतिशत मतदान पर चर्चा की गयी। क्रिटिकल बूथ की चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि ऐसे बूथों पर वेबकॉस्टिंग की व्यवस्था की जाये। सुरक्षा का विशेष प्रबंध किया जाये। उन्होंने कहा कि मतदान को प्रेरित करने के लिए वाल पेंटिंग आदि का कार्य कराया जाये।

# डीएम की निगरानी में हुआ रैण्डमाइजेशन

हरदोई



**अमृत विचार।** कलेक्ट्रेट परिसर स्थित एनआईसी कक्ष में जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह की निगरानी में लोकसभा सामान्य निर्वाचन के लिए मतदान कार्मिकों का प्रथम रैण्डमाइजेशन संपन्न हुआ। इस प्रथम रैण्डमाइजेशन के माध्यम से मतदान कार्मिकों को कोड का आवंटन हो गया। इसके माध्यम से पीठासीन, प्रथम, द्वितीय व तृतीय मतदान अधिकारी हेतु मतदान कार्मिकों की ड्यूटी लगी। प्रक्रिया पूर्ण होने के साथ ही चुनाव ड्यूटी सम्बन्धी आदेश पत्र जेनरेट हो गए। सम्पूर्ण तकनीकी प्रक्रिया को जिला सूचना विज्ञान अधिकारी अमित मिश्रा द्वारा संपन्न कराया गया। जिलाधिकारी ने बताया कि कार्मिकों को आरक्षित श्रेणी में भी रखा है जिन्हे आवश्यकता पड़ने पर लगाया जा सकेगा। कार्मिकों का प्रथम प्रशिक्षण आठ अप्रैल से महाराणा प्रताप राजकीय महाविद्यालय में होगा। प्रशिक्षण इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी सौम्या गुरुरानी, अपर जिलाधिकारी प्रियंका सिंह, नगर मजिस्ट्रेट सुनील कुमार त्रिवेदी व अन्य सम्बंधित अधिकारी उपस्थित रहे। वहीं जिला मजिस्ट्रेट/जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा है कि लोकसभा निर्वाचन के समापन तक कोषागार के डबल लॉक में जब्त की गयी सामग्री/कैश को रखने एवं कमेटी के निर्देशानुसार निकलवाने के लिए स्थैतिक निगरानी टीम व उड़न दस्ता टीम के कार्यपालक मजिस्टेट ही समक्ष प्राधिकारी होंगे।

### ड्यूटी वितरण आज

जिला विकास अधिकारी/सहायक प्रभारी अधिकारी, लोकसभा सामान्य निर्वाचन अरविन्द कुमार ने समस्त कार्यालयाध्यक्षों को बताया कि लोकसभा सामान्य निर्वाचन की ड्यूटी का वितरण शुक्रवार को पूर्वान्ह 10 बजे किया जायेगा।

### दिव्यांग गोष्ठी आज

**हरदोई।** जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी ने बताया है कि जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी के निर्देशानुसार स्वीप कार्यक्रम के अन्तर्गत दिव्यांग गोष्ठी का आयोजन शुक्रवार को गांधी मैदान में किया जाना था, किन्तु जिलाधिकारी के निर्देशानुसार अब इसका स्थान परिवर्तित कर सभागार, आईटीआई परिसर हरदोई कर दिया गया है।

### जिलाधिकारी ने की इपिक वितरण की समीक्षा

**हरदोई, अमृत विचार।** कलेक्ट्रेट परिसर स्थित स्वामी विवेकानंद सभागार में जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह की अध्यक्षता में इपिक वितरण के सम्बन्ध में बैठक हुई। जिलाधिकारी ने कहा कि इपिक वितरण का कार्य तेजी से कराया जाये। जिलाधिकारी ने कहा कि कोई भी ऐसा मतदाता नहीं बचना चाहिए, जिसे एपिक कार्ड न मिला हो। डाक विभाग को इपिक देते समय पावती रसीद अवश्य प्राप्त की जाये। किसी भी प्रकार की लापरवाही के लिए जवाबदेही निर्धारित की जाये। नियमित इपिक वितरण की समीक्षा की जाये। डाक विभाग के अधिकारियों से उन्होंने कहा कि वितरण योग्य न होने पर इपिक कार्ड वापस किये जाएं। उन्होंने इपिक वितरण की विधानसभा वार रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश सभी उप जिलाधिकारियों को दिए। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी प्रियंका सिंह व डाक विभाग के सम्बंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# मंदिर-मस्जिद के नाम पर भाजपा घोल रही नफरत का जहर : नंदा

हरदोई


पार्टी कार्यालय में बैठक करते सपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष व पूर्व मंत्री किरणमय नंदा व साथ में मौजूद पूर्व सांसद ऊषा वर्मा।

**अमृत विचार।** सपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष व पूर्व मंत्री किरणमय नंदा ने भाजपा पर करारा हमला बोलते हुए कहा है कि उसने इलेक्ट्रालर बांड की आड़ में उद्योपतियों से हज़ारों-करोड़ों की वसूली की है। उन्होंनें तीखे लहजे में कहा कि भाजपा ने मंदिर-मस्जिद के नाम पर देश में सिर्फ और सिर्फ नफरत का ज़हर घोलने का काम किया है। गुरुवार को सपा कार्यालय पर इंडिया गठबंधन की बैठक में शामिल होने पहुंचे पूर्व मंत्री श्री नंदा ने कहा कि भाजपा ने अपने पहले के घोषणा पत्र में जो गारंटी दी थी, उस पर कोई अमल नहीं हुआ।

उन्होनें सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि देश के नौजवान और महिलाएं बेरोजगार हैं, देश में हिंदू-मुस्लिम और मंदिर-मस्जिद के नाम पर नफरत का ज़हर घोला जा रहा है। सरकार के कारनामों पर पर्दा पड़ा रहे,इस लिए सीबीआई और ईडी का बेजा इस्तेमाल कर विपक्षी नेताओं को जेल भेजने का काम किया जाता है। सपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष ने भाजपा सरकार को उखाड़ फेंकने का आवाहन किया।

गठबंधन प्रत्याशी पूर्व सांसद उषा वर्मा ने कहा कि वे कई बार सांसद व विधायक बनी, उनके ससुर विधायक-सांसद रहे। ससुर के रास्ते पर चलते हुए उन्होनें क्षेत्र की सेवा की है और आगे भी करती रहेंगी। उन्होंने दावे से कहा कि कोई भी हो, इंडिया गठबंधन की सरकार बनते ही सभी को रोज़गार मिलेगा, महंगाई दूर होगी। मिश्रिख से गठबंधन की प्रत्याशी संगीता राजवंशी ने कहा कि इस सरकार में कोई भी सुरक्षित नहीं है,देश गुलामी के रास्ते पर जा रहा है। भाजपा सरकार संविधान बदलकर देश की शक्तियों को कमज़ोर करना चाहती है। पूर्व मंत्री रामपाल राजवंशी ने कहा कि 400 पार की बात करने वाले जान लें कि अब इंडिया गठबंधन ने कमर कस ली है, 400 पार नहीं बल्कि आर-पार की लड़ाई होगी और भाजपा की हार होगी।

### कार्यकर्ता घर-घर जाकर सपा की नीतियां बताएं

**माधौगंज, हरदोई, अमृत विचार।** गुरूवार के दिन बिल्हौर-कटरा मार्ग पर सपा कार्यालय के सामने समाजवादी पार्टी विधानसभा अध्यक्ष बिहारीलाल यादव के नेतृत्व में सैकड़ो कार्यकर्ताओं ने समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष व पूर्व मंत्री किरणमय नन्दा, लोकसभा चुनाव प्रभारी विकास यादव का गर्मजोशी के साथ स्वागत किया। श्री नंदा ने कहा कि महंगाई,भृष्टाचार, बेरोजगारी, गरीबी से तंग आकर जनता खुद को ठगा सा महसूस कर रही है। आगे आने वाले लोकसभा चुनाव में कार्यकर्ताओं से कमर कसने की अपील करते हुए कहा पार्टी और संगठन को मजबूत करते हुए कार्यकर्ता घर-घर जाकर सपा की नीतियों को गिनाएं। इस मौके पर दोनों नेताओं ने कार्यकर्ताओं से संवाद कर मिशन को फतह करने की बात कही। इस मौके पर जिला उपाध्यक्ष सोनू त्रिपाठी, जिला पंचायत सदस्य रमेश यादव, सुगम कटियार, अपना दल के जिलाध्यक्ष सुनील कुमार,प्रमोद कठेरिया, ब्लॉक अध्यक्ष शैलेन्द्र यादव, सैनिक प्रकोष्ठ के नेत्रपाल सिंह, बृजेन्द्र यादव, मुलायम सिंह यादव, कुलदीप यादव, विपनेश यादव, हर्षित सोनी, पारस गुप्ता आदि सहित बड़ी तादात में कार्यकर्ता व समर्थक मौजूद रहे।

## सार-संक्षेप


होली मिलन समारोह में भजन प्रस्तुत करते कलाकार। अमृत विचार

### व्यापारियों ने मनाया होली मिलन समारोह

**शाहाबाद, हरदोई, अमृत विचार।** उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल की शाहाबाद इकाई द्वारा महुआ टोला स्थित एक मैरिज हॉल में होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। इस मौके पर बड़ी संख्या में नगर के व्यापारियों ने भाग लिया। होली मिलन समारोह में फूलों की होली खेली गई, तथा राधा कृष्ण की संगीतमयी भजन संध्या का आयोजन किया गया, जिसमें मेहमान तथा स्थानीय कलाकारों ने भजन प्रस्तुत किया। इस मौके पर व्यापार मंडल के जिला अध्यक्ष विमलेश दीक्षित, नगर अध्यक्ष सर्वेश गुप्ता, महामंत्री संजू बंगा सहित तमाम व्यापारी नेता और व्यापारी मौजूद रहे।

### ससुर ने बेटे के साथ मिलकर दामाद को पीटा

**शाहाबाद, हरदोई, अमृत विचार।** कोतवाली के मोहल्ला नेकोजई में युवक को इसके ससुर और साले ने मारपीट कर घायल कर दिया। घटना की लिखित सूचना पुलिस को दी गई है। इससे पूर्व भी युवक को ससुराल वालों ने मारपीट कर घायल किया था। जिसकी एनसीआर कोतवाली में दर्ज की गई थी। कस्बे के मोहल्ला नेकोजई निवासी रेहान पुत्र शराफत ने बताया उसकी पत्नी से उसका विवाद चल रहा है। इसी रंजिश में उसके साले निहाल पुत्र राशिद ने अपने पिता राशिद और मां शायदा के साथ मिलकर उसके घर में घुसकर उसके साथ मारपीट की,और घर में रखी प्रेस, कूलर और पीतल के बर्तन उठा ले गए। उसने पुलिस कार्यवाही पर भी प्रश्नचिन्ह लगाते हुए बताया उसे पंद्रह दिन पूर्व भी ससुराल पक्ष ने लाठी डंडों और चाकू से हमला कर घायल कर दिया था।जिससे उसके दाहिने हाथ में अधिक चोट लगी थी। पुलिस ने एनसीआर दर्ज कर साधारण कार्यवाही की थी। इसलिए विपक्षियों ने उसके साथ दोबारा मारपीट की।

### अलग-अलग दो युवकों ने फांसी लगाकर दी जान

**हरदोई, अमृत विचार।** अलग-अलग क्षेत्रों में दो युवकों ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। पहली घटना में हरपालपुर थाने के बरनई चतरखा निवासी पप्पू (32) पुत्र राजेन्द्र का शव कमरे के अंदर गमछे से फंदे पर लटका मिला। पप्पू अपने दो भाइयों में बड़ा था, वह मेहनत-मज़दूरी करता था। परिवार में पत्नी पूनम, पुत्र आशिष व उदय राज हैं। दूसरी घटना पाली थाने के दरियापुर बलभद्र की है। यहां के 40 वर्षीय लल्ला ने बुधवार की शाम कमरे में रस्सी से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने शव को का पोस्टमार्टम कराया है। पुलिस का कहना है कि फांसी लगाकर आत्महत्या करने का पता लगाया जा रहा है। लल्ला अपने तीन भाइयों में छोटा था, बड़े भाई की काफी दिनों पहले मौत हो चुकी है। परिवार में पत्नी नन्ही और बेटा अनुराग है।

### टेंट हाउस के श्रमिक की संदिग्ध अवस्था में मौत

**हरदोई, अमृत विचार।** कोतवाली क्षेत्र कछौना के अंतर्गत ग्राम गोविंदपुर (हथौड़ा) के पूर्व क्षेत्र पंचायत सदस्य के पुत्र की संदिग्ध अवस्था में टेन्ट व्यवसायी के घर पर मौत हो गई। इसके बाद टेन्ट व्यवसायी युवक के शव को परिजनों को बिना बताए घर पर रखकर चले गए। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम गोविंदपुर (हथौड़ा) निवासी पूर्व क्षेत्र पंचायत सदस्य शिवदयाल मौर्य का पुत्र श्रीधर (24) टेन्ट व्यवसायी के यहां दैनिक मजदूरी करता था। गुरुवार को युवक हथौड़ा मार्ग पर लालू टेन्ट व्यवसायी के यहां कार्यक्रम करने गया था। वहां अपराह्न उसकी संदिग्ध अवस्था में मौत हो गई। टेन्ट व्यवसायी परिजनों को बिना बताए शव को उसके आवास पर रख आये। परिजनों को मौत होने के कारण की सूचना नहीं दी। साथी मजदूरों के अनुसार युवक की मौत करंट लगने से हुई है। परिजनों ने आरोपी टेन्ट व्यवसायी के खिलाफ कोतवाली कछौना में सूचना दी। युवक की पत्नी और दो वर्ष की बेटी है।

### महायज्ञ कराने हरिद्वार से आए संत पर किया हमला

**हरदोई, अमृत विचार।** हरिद्वार से आए संत विष्णु महायज्ञ करा रहे थे, उसी बीच वहां महायज्ञ में शामिल पिता-पुत्र ने संत को मोबाइल फेंक कर मारा, फिर गाली-गलौज करते हुए दलित एक्ट के तहत केस दर्ज कराने की धमकी दी। इतना ही नहीं संत को बचाने के लिए बीच में आए लोगों को भी देख लेने की धमकी दी। हरिद्वार के सुरेशानंद सरस्वती महाराज बघौली थाने के गंगापुर में विष्णु महायज्ञ करा रहे थे। बुधवार की देर रात में महायज्ञ में पूर्णाहुति दी जा रही थी। उसी बीच महायज्ञ में शामिल हरिनाम और उसके पुत्र रवि कुमार ने पहले तो संत पर मोबाइल फेंक कर मारा और उसके बाद गाली-गलौज करते हुए धमकी भी दी। उस बीच गांव निवासी आलोक कुमार सिंह संत को बचाने दौड़ा तो हमलावरों ने उसे भी देख लेने और दलित एक्ट में केस करने की धमकी दी। संत ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।

### चार मांझा विक्रेताओं पर 151 की कार्रवाई

**शाहाबाद, हरदोई, अमृत विचार।** तेजी से बढ़ती चाइनीज मांझा से महिलाओं, पुरुषों, बच्चों और बुजुर्गों के कटने की घटनाओं के बाद एएसपी एमपी सिंह के निर्देश पर अभियान चलाकर माझा विक्रेताओं को पकड़ा गया और कार्रवाई की गई। नगर में चाइनीज मांझे से कई लोग घायल हुए हैं। बीते दिनों सीओ अनुज मिश्रा ने विक्रेताओं को चाइनीज मांझा न बेचने की चेतावनी दी थी। उसके बाद भी चाइनीज मांझा विक्रेता बाज नहीं आये। होली में जमकर चाइनीज मांझा की बिक्री हुई। जिनकी चपेट में आकर कई लोग घायल हो चुके हैं। यह घटनाएं जब मीडिया की सुर्खियां बनी तब सीओ ने एक्शन लिया। अभियान चलाकर चार मांझा विक्रेताओं को हिरासत में लिया गया। नगर में बीते दो माह से चाइनीज मांझे से दर्जन भर लोग घायल हुए हैं। मांझे से घायल होने की घटनाओं का सीओ ने चार्ज संभालने के तीसरे दिन ही कस्बे के मांझा व्यापारियों को कोतवाली बुलाकर चाइनीज मांझा न बेचे जाने की सख्त चेतावनी दी थी। यही नहीं उन्होंने कुछ दुकानों का निरीक्षण भी किया था। तब बिक्री बंद हो गई थी। लेकिन कस्बे में फिर मांझा की बिक्री धड़ल्ले से शुरू हो गई। बीते चार दिन में तीन लोग मांझे से कटकर घायल हो गए।

### ई-रिक्शा पलटने से घायल युवक की हालत गंभीर

**बिलग्राम, हरदोई,अमृत विचार।** कटरा-बिल्हौर मार्ग पसनेर गांव के पास अचानक तेज गति से आ रहा ई-रिक्शा पहिया निकलने से खाई में पलट गया, जिस पर सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। रंजीत (27) निवासी मोहल्ला मलकंठ परिवार के साथ दुर्गागंज गांव रिश्तेदारी गया था, वापस लौटते समय पसनेर गांव के पास अचानक ई-रिक्शा पलट गया। ई-रिक्शा पलटने से सवार रंजीत गंभीर रूप से घायल हो गया। सीएससी से उसे जिला चिकित्सालय के लिए रेफर कर दिया।

# डीजल टैंकर में आग से भगदड़

टड़ियावां, हरदोई

**अमृत विचार।** गांव-गांव डीज़ल ले कर जाने वाले भारत पेट्रोलियम के टैंकर में बीच गांव में अचानक आग लग गई। इस तरह का हादसा होने से वहां भगदड़ मच गई। हालात बेकाबू होते,लेकिन उससे पहले दमकल की दो-दो गाड़िया वहां पहुंच गई। उससे पहले एक किराना स्टोर उसकी चपेट में आने से पूरा राख हो चुका था। नायब तहसीलदार के मुताबिक करीब डेढ़ लाख का नुकसान होने की उम्मीद जताई जा रही है।

टड़ियावां में हरदोई रोड पर अनिल गुप्ता का भारत पेट्रोलियम का पेट्रोल पंप है। उनका डीज़ल का मिनी टैंकर गुरुवार को भैंसरी गांव गया हुआ था,उसी बीच टैंकर की बैट्री में शार्ट सर्किट होने से उसमें आग लग गई। बीच गांव में खड़े डीज़ल के टैंकर में अचानक आग लगने से वहां भगदड़ मच गई। कोई कुछ समझ पाता,उससे पहले वहीं पास में विमलेश गुप्ता के किराना स्टोर ने आग पकड़ ली। आग को काबू करने के लिए पहले तो गांव वाले जुटे,लेकिन कोई हल नहीं निकला,उसके बाद दमकल की दो गाड़ियों ने बमुश्किल आग पर काबू पाया। इसका पता होते ही वहां पहुंचे नायब तहसीलदार अभिजीत गौरव ने बताया कि आग से किराना स्टोर में तकरीबन डेढ़ लाख के नुकसान की उम्मीद जताई जा रही है।

**दौरा** आईजी लखनऊ जोन तरुण गाबा ने पुलिस लाइन सभागार में बैठक कर अधिकारियों को दिया निर्देश

# लोकसभा चुनाव में कहीं भी पक्षपात न हो : आईजी

हरदोई,


बैठक करते आईजी तरुण गाबा व साथ में एसपी केसी गोस्वामी। अमृत विचार

**अमृत विचार।** लोकसभा चुनाव की तैयारियों के बीच यहां पहुंचे आईजी लखनऊ जोन तरुण गाबा ने गुरुवार को पुलिस लाइन सभागार में बैठक करते हुए कहा कि चुनाव आचार संहिता का कड़ाई से पालन होना चाहिए। कहीं पर भी पक्षपात या भेदभाव करने की शिकायतें नहीं आनी चाहिए। पुलिस पूरी निष्ठा और ईमानदारी के साथ चुनाव संपन्न कराएगी। इसके लिए हर एक तैयारी कर ली जाए।

उन्होंने एसपी केशव चंद्र गोस्वामी से कहा कि चुनाव आयोग के आदेशों का हर हाल में पालन होना चाहिए। कहीं पर भी उसकी अनदेखी न होने दी जाए। आईजी ने बैठक में मौजूद मातहतों से कहा कि जरूरी है कि मतदाता निर्भीक होकर मतदान करें। इसके लिए जरूरी है कि माहौल बेहतर बने साथ ही शरारती तत्वों पर कड़ी लगाम लगाई जाए। बैठक में एसपी श्री गोस्वामी, एएसपी पूर्वी, पश्चिमी, सभी सीओ, एसएचओ आदि मौजूद रहे।

### छात्रा व उसकी सहेली की मौत की सच्चाई जानने पहुंचे आईजी, परिजनों से की पूछताछ

**हरदोई, अमृत विचार।** 10वीं छात्रा और उसकी सहेली की मौत घटना के दूसरे दिन भी अनसुलझी पहेली ही बनी रही। गुरुवार को आईजी लखनऊ जोन तरुण गाबा किशोरियों के गांव पहुंचे। घर वालों से हर पहलू पर पूछताछ की। आईजी ने जानना चाहा कि दोनों के बीच कब से दोस्ती थी और एक-दूसरे के बीच किस तरह की बातचीत होती थी। आईजी श्री गाबा ने एसपी केशव चन्द्र गोस्वामी से ज़ोर देते हुए कहा कि इस मामले में जल्द से जल्द खुलासा होना चाहिए। आईजी उस जगह भी पहुंचे, जहां दोनों किशोरियों के शव लटके हुए पाए गए थे। आईजी ने वहां पर कुछ देर रुक कर छानबीन भी की। बताते चलें कि बुधवार की शाम सुरसा थाने के मढ़िया मजरा सौतेरा निवासी संतोष की 16 वर्षीय पुत्री राधा और उसके मकान के सामने रहने वाले राजू उर्फ राजवीर की 16 वर्षीय पुत्री ममता के शव गांव के बाहर नीम के एक पेड़ पर दुपट्टे से फांसी पर लटके मिले थे। वहीं दूसरी ओर छात्रा राधा और उसकी सहेली ममता की मौत पर जहां घर वाले चुप हैं वहीं गांव वाले दोनों के बीच गहरी दोस्ती की चर्चा कर रहे हैं। दोनों के बीच ऐसी दोस्ती थी कि एक-दूसरे के बिना रह नहीं पाती थीं।

## अनियंत्रित डंपर पलटा बाल-बाल बचे लोग

**मल्लावां, हरदोई, अमृत विचार।** मौरंग उतारते समय डम्पर अनियंत्रित होकर एक मकान पर पलट गया। जिसमें दो लोग बाल-बाल बच गए। नगर के जूनियर हाई स्कूल गंगारामपुर में टाइल का काम चल रहा था। गुरुवार को दोपहर में हमीरपुर से डम्पर चालक सुभाष मौरंग लेकर मल्लावां आया था। विद्यालय के बाहर कमला देवी के मकान के पास डंपर से मौरंग उतारने के लिए हाइड्रोलिक ट्राली ऊपर करते समय अचानक अनियंत्रित होकर पलट गया । वहीं पास में केबिल तार हटा रहे समीर और श्यामू हादसे में बाल-बाल बच गए। डम्पर पलटने से सेवानिवृत स्वास्थ्य कर्मी कमला देवी के मकान के बाहर की बाउंड्री वाल टूट गयी।

महाभारत काल और जंगे आजादी का इतिहास समेटे कैराना की कहानी में नफरत, पलायन, असुरक्षा और अराजकता का गुनहगार विलेन है, तो मोहब्बत और इंसानियत के जीतने की इबारत लिखने वाला लोगों के दिलों में धड़कता हीरो है। चुनावों में बाजी मारने वाला एक अनूठा राजनीतिक घराना है, तो ध्रुवीकरण और जातीय समीकरण के दृश्यों के साथ 'जिन्ना और गन्ना' जैसे सवालों के बीच कानों में शहद घोलने वाला किराना घराना का संगीत है, 'जो मिले सुर मेरा तुम्हारा तो बने सुर हमारा' का अमिट संदेश सुनाता है। इन सबके बीच दर्शक के रूप में खड़ा वह मतदाता है, जो देश की संसद में अपना प्रतिनिधि भेजते समय डॉ. लोहिया की उस बात से इत्तफाक रखता है, कि रोटी को जलने से बचाने के लिए जिस तरह उलटना-पलटना जरूरी है, वैसे ही लोकतंत्र की मजबूती के लिए सरकार या प्रतिनिधि को भी बदलते रहना चाहिए।

# कैराना का किससे याराना
# किसे मिलेगा ठिकाना

मनोज त्रिपाठी

**अमृत विचार:** कभी हिंदुओं के पलायन की वजह से सुर्खियां बटोरने वाले कैराना के चुनावी माहौल को पिछले हफ्ते शामली की जनसभा में मुख्यमंत्री योगी की इस बात से समझा जा सकता है कि 'वोट में बहुत ताकत होती है। जब वोट गलत हाथ में जाता है तो कैराना में पलायन होता और कर्फ्यू लगता है। जब वोट सही हाथ में जाता है तो अपराधी पलायन करता है। कांवड़ यात्रा निकलती है और धूम-धड़ाके के साथ विकास होता है।' कैराना का सच भी यही है, असुरक्षा के कारण पलायन के बदनुमा दाग से बाहर निकल कर अब यह कस्बा विकास के पथ पर अग्रसर है।

कैराना का अपना पौराणिक और ऐतिहासिक इतिहास है। मान्यता है कि महाभारत काल में कर्ण ने इसे बसाया था। आजादी की लड़ाई में अंग्रेजों के खिलाफ मराठों को छिपने की जमीन यहीं मिली थी। लेकिन शास्त्रीय संगीत की किराना घराना परंपरा को जन्म देने वाले कैराना की राजनीतिक पहचान किसी एक नेता के साथ सुर-ताल मिलाने की नहीं है। यहां मतदाता बीते तीन चुनावों से अलग उम्मीदवार चुन रहे हैं। इस बार भाजपा ने अपने सांसद प्रदीप चौधरी को फिर से मैदान में उतारा है। वह गुर्जर मतों के अलावा हिंदू और भाजपा के परंपरागत वोट बैंक को जोड़ने में जुटे हैं।

## अनूठा घराना हसन परिवार, तीन सदस्य सांसद, एक रहा विधायक

- कैराना का अनूठा राजनीतिक घराना है, हसन परिवार। इसके चार में तीन सदस्य सांसद रहे और एक सदस्य कई बार विधायक चुना गया।
- सपा प्रत्याशी इकरा हसन के पिता मुनव्वर हसन तो विधायक, एमएलसी के अलावा लोकसभा व राज्यसभा दोनों सदनों के सांसद रहे।




- भाजपा ने दोबारा गुर्जर कार्ड खेलकर सांसद प्रदीप चौधरी पर जताया है भरोसा, हिंदू-मुस्लिम गुर्जर होंगे आमने-सामने
- सपा ने इकरा हसन पर लगाया दांव, उनकी मां तब्बसुम 2014 व 19 में हारीं, 2018 में जीतीं थीं उपचुनाव

## ... यहां समीकरण और गुणा-भाग नेता नहीं जनता तय करती

पश्चिमी यूपी के शामली जिले का प्रतिनिधित्व कैराना लोकसभा सीट करती है। मुजफ्फरनगर से अलग होकर वर्ष 2011 में शामली जिला अस्तित्व में आया था। मुस्लिम और जाट बाहुल्य कैराना लोकसभा सीट पर ध्रुवीकरण और जातीय खेमेबंदी का बोलबाला रहता है। लेकिन राजनीतिक दलों और नेताओं का सारा गुणा-भाग यहां की जनता हर बार गलत साबित कर देती है। यह सिलसिला 1962 से चला आ रहा है। कोई दल लगातार दो चुनाव नहीं जीत पाया है। 1989 और 1991 में जनता दल के प्रत्याशी ने दो लगातार चुनाव जीते, लेकिन तीसरी बार हार गए। ऐसे में कोई दल दावा नहीं कर सकता कि यह उसका गढ़ है। कांग्रेस को इस सीट पर जीत का 40 सालों से इंतजार है। 2014 व 2019 में भाजपा जीती लेकिन 2018 का उपचुनाव हार गई थी।

### लोकसभा चुनाव 2019 का परिणाम


| | | |
|---|---|---|
| भाजपा | प्रदीप चौधरी | 5,66,961 |
| सपा | तबस्सुम बेगम | 4,74,801 |
| कांग्रेस | हरेंद्र मलिक | 69,355 |

### 2018 लोकसभा उपचुनाव परिणाम

| | | |
|---|---|---|
| रालोद | तबस्सुम हसन | 4, 81,181 |
| भाजपा | मृगांका सिंह | 4, 36, 564 मत |

### लोकसभा चुनाव 2014 के नतीजे

| | | |
|---|---|---|
| भाजपा | हुकुम सिंह | 5,65,909 |
| सपा | नाहिद हसन | 3, 29, 081 |
| बसपा | कंवर हसन | 1, 60, 414 |
| रालोद | करतार भड़ाना | 42,706 |






## सपा ने प्रत्याशी बदल इकरा पर लगाया दांव

- सपा ने प्रत्याशी बदलकर अपने विधायक नाहिद हसन की छोटी बहन इकरा हसन को टिकट दिया है। इकरा की मां तब्बसुम बेगम ने 2018 के उपचुनाव में रालोद के टिकट पर सपा के समर्थन से भाजपा प्रत्याशी हुकुम सिंह की बेटी मृगांका सिंह को पराजित किया था। लेकिन 2019 में चुनाव हार गई थीं। इन दोनों के मुकाबले बसपा ने सहारनपुर निवासी श्रीपाल राणा पर दांव खेला है। वह राजपूत वोटों के साथ दलित वोटों पर फोकस कर रहे हैं। इस सीट पर 14 प्रत्याशी मैदान में हैं, जिनकी किस्मत का फैसला पहले चरण के मतदान में 19 अप्रैल को होगा।



## रालोद अध्यक्ष की दादी सांसद रहीं, मायावती हारीं थीं पहला चुनाव

कैराना सीट से 1980 में पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह की पत्नी एवं रालोद अध्यक्ष जयंत चौधरी की दादी गायत्री चौधरी सांसद रह चुकी हैं। मायावती ने अपना पहला चुनाव यहीं से लड़ा था। कांसीराम ने बहुजन समाज पार्टी बनाई और मायावती को 1984 में इस सीट से खड़ा किया। लेकिन सपा की मौजूदा प्रत्याशी इकरा हसन के बाबा अख्तर हसन ने उन्हें हरा दिया था, मायावती तीसरे स्थान पर रही थीं।

## ढाई लाख बुजुर्ग तय कर सकते हवा का रुख

- कैराना लोकसभा सीट पर 60 से 100 वर्ष आयु के दो लाख 57 हजार से अधिक मतदाता हैं। ये बुजुर्ग मतदाता किसी भी दल और प्रत्याशी के पक्ष में हवा का रुख तय करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं।

## 35% से ज्यादा मुस्लिम करीब 20% गुर्जर मतदाता भाग्य विधाता

- कैराना लोकसभा सीट पर 17,22,432 मतदाताओं में पुरुष 9,21,820, महिला मतदाता 8,00,518 तथा 871 थर्ड जेंडर मतदाता है। एक अनुमान के मुताबिक इनमें सर्वाधिक छह लाख मुस्लिम मतदाता हैं। दलित वर्ग के दो लाख वोटर और तकरीबन इतने ही जाट मतदाता हैं। इसके बाद सवा लाख से ऊपर कश्यप मतदाता बताए जाते हैं। हिंदू और मुस्लिम गुर्जर मिलाकर तीन लाख से अधिक हैं।



भाजपा प्रत्याशी प्रदीप चौधरी

## विधानसभा में भाजपा व रालोद ने दो-दो, सपा ने जीती एक सीट

- कैराना लोकसभा क्षेत्र में विधानसभा सीटें आती हैं। इनमें दो सीटें सहारनपुर और तीन सीटें शामली जिले में आती हैं।
- 2022 के विधानसभा चुनाव में नकुर और गंगोह सीट पर भाजपा जीती थी तो कैराना विधानसभा सीट सपा के हिस्से में गई थी। थाना भवन और शामली सीट पर राष्ट्रीय लोकदल का कब्जा है।

## स्थानीय मुद्दे

- छुट्टा पशु
- बकाया गन्ना भुगतान
- फैक्ट्रियों का प्रदूषित पानी
- नाले की समस्या।



वोट जरूर डालें

- कर्नाटक के हुबली में लोकसभा चुनाव के मद्दे नजर मतदाता जागरूकता अभियान के लिए कुछ इस अंदाज में वाहन पर निकाली गई रैली।


## बैलेट से चुनाव की मंशा रह गई अधूरी

**अमृत विचार:** छत्तीसगढ़ के राजनांदगांव लोकसभा क्षेत्र में गुरुवार को प्रत्याशियों के नामांकन के अंतिम दिन पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल का 384 प्रत्याशियों वाला फार्मूला फेल हो गया। यहां नामांकन पत्र खरीदने के अंतिम दिन 241 लोगों ने नामांकन पत्र खरीदे थे। लेकिन नामांकन दाखिल करने के अंतिम दिन 23 उम्मीदवारों ने 32 नामांकन पत्र जमा किए। कल नामांकन की जांच की जाएगी। यहां चुनावी सभा में पूर्व सीएम भूपेश बघेल ने कहा था कि 384 नामांकन फार्म जमा करें, ताकि बैलेट पेपर से मतदान हो सके।

# मेनका-वरुण के बिना बदले समीकरण

वैभव शुक्ला, पीलीभीत





इस बार चुनाव में प्रत्याशी

जितिन प्रसाद : भारतीय जनता पार्टी
भगवत सरन गंगवार : सपा (गठबंधन)
अनीस अहमद खां उर्फ फूलबाबू : बसपा

## पीलीभीत में सपा-बसपा 2019 में साथ लड़कर भी ढाई लाख वोटों से पिछड़े

- पीलीभीत सीट पर सपा-बसपा कभी जीत दर्ज नहीं करा सकी है। इस सीट पर भाजपा का विजय रथ रोकने में दोनों दल तब भी सफल नहीं हो पाए थे जब 2019 में साथ मिलकर गठबंधन में चुनाव लड़ा था। सपा ने इस चुनाव में पूर्व मंत्री हेमराज वर्मा को प्रत्याशी बनाया था। गठबंधन प्रत्याशी के रूप में उन्हें 4,48,922 वोट मिले, जबकि उनके मुकाबले भाजपा प्रत्याशी वरुण गांधी ने 7,04,549 वोट पाकर 2,55,627 मतों के बड़े अंतर से जीत दर्ज की थी। इस बार चुनाव में दोनों दल अलग-अलग हैं। हालांकि समाजवादी पार्टी का कांग्रेस के साथ गठबंधन है।

**अमृत विचार:** पीलीभीत में इस बार का लोकसभा चुनाव राजनीतिक दलों की प्रतिष्ठा से जुड़ चुका है। भाजपा चार लाख से अधिक वोट से जीत दर्ज करने का लक्ष्य तय करके नए चेहरे के साथ मैदान में है, तो समाजवादी पार्टी और बहुजन समाज पार्टी के लिए तराई क्षेत्र में अपनी सियासी जमीन पाने का मौका है। साढ़े तीन दशक में यह पहला चुनाव है जब मेनका गांधी या वरुण गांधी मैदान में नहीं हैं। हालांकि भाजपा प्रत्याशी जितिन प्रसाद का पीलीभीत से जुड़ाव रहा है, लेकिन इस सीट पर वह चुनाव पहली बार लड़ रहे हैं। ऐसे में भी सपा की साइकिल ने रफ्तार नहीं पकड़ी और बसपा के हाथी की चाल सुस्त रही तो दोनों दलों के लिए

पीलीभीत लोकसभा सीट मेनका गांधी और वरुण गांधी के चलते हाई प्रोफाइल बनी रही है। सूबे की सत्ता से दूर रहते हुए भी भाजपा लोकसभा चुनाव में मेनका गांधी या वरुण गांधी को प्रत्याशी बनाकर जीत दर्ज करती रही। दो बार चुनाव में भाजपा ने निर्दलीय उम्मीदवार मेनका गांधी को समर्थन किया था। इसके उलट समाजवादी पार्टी और बसपा पीलीभीत में कभी जीत दर्ज नहीं कर सकी हैं। प्रदेश में सरकार होने और जिले की अधिकांश विधानसभा सीटों पर विधायक, जिला पंचायत अध्यक्ष समेत कई जनप्रतिनिधि होने के बाद भी बसपा या सपा यहां कभी अपना सांसद नहीं बना पाए। 2007 में प्रदेश में बहुजन समाज पार्टी की सरकार बनी थी। जिले की दो विधानसभा सीटों पर बसपा के विधायक चुने गए। जिला पंचायत अध्यक्ष की कुर्सी पर भी बसपा काबिज रही, लेकिन 2009 के लोकसभा चुनाव में बसपा महज 13.44 प्रतिशत वोट ही हासिल कर सकी थी। इस चुनाव में वरुण गांधी ने 4,19,539 वोट पाकर जीत दर्ज की थी। बसपा के प्रत्याशी गंगाचरन राजपूत को 1,12,576 वोट ही मिल सके थे। समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी हाजी रियाज अहमद ने 1,17,903 (14.08) प्रतिशत वोट पाए थे। समाजवादी पार्टी की 2012 में सूबे में सरकार आई। जिले की चार में से तीन सीटों पर समाजवादी पार्टी के विधायक चुने गए। लेकिन 2014 के लोकसभा चुनाव में साइकिल रफ्तार नहीं पकड़ सकी। भाजपा की मेनका गांधी ने 5,46,934 वोट पाकर जीत दर्ज की। इस चुनाव में सपा के बुद्धसेन वर्मा को 2,39,882 वोट मिले थे। बहुजन समाज पार्टी के अनीस अहमद खां उर्फ फूलबाबू ने 1,96,294 वोट पाए थे। 1999 में निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में मेनका गांधी ने 4,33,421 वोट पाकर जीत दर्ज की। बसपा के अनीस अहमद खां उर्फ फूलबाबू दूसरे नंबर पर रहे थे। समाजवादी पार्टी के रामसरन को महज 58792 वोट मिले थे।

2004 में भाजपा के सिंबल पर मेनका गांधी ने 2,55,615 वोट पाकर जीत दर्ज की थी। सपा के सत्यपाल गंगवार 1,52,895 वोट पाकर दूसरे जबकि बसपा के अनीस अहमद खां उर्फ फूलबाबू 1,21,269 वोट तीसरे नंबर पर रहे थे। लेकिन इस बार तस्वीर कुछ बदली हुई है। 35 साल बाद पीलीभीत के सियासी परिदृश्य से मेनका और वरुण गायब हैं। भाजपा प्रत्याशी की ही तरह सपा प्रत्याशी भगवत सरन गंगवार पहली बार पीलीभीत से चुनाव मैदान में हैं।

# हेमा मालिनी पर टिप्पणी में सुरजेवाला की शिकायत

**दिल्ली।** कांग्रेस नेता रणदीप सुरजेवाला के विरुद्ध राष्ट्रीय महिला आयोग ने निर्वाचन आयोग से शिकायत की है। सुरजेवाला पर मथुरा से भाजपा की उम्मीदवार फिल्म अभिनेत्री एवं सांसद हेमा मालिनी के विरुद्ध आपत्तिजनक टिप्पणी करने का आरोप है।

राष्ट्रीय महिला आयोग हेमा मालिनी के खिलाफ कथित तौर पर अशोभनीय टिप्पणी करने के मामले में कांग्रेस नेता रणदीप सुरजेवाला के खिलाफ कार्रवाई के लिए निर्वाचन आयोग का रुख किया। भाजपा आईटी विभाग के प्रमुख अमित मालवीय ने 'एक्स' पर वीडियो साझा किया था। इसमें कांग्रेस सांसद सुरजेवाला कथित तौर पर सत्तारूढ़ दल पर हमला करते हुए हेमा मालिनी के बारे में कुछ आपत्तिजनक टिप्पणी कर रहे हैं। आयोग ने कहा कि वह सुरजेवाला की बेहद आपत्तिजनक टिप्पणियों की कड़ी निंदा करता है। आयोग ने एक ट्वीट में कहा कि ये महिला विरोधी टिप्पणियां हैं और किसी महिला की गरिमा के लिए अपमानजनक हैं। आयोग की अध्यक्ष रेखा शर्मा ने औपचारिक रूप से मुख्य निर्वाचन आयुक्त को पत्र लिखकर सुरजेवाला के खिलाफ तत्काल कार्रवाई करने और तीन दिन के भीतर कार्रवाई रिपोर्ट देने का अनुरोध किया है। भाजपा ने बुधवार को सुरजेवाला पर हेमा मालिनी के खिलाफ अशोभनीय टिप्पणी करने का आरोप लगाते हुए कहा था कि इस टिप्पणी से पता चलता है कि कांग्रेस महिला विरोधी है। सुरजेवाला ने 31 मार्च को कुरुक्षेत्र लोकसभा क्षेत्र के फरल गांव में 'इंडिया' गठबंधन के समर्थन में एक चुनावी रैली के दौरान कथित टिप्पणी की थी।

**बसपा की तैयारी** पिछली बार की 10 सीटें और घटता जनाधार बचाने की चुनौती, भीम आर्मी चीफ की पार्टी से युवाओं को अपनी तरफ खींचने की कवायद

# ...और नगीना लोकसभा क्षेत्र बना आकाश आनंद का लांचिंग पैड

महेश शर्मा,कानपुर

**अमृत विचार:** दलित, मुस्लिम और ओबीसी के दिग्गज नेताओं के बसपा छोड़ जाने के बाद पार्टी सुप्रीमो मायावती ने स्टार प्रचारक के रूप में अपने भतीजे आकाश आनंद पर भरोसा जताया है। यूपी का नगीना लोकसभा क्षेत्र आकाश का लांचिंग पैड होगा। यहां वह छह अप्रैल को जनसभा करेंगे, जबकि मायावती 13 अप्रैल को उत्तराखंड के हरिद्वार से लोकसभा चुनाव प्रचार अभियान की शुरूआत करेंगी। बिट्रेन से एमबीए की पढ़ाई करके आए आकाश मायावती के छोटे भाई आनंदकुमार के बेटे हैं।



मायावती भतीजे आकाश के साथ।

नगीना लोकसभा सीट को बसपा ने अपनी जिताऊ सीट में रखा है। यहां कुल मतदाताओं में 20 फीसदी दलित और 40 फीसदी मुस्लिम हैं। बसपा का पश्चिमी उत्तर प्रदेश में यही आधार वोट रहा है। नगीना सीट पर 2019 में बसपा प्रत्याशी गिरीशचंद्र ने सपा के समर्थन से भाजपा को 1.66 लाख वोटों से हराया था। इस बार बसपा ने गिरीश का टिकट काटकर सुरेंद्रपाल सिंह को प्रत्याशी बनाया है। यहां भीम आर्मी चीफ आजाद समाज पार्टी (कांशीराम) के नेता चंद्रशेखर आजाद भी प्रत्याशी हैं। नगीना बसपा के नेशनल कोआर्डिनेटर आकाश आनंद की चुनावी राजनीति में एंट्री प्वाइंट माना जा रहा है। यहां का युवा दलित चंद्रशेखर आजाद से प्रभावित है। आकाश आनंद की कोशिश युवा वर्ग को बसपा से जोड़ने की है। बसपा ने आकाश आनंद की 25 रैलियां कराने की योजना बनाई है। इनमें से अधिकतर पश्चिमी उत्तर प्रदेश में होंगी। आकाश आनंद मध्यप्रदेश, राजस्थान और छत्तीसगढ में भी चुनाव संभाल रहे हैं।

## विधान सभा चुनावों में 30.43 से घटकर 12.88 पहुंचा मत प्रतिशत

- 2007 में 206 सीटें जीतकर पूर्ण बहुमत से यूपी में सरकार बनाने वाली बसपा को तब 30 .43 प्रतिशत वोट मिला था जो लगातार घट रहा है। 2022 के विधान सभा चुनाव में यह सिर्फ 12 .88 फीसदी ही रह गया। पार्टी का सिर्फ एक विधायक है। लोकसभा चुनाव 2019 में सपा के साथ मिलकर लड़ने पर बसपा को दस सीटें हासिल हुई थीं। अब इन्हें बचाकर रखना और पार्टी का ग्राफ बढ़ाना मायावती और आकाश आनंद दोनों के सामने बड़ी चुनौती है।
- लोकसभा चुनाव को आनंद के राजनीतिक चातुर्य की कड़ी परीक्षा माना जा रहा है। वह 2019 में पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक बनाए गए थे। उन्हें मायावती के उत्तराधिकारी के रूप में तैयार किया जा रहा है। हालांकि एंट्री उस वक्त पर हुई है जब बसपा का जातीय गणित गड़बड़ा चुका है। यूपी में भीम आर्मी के चंद्रशेखर आजाद लोकप्रियता में अपना मुकाम बना चुके हैं।

## राजस्थान विस चुनाव में मेहनत नहीं लाई थी रंग

आकाश ने राजस्थान में हुए विधानसभा चुनाव में काफी मेहनत की थी। पार्टी 184 सीटों पर लड़ी थी और 1.82 फीसदी वोटों के साथ दो सीटों पर जीती थी, जबकि 2018 में वहां 4 .03 फीसदी वोट हासिल करके छह सीटों पर विजय हासिल की थी। अन्य राज्यों में बसपा को मुंह की खानी पड़ी थी। ऐसे में आकाश आनंद के सामने छिटकते दलित वोटों को जोड़ना और उसके साथ ही मुस्लिम और ब्राह्मणों में सामंजस्य बैठाना चुनौती है। यही समीकरण 2007 में बसपा को यूपी की सत्ता में लाया था

दीवानगी



बेंगलुरु दक्षिण भाजपा उम्मीदवार तेजस्वी सूर्या के समर्थन में आयोजित कार्यक्रम में भाजपा कार्यकर्ताओं में खासा उत्साह दिखा। पार्टी की महिला कार्यकर्ता मोदी की गारंटी से लोगों को लुभाते नजर आए।

उद्यमेनैव हि सिध्यन्ति,कार्याणि न मनोरथै ।
न हि सुप्तस्य सिंहस्य,प्रविशन्ति मृगा : ॥

प्रयत्न करने से ही कार्य पूर्ण होते हैं,केवल इच्छा करने से नहीं,सोते हुए शेर के मुख में मृग स्वयं प्रवेश नहीं करते हैं।

## संपादकीय

# भारत-अमेरिका संबंध

अमेरिका कई क्षेत्रों में भारत के साथ अपने रिश्ते मजबूत कर रहा है। भारत के साथ संबंधों को गहरा करना अमेरिकी विदेश नीति के सबसे महत्वपूर्ण तत्वों में से एक है। भारत और अमेरिका के व्यापक साझा हित हैं। अमेरिका उस क्षेत्र को खतरनाक मानता है जहां चीन आगे बढ़ रहा है। बुधवार को इंडो-पैसिफिक लैंड फोर्सेज कमांडर जनरल चार्ल्स फ्लिन ने कहा कि चीन की आधुनिक मिसाइलों का मुकाबला करने के उपायों का पता लगाने में अमेरिकी बलों की महत्वपूर्ण भूमिका है। अमेरिका निकट भविष्य में हिंद-प्रशांत क्षेत्र में मध्यम दूरी की मिसाइलें तैनात करने पर विचार कर रहा है। भारत की हिंद-प्रशांत महासागर पहल का उद्देश्य भी एक स्वतंत्र, खुले और समावेशी हिंद-प्रशांत को बढ़ावा देना और क्षेत्रीय स्थिरता बनाए रखना है। क्योंकि दुनिया का अधिकांश व्यापार संचार की समुद्री लाइनों पर निर्भर होने के कारण उनकी सुरक्षा बनाए रखना महत्वपूर्ण है। चूंकि व्यापार बड़े पैमाने पर महासागर के माध्यम से किया जाता है, इसलिए मजबूत समुद्री परिवहन सहयोग से हिंद-प्रशांत में देशों के भीतर और बीच शिपिंग नेटवर्क को मजबूत करने में मदद मिलेगी। समुद्री क्षेत्र में सहयोग निकट भविष्य में भारत-अमेरिका संबंधों का एक महत्वपूर्ण स्तंभ बन सकता है। साथ ही तेजी से सिर उठाते खतरों का सामना करने के लिए भारत और अमेरिका के बीच द्विपक्षीय ख़ुफिया सूचना सहयोग को न सिर्फ सशक्त करने की ज़रूरत है, बल्कि इसे विभिन्न क्षेत्रों में फैलाने के लिए तमाम संभावनाओं को तलाशने की भी आवश्यकता है।

भारत और अमेरिका खास तौर पर इंडो-पैसिफिक में महाद्वीपीय, समुद्र और अंतरिक्ष जैसे क्षेत्रों में संवेदनशील जानकारी साझा करने के साथ ही इंटेलिजेंस सेक्टर में आपसी सहयोग सशक्त करने की दिशा में आगे बढ़ रहे हैं। हिंद-प्रशांत क्षेत्र में दोनों देशों के बीच मज़बूत होती भागीदारी ने खुफिया मामलों में आपसी सहयोग की संभावनाओं के ऐसे द्वारा खोलने का काम किया है जिनके बारे में दो दशक पहले सोचना भी मुमकिन नहीं था। जिस प्रकार से क्षेत्रीय और वैश्विक स्तर पर सुरक्षा को लेकर माहौल में बदलाव आ रहा है, उसके मद्देनज़र अमेरिका और भारत की खुफिया एजेंसियों के बीच सशक्त सहयोग बेहद ज़रूरी हो गया है। समुद्री क्षेत्र से जुड़ी विभिन्न प्रकार की जानकारियां आज के दौर में क्षेत्रीय सुरक्षा और स्थिरता के लिए ख़ासी महत्वपूर्ण हो गई हैं। यही वजह है कि खुफिया जानकारी साझा करने का महत्व भी बहुत बढ़ गया है। इंडो-पैसिफिक में रणनीतिक सफलता हासिल करने के लिए समुद्री मार्गों की सुरक्षा, समुद्री लुटेरों का मुक़ाबला करना और प्राकृतिक आपदाओं का सामना करना बेहद अहम हो जाता है।

# किसानों से गेहूं खरीद क्यों है जरूरी


अविनाश झा
डीएफएमओ, चित्रकूट

> असल में सरकारी नियमानुसार प्रत्येक वर्ष एक अप्रैल को सेंट्रल पूल में 74.60 लाख मीट्रिक टन गेहूं रहना आवश्यक है। भारतीय खाद्य निगम स्वयं और राज्य सरकारों के सहयोग से बफर स्टॉक यानी सेंट्रल पूल के लिए किसानों से न्यूनतम समर्थन मूल्य पर गेहूं और चावल की खरीद करती है। इसी क्रय किए गए खाद्यान्न में से सार्वजनिक वितरण प्रणाली के अंतर्गत खाद्यान्न वितरण किया जाता है।

सरकार ने न्यूनतम समर्थन मूल्य योजना के अंतर्गत किसानों से की जाने वाली गेहूं खरीद नियत समय से पहले ही प्रारंभ कर दी है,क्योंकि केंद्रीय पूल का गेहूं स्टॉक बफर मानक से भी नीचे आ जाने की संभावना है और यदि ऐसा हो जाता है तो पिछले सोलह वर्षों में पहली बार ऐसा होगा। वस्तुत पिछले दो सालों से गेहूं की कम सरकारी खरीद, देश के 80 करोड़ लोगों को सार्वजनिक वितरण प्रणाली के अंतर्गत मुफ्त राशन निरंतर दिए जाने और बाजार मूल्य नियंत्रण के लिए भारतीय खाद्य निगम द्वारा खुले बाजार में की गई अधिक बिक्री के कारण बफर स्टॉक की यह स्थिति हुई है।

असल में सरकारी नियमानुसार प्रत्येक वर्ष एक अप्रैल को सेंट्रल पूल में 74.60 लाख मीट्रिक टन गेहूं रहना आवश्यक है। भारतीय खाद्य निगम स्वयं और राज्य सरकारों के सहयोग से बफर स्टॉक यानी सेंट्रल पूल के लिए किसानों से न्यूनतम समर्थन मूल्य पर गेहूं और चावल की खरीद करती है। इसी क्रय किए गए खाद्यान्न में से सार्वजनिक वितरण प्रणाली के अंतर्गत खाद्यान्न वितरण किया जाता है। देश में सूखा, बाढ़, भूकंप आदि जैसी प्राकृतिक आपदाओं के दौरान आने वाली खाद्यान्न की कमी को दूर करने के लिए खाद्यान्न इसी बफर स्टॉक से ही भेजा जाता है। किसी भी देश में खाद्यान्न की उपलब्धता की स्थिति को दर्शाने के लिए यह बफर स्टॉक महत्वपूर्ण है। वस्तुतः पिछले दो सालों से खुले बाजार में गेहूं का दाम न्यूनतम समर्थन मूल्य से अधिक है। स्वाभाविक रूप से किसानों ने सरकारी क्रय केंद्रों पर बेचने के बजाय खुले बाजार में बेचना श्रेयस्कर समझा। खुले बाजार में निजी व्यापारियों द्वारा गेहूं का ज्यादा मूल्य दिए जाने के कारण किसान सरकार को पहले की तरह गेहूं नहीं बेच रहे हैं। इन्हीं सब कारणों से इस वर्ष देश में गेहूं के रिकॉर्ड उत्पादन की संभावना के बावजूद सरकार ने अपना क्रय लक्ष्य 320 लाख मीट्रिक टन ही रखा है।

चुनावी वर्ष होने के कारण सरकार पर अतिरिक्त दबाव यह है कि किसी तरह से वह मंहगाई को नियंत्रण में रखें। इसी के दृष्टिगत बाजार में गेहूं के मूल्य नियंत्रण हेतु सरकार ने भारतीय खाद्य निगम के माध्यम से ओपन मार्केट सेल स्कीम के अंतर्गत

> हालांकि गिरते बफर स्टॉक के बावजूद गेहूं के आयात के बारे में कभी नहीं सोचा गया,क्योंकि विदेशी खरीद से देश की इमेज पर असर पड़ता है और किसानों में गलत संदेश जाता है। इसके अतिरिक्त अभी ऐसी स्थिति नहीं आई है कि गेहूं आयात करना पड़े।

सरकार द्वारा सिर्फ 2150 रुपये प्रति क्विंटल के रियायती दर पर 80.04 लाख मीट्रिक टन गेहूं निजी और सहकारी क्षेत्र को बेच चुकी है। खुले बाजार में इतनी अत्यधिक मात्रा में गेहूं आने के बावजूद गेहूं का मूल्य कोई विशेष कम नहीं हो पाया है। अभी खरीद सीजन प्रारंभ होने और मार्केट में नया गेहूं आने के बावजूद गेहूं का मूल्य ज्यादा नहीं गिरा है। सरकारी क्रय केंद्रों पर किसानों को गेहूं बेचने के लिए अनेक प्रकार की कागजी औपचारिकताएं पूरी करनी होती हैं,जबकि व्यापारी किसानों के घर से गेहूं खरीद बिना किसी कागजी प्रक्रिया के कर लेते हैं।

हालांकि इसको देखते हुए सरकार ने इस वर्ष शुरू से ही मोबाइल क्रय केंद्रों की स्वीकृति दे दी है। अब सरकार भी किसानों के घर से गेहूं खरीद करेगी। निजी व्यापारी 'जो जैसा है, जहां है' नियम के आधार पर खरीद करते हैं। जबकि सरकारी क्रय केंद्रों पर मानक निर्धारित हैं। सरकारी क्रय केंद्रों पर किसानों को उसके बिक्री का भुगतान पीएफएमएस के माध्यम से उनके बैंक खातों में किया जाता है। जबकि निजी व्यापारी अभी भी ज्यादातर नकद भुगतान करते हैं,जो किसानों को ज्यादा सुविधाजनक लगता है। खेती और पारिवारिक के खर्चों के लिए तत्काल नकद पैसे उनको अच्छा लगता है। इसके अतिरिक्त अधिकतर किसानों ने बैंकों, सहकारी समितियों या अन्य संस्थाओं से कृषि या अन्य कार्यों के लिए ऋण लिया होता है जिसके संबंध में उन्हें भी लगता है कि सरकारी केंद्रों पर बेचे गए गेहूं का भुगतान यदि उनके बैंक खातों में गया तो संबंधित बैंक अपना ऋण या बकाया पहले एडजस्ट कर लेगी। इसके अतिरिक्त वे निजी व्यापारियों से भी फसल लगाने से पूर्व ही अग्रिम ले लिया गया होता है। इन सब कारणों से यदि मार्केट रेट एमएसपी से ज्यादा कम नहीं है तो वे निजी व्यापारियों को खाद्यान्न बेचना ज्यादा पसंद करते हैं। यहां यह भी महत्वपूर्ण है कि गेहूं ऐसा खाद्यान्न है जिसका किसान स्वयं भी आसानी से भंडारण कर सकता है और यदि तत्काल उन्हें पैसे की आवश्यकता नहीं है तो वे गेहूं नहीं बेचते हैं।

केंद्रीय कृषि मंत्रालय के अनुसार वर्ष 2023-24 में गेहूं के अनुमानित उत्पादन 1120 लाख टन के सापेक्ष खपत मात्र 1077 लाख टन ही होने की संभावना है। हालांकि अमेरिका का कृषि विभाग आस्ट्रेलिया और भारत को छोड़कर कनाडा, रूस, यूक्रेन,यूरोपियन यूनियन में गेहूं के उत्पादन में गिरावट होने का अनुमान जारी किया है जिससे वैश्विक बाजार में भाव ज्यादा रहने की संभावना है। आम चुनाव के बाद देश में गेहूं के रिकॉर्ड उत्पादन की स्थिति में गेहूं एक्सपोर्ट शुरू होने की संभावनाएं भी जताई जा रही हैं। राष्ट्रीय कृषि बाजार यानी ई-नाम के अनुसार देश की कई मंडियों में गेहूं का दाम अभी भी एमएसपी से ज्यादा है। भारत चीन के बाद दुनिया का सबसे बड़ा गेहूं उपभोक्ता और उत्पादक देश है,लेकिन घटती सरकारी खरीद और घटते बफर स्टॉक के दृष्टिगत सरकार ने 2022 में गेहूं के निर्यात पर प्रतिबंध लगा दिया था। बफर स्टॉक में गेहूं के कम भंडारण से खुले बाजार में कीमतें बढ़ने की संभावना होती हैं।

हालांकि गिरते बफर स्टॉक के बावजूद गेहूं के आयात के बारे में कभी नहीं सोचा गया,क्योंकि विदेशी खरीद से देश की इमेज पर असर पड़ता है और किसानों में गलत संदेश जाता है। इसके अतिरिक्त अभी ऐसी स्थिति नहीं आई है कि गेहूं आयात करना पड़े। अमेरिकी कृषि विभाग की रिपोर्ट के अनुसार भारत का कम गेहूं भंडार सरकार को इस वर्ष दो मिलियन मीट्रिक टन खाद्यान्न आयात करने के लिए मजबूर कर सकता है,लेकिन सरकार अपना क्रय लक्ष्य और बफर स्टॉक पूरा करने के लिए कृत संकल्पित है। इसलिए उसने अनौपचारिक रूप से व्यापारियों सहित बड़े,बल्कि पर्चेजर्स कारगिल इंक, हिंदुस्तान यूनिलीवर लिमिटेड ,लुइस ड्रेफस कंपनी औलम ग्रुप इत्यादि को भी संकेत दिया है कि वे किसानों से नए सीजन के गेहूं की खरीदारी कम से कम अप्रैल में करने से बचें। वर्ष 2007 के बाद से सरकार की ओर से यह इस तरह का प्रथम पहल है। वैसे भी मई के मध्य के बाद से गेहूं की खरीद कम होने लगती है। महंगाई पर नियंत्रण रखने के लिए गेहूं व्यापारियों को स्टॉक की घोषणा करने के काम को एक अप्रैल से आगे भी जारी रखने को कहा है। सरकार ने रेलवे से भी अप्रैल में बड़े व्यापारियों को माल ढुलाई हेतु मालगाड़ी उपलब्ध नहीं कराने के लिए कहा है जिससे बड़े पैमाने पर गेहूं बाहर नहीं जा पाएगा। अधिकारियों से यह सुनिश्चित करने के लिए कहा है कि बड़े व्यापारियों को बड़ी मात्रा में गेहूं खरीदने का मौका न मिले। डिस्ट्रेस सेल अर्थात् न्यूनतम समर्थन मूल्य से कम पर खरीद तो कदापि न हो। हालांकि मध्य प्रदेश और राजस्थान में गेहूं की खरीद पर बोनस दिए जाने के चलते उत्तर प्रदेश में गेहूं की खरीद में समस्या आ सकती है,क्योंकि निजी खरीदार यहां गेहूं के दाम कम होने के कारण मध्य प्रदेश व राजस्थान की बजाय गेहूं खरीदने का प्रयास करेंगे,जिस पर रोक आवश्यक है। खुले बाजार में किसानों को अभी भी अपने गेहूं का मूल्य एमएसपी से ज्यादा मिल रहा है। यह अच्छी बात है,क्योंकि सरकार स्वयं किसानों को उनकी आय दुगुनी करने का वायदा कर चुकी है, परंतु सरकार के बफर स्टॉक और देश में खाद्यान्न प्रबंधन हेतु सरकारी खरीद भी जरूरी है तो इसका विकल्प यह है कि सरकार बोनस घोषित कर दे,परंतु इस पर विश्व व्यापार संगठन के नियम बाधक हैं। निर्यात पर रोक का वह पहले ही विरोध कर चुकी है। सबसे ज्यादा दबाव उत्तर प्रदेश की खरीद पर है,जो देश का सबसे बड़ा गेहूं उत्पादक राज्य है,परंतु यहां देश की कुल सरकारी खरीद में मात्र दो प्रतिशत का योगदान रहा है। सरकार के विशेष प्रयासों से इस बार अच्छी गेहूं खरीद होने की संभावना है। यहां खरीद को और गति प्रदान के लिए पंजाब और हरियाणा की तर्ज पर आढ़तिया खरीद की शुरुआत की जा सकती है,जिसे निजी क्षेत्र का योगदान भी सरकारी खरीद में शामिल हो जाएगा या राजस्थान और मध्य प्रदेश राज्यों की तरह गेहूं पर बोनस घोषित किया जा सकता है।

## प्रसंगवश

# पुराना पड़ गया है पुरस्कार और दंड का सिद्धांत

पुरस्कार और दंड की प्रक्रिया का दूसरे छात्रों की मनः स्थिति पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है और वे उत्साहित नहीं होते,शोध तो यही कहती है। इसी एप्रोच के चलते अव्वल आने वाले छात्र एक 'स्पेशल केटेगरी' के समझे जाते हैं और जो छात्र सामान्य हैं और 35-45 या 50 प्रतिशत अंक लेकर पास हुए हैं, उनकी कमियों पर रिसर्च करके दूर करने की कोशिश होनी चाहिए। इस बाबत क्लास टीचर्स के एनालिसिस और एक्शन फॉर इम्प्रूवमेंट क्या रहता है,इस बारे में रिवार्ड्स देते समय इनके पास कोई प्लान है तो उसका ब्योरा नहीं दिया जाता,क्योंकि सोच किसी और दिशा में काम कर रही होती है।


रणवीर सिंह फोगाट
इतिहासकार

विदेशों में इस पर बहुत रिसर्च हुई है: लेख और किताबें लिखी गई हैं और समाधान सुझाए गए हैं। रिकमेन्डेशन्स पर काम किया गया तो नतीजे भी अच्छे थे। प्रतिभा बढ़ाई जा सकती है अगर लर्निंग के तरीके में चालू प्रैक्टिसेस में कुछ परिवर्तन किए जाएं। एनसीईआरटी इस मामले में कुछ विशेष नहीं करता। रिवार्ड्स एंड पनिशमेंट की थ्योरी अब रिजेक्ट की जा चुकी है और 'इन्क्लूसिव थ्योरी' पॉपुलर है ताकि सभी बच्चे आत्मविश्वास के साथ और मजबूत इरादे के साथ न कि निरुत्साहित किए जाने वाले माहौल में स्कूल और कॉलेज की शिक्षा पूरी करें और एक 'मिनिमम डिज़यारेबल' लेवल तक तो पहुंचे ही। मैं बहुत ब्रिलियंट तो खुद भी नहीं रहा और न ही हूं,लेकिन परिश्रमी और लगनशील हूं और धीरे-धीरे वे तरीके सीख गया जिनके करने अडॉप्ट करने से विषय के प्रति अपनी समझ में इजाफा कर पाया। स्कूल और कॉलेज के दिनों में मैं औसत प्रतिभा का विद्यार्थी रहा, लेकिन विश्वविद्यालय में पहुंचने पर और विषय विशेष में गहन रुचि होने के कारण, अभ्यास से मैंने टॉप किया और मेरे से एकदम नीचे वाले और मेरे अंकों में 20 प्रतिशत का अंतर रहा। पद्धति बदलकर मैंने अपनी जानकारी का विस्तार किया और कुछ मायनों में थोड़ी से 'विजडम' भी हासिल की जो उम्र के साथ अनुभव बढ़ने से भी धीरे-धीरे बढ़ती है।

स्कूल एजुकेशन विभाग में टेक्स्ट बुक्स में दर्ज इन्फार्मेशन कंटेंट को डिलीवर करते समय परिवर्तन लाने की जरूरत है,जो इसलिए संभव ही नहीं,क्योंकि टीचर्स को इंस्ट्रक्शन्स इशू करने वाले महकमा और इसका थिंक टैंक ऐसा करने नहीं देता। असल में ये लोग एजुकेशनल फिलॉसफी और साइकोलॉजी के अलावा परिवेशी तत्वों और पृष्ठभूमि का ध्यान नहीं रखते। एक टाइट फ्रेम में शैक्षिक करियर निकालने वाले अध्यापकगण वही पिटी-पिटाई लकीर को आयुपर्यन्त फॉलो करते रहते हैं,बिना इस बात की परवाह किए कि वे किस तरह के कौशलयुक्त नागरिक देश को देना चाहते हैं। रिवॉर्ड और पनिशमेंट की नेचुरल थ्योरी मनुष्य द्वारा स्थापित रिवॉर्ड और पनिशमेंट की थ्योरीज से बिल्कुल अलग स्तर पर काम करती है, ऐसा आभास तभी हो सकता है जब अध्यापक गण हायर लर्निंग के रिसर्च जर्नल्स को पढ़ें।

मेरे हिसाब से रिवार्ड्स एंड पनिशमेंट को कभी हाईलाइट तो करना ही नहीं चाहिए। आईएएस एंड अलाइड सर्विसेज के एग्जाम को क्वालीफाई करने वाले कैंडिडेट्स में से जो आईएएस की केटेगरी को एलॉट किए जाते हैं इनमें से उच्चतम और निम्नतम स्कोरिंग वाले चयनित व्यक्तियों की परफॉरमेंस के हिसाब से क्या इनकी पोस्टिंग डेवलप्ड और अंडर-डेवलप्ड डिस्ट्रिक्स में की जाती है। क्या हाईएस्ट 10 स्कोरर्स को इलीट पोस्टिंग दी जाती है। मैंने देखा है कि एक्साम क्लियर करने में जो बहुत मेधावी रहे और जो उक्त दस प्रतिशत से नीचे के रहे इनकी सर्विस परफॉरमेंस एक डिजायरेबल लेवल और उच्चतम लेवल के बीच उतार चढ़ाव पर रही। यह बात रिटायर हो गए आईएएस से बातचीत करके या इनमें से कुछेक के संस्मरण पढ़ के मैंने जानी। इस सब्जेक्टिविटी में ऑब्जेक्टिविटी किस तरह से देखी जा सकती है,यह देखने वाले की ऑब्ज़र्वेशनल स्किल्स पर भी निर्भर करता है। पोस्ट-रिटायरमेंट के बाद अपनी प्री-रिटायरमेंट परफॉरमेंस पर कौन दृष्टिपात करता है? मुझे लगता है एवरेज़ेज ड्रा करने के चक्कर में ऑब्जेक्टिविटी का इंसानी गुणों से मिलान करना हम अधिकांश अवसरों पर भूल जाते हैं। इसलिए टीचर्स को हाई और हायर-सेकंड्री लेवल के स्टूडेंट्स को कैसा माहौल देना चाहिए,इसके प्रति अत्यंत सावधान रहने की जरूरत होती है।

# सब कुछ धुंधला-धुंधला सा है


डॉ. हेमंत कुमार झा
एसोसिएट प्रोफेसर, पाटलिपुत्र विवि, पटना (बिहार)

> जनचेतना में सत्ता विरोध की लहर उठी। दमन को अपना हथियार और मनमानियों को अपना औजार बना चुकी सत्ता की प्राचीरें जन चेतना के प्रतिरोध को झेल नहीं सकी।

समझ में नहीं आ रहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को तीसरी बार सत्ता में पहुंचने देने का विरोध कौन कर रहा और समर्थन कौन कर रहा? प्रत्यक्ष में बड़ी-बड़ी बातें बोलेंगे। संविधान पर खतरे की संभावनाएं गिनाएंगे, डिक्टेटर राज आने का डर दिखाएंगे, उखाड़ फेंकने की मुनादी करेंगे,लेकिन भीतर ही भीतर करतब ऐसी करेंगे कि मोदी की राह आसान हो जाए। अब यह डर के कारण से हो,लोभ के कारण से हो या जिस भी कारण से हो,ऐसे नेता और ऐसे राजनीतिक दल जनता के लिए किसी डिक्टेटर या किसी विभाजक राजनीतिज्ञ से भी अधिक खतरनाक हैं।

एक दौर था, जब इंदिरा गांधी के खिलाफ विपक्ष के नेताओं का गठजोड़ सामने आया था। भले ही यह एकता सत्ता में आने के बाद जल्दी ही बिखर गई,लेकिन इसने यह साबित किया कि अगर कोई शक्तिशाली सत्ताधीशों के संवैधानिक अधिकारों से खिलवाड़ करेगा, राजनीतिक विरोधियों के दमन के लिए सत्ता का अनुचित प्रयोग करेगा तो भारत की लोकतांत्रिक राजनीति में अंतर्निहित चेतना उसे उखाड़ फेंकने की शक्ति रखती है।

'इंदिरा इज इंडिया एंड इंडिया इज इंदिरा' ... राजनीतिक चारणों और चेले चपाटों के ऐसे बोल किस बियाबान में लुप्त हो गए,खुद मैडम भी समझ नहीं पाईं और जैसा कि कई इतिहासकार बताते हैं,वे इतनी बड़ी चुनावी हार के बाद कुछ दिनों के लिए सदमे में चली गई थीं। तब के नेताओं में नैतिक शक्ति थी। तब मोरारजी थे, अटल थे, चंद्रशेखर थे, चरण सिंह थे, मधु लिमये थे, मधु दंडवते थे, मृणाल गोरे थी, जॉर्ज फर्नांडिस थे, कई अन्य थे और सबसे बढ़कर जयप्रकाश नारायण का करिश्माई और प्रभावी नेतृत्व था। नेतृत्व की नैतिक आभा में जनता की राह आलोकित होती है,उसकी चेतना ज्योतिर्मयी होती है। जनचेतना में सत्ता विरोध की लहर उठी। दमन को अपना हथियार और मनमानियों को अपना औजार बना चुकी सत्ता की प्राचीरें जन चेतना के प्रतिरोध को झेल नहीं सकी। तब जबकि दक्षिण भारत में इंदिरा गांधी ने अच्छी खासी सीटें जीती थी, हिंदी पट्टी के राज्यों ने उनकी नियति का फैसला कर दिया था।

आज वही हिंदी पट्टी मोदी की राजनीति का पैरोकार बना है। दो वक्त की रोटी के लिए और बच्चों की स्कूल फीस के लिए खून सुखाते मेहनतकश लोगों की चेतना "मोदी मोदी" के प्रायोजित शोर में कहीं लुप्त सी हो गई लगती है और उनकी मुक्ति की बातें करने वाले विपक्ष के कई नेता, कई राजनीतिक दल अपने ही करतबों में लिप्त हैं। वे मोदी से अधिक जनविरोधी हैं। भारतीय राजनीति का वर्तमान उनके नैतिक पतन का बोझ उठाते-उठाते थक चुका है और भविष्य में इस बात का खतरा चारों ओर मंडराता दिख रहा है कि इनमें से कई लोग, कई दल चुनावी भाषणों में मोदी विरोध, संविधान की रक्षा, डिक्टेटर शिप के खतरे आदि की बातें करेंगे और अपनी मानसिक और राजनीतिक ऊर्जा मोदी को ही पुनः सत्तासीन करने में जाया करेंगे। सब कुछ धुंधला-धुंधला सा है।

मीडिया जिम्मेवारी ले चुका है कि वह जनता तक सत्य को पहुंचने नहीं देगा। महज ऐसा ही होता तो गनीमत थी। बड़े-बड़े चैनल, बड़े-बड़े एंकर तैयार हैं कि वे झूठ को इतना महिमा मंडित करेंगे कि वह सत्य की जगह लेकर आम लोगों का दिमाग खराब कर दे। आज से कुछ दशकों के बाद जब भारत के आज के दौर की विसंगतियों को विश्लेषित किया जाएगा तो तीन अध्याय मुख्य होंगे, पहला, भारतीय शहरी मध्य वर्ग का मानसिक और नैतिक अंधकार, दूसरा विपक्ष की राजनीति का नैतिक पतन और तीसरा मीडिया की मुख्यधारा का जनता का शत्रु बन जाना।नवउदारवाद का भारतीय संस्करण अपनी ढाई तीन दशकों की यात्रा के बाद ऐसा ही राजनीतिक मंजर लाने वाला था। इस संस्करण ने राजनीति से उसकी नैतिकता को सोखना शुरू किया जिसका एक परिणाम कारपोरेट शक्तियों की उंगलियों में राजनीति और आर्थिकी की डोर आने के रूप में सामने आया। कारपोरेट मीडिया यूं ही विध्वंसक और जहरीली भूमिका में नहीं आता। जिसे 'नियो लिबरल इकोनॉमी' और इससे उत्पन्न 'नियो लिबरल पॉलिटिक्स' कहते हैं। वह यूरोप और अमेरिका जैसे संपन्न और पढ़े लिखे समाज में अपनी जो छाप छोड़ता रहा,भारत में उसके बहुत आगे जाकर अपने अमानुषिक रूप में सामने आया। इस रूप को भारतीय राजनीतिक फलक पर ऐसे ही सामने आना था।

## सोशल फोरम

# बेवकूफी का सौंदर्य

सोचते हैं कोई बहुत बड़ी बेवकूफी की बात कह डालें,लेकिन फिर आलस्य हावी हो जाता है। इस चक्कर में दूसरे बाजी मार ले जाते हैं। इसी चक्कर में कुछ लोगों ने तो इत्ती आला बेवकूफी की बातें कहीं कि मन किया कि उनको दुनिया का सर्वश्रेष्ठ बेवकूफ घोषित कर दें,लेकिन फिर आलस्य ने बाजी मार ली। साथ में बहाना भी कि ऐसे किसी को बेवकूफ घोषित करना उचित नहीं होगा।


अनूप शुक्ल
कानपुर

कायदे से टीम बनाकर सर्वे करके फिर वोटिंग कराकर 'सर्वश्रेष्ठ बेवकूफ' तय करना चाहिए। क्या पता कल को कोई ऐसा ऑनलाइन सर्वे कराने भी लगे। लोग एसएमएस करें- अपने प्यारे दोस्त को सबसे बड़ा बेवकूफ अवश्य चुनें। वोटिंग के लिए ये वाला बटन दबाएं। किसी का कोई प्रशंसक मेल करे कि फलाने भाई साहब को सबसे बड़ी बेवकूफी और सबसे बड़े बेवकूफ दोनों के लिए वोट दें। उससे ज्यादा बड़ा कायदे का बेवकूफ और कोई नहीं है दुनिया में। लोग अपने को सबसे बड़ा बेवकूफ साबित करने के लिए ज्ञानियों की सहायता से अपने बेवकूफी के किस्से बयान करें। तमाम नई कंपनियां खुल जाएं बेवकूफी का बायोडाटा बनाने वाली। किसी नुक्कड़ पर साइनबोर्ड लगा दिखे-यहां सब भाषाओं में बेवकूफों के बायोडाटा लिखे जाते हैं। यूनीकोड सुविधा उपलब्ध।

दुनिया में बेवकूफी का अस्तित्व हमेशा से रहा है,लेकिन बेवकूफी को उचित सम्मान कभी नहीं मिला। बहुमत हमेशा उपेक्षित रहा। हर व्यक्ति बेवकूफी से अपना पल्ला छुड़ाने की कोशिश करता दिखता है। किसी को बेवकूफ कह दो तो वह और ज्यादा बेवकूफी का तर्क देते हुए कहेगा 'हम बेवकूफ न हैं।' अगर बहुत उदारता में अपने को बेवकूफ मान भी लिया तो इस शर्त के साथ मानेगा कि आप उससे बड़े बेवकूफ़ हैं। ये वे लोग होते हैं,जो अशुद्ध बेवकूफ होते हैं जिनकी बेवकूफी में अक्ल की मिलावट हो जाती है।

शुद्ध बेवकूफ कभी अपने को ज्ञानी कहलाने के फेर में नहीं पड़ता। शुद्ध बेवकूफ पवित्रात्मा होता है। निर्मल। निडर। बेखौफ। वह अशुद्ध बेवकूफों और फर्जी ज्ञानियों की तरह अपने को बेवकूफी से दूर दिखाने के झमेले में नहीं पड़ता। छाती ठोंककर कहता है 'हां भाई हम बेवकूफ हैं।'

-फेसबुक वॉल से

# राज्य के धन के प्रति चाणक्य की संवेदना

मनुष्यः कुरुते तत्तु यन्न शक्यं सुरासुरैः। (मुद्रा राक्षस) मनुष्य जो कर सकता है,वह न देवता के वश की बात है और न असुर ही वह कर सकता है। मनुष्य सृजन भी करता है,किंतु विनाश भी वही करता है। देवता भी उसी में है तो दानव भी उसी में है। मनुष्य की ऐसी पहचान किसने की? महामति चाणक्य ने। ई.पू चौथी शती। वही प्रचंड विद्रोही! चंद्रगुप्त ने देखा था,वह घास को उखाड़ रहा था। चंद्रगुप्त ने पूछा तो बोला- "यह घास मेरे पैर में चुभ गई, मैं भी इसकी जड़ खोदकर मठा डाल दूंगा"। वह वज्र संकल्प-"अब यह शिखा तभी बंधेगी,जब नंद वंश का समूल नाश कर दूंगा"। "आचार्य! अपने पक्ष के अनेक प्रभावशाली व्यक्ति आपका साथ छोड़कर विपक्षियों से जा मिले हैं।" कौटिल्य ने उत्तर दिया - "जो चले गए हैं,वे तो चले ही गए हैं,जो शेष रह गए हैं, वे भी जाना चाहें तो चले जाएं,नंदवंश का विनाश करने के लिए सैकड़ों सेनाओं से भी अधिक बलशाली मेरी बुद्धि ही मेरे साथ बनी रहे।"


डॉ. राजेंद्र रंजन चतुर्वेदी
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

नंद के साम्राज्य को ध्वस्त करके एक नई राष्ट्रीयता का प्रतिपादक। राष्ट्र की अवधारणा का जनक। भारत की राजनैतिक एकता का स्वप्नद्रष्टा और उस स्वप्न को धरती पर साकार करने वाला : जीवन के यथार्थ को इतने स्पष्ट शब्दों में प्रकट कर देने वाला चिंतक! महान मेधावी चाणक्य! वही चाणक्य जिसने सिकंदर के आक्रमण को छोटे-छोटे स्वार्थों से ऊपर उठकर देखा था। सिकंदर के आक्रमण को उसने किसी जनपद,किसी राज्य,किसी जाति,किसी संप्रदाय,किसी वर्ण के संकट की नजर से नहीं देखा,राष्ट्र के संकट के रूप में देखा था और मौर्य साम्राज्य स्थापित किया था। वही चाणक्य जिसने प्रयोजनवाद की प्रतिष्ठा करते हुए कहा था कि न प्रयोजनमंतरा मनुष्यः स्वप्नेऽपि विचेष्टते। प्रयोजन के बिना मनुष्य स्वप्न में भी चेष्टा नहीं करता। वही चाणक्य जिसने अपने अर्थशास्त्र ग्रंथ में लिखा था कि सर्वज्ञता लोकज्ञता। शास्त्रज्ञोऽप्यलोकज्ञो भवेन्मूर्ख तुल्यः (542-54) अर्थात् जो शास्त्र को जानता है,किंतु लोक को नहीं जानता तो वह मूर्ख तुल्य ही है। लोक के संबंध में इतनी बड़ी बात चाणक्य ने क्यों ही कह दी थी? चाणक्य ने बड़े साफ-साफ शब्दों में निर्भय होकर अपनी बात कही थी,बोला - धर्मस्य मूलं अर्थः,अर्थस्य मूलं राज्यः। चाणक्य ने समझाया कि धर्म का मूल अर्थव्यवस्था है। अर्थव्यवस्था का मूल राज्य व्यवस्था है।

धर्म का मूल अर्थ है और अर्थ का मूल राज्य है। यदि अर्थव्यवस्था में कुछ गड्डमड्ड है तो समझ लीजिए कि धर्म के मूल में ही गड़बड़ी है। उसने योगसाधना और यज्ञ यागादि अनुष्ठान (धर्म के उपलक्षण) को धर्म का मूल नहीं बतलाया। धर्मवीर भारती ने कहा था कि पेशावर से पाटलिपुत्र तक का संचालन चाणक्य करते थे,स्वयं झोंपड़ी में रहते थे। चाणक्य के संबंध में ग्रीक-संदर्भ भी हैं,कोई यूनानी विद्वान उनसे मिलने गया तो वे अपनी कुटी में दीपक की रोशनी में कुछ लिख रहे थे। यूनानी विद्वान आया तो वे दीपक को बुझाकर बाहर चांदनी में बैठकर उससे बात करने लगे। यूनानी विद्वान को अचरज हुआ,उसने दीपक को बुझाने का कारण पूछा,तब चाणक्य बोले- राज्य का तेल बिना कारण के खर्च क्यों करूं?और चांदनी का इतना प्रकाश तो है ही कि हम-आप वार्ता कर सकते हैं। राज्य के धन के प्रति ऐसी संवेदना है किसी के मन में?

# राष्ट्रपति पद की गरिमा

हमारे देश की लोकतांत्रिक प्रणाली में राष्ट्रपति सांविधानिक प्रमुख है और वही सरकार का गठनकर्ता एवं प्रधानमंत्री का नियोक्ता होता है। डा.राजेंद्र प्रसाद इस पद से हटने के बाद जब पटना से दिल्ली आए थे तो प्रधानमंत्री पं.जवाहर लाल नेहरू उन्हें एयरपोर्ट पर रिसीव करने गये थे। राजेंद्र बाबू बोले,"आपने क्यों कष्ट किया धूप में?" नेहरू जी ने कहा,"धूप में ताजा होता है आदमी"। हालांकि आजकल काफी दिन से इस पद की गरिमा गिरी हुइ प्रतीत हो रही है। ताजा उदाहरण लालकृष्ण आडवाणी को 'भारत रत्न' अलंकरण प्रदान करने के समय का परिदृश्य है। 96 वर्षीय आडवाणी को द्रौपदी मुर्मू जी खड़े होकर तत्संबंधी उपकरण प्रदान कर रही हैं और वहीं सम्मानित हो रही विभूति के बगल में प्रधानमंत्री बैठे-बैठे तालियां बजा रहे हैं। आडवाणी जी तो 96 वर्ष के हैं और उनके बैठे रहने पर कोई सवाल नहीं कर सकता,किंतु प्रधानमंत्री भी न खड़े हो सकें,यह समझ से परे है। विगत जनवरी में अयोध्या के राम मंदिर का प्राण प्रतिष्ठा समारोह एक भारी भरकम राष्ट्रीय पर्व के रूप में मनाया गया जिसमें पूरा फोकस प्रधानमंत्री पर रहा,राष्ट्रपति को इस उत्सव से दरकिनार रखा गया। ऐसा ही नव निर्मित संसद भवन के उद्घाटन के समय भी हुआ। बातें अभी और भी हैं। दिल्ली के एक मंदिर में उन्हें (मुर्मू जी को) गर्भ गृह में प्रवेश नहीं करने दिया गया था,जबकि उससे कुछ पहले एक केंद्रीय मंत्री ने वहीं गर्भ गृह में अनुष्ठान किया था।


रघोत्तम शुक्ला
सेवानिवृत्त पीसीएस

द्रौपदी मुर्मू के राष्ट्रपति पद पर चयनित होने पर कांग्रेसी नेता अधीर रंजन चौधरी ने बड़ी धृष्टता के साथ उन्हें 'राष्ट्रपत्नी' कहा था। इसके पहले वाले राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद को भी नए संसद भवन के भूमि पूजन कार्यक्रम में शामिल नहीं किया गया था। पद से हटने के पद कोविंद को 'एक देश एक चुनाव' समिति का अध्यक्ष बनाया गया है। यह कैसी विसंगति है? कभी सरकार का शीर्षस्थ रहा व्यक्ति अब उसी सरकार को अपनी आख्याएं प्रेषित कर रहा है और करेगा। मेरे ख्याल से राष्ट्र की जनतांत्रिक प्रणाली के मूर्धन्य पद की गिरती गरिमा को तुरंत रोककर पुनर्स्थापित किया जाना चाहिए।

# रिकार्ड मतों से जीते नानाजी देशमुख , सबसे कम मतों से हारे अटल


## कांग्रेस की सुभद्रा जोशी ने जनसंघ के अटल बिहारी को था हराया


## भाजपा के सत्यदेव सिंह को रिजवान जहीर तथा सपा के रिजवान जहीर को बृजभूषण ने हैट्रिक बनाने से था रोका

लालजी सिंह, बलरामपुर

**अमृत विचारः** भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई तथा राष्ट्र ऋषि नानाजी देशमुख के नाम बलरामपुर लोकसभा चुनाव क्षेत्र से सबसे कम तथा सबसे अधिक मतों से हारने जीतने का रिकॉर्ड आज भी कायम है । जनसंघ के अटल जी को कांग्रेस की सुभद्रा जोशी ने 1962 में सबसे कम मतों से हराया था। जनसंघ के नानाजी देशमुख ने बलरामपुर राज परिवार की कांग्रेस उम्मीदवार महारानी राजलक्ष्मी को सबसे अधिक मतों से चुनाव हराया था ।

बात करते है 1957 के लोकसभा चुनाव से। इस चुनाव में जनसंघ उम्मीदवार अटल बिहारी वाजपेई बलरामपुर के साथ-साथ लखनऊ और मथुरा से भी लोकसभा का चुनाव लड़ रहे थे । बलरामपुर से उनको जीत मिली जबकि लखनऊ और मथुरा में वह चुनाव हार गए । उन्हें भारतीय संसद में पहली बार पहुंचने का मौका बलरामपुर संसदीय क्षेत्र से ही मिला । वर्ष 1962 में जनसंघ के अटल बिहारी वाजपेई को कांग्रेस उम्मीदवार सुभद्रा जोशी ने चुनौती दी। इस चुनाव में सुभद्रा जोशी को 1,02,260 मत मिले । जबकि अटल बिहारी वाजपेई को 100208 मतों पर संतोष करना पड़ा । अटल बिहारी वाजपेई को इस चुनाव में मात्र 2052 मतों से हार का मुंह देखना पड़ा । हालांकि इसका बदला अटल बिहारी वाजपेई ने 1967 के लोकसभा चुनाव में कांग्रेस की सुभद्रा जोशी को 32,000 मतों से पराजित कर ले लिया। 1971 में इस सीट पर कांग्रेस के चंद्रभाल मणि तिवारी ने जनसंघ के प्रताप नारायण मिश्र को करीब 5000 मतों से हरा दिया था।1977 का लोकसभा चुनाव काफी रोचक रहा। इंदिरा गांधी की इमरजेंसी के बाद हुए चुनाव में जनसंघ ने बलरामपुर लोकसभा सीट पर नानाजी देशमुख को अपना उम्मीदवार बनाया। कांग्रेस ने उनके सामने बलरामपुर राज परिवार की महारानी राज लक्ष्मी को उतारा। पूरे देश में कांग्रेस के खिलाफ उठी लहर को महारानी भी अपने पक्ष में नहीं कर पाईं। नाना जी देशमुख को इस चुनाव में 2,17,254 मत मिले जबकि महारानी राज लक्ष्मी को 1,03,248 मतों से ही संतोष करना पड़ा। नाना जी को सर्वाधिक 1,14,006 मतों से जीत मिली। 1980 के लोकसभा चुनाव में एक बार फिर कांग्रेस प्रत्याशी चंद्रभाल मणि तिवारी ने जनता पार्टी के शारदा प्रसाद द्विवेदी को करीब 21000 मतों से पराजित कर दिया ।1984 में कांग्रेस के प्रत्याशी दीपनरायन वन ने निर्दलीय उम्मीदवार फलजुल बारी को लगभग 9000 मतों से चुनाव हराया। वर्ष 1989 में भाजपा के सत्यदेव सिंह को निर्दलीय उम्मीदवार फसीउर् रहमान उर्फ मुन्नन खान करीब 20000 मतों से चुनाव हरा दिया। और इस सीट पर पहली बार किसी निर्दल उम्मीदवार को सांसद बनने का मौका मिला। 1991 के लोकसभा चुनाव में भाजपा के सत्यदेव सिंह ने जनता पार्टी के सैयद मुजफ्फर हुसैन को करीब एक लाख मतों से चुनाव हराया। 1996 में भी सत्यदेव सिंह ने जीत का सिलसिला जारी रखा। उन्होंने सपा के अकबाल हुसैन को करीब 60,000 मतों से पराजित किया। 1998 में सपा प्रत्याशी रिजवान जहीर ने भाजपा के सत्यदेव सिंह को हैट्रिक बनाने से रोक दिया और रिजवान जहीर करीब 57000 से चुनाव जीतकर सांसद बने ।1999 में भी रिजवान जहीर ने सपा प्रत्याशी के रूप में अपने जीत का सिलसिला जारी रखा और भाजपा के कुशल तिवारी को करीब 20000 मतों से चुनाव हराया। वर्ष 2004 के लोकसभा चुनाव में भाजपा ने बलरामपुर सीट से गोंडा के बृजभूषण शरण सिंह को मैदान में उतारा। बृजभूषण ने रिजवान जहीर की हैट्रिक रोकी और उन्हें करीब 52000 मतों से हराकर जीत दर्ज की।





### वर्ष 2009 में खत्म हो गया था बलरामपुर लोकसभा का अस्तित्व

2009 के परिसीमन में बलरामपुर लोकसभा का अस्तित्व ही खत्म हो गया। चुनाव आयोग ने बलरामपुर जिले के तीन तथा श्रावस्ती जिले की दो विधानसभाओं को मिलाकर श्रावस्ती नाम से नया लोकसभा क्षेत्र बनाया। इस लोकसभा क्षेत्र से पहली बार कांग्रेस के डॉक्टर विनय कुमार पांडे को सांसद बनने का मौका मिला। वर्ष 2014 में भाजपा के दद्दन मिश्रा ने सपा के माफिया आतिक अहमद को हराकर चुनाव जीत लिया ।वर्ष 2019 में सपा बसपा गठबंधन के बसपा प्रत्याशी राम शिरोमणि वर्मा ने भाजपा के दद्दन मिश्रा को करीब 5000 मतों से चुनाव हराकर यह सीट बसपा की झोली में डाल दी।

**अतीत के झरोखे से**

## गोंडा-बलरामपुर की चीनी की मिठास में घुली जौनपुर की पीढ़ी

## जौनपुर छोड़ यहीं के हो गए सत्यदेव सिंह व उनका पूरा परिवार

अरुण कुमार मिश्र, गोंडा

**अमृत विचारः** फर्राटेदार हिंदी और अंग्रेजी का ज्ञान, किसी प्रोफेसर की तरह वक्तव्य, देश विदेश की राजनीति व वहां की सामाजिक व्यवस्था का बारीकी ज्ञान रखने वाले सत्यदेव सिंह शायद ही किसी को विस्मृत हुए हों। नपी तुली भाषा व अपनी बात का लोहा मनवाना उनके लिए आम बात थी।

बलरामपुर चीनी मिल यूनिट के तुलसीपुर इकाई में महाप्रबंधक के पद पर कार्यरत सत्यदेव सिंह अपने पिता बाबू राजपति सिंह का हाथ पकड़कर जौनपुर से गोंडा आ गए। जौनपुर जिले के दरवेशपुर गांव के रहने वाले सत्यदेव सिंह ने अपनी पढ़ाई के दौरान ही छात्र राजनीति को आगे बढ़ाने का काम किया। वर्ष 1970 में वह जौनपुर से गोंडा आए और 1977 में ही उनकी राजनीतिक सक्रियता के चलते जनता पार्टी ने गोंडा से टिकट दे दिया और सत्यदेव सिंह ने लोकसभा का यह चुनाव भारी मतों से जीत लिया।

सत्यदेव सिंह का जन्म पूर्वांचल के जौनपुर के दरवेशपुर गांव में हुआ था। वे पिता राजपती सिंह के साथ वह भी गोंडा आ गए। पढ़ाई लिखाई के साथ उन्होंने राजनीति में कदम रखा। 1975 के आपात काल के बाद पूरे देश में चली कांग्रेस विरोधी लहर में वह भी शामिल हो गए। उनकी सक्रियता को देखते हुए जनता पार्टी ने उन्हें गोंडा लोकसभा सीट से टिकट दे दिया। कांग्रेस विरोधी लहर में सत्यदेव सिंह ने कांग्रेस से सांसद रहे मनकापुर राजघराने के कुंवर आनंद सिंह को मात देकर चुनाव जीत लिया। सत्यदेव सिंह ने 71273 के भारी अंतर से आनंद सिंह को परास्त किया था।

उनकी राजनीतिक सक्रियता, सोच व विचार को देखते हुए 1980-85 तक उन्हें भारतीय जनता पार्टी के युवा संगठन भारतीय जनता युवा मोर्चा का राष्ट्रीय अध्यक्ष बना दिया गया। इसके बाद उन्होंने मुड़कर नहीं देखा। एक बार भाजपा की बागडोर थामी तो वह अपने अंतिम समय तक भाजपा, संघ के होकर रह गए। कुशल वक्ता होने के साथ ही वह प्रखर विद्वान थे।

1990 में राम मंदिर आंदोलन में सक्रिय रहे और पार्टी ने उन्हें 1991 में बलरामपुर से चुनाव लड़ाया। वह भाजपा के टिकट पर बलरामपुर सीट से चुनाव जीतने में सफल रहे। इसके बाद 1996 में भी वह भाजपा के टिकट पर चुनाव जीतने में सफल रहे। जौनपुर से आकर गोंडा बलरामपुर की राजनीति में घुलने के कारण उनका परिवार भी राजनीति से जुड़ गया। उनकी पत्नी सरोज रानी सिंह भी गोंडा और बलरामपुर से जिला पंचायत अध्यक्ष रह चुकी हैं।

सत्यदेव सिंह एक संभ्रांत परिवार से थे। वह तीन भाई थे। उनके एक भाई आईएएस तो दूसरे बैंक के अधिकारी रहे। राजनीतिक रूप से अपने अंत समय तक वह सक्रिय रहे लेकिन कोरोना जैसी महामारी ने पहले उनकी पत्नी सरोज रानी सिंह उसके बाद सत्यदेव सिंह को निगल लिया।

### सत्यदेव की मांग पर बना था देवीपाटन मंडल व बलरामपुर जिला

वर्ष 1997 में गोंडा से कटकर बलरामपुर जिला बन गया और गोंडा को मंडल मुख्यालय बनाकर देवीपाटन कमिश्नरी का नाम रखा गया। 1997 में सत्यदेव सिंह बलरामपुर के सांसद थे और प्रदेश भाजपा के महामंत्री थे। उनकी मांग पर मंडल मुख्यालय और बलरामपुर जिला अस्तित्व में आया था।



सत्यदेव सिंह

### गोंडा उत्तरी, पश्चिमी व पूर्वी के रूप में बंटा था लोकसभा क्षेत्र

गोंडा लोकसभा के लिहाज से तीन क्षेत्रों में बंटा था। गोंडा उत्तरी से चौधरी हैदर हुसैन, गोंडा पश्चिमी से शंकुतला नायर तथा गोंडा पूर्वी जिसमें बस्ती का कुछ भाग शामिल था। वहां से केशवदेव मालवीय ने पहला चुनाव जीता था। गोंडा उत्तरी में बलरामपुर व गोंडा का कुछ भाग शामिल था। यहां से चौधरी हैदर हुसैन कांग्रेस से चुनाव जीते थे। गोंडा पश्चिमी से जो आज कैसरगंज है वहां से हिंदू महासभा की शकुंतला नायर ने चुनाव जीता था जबकि गोंडा का पूवी एरिया जिसमें मनकापुर, छपिया व नवाबगंज सहित अन्य भाग तथा बस्ती का कुछ भाग मिलाकर क्षेत्र बना था वहां से केशवदेव मालवीय चुनाव जीते थे।

### एक बार गोंडा तथा दो बार बलरामपुर से हुए सांसद

### बलरामपुर सीट

| | | |
|---|---|---|
| चौधरी हैदर हुसैन | 1952 | कांग्रेस |
| अटल बिहारी बाजपेयी | 1957 | जनसंघ |
| सुभद्रा जोशी | 1962 | कांग्रेस |
| अटल बिहारी बाजपेयी | 1967 | जनसंघ |
| चंद्रभाल मणि तिवारी | 1971 | कांग्रेस |
| नाना जी देशमुख | 1977 | जनसंघ |
| चंद्रभाल मणि तिवारी | 1980 | कांग्रेस |
| दीप नरायन वन | 1984 | कांग्रेस |
| फसीउर्रहमान मुन्नन खां | 1989 | निर्दल |
| सत्यदेव सिंह | 1991 | भाजपा |
| सत्यदेव सिंह | 1996 | भाजपा |
| रिजवान जहीर | 1998 | सपा |
| रिजवान जहीर | 1999 | सपा |
| बृजभूषण शरण सिंह | 2004 | भाजपा |
| विनय कुमार पांडेय | 2009 | कांग्रेस |
| दद्दन मिश्रा | 2014 | भाजपा |
| राम शिरोमणि वर्मा | 2019 | बसपा |

# भाजपा की चुनौती आसान करेगा तीसरा मोर्चा

## 25 सीटों पर लोकसभा चुनाव में कांग्रेस व सपा की बाजी पलटने में सक्षम है ओवैसी-पल्लवी की जोड़ी

## सपा को विधानसभा चुनाव में कई सीटों पर हारने से लेकर माहौल बिगाड़ने की वजह थी एआईएमआईएम

## अखिलेश पर हमलावर ओवैसी साध रहे मुस्लिम वोट बैंक, इंडिया गठबंधन ठहरा रही भाजपा की बी टीम

धीरेंद्र सिंह, लखनऊ

**अमृत विचारः** लोकसभा चुनाव में विपक्ष का विखराव भाजपा की चुनौती आसान कर सकता है। खासकर हाल ही में बना तीसरा मोर्चा, जिसमें छोटी-छोटी चार पार्टियां हैं, लेकिन प्रदेश में पूरब से मध्य और पश्चिम तक 25 सीटों पर ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहाद-उल मुस्लिमीन (एआईएमआईएम) प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी और अपना दल (कमेरावादी) की पल्लवी पटेल की जोड़ी असरदार दिख रही है। ओवैसी का असर प्रदेश में हुए विधानसभा चुनाव में सपा पहले ही भुगत चुकी है, जबकि बिहार और महाराष्ट्र में उलटफेर समेत कई राज्यों में महागठबंधन को नुकसान उठाना पड़ा था।

असदुद्दीन ओवैसी जब से उत्तर-प्रदेश में सक्रिय हुए हैं, तब से अखिलेश यादव की मुश्किलें बढ़ गई हैं। वे न सिर्फ मुस्लिमों को वोट बैंक समझने वाली पार्टियों की पोल खोलकर माहौल बिगाड़ रहे हैं, वरन माफिया डॉन मुख्तार अंसारी के घर जाने से लेकर कई मौकों पर मुसलमानों को अपने बीच का प्रतिनिधि चुनने का नारा बुलंद करते दिखते हैं। लोकसभा चुनाव में उनकी पूरी तैयारी थी कि बसपा के साथ गठबंधन करके इंडिया गठबंधन (कांग्रेस, सपा, राष्ट्रीय जनता दल, टीएमसी आदि) को उत्तर-प्रदेश, बिहार, राजस्थान, मध्यप्रदेश, पंजाब, हरियाणा, महाराष्ट्र आदि राज्यों को चुनौती पेश की जाए। लेकिन, मायावती से बात नहीं बनीं, जबकि इंडिया गठबंधन का हिस्सा बनने की उनकी कोशिश भी नाकाम रही। अलबत्ता अखिलेश समेत कई नेताओं ने उन्हें भाजपा की बी टीम ठहरा कर अछूत बना दिया।

यही हाल राज्य सभा चुनाव में सपा को वोट देने के बावजूद भी अखिलेश यादव के आंख से उतर चुकीं अपना दल (कमेरावादी) की पल्लवी पटेल का रहा। अंततः ओवैसी और पल्लवी ने एक साथ आकर पीडीए के जवाब में पीडीएम (पिछड़ा, दलित, मुसलमान) न्याय मोर्चा बनाकर 40 सीटों पर प्रत्याशी उतारने की रणनीति से इंडिया गठबंधन का खेल बिगाड़ने में जुट गए हैं। उनके साथ नए मोर्चे में बाबूराम पाल की राष्ट्रीय उदय पार्टी, प्रेमचंद बिंद की प्रगतिशील मानव समाज पार्टी भी शामिल है।



प्रदेश में कुल मुस्लिम आबादी 19.3 फीसदी (3.84 करोड़) है. इसमें पश्चिमी उत्तर प्रदेश, रुहेलखंड और पूर्वी उत्तर प्रदेश के कुछ इलाकों में मुसलमानों की मजबूत उपस्थिति है। प्रदेश में 30 फीसदी से ज्यादा मुस्लिम आबादी वाली 21 लोकसभा सीटें हैं। इसमें खासतौर पर सहारनपुर, मेरठ, कैराना, बिजनौर, अमरोहा, मुरादाबाद, रामपुर, संभल, बुलंदशहर, अलीगढ़, घोसी और गाजीपुर है। लेकिन 20 से 30 फीसदी मुस्लिम वोटर वाली सीटों की संख्या जोड़ दें तो, आंकड़ा कुल 80 सीटों में 65 सीटों तक पहुंचेगा। अपना दल कमेरावादी पार्टी का असर भी पूरब से मध्य उप्र. के कई जिलों में है। पल्लवी पटेल सपा के साथ कौशांबी की सिराथू विधानसभा क्षेत्र से पिछली बार उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य को हराकर असर दिखा चुकी है। इस दौरान 'मिले मुलायम-सोनेलाल' यानी यादव और कुर्मी के साथ पोस्टर के जरिए सियासी संदेश दिया गया था। प्रदेश में ओबीसी का सबसे बड़ा हिस्सा इन्हीं दो जातियों का है।

### अखिलेश को ओवैसी दे चुके हैं तगड़ा झटका

- **– ऑल इंडिया मजलिस–ए–इत्तेहाद–उल मुस्लिमीन** (एआईएमआईएम) प्रमुख असदुद्दीन ओवैशी बीते विधानसभा चुनाव में सपा प्रमुख अखिलेश के सत्ता में आने का सपना तोड़ने में सबसे आगे थे। 95 सीटों पर प्रत्याशी उतारकर 4 .5 लाख वोट हासिल किए, जिसमें सात विधानसभा सीटों पर 10 हजार से ज्यादा वोट मिलने से सपा जीती हुई बाजी हार गई थी। इन सीटों पर सपा की भाजपा से हार का अंतर 217 वोट से 1647 वोट तक का था। इसके पहले 2017 में ओवैसी ने पहली बार प्रदेश में 38 सीटों पर प्रत्याशी उतारकर 2 .05 लाख वोट हासिल किए थे। चुनाव–दर–चुनाव दूना हो रहा ओवैसी का वोट बैंक इसबार लोकसभा चुनाव में पीडीएम न्याय मोर्चा से जितना असर दिखाएगा, उतना की करारा झटका इंडिया गठबंधन को लगना तय है।

### यह है मुस्लिम वोटिंग पैटर्न

- सीएसडीएस के मुताबिक साल 2019 के लोकसभा में उप्र में मुस्लिम वोटिंग कांग्रेस को 14 फीसदी, भाजपा को 8 फीसदी, सपा व बसपा गठबंधन को 73 फीसदी और अन्य के खाते में 5 फीसदी थी। वहीं साल 2014 में कांग्रेस को 11 फीसदी, भाजपा को 10 फीसदी, बसपा को 18 फीसदी और सपा को 58 फीसदी मुस्लिम वोट गए थे। हालांकि विधानसभा चुनाव 2017 में ओवैसी की पार्टी 38 सीटों पर लड़ी थी, जिसमें 37 पर जमानत जब्त हो गई थी। उसे कुल 2 .46 फीसदी वोट मिले। साल 2022 के विधानसभा चुनाव में ओवैसी ने 95 सीटों पर चुनाव लड़ाया और सभी पर प्रत्याशियों की जमानत जब्त हो गई, मगर 2 .01 फीसदी वोट मिले।

### ऐसे अप्रत्यक्ष तौर पर भाजपा की मददगार रही ओवैसी की पार्टी

| सीट का नाम | भाजपा को वोट | रालोद को वोट | सपा को वोट | बसपा को वोट | ओवैसी की पार्टी को वोट | जीत का अंतर |
|---|---|---|---|---|---|---|
| बिजनौर | 97,165 | 95,720 | गठबंधन में सीट रालोद को | 52,035 | 2,290 | 1,445 |
| नकुड़ | 1,04,114 | गठबंधन में सीट सपा को | 1,03,799 | 55,112 | 3,593 | 315 |
| कुर्सी | 1,18,720 | गठबंधन में सीट सपा को | 1,18,503 | 35,561 | 8,541 | 217 |
| सुल्तानपुर | 92,715 | गठबंधन में सीट सपा को | 91,706 | 22,521 | 5,251 | 1,009 |
| औराई | 93,691 | गठबंधन में सीट सपा को | 92,044 | 28,413 | 2,190 | 1,647 |
| शाहगंज | 87,233 (निषाद पार्टी के साथ) | गठबंधन में सीट सपा को | 86,514 | 48,957 | 8,128 | 719 |
| मुरादाबाद नगर | 1,48,384 | गठबंधन में सीट सपा को | 1,47,602 | 14,013 | 2,261 | 782 |


## पहली बार मैदान में नहीं होगा कांग्रेस का प्रत्याशी

# पं. जवाहर लाल नेहरू कर चुके हैं मछलीशहर का प्रतिनिधित्व

जौनपुर

उत्तर प्रदेश में जौनपुर जिले की मछलीशहर लोकसभा सीट का गठन 1962 में हुआ था,इससे पहले 1952 के चुनाव में यह क्षेत्र फूलपुर लोकसभा क्षेत्र में था, यहीं से उस समय पंडित जवाहर लाल नेहरू पहला चुनाव जीतकर देश के प्रधानमंत्री मंत्री बने थे।

इस सीट पर चार बार कांग्रेस का परचम लहरा चुका है जबकि एक बार भारतीय लोकदल, तीन बार जनता दल, तीन बार भाजपा , दो बार सपा और एक बार बीएसपी के सांसद चुने गये हैं। मछलीशहर में 1962 के लोकसभा चुनाव में कांग्रेस के गनपतराम सांसद चुने गये थे। 1967 और 1971 में कांग्रेस के ही स्वतंत्रता संग्राम सेनानी पंडित नागेश्वर द्विवेदी सांसद बने थे। 1977 में भारतीय लोकदल के टिकट पर राजकेशर सिंह सांसद चुने गये थे। 1980 शिव शरण वर्मा जनता पार्टी से सांसद बने थे। 1984 के चुनाव में श्रीपति मिश्रा ने कांग्रेस का पुनः परचम लहराया था, 1989 चुनाव में पूर्व सांसद शिवशरण वर्मा ने पुनः यह सीट कांग्रेस से छीनकर जनतादल की झोली में डाल दिया था और 1991 के चुनाव में जनता दल से ही शिवशरण वर्मा पुनः सांसद बने थे। 1996 के चुनाव में इस सीट पर भाजपा के डॉ राम विलास वेदांती सांसद चुने गये । वर्ष 1998 में भाजपा के स्वामी चिन्मयानंद एमपी बने थे। 1999 के चुनाव में सपा प्रत्याशी सी एन सिंह सांसद बने थे। 2004 आम चुनाव में बसपा के बाहुबली उमाकांत यादव जेल रहते हुए भारतीय जनता पार्टी के कद्दावर नेता पंडित केसरी नाथ त्रिपाठी को हराकर सांसद बने थे।



2009 में सपा प्रत्याशी तूफानी सरोज सांसद चुने गये। 2014 चुनाव में मोदी लहर के दौरान एक बार फिर बीजेपी के रामचरित निषाद सांसद चुने गये थे और 2019 में यहां से भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी बीपी सरोज बहुजन समाज पार्टी के प्रत्याशी टी राम को मात्र 181 मतों से पराजित कर सांसद चुने गए हैं।

मौजूदा लोकसभा चुनाव में अभी तक मछलीशहर सुरक्षित लोकसभा क्षेत्र से किसी भी पार्टी ने अपने प्रत्याशी के नाम की घोषणा नहीं की है। 1984 के चुनाव के बाद आज तक 40 वर्ष हो रहे हैं कांग्रेस पार्टी का पहली बार यहां से प्रत्याशी चुनाव नहीं लड़ेगा, इस बार कांग्रेस का चुनाव चिन्ह इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन पर नहीं रहेगा। क्योंकि यह सीट चुनावी समझौते में समाजवादी पार्टी के खाते में गई है।

**तैयारी जीत की** — लोस चुनाव को लेकर दोनों ही दलों ने गीतों के जरिए मतदाताओं को लुभाने की तैयारी

# राजनीतिक बयानबाजी ही नहीं, पार्टियों के बीच सॉन्ग–वार भी

## एनडीए का गीत - सपने नहीं हकीकत को बुनते हैं, तभी तो सब मोदी को चुनते हैं

## सपा-कांग्रेस गठबंधन का गीत- दिल्ली में प्रवेश की खातिर ये इंडिया का गठबंधन है

अजय दयाल, लखनऊ

**अमृत विचारः** हर चुनाव की तरह इस बार भी राजनीतिक दलों के बीच 'सॉन्ग-वार' चल रही है। उत्तर प्रदेश में भाजपा गठबंधन के मुकाबले सपा-कांग्रेस गठबंधन के बीच गीत-संगीत के माध्यम से भी आरोप-प्रत्यारोपों का सिलसिला है। इन गीतों में अपने-अपने दलों की उपलब्धियों का बखान करने के साथ दूसरे दलों की खामियां निकाल कर आमजन को रिझाने का प्रयास है। इस तरह के म्यूजिक एल्बम अलग-अलग क्षेत्रों में प्रचलित भाषा के मद्देनजर भी बनवाए जा रहे हैं। इसके लिए पार्टियों में एक अलग फंड की भी व्यवस्था है।

रोचक यह कि एक पार्टी अगर कोई गाना बनवा कर दूसरे पर हमला करती है तो दूसरा दल भी उसी तर्ज पर गीत के जरिए ही जवाब देने को आगे आ जाता है। यानि एक-दूसरे पर सोशल मीडिया से तीखी बयानबाजियां और मंच से भाषण देने के अलवा गीत-संगीत से भी हमला किया जा रहा है।

उदाहरण देखें तो सपा-कांग्रेस गठबंधन का पिछले दिनों थीम सॉन्ग लांच हुआ। इसमें इंडिया गठबंधन का बखान करते हुए गाने के बोल कुछ इस तरह हैं-

**गठबंधन है, गठबंधन है ये इंडिया का गठबंधन है,**

**दिल्ली में प्रवेश की खातिर, राहुल और अखिलेश की खातिर**

वहीं, इससे पहले खुद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भाजपा का चुनावी थीम सॉन्ग जारी किया था। यह गीत कुछ इस तरह है-

**जन–जन की आंखों के सपने लेकर चले, उम्मीदों को देखो कैसे नये पंख मिले।**

**तीन रंग में रंगा तिरंगा शान से लहराया, भारत मां के माथे पर फिर से मुकुट सजाया।।**

दोनों ही दलों के गीत बकायदा वीडियोज आधारित भी हैं जिसमें इन दलों से जुड़े नेताओं की वीडियो क्लिपिंग्स को दर्शाया गया है। हालांकि भाजपा ने अन्य दलों के मुकाबले इस गीत-संगीत वाले प्रचार में भी बाजी मार रखी है। लोस चुनाव के मद्देनजर भाजपा कुछ और गाने कान में पड़ रहे हैं-

**बढ़ना हर उम्मीद के पार, नई भारत की यही पुकार,एक बार फिर मोदी सरकार...**

एक गीत मैं मोदी का परिवार हूं पर भी आधारित है। दूसरी ओर समाजवादी पार्टी भी एक वीडियो गीत को लेकर सत्तापक्ष के सांसदों को कटघरे में खड़ा कर रही है। यह गाना कुछ इस तरह है—

**हाजिर हों, हाजिर हों सांसद जी हाजिर हों,**

**पांच साल दें हिसाब, क्षेत्र को क्या दिया दें जवाब।**

बहरहाल, इन्हीं चुनावी गीतों, म्यूजिक एल्बम के बहाने स्थानीय कलाकारों को भी कमाई करने का भी अवसर मिल रहा है। बकायदा किसी-किसी को पूरे लोकसभा चुनाव का ही कॉन्ट्रेक्ट मिल रहा है।



### चुनाव आयोग की भी है नजर

चुनावी गीत हों या ऐसे म्यूजिक एल्बम, चुनाव आयोग की आदर्श आचार संहिता के तहत इन पर भी पैनी नजर है। बीते दिनों राजस्थान दिवस के मौके पर पर्यटन विभाग की ओर से एक सांस्कृतिक कार्यक्रम हुआ। इस कार्यक्रम के दौरान लोक कलाकारों ने एक निर्दलीय लोस उम्मीदवार की तारीफ करते गीत गाया। चूंकि कार्यक्रम सरकारी था, इसलिए मामला आचार संहिता के उल्लंघन का बना।

### फिर उसी कलाकार को मौका

पिछले लोकसभा चुनाव में नरेन्द्र मोदी पर राहुल गांधी चौकीदार शब्दावली को लेकर हमलावर थे। उस वक्त भाजपा की ओर से जवाब में, मैं भी चौकीदार गाने को अभियान की तरह सामने लाया गया। यह गीत मोदी के समर्थन में माहौल बनाने में काफी सहायक माना गया। इस बार के चुनाव में उसी कलाकार को मोदी का परिवार शीर्षक गीत का जिम्मा दिया गया है।

## एक नजर

### 181.57 लाख रुपये कीमत की मदिरा, ड्रग व नकदी जब्त

अमृत विचार, लखनऊ : आदर्श आचार संहिता के अनुपालन में हो रही कार्रवाई के तहत 181.57 लाख रुपये कीमत की मदिरा, ड्रग व नकदी जब्त की गई। मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि प्रदेश में प्रवर्तन एजेन्सियों व उड़नदस्तों की ओर से निर्वाचन आयोग के निर्देशों का कड़ाई से अनुपालन किया जा रहा है। आबकारी, आयकर, पुलिस, नार्कोटिक्स विभाग व अन्य प्रवर्तन एजेंसियों की ओर से एक मार्च से तीन अप्रैल तक कुल 108.08 करोड़ रुपये कीमत की मदिरा, ड्रग, बहुमूल्य धातुएं, मुफ्त उपहार व नगदी आदि जब्त किये गये हैं। वहीं अब तक 64,97,283 प्रचार-प्रसार सामग्री हटाई गई। इसमें सार्वजनिक स्थानों से 39,33,973 व निजी स्थानों से 25,63,310 प्रचार-प्रसार सामग्री हटाई गई।

# नंबर बढ़ाने के प्रलोभन से बचें विद्यार्थी व अभिभावक

## यूपी बोर्ड परीक्षा परिणाम को लेकर अलर्ट जारी, परीक्षाफल आने के पहले बिचौलिये सक्रिय

कार्यालय संवाददाता लखनऊ

अमृत विचार: माध्यमिक शिक्षा परिषद की ओर से बोर्ड परीक्षा 10वीं व 12वीं का परिणाम जारी करने के तैयारी चल रही है। इसी बीच बिचौलिए भी सक्रिय हैं। बिचौलियों व दलालों को लेकर आये दिन माध्यमिक शिक्षा परिषद के अधिकारियों को शिकायतें मिल रही हैं। शिकायत यह भी कि दलालों की ओर से अभिभावकों को उनके बच्चे के नंबर बढ़वाने का प्रलोभन दिया जा रहा है। शिकायतों का संज्ञान लेते हुए माध्यमिक शिक्षा परिषद सचिव दिव्यकांत शुक्ला ने पत्र जारी का सभी को अलर्ट किया है।

▸▸ ठगों के खिलाफ दर्ज कराई गई थी प्राथमिकी

सचिव ने कहा कि वर्ष 2024 की हाईस्कूल एवं इण्टरमीडिएट परीक्षा में शामिल हुए छात्र-छात्राओं के अंक बढ़ाने तथा उन्हें फेल से पास कराने का प्रलोभन देकर कुछ साइबर ठगों द्वारा परीक्षार्थियों एवं उनके अभिभावकों से धन की मांग कर उन्हें ठगने का प्रयास किया जा रहा है।

**डीआईओएस भी दर्ज करायें एफआईआर**

सचिव दिब्यकांत शुक्ला ने कहा कि यदि कोई अभिभावक इस संबंध में डीआईओएस कार्यालय में शिकायत लेकर आता है तो जिला विद्यालय निरीक्षकों को एफआईआर करानी होगी।

बीते वर्षों में भी ऐसी घटनाओं के प्रति जनसामान्य को सचेत करते हुए इस प्रकार की ठगी का प्रयास करने वाले साइबर ठगों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज करायी गयी थी। सचिव ने कहा कि सभी परीक्षार्थियों एवं उनके अभिभावकों को इस बात का ध्यान रखना होगा कि बोर्ड में नंबर बढ़ाने को कोई भी जुगाड़ नहीं चलता है। ऐसा में यदि कोई दलाल उनसे नंबर बढ़वाने के लिए संपर्क करता है तो इसकी सूचना तत्काल अपने जिले के डीआईओएस कार्यालय में दर्ज करायें साथ ही संबंधित थाने की पुलिस को भी इसकी सूचना दी जाये।

**इन बातों का रखें ध्यान**

- बोर्ड की ओर से कभी किसी बच्चे के घर पर फोन नहीं किया जाता।
- यदि फोन पर कोई संपर्क करे तो उसकी शिकायत करें।
- इसके अलावा आस-पास सक्रिय दलाल के झांसे में न आये।
- यदि कोई कोचिंग संचालक प्रलोभन देता है तो भी करें शिकायत।

# बुलंदशहर में गंगा नदी पर पुल बनाने वाली कंपनी पर बैन

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार: बुलंदशहर में गंगा नदी पर निर्माणाधीन पुल के बीम गिरने के मामले में शासन ने कार्रवाई करते हुए निर्माण कार्य करने वाली कंपनी को तीन साल के लिए बैन किया गया है। साथ ही ठेकेदार के खिलाफ एफआईआर के निर्देश दिए गए हैं।

बुलंदशहर से अमरोहा को जोड़ने के लिए नरसेना क्षेत्र के गांव गजरौला में गंगा नदी पर वर्ष 2021 से 83.18 करोड़ की लागत से 1062.65 मीटर लंबे पक्के पुल का निर्माण कार्य हो रहा है। 29 मार्च की रात अचानक

▸▸ शासन से गई जांच टीम की रिपोर्ट पर कार्रवाई एफआईआर का आदेश

पुल के 34 वें पिलर पर डाले गए तीन बीम गिर कर टूट गए थे। इसके बाद कंपनी के ठेकेदार ने घटना को छिपाने के लिए जेसीबी से गड्ढा खोदकर बीम को बालू में दबाने का भी प्रयास किया। मामले में मुख्यमंत्री के निर्देश पर शासन से तीन सदस्यीय जांच टीम भेजी गई। लोक निर्माण विभाग के प्रमुख अभियंता एके अग्रवाल, सेतु निगम के प्रबंध निदेशक धर्मवीर सिंह और लोक निर्माण विभाग के मुख्य अभियंता सदन लाल गुप्ता ने शासन को रिपोर्ट सौंपी है। प्राथमिक जांच रिपोर्ट के आधार पर शासन की ओर से पुल निर्माण कर रही कंपनी मैसर्स एडिकोन कंक्रीट एलएलपी को तीन साल के लिए निविदा प्रक्रिया में भाग लेने से रोकते हुए काली सूची में डाल दिया गया है। साथ ही ठेकेदार के खिलाफ एफआईआर के निर्देश दिए हैं।

जांच रिपोर्ट में नियमों की अनदेखी करते हुए पुल निर्माण की बात कही गई है। इस संबंध में सेतुनिगम के प्रबंध निदेशक धर्मवीर सिंह ने बताया कि एडिकोन कंपनी को तीन साल के लिए बैन किया है और लापरवाही पर एफआईआर भी कराई जा रही है।

# अयोध्या, काशी के बाद अब वृंदावन पर नजर

## सांसद प्रत्याशी हेमा मालिनी के लिए योगी ने किया प्रचार, गिनाईं उपलब्धियां

▸▸ योगी आदित्यनाथ ने मथुरा में विजय संकल्प नामांकन सभा को किया संबोधित

राज्य ब्यूरो, लखनऊ



मथुरा में विजय संकल्प नामांकन सभा के दौरान मुख्यमंत्री योगी व भाजपा प्रत्याशी हेमा मालिनी। अमृत विचार

अमृत विचार: मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि अयोध्या और काशी के बाद अब मथुरा और वृंदावन पर सरकार का पूरा फोकस है। उन्होंने कहा कि मथुरा-वृंदावन में विकास की गति को और तेज किया जाएगा। उन्होंने न्यायालयों में चल रहे मामलों में भी जीत मिलने की उम्मीद जताई। साथ ही कांग्रेस और इंडी गठबंधन के लोगों को चेतावनी भी दी कि मातृ शक्ति का अपमान करने वालों को पूरा देश सबक सिखाने के लिए तैयार है।

मुख्यमंत्री गुरुवार को मथुरा के सेठ बीएन पोद्दार इण्टर कॉलेज मैदान में आयोजित विजय संकल्प नामांकन सभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने वर्तमान सांसद और भाजपा की ओर से लोकसभा प्रत्याशी हेमा मालिनी के पक्ष में प्रचार किया। योगी ने इस अवसर पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 10 साल के कार्यकाल की उपलब्धियां भी गिनाईं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि हमें व्यक्तिगत रूप से कोई पसंद हो न हो, मगर हम कला, संस्कृति और जाति को टार्गेट नहीं कर सकते। अगर कोई ऐसा कर रहा है तो वो अपने लिए खुद गड्ढा खोद रहा है। इस मौके पर मंत्री स्वतंत्र देव सिंह, चौधरी लक्ष्मी नारायण, राज्यसभा सांसद चौधरी तेजवीर सिंह, पार्टी जिलाध्यक्ष निर्भय पांडेयसमेत अन्य नेता, कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### चुनाव और युद्ध को आसान नहीं समझना चाहिए

अमृत विचार, लखनऊ : मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ गुरुवार को गोरखपुर पहुंचे। यहां उन्होंने गोरखपुर, बांसगांव व संतकबीरनगर लोकसभा के लिए भाजपा की चुनाव संचालन समितियों के साथ महत्वपूर्ण बैठक में चुनाव जीतने का मंत्र दिया। यहां मुख्यमंत्री ने कहा कि लगातार तीसरी बार मोदी सरकार बनेगी, इसमें तनिक भी संदेह नहीं है। पर, चुनाव और युद्ध को कभी आसान नहीं समझना चाहिए। इसलिए हमें अति आत्मविश्वास से बचते हुए कार्य करना होगा। गोकुल अतिथि भवन में आयोजित बैठक में योगी आदित्यनाथ ने चुनाव संचालन समिति के जिम्मेदारों से कहा कि इस समय पूरे देश में भाजपा के पक्ष में जबरदस्त माहौल है। लोकसभा चुनाव का परिणाम भी इसी के अनुरूप आएगा। जरूरत बूथ स्तर तक सक्रियता, तत्परता और सजगता की है। बूथ जितना मजबूत होगा, परिणाम भी उतना ही जबरदस्त आएगा। बूथ को जीतना ही चुनाव जीतने का सबसे कारगर फॉर्मूला है। योगी के मुताबिक, सिर्फ आंकड़ों पर विश्वास करके निश्चिंत नहीं बैठना है बल्कि लोकसभा चुनाव में वोट और बूथ केंद्रित व्यवस्था पर अधिक ध्यान देना है। बूथ समिति, पन्ना प्रमुख और सामाजिक टोली भाजपा के लिए सबसे महत्वपूर्ण अंग हैं। उन्होंने कहा, बूथ समिति के पास संबंधित बूथ के एक एक वोटर का ब्योरा होना चाहिए। पन्ना प्रमुखों का उस ब्योरे के अनुरूप मतदाता से व्यक्तिगत संपर्क और संबंध होना चाहिए। हर मतदाता से अधिकाधिक और बारंबार संपर्क होना चाहिए। योगी ने कहा कि चुनाव में महिला मोर्चा के पास भी महत्वपूर्ण जिम्मेदारी है। महिला मोर्चा की पदाधिकारी महिलाओं के बीच जाकर सघन जनसंपर्क करें। इसी तर्ज पर युवाओं के बीच जाने के लिए भाजयुमो की टीम को लगाया जाए। साथ ही योगी ने निर्देश दिया कि, स्थानीय पदाधिकारी और जनप्रतिनिधि मिलकर हर विधानसभा क्षेत्र में टिफिन बैठक करें। इस बैठक में चुनाव को लेकर अब तक हुए कार्य और आगे के कार्यों पर मंथन हो। इस मौके पर गोरखपुर के सांसद रविकिशन, बांसगांव के सांसद कमलेश पासवान, संतकबीरनगर के सांसद प्रवीण निषाद, गोरखपुर के महापौर डॉ मंगलेश श्रीवास्तव, तीनों लोकसभा प्रभारी आदि मौजूद रहे।

## 1.63 लाख बूथों पर मनेगा भाजपा का स्थापना दिवस

अमृत विचार, लखनऊ: भाजपा छह अप्रैल को प्रदेश के सभी 1.63 लाख बूथों पर अपना स्थापना दिवस मनाएगी। गुरुवार को हुई वर्चुअल बैठक में प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी और प्रदेश महामंत्री संगठन धर्मपाल ने स्थापना दिवस कार्यक्रम की तैयारियों की समीक्षा की।

चौधरी ने कहा कि इस बार स्थापना दिवस कार्यक्रम आम चुनाव के बीच में मनाया जा रहा है। इसके माध्यम से आम जनता के बीच जाकर फिर से मोदी की सरकार बनाने के लिए वोट की अपील की जाएगी। धर्मपाल ने कहा कि स्थापना दिवस का कार्यक्रम सभी बूथों पर मनाया जाना है। पार्टी के पदाधिकारी अपने बूथों पर रहकर स्थापना दिवस कार्यक्रम मनायेंगे। इसके बाद बूथों पर घर-घर संपर्क अभियान चलाया जाएगा। पदयात्रा निकालकर भाजपा के पक्ष में मतदान की अपील होगी। लोगों से आग्रह कर उनके घरों पर पार्टी का झंडा लगवाया जाएगा। मोदी सरकार की उपलब्धियों और भाजपा प्रत्याशी के पक्ष में मतदान की अपील से संबंधित हैंडबिल भी बांटे जाएंगे।

कार्यक्रम के प्रदेश संयोजक एवं प्रदेश महामंत्री संजय राय ने बताया कि सभी बूथों पर कार्यक्रम की तैयारियों को पूरा कर लिया गया है। बूथों पर बूथ समिति, पन्ना प्रमुख, स्थानीय कार्यकर्ता और बूथों पर निवास करने वाले प्रदेश, क्षेत्र, ज़िला एवं मण्डल के पदाधिकारी भी उपस्थित रहेंगे।

# बड़े नेता कहेंगे तो मैनपुरी से जरूर लड़ूंगी चुनाव: अपर्णा

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

▸▸ हेमा मालिनी पर सुरजेवाला की टिप्पणी पर कार्रवाई की मांग

▸▸ कहा, महिलाओं का अपमान कांग्रेस के डीएनए में

अमृत विचार: भारतीय जनता पार्टी की नेता और सपा के संस्थापक रहे मुलायम सिंह यादव की बहू अपर्णा यादव ने गुरुवार को मैनपुरी से जेठानी डिंपल यादव के खिलाफ चुनाव लड़ने के सवाल पर कहा कि बड़े नेता कहेंगे तो जरूर लड़ूंगी। राहुल और प्रियंका के अमेठी रायबरेली से चुनाव लड़ने पर कहा कि वे हमेशा झूठ और लोगों को गुमराह करने की बातें करते हैं। ये लड़ने की परिस्थिति में नहीं हैं। अमेठी और रायबरेली भी भाजपा जीतेगी।

भाजपा के राज्य मुख्यालय पर गुरुवार को पत्रकारों से बात करते हुए अपर्णा ने कांग्रेस नेता रणदीप सुरजेवाला द्वारा मथुरा सीट से मौजूदा सांसद और प्रत्याशी हेमा मालिनी के खिलाफ की गई अभद्र टिप्पणी को लेकर जमकर निशाना साधा। कहा कि महिलाओं की अस्मिता और आत्मसम्मान को चोट पहुंचाने का कांग्रेस में पुराना कल्चर है।

महिलाओं का अपमान करना कांग्रेस के डीएनए में है। उन्होंने कहा कि भाजपा नारी का सम्मान करती है, महिला को सशक्त करती है, वहीं, कांग्रेस नेता महिलाओं को लेकर अपमानजनक टिप्पणी कर रहे हैं। हेमा मालिनी पर रणदीप सुरजेवाला की टिप्पणी निंदनीय है। चुनाव आयोग से अपील है कि इनकी टिप्पणी का संज्ञान लेते हुए करवाई हो। कांग्रेस के कई नेता इस तरह के बयान देते आए हैं। सुप्रिया श्रीनेत ने कंगना रनौत पर गलत टिप्पणी की। कांग्रेस आईटी सेल से जुड़े लोगों पर भी महिलाओं के प्रति अपमानजनक व्यवहार के उदाहरण सामने आए हैं।

## सपा ने मेरठ से अतुल प्रधान का टिकट काटा, सुनीता वर्मा ने किया नामांकन

अमृत विचार, लखनऊ: समाजवादी पार्टी ने मेरठ लोकसभा सीट पर बदलाव करते हुए फिर टिकट बदला है। वहां दूसरी बार अपना उम्मीदवार बदलते हुए पार्टी ने नामांकन के अंतिम दिन अतुल प्रधान की जगह पार्टी ने पूर्व महापौर सुनीता वर्मा को प्रत्याशी बना दिया। गुरुवार को सपा के सिंबल के साथ पूर्व विधायक योगेश वर्मा की पत्नी सुनीता ने पर्चा भर दिया है। हालांकि अतुल प्रधान ने भी बुधवार को नामांकन कर दिया था। प्रधान से भी पहले अधिवक्ता भानु प्रताप सिंह को टिकट दिया गया था।

बीती रात अपना टिकट कटने की सूचना मिलते ही प्रधान ने पार्टी छोड़ने तक की चेतावनी दे दी लेकिन पार्टी नेतृत्व के समझाने पर उन्होंने इस निर्णय को स्वीकार कर लिया। गुरुवार को उन्होंने सोशल मीडिया मंच एक्स पर लिखा, जो राष्ट्रीय अध्यक्ष का निर्णय है, वह स्वीकार है।

## छापे डलवाकर भाजपा ने की चंदा वसूली

अमृत विचार, लखनऊ: समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव का आरोप है कि भाजपा ने चुनावी चंदा के नाम पर जमकर वसूली की है। सरकारी एजेंसियों ईडी, सीबीआई और आईटी से छापे डलवाकर डराकर तमाम कम्पनियों से वसूली की गई। उन्होंने कहा कि, कोरोना रोधी वैक्सीन बनाने वाली कम्पनी से भी वसूली कर ली।

सपा प्रमुख ने गुरुवार को यहां जारी एक बयान में कहा कि, भाजपा सरकार में इलेक्टोरल बांड का ऐसा भ्रष्टाचार हुआ है जिसकी कल्पना नहीं की जा सकती है। सरकार दबाव डालकर पैसा वसूलती हो ऐसा कभी नहीं हुआ। जब से भ्रष्टाचार का भंडाफूटा है तब से भाजपा में घबराहट है।

# कश्मीर को भारत में देख बर्दाश्त नहीं कर पाता था

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

▸▸ एटीएस की गिरफ्त में आए अल्ताफ ने खोला राज

▸▸ कारगिल युद्ध के बाद ट्रेनिंग लेने कश्मीर से पाकिस्तान गया था

अमृत विचार। एटीएस गोरखपुर टीम द्वारा की गई कार्रवाई में गिरफ्तार किए गए तीनों आतंकवादी भारत के कश्मीर में ही किसी बड़ी घटना को अंजाम देने के मकसद में पहुंच रहे थे। भारत में इनको कौन संचालित कर रहा था, इसका पता लगाया जा रहा है। एटीएस द्वारा हुई पूछताछ में गिरफ्त में आतंकवादी अल्ताफ ने बताया कि कश्मीर को भारत का हिस्सा देख मैं बर्दाश्त नहीं कर पाता था। इसी वजह से मैं पाकिस्तान में मुजफ्फराबाद कैंप का रुख किया और ट्रेनिंग ली।

पूछताछ के दौरान अल्ताफ ने बताया कि उसका जन्म कश्मीर में हुआ था और कारगिल युद्ध के बाद वह हिजबुल मुजाहिद्दीन के एक मिलिटेंट के साथ जिहाद की ट्रेनिंग लेने के लिए पाकिस्तान चला गया। वह हमेशा से चाहता था कि भारत प्रशासित कश्मीर जल्द पाकिस्तान का हिस्सा बने, इसी उद्देश्य से उसने पाकिस्तान पहुंचकर आईएसआई के निर्देशन में हिजबुल मुजाहिदीन के मुजफ्फराबाद कैंप में प्रशिक्षण लिया था। अल्ताफ ने बताया कि पाकिस्तानी खूफिया एजेंसी आईएसआई, कश्मीर स्थित आतंकी संगठन हिजबुल मुजाहिदीन के साथ मिलकर भारत में आतंक फैलाने के उद्देश्य से भारतीय लोगों को अपनी तंजीम में जोड़ रहे हैं। अल्ताफ हिजबुल मुजाहिदीन का साहित्य पढ़कर तथा अन्य जेहादी संगठनों के अमीर उस्तादों की तकरीरें (भाषण) सुनकर उनसे प्रभावित हुआ। अल्ताफ ने हिजबुल के कैंप में असलहों की ट्रेनिंग की व लंबे समय तक कैंप में रहकर वहां के कमांडरों के दिशा-निर्देशन में काम किया। उसको को एचएम के मुजाहिदों से हिदायत मिली थी कि वह खुफिया तौर से नेपाल के रास्ते जम्मू-कश्मीर में पहुंचे, जहां पर उसे आगे के प्लान के बारे में बताया जायेगा।

**जाली आधार कार्ड उपलब्ध कराया**

अल्ताफ को नेपाल के काठमांडू में ही आईएसआई के हैंडलर के बताए अनुसार नासिर मिला था, जिसने अल्ताफ और गजनफर को जाली भारतीय आधार कार्ड उपलब्ध करवाए और नासिर ने ही इन दोनों को शेख फरेन्दा गांव के रास्ते भारत आने के लिए बताया था। नासिर अली कश्मीर का रहने वाला है और व्हॉट्सअप के जरिए इसका संपर्क पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी आईएसआई के सलीम नाम के व्यक्ति से हुआ था। सलीम ने नासिर को बताया कि तुम्हारे मामू गजनफर के साथ एक और व्यक्ति को पाकिस्तान से भेज रहा है, जो काठमांडू, नेपाल में मिलेंगे, जिन्हें लेकर उसे जम्मू-कश्मीर जाना है।


## वर्ग पहेली-30

**बाएं से दाएं**

4. 1. वह वस्तु जिसपर रंग-बिरंगे बेल-बूटे
5. 1. मुड़ना 2. चक्कर लगाना, घूमना 3. (ज्योतिष) किसी ग्रह का अपने पथ से विचलित होना।
6. अनुमान करने योग्य, जिसे अनुमान से जाना जा सके।
7. 1. साथ रहने वाली स्त्री, साथिन, सहचरी 2. पत्नी, भार्या 3. सखी, सहेली
8. संस्कृत भाषा।
9. 1. माशूक 2. प्रिय, प्रेमी 3. प्रेमपात्र।

**ऊपर से नीचे**

1. बरगद की जाति का एक प्रसिद्ध वृक्ष।
2. समुद्र तट पर पानी के ऊपर बना लकड़ी का वह चबूतरा या स्थान जहां जहाज़ों पर माल लादा और उतारा जाता है।
3. 1. बेसुध 2. अचेत, बेख़बर, संज्ञाहीन 3. दुर्दशाग्रस्त 4. मरणासन्न 5. व्याकुल, बेचैन।
5. बाल्यावस्था और यौवनावस्था के मध्य का समय, बाल्यावस्था और यौवनावस्था के मध्य की स्थिति।
6. 1. यज्ञादि के समय किया जाने वाला स्नान 2. यज्ञ 3. शराब चुआना, आसवन 4. ख़मीर 5. कांजी।



### वर्ग पहेली -29 का हल

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 जो | | | | | | 2 म |
| 3 श | रा | बो | 4 र | | | र |
| न | | | 5 ज़ा | दे | रा | ह |
| | | | मं | | | म |
| 6 बु | 7 नि | या | दी | | 8 पू | |
| | ग | | | 9 वी | थि | का |
| 10 मुँ | ड़ | ना | | | का | |

## सुडोकू -109

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | 4 | 7 | | 9 |
| 4 | | 1 | | 3 | | 8 | | |
| | | 2 | | 5 | | 4 | | |
| 2 | 7 | | | | | | 3 | 4 |
| | | 5 | | | | 9 | | |
| 6 | 8 | | | 9 | | | 5 | |
| | | 3 | | | | 2 | | |
| | | 7 | | 4 | | 5 | | 6 |
| 9 | | | 7 | | | | | |

### सुडोकू -108 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 2 | 3 | 7 | 6 | 9 | 8 | 1 | 5 |
| 8 | 6 | 1 | 5 | 4 | 3 | 7 | 2 | 9 |
| 9 | 7 | 5 | 1 | 8 | 2 | 3 | 4 | 6 |
| 1 | 3 | 7 | 6 | 9 | 5 | 4 | 8 | 2 |
| 6 | 5 | 8 | 3 | 2 | 4 | 1 | 9 | 7 |
| 2 | 4 | 9 | 8 | 1 | 7 | 6 | 5 | 3 |
| 3 | 9 | 2 | 4 | 7 | 8 | 5 | 6 | 1 |
| 5 | 8 | 6 | 9 | 3 | 1 | 2 | 7 | 4 |
| 7 | 1 | 4 | 2 | 5 | 6 | 9 | 3 | 8 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 5 अप्रैल शुक्रवार 2024 संवत-2080, शक संवत 1945 मास-चैत्र, पक्ष-कृष्ण पक्ष, तिथि-एकादशी 13.28 तक तत्पश्चात द्वादशी।

**मेष:** आज कला क्षेत्र से जुड़े लोगों को सम्मान मिल सकता है। आर्थिक मामलों में काफी भाग्यशाली रहेंगे। अपनी बातों से आप लोगों को प्रभावित कर पाएंगे। युवाओं को जॉब के नए विकल्प मिलने से उत्साहित रहेंगे।

**वृष:** आज फिर भी किसी भी मुद्दे पर सावधानी पूर्वक प्रतिक्रिया दें। छोटे बच्चों के साथ अपने संबंध अच्छे रखें। उलझा हुआ धन आपको प्राप्त होगा। परिजनों का बेहतरीन सहयोग मिलने की संभावना है। करियर के लिए दिन बहुत अच्छा है।

**मिथुन:** आज कानूनी मामलों को लेकर थोड़ी सावधानी रखें। आप अनुसंधान के मूड में हो सकते हैं। बजट का ध्यान रखते हुए काम करें। भारी भोजन का सेवन करने से बचें। व्यर्थ के कार्यों में आप धन खर्च कर सकते हैं।

**कर्क:** आज आत्मकेन्द्रित होने के कारण मित्र गण आपसे नाराज हो सकते हैं। बुजुर्ग लोगों को घुटने व कमर में दर्द की शिकायत हो सकती है। अपने कार्यों के प्रति समर्पित रहें। अति आत्मविश्वास से बचें। प्रेम संबंधों में तनाव की आशंका है।

**सिंह:** आज साझेदारी में व्यवसाय शुरू करने की योजना बना सकते हैं। धर्म-कर्म में आपकी रुचि बढ़ेगी। जॉब में आपका प्रभाव बढ़ेगा। आपकी कोई मनोकामना पूर्ण होगी। वैवाहिक जीवन का तनाव दूर होगा। परिवार का वातावरण खुशनुमा रहेगा।

**कन्या:** आज प्रशासन से जुड़े लोगों के ऊपर से काम का दबाव कम होगा। स्वास्थ्य में उतार-चढ़ाव आते रहेंगे। अपनी कार्यप्रणाली में सुधार कर सकते हैं। यदि किसी मीटिंग पर जा रहे हैं तो आपको पूरी तैयारी करनी पड़ेगी। उधार लेन-देन सावधानी पूर्वक करें।

**तुला:** आज बातचीत के दौरान सरल शब्दों का प्रयोग करें। वरना आपकी बातों का गलत मतलब भी निकल सकता है। अप्रत्याशित खर्चों में वृद्धि हो सकती है। प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे लोगों को तनाव हो सकता है।

**वृश्चिक:** आज रियल एस्टेट में सावधानी पूर्वक निवेश करें। पुराने दोस्तों से आज मुलाकात हो सकती है। विद्यार्थी पढ़ाई को लेकर थोड़े परेशान हो सकते हैं। कार्यक्षेत्र की समस्याओं को दूर करने में सफलता मिलेगी। दौड़-धूप ज्यादा करनी पड़ेगी।


**धनु:** आज जीवनशैली में नयापन आएगा। सरकारी जॉब कर रहे लोगों को अतिरिक्त मेहनत करनी पड़ेगी। मार्केटिंग संबंधी कारोबारियों को लाभ होगा। दांपत्य संबंधों में आनंद का अनुभव करेंगे। व्यावसायिक यात्रा होने के योग बन रहे हैं।

**मकर:** आज संतान को लेकर कुछ चिंतित हो सकते हैं। विद्यार्थियों को उच्च अध्ययन में थोड़ी कठिनाई होगी। स्वार्थी प्रवृत्ति के लोगों से आपको परेशानी होगी। आपको झूठ बोलने से बचना चाहिए। परिवार के सदस्यों की सेहत का ध्यान रखें।

**कुंभ:** आज अपने काम का भरपूर आनंद उठाएंगे। आपके व्यवहार में शालीनता रहेगी। विदेश यात्रा की संभावना बन रही है। खरीदारी के दौरान अपने बजट का ध्यान रखें। किसी रिश्तेदार को धन उधार देना पड़ सकता है।

**मीन:** आज राजनीतिक लोगों के लिए दिन शुभ नहीं है। परिस्थितियों पर क्रोध करने के बजाय उसे शांति से निपटाएं। वाहन चलाते समय सावधानी रखें। कारोबार में विस्तार करने में कठिनाई होगी। दिखावे के चक्कर में अपना नुकसान न करवाएं।

### आज का पंचांग



दिशाशूल-पश्चिम। ऋतु-वसंत। चन्द्रबल-मेष, कर्क, सिंह, वृश्चिक, मकर, मीन। ताराबल-भरणी, रोहिणी, मृगशिरा, आर्द्रा, पुनर्वसु, आश्लेषा, पूर्वा फाल्गुनी, हस्त, चित्रा, स्वाति, विशाखा, ज्येष्ठा, पूर्वाषाढ़ा, श्रवण, धनिष्ठा, शतभिषा, पूर्वाभाद्रपद, रेवती। नक्षत्र-धनिष्ठा 18.07 तक तत्पश्चात शतभिषा।

## आज की फिल्में

- तकदीर का तमाशा — सुबह : 10.57
- जख्मी सिपाही — रात : 07.02
- मैं तेरा हीरो — सुबह : 11.09
- मॉम — रात : 08.00
- होटल ट्रांसिल्वेनिया 2 — सुबह : 11.06
- मैड मैक्स : फरी रोड — रात : 09.00
- बधाई हो बधाई — सुबह : 10.45
- गली बॉय — रात : 07.20
- खुदा गवाह — दोपहर : 02.00
- अग्निपथ — रात : 09.31

### आज की सुपरहिट फिल्म




एंड पिक्चर्स पर सुबह : 11.09 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

गोलू अपने पड़ोसी से- मैं आपकी बेटी से शादी करना चाहता हूं।
पड़ोसी- कितना कमा लेते हो?
गोलू- 20 हजार रुपये प्रति माह।
पड़ोसी- मैं अपनी बेटी को 15 हजार रुपये प्रति माह पॉकेट मनी देता हूं।
गोलू- मैं भी तो उसी को जोड़कर ही तो बता रहा हूं।

मैडम- क्लास में जो बेवकूफ हो वो खड़ा हो जाए।
पप्पू मसूमियत से खड़ा हो गया
मैडम- क्या तुम बेवकूफ हो?
पप्पू- नहीं मैडम आप अकेली खड़ी थीं। इसलिए मुझे अच्छा नहीं लगा।

## मैंथा बाजार भाव

**रामपुर**-शिवालिक 1015 फ्लैग 1120 डीएमओ 895 बोल्ड 1185, **सम्भल-चन्दौसी**-शिवालिक 1010 फ्लैग 1120 बोल्ड 1170 डीएमओ 900।

## लखनऊ मंडी

| | |
|---|---|
| **अनाज (प्रति क्वि.)-** | |
| गेहूं (आरआर 21) | 2360-2800 |
| गेहूं (के 65) | 3500-3800 |
| बाजरा | 2200-2300 |
| मक्का | 2700-2800 |
| जौ | 2900-3000 |
| **चावल (प्रति क्वि.)** | |
| चावल सेल्हा | 2800-3100 |
| चावल बासमती | 7000-8000 |
| चावल मोटा | 2800-3000 |
| चावल मन्सूरी | 3200-3500 |
| चावल शक्कर चीनी | 4800-5200 |
| चावल गोल्डन सेल्हा | 5600-8600 |
| चावल राजरानी | 7000-7500 |
| **दाल दलहन** | |
| चना देशी | 6800-7000 |
| चना फार्मी | 7200-7500 |
| चना काबली | 14500-17000 |
| मटर हरा | 6000-6200 |
| मटर सफेद | 6100-6500 |
| दाल चना | 8000-8400 |
| दाल मटर | 6400-6500 |
| उड़द हरा | 12000-12500 |
| उड़द काला | 9000-9500 |
| दाल उड़द हरी | 15500-16000 |
| दाल उड़द काली | 10500-11000 |
| दाल उड़द धोवा | 12000-12500 |
| मूंग खड़ा | 10000-10500 |
| मूंग दाल | 10500-11000 |
| मूंग धोवा | 12000-13000 |
| मसूर | 8800-9000 |
| मलका | 9000-9500 |
| दाल अरहर फूल | 16000-17000 |
| दाल स्पेशल | 13000-14000 |
| राज्मा सफेद | 13000-14000 |
| राज्मा काला | 11500-12500 |
| मूंगफली का दाना | 11000-12000 |
| **तेल तिलहन** | |
| अलसी | 5310-5510 |
| लाही | 4800-5200 |
| काली सरसों | 4900-5300 |
| पीली सरसों | 5600-5800 रुपये। |

# सेंसेक्स 351 अंक चढ़कर नए रिकॉर्ड पर

## नीतिगत ब्याज दर में स्थिरता व कंपनियों के प्रदर्शन के चलते निफ्टी भी नए शिखर पर पहुंचा

मुंबई, एजेंसी



नीतिगत ब्याज दर में स्थिरता और कंपनियों के मजबूत तिमाही प्रदर्शन की उम्मीदों के बीच स्थानीय शेयर बाजार के मानक सूचकांक सेंसेक्स और निफ्टी बृहस्पतिवार को आधा प्रतिशत की बढ़त के साथ नए रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गए। शेयर बाजारों में इस तेजी के पीछे सूचना प्रौद्योगिकी, टिकाऊ उपभोक्ता सामान और बैंकिंग शेयरों में खरीदारी की अहम भूमिका रही। बीएसई का 30 शेयरों वाला सूचकांक सेंसेक्स 350.81 अंक यानी 0.47 प्रतिशत बढ़कर 74,227.63 के अपने अबतक के उच्चतम स्तर पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान सेंसेक्स 74,501.73 से 73,485.12 अंक के दायरे में रहा। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का सूचकांक निफ्टी भी 80 अंक यानी 0.36 प्रतिशत की बढ़त के साथ 22,514.65 के अपने नए शिखर पर पहुंच गया। निफ्टी में शामिल 50 शेयरों में से 31 बढ़त के साथ बंद हुए। इस तेजी के साथ बाजार पिछले दो सत्र की गिरावट से उबरने में सफल रहा।

सेंसेक्स का पिछला उच्चतम स्तर सात मार्च को 74,119.39 अंक का दर्ज किया गया था। वहीं निफ्टी का पिछला रिकॉर्ड 22,493.55 अंक का था। घरेलू बाजारों ने नीतिगत दर रेपो पर शुक्रवार को आने वाले फैसले के पहले एक सीमित दायरे में सकारात्मक कारोबार किया। रिजर्व बैंक की मौद्रिक नीति समिति की बैठक में रेपो दर पर लिए गए निर्णय की घोषणा शुक्रवार को की जाएगी। जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा-व्यापक बाजार ने मजबूत व्यावसायिक स्थितियों को दर्शाते हुए समग्र पीएमआई आंकड़ों के आधार पर अच्छे तिमाही नतीजों और निर्यात की उम्मीद में बैंक जैसे चुनिंदा क्षेत्रों में जुझारूपन दिखाया है। सेंसेक्स के समूह में शामिल 20 शेयर बढ़त के साथ बंद हुए।

### सोना तेजी के साथ 70,050 रुपये के नए रिकॉर्ड स्तर पर

**नई दिल्ली।** मजबूत वैश्विक संकेतों के कारण राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में बृहस्पतिवार को सोने का भाव 850 रुपये के उछाल के साथ 70,050 रुपये प्रति 10 ग्राम के नए रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया। एचडीएफसी सिक्योरिटीज ने यह जानकारी दी। यह लगातार दूसरा सत्र है जब सोने ने रिकॉर्ड ऊंचाई को छुआ है। पिछले कारोबारी सत्र में सोना 69,200 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। चांदी की कीमत भी 1,000 रुपये के उछाल के साथ 81,700 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई। इससे पिछले कारोबारी सत्र में यह 80,700 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी। एचडीएफसी सिक्योरिटीज के शोध विश्लेषक सौमिल गांधी ने कहा-विदेशी बाजारों में मजबूती के रुख से संकेत लेते हुए दिल्ली के बाजारों में हाजिर सोने की कीमत (24 कैरेट) 70,050 रुपये प्रति 10 ग्राम पर कारोबार कर रही थी जो पिछले बंद भाव से 850 रुपये की बढ़त है।

## आईटीआर के फॉर्म ई-फाइलिंग पोर्टल पर उपलब्ध

**नई दिल्ली।** आयकर विभाग ने बृहस्पतिवार को कहा कि वित्त वर्ष 2023-24 के लिए आयकर रिटर्न (आईटीआर) जमा करने से संबंधित फॉर्म ई-फाइलिंग पोर्टल पर उपलब्ध करा दिए गए हैं और बीते चार दिन में करीब 23,000 रिटर्न दाखिल किए जा चुके हैं।

हाल के वर्षों में पहली बार आयकर विभाग ने करदाताओं को नए वित्त वर्ष के पहले दिन ही अपना आईटी रिटर्न दाखिल करने में सक्षम बनाया है। यह कर अनुपालन में सुगमता और निर्बाध करदाता सेवाओं की दिशा में उठाया गया कदम है। आईटीआर फॉर्म 1 (सहज) और आईटीआर फॉर्म 4 (सुगम) बड़ी संख्या में छोटे और मझोले करदाताओं की जरूरतों को पूरा करते हैं। वहीं आईटीआर-2 आवासीय संपत्ति से आय वाले लोगों द्वारा दाखिल किया जाता है।

## सरकार निर्बाध बिजली आपूर्ति के लिए हरसंभव कदम उठा रही : सिंह

नई दिल्ली, एजेंसी

- केंद्रीय मंत्री बोले-भीषण गर्मी के अनुमान पर की गई तैयारी



केंद्रीय मंत्री आर के सिंह ने बृहस्पतिवार को कहा कि पारा चढ़ने के साथ बिजली की बढ़ती मांग को पूरा करने के लिए बिजलीघरों को पूरी क्षमता के साथ काम करने को कहा गया है। उन्होंने कहा कि निर्बाध बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए हरसंभव कदम उठाए जा रहे हैं। मौसम विभाग के लंबे समय तक भीषण गर्मी पड़ने का अनुमान के साथ सरकार ने रखरखाव या अन्य कारणों से बंद सभी बिजलीघरों से जल्द-से-जल्द परिचालन शुरू करने को कहा है। साथ ही विशिष्ट उपयोगकर्ताओं के लिए काम कर रहे बिजलीघरों पर उपलब्ध अतिरिक्त बिजली का उपयोग करने को कहा है।

उन्होंनै कहा सरकार यह भी सुनिश्चित कर रही है कि तापीय बिजलीघर के पास जून तक के लिए पर्याप्त कोयला भंडार हो। साथ ही सभी इकाइयों से बिजली बाजारों में अपनी बिना अनुबंध वाली या अधिशेष बिजली की पेशकश करने को कहा है। केंद्रीय बिजली, नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्री सिंह ने खास बातचीत में गर्मियों में अधिकतम मांग को बिना किसी बाधा के पूरा करने का भरोसा जताया। उन्होंने कहा-हम अपनी पूरी क्षमता जुटा रहे हैं।

## सर्राफा

**कानपुर**

| | |
|---|---|
| चॉदी 999 (प्रति किलो) | 81,600 |
| चांदी सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 82,500 |
| चांदी सिक्का (सैकड़ा) बिकवाल | 87,500 |
| सोना बिस्कुट (दस ग्राम) | 71,750 |
| गिन्नी (प्रति नग) | 53,450-53,650 |
| **लखनऊ** | |
| सोना स्टैंडड (प्रति 10 ग्राम) | 69,050 |
| सोना रवा (प्रति 10 ग्राम) | 68,900 |
| गिन्नी (प्रति 10 नग) | 42, 500 |
| चांदी (999) | 77,300 |
| चांदी तैयार | 77,400 |
| चांदी का सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 80, 000 |
| **बरेली** | |
| सोना जेवरात पक्के | 68,600 |
| सोना जेवरात गिन्नी | 67,600 |
| चांदी पक्की | 765 (अनुमानित) |
| **मुरादाबाद** | |
| सोना 24 कैरेट | 69,350 |
| चांदी आभूषण | 78,100। |

## देश के आठ प्रमुख शहरों में आवासीय बिक्री नौ प्रतिशत बढ़ी

नई दिल्ली, एजेंसी

- नाइट फ्रैंक ने जनवरी-मार्च के जारी किए आंकड़े

देश के आठ प्रमुख शहरों में लक्जरी मकानों और प्रीमियम कार्यक्षेत्र की मजबूत मांग के दम पर जनवरी-मार्च में आवासीय बिक्री में सालाना आधार पर नौ प्रतिशत की वृद्धि हुई, जबकि कार्यालयों की मांग 43 प्रतिशत बढ़ी। संपत्ति सलाहकार नाइट फ्रैंक इंडिया ने बृहस्पतिवार को एक वेबिनार में 'भारत रियल एस्टेटः कार्यालय तथा आवासीय रिपोर्ट (जनवरी-मार्च 2024)' जारी की।

नाइट फ्रैंक इंडिया के अनुसार, दिल्ली-राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर), मुंबई, चेन्नई, कोलकाता, हैदराबाद, बेंगलुरु, पुणे और अहमदाबाद में जनवरी-मार्च में आवासीय कीमतें सालाना आधार पर दो से 13 प्रतिशत के दायरे में बढ़ीं। कार्यालय का किराया एक से नौ प्रतिशत बढ़ा। आंकड़ों के अनुसार, जनवरी-मार्च में आठ प्रमुख शहरों में आवासीय बिक्री बढ़कर 86,345 इकाई हो गई, जो एक साल पहले 79,126 इकाई थी। इस वर्ष जनवरी-मार्च में कार्यालय स्थान का सकल पट्टा 43 प्रतिशत बढ़कर 1.62 करोड़ वर्ग फुट हो गया,।

## उत्तर प्रदेश, राजस्थान व बिहार से गेहूं खरीद को 7 गुना करने का लक्ष्य

**नई दिल्ली।** केंद्र ने बृहस्पतिवार को उत्तर प्रदेश, राजस्थान और बिहार जैसे गैर-पारंपरिक राज्यों में गेहूं खरीद में उल्लेखनीय वृद्धि करने की योजना की घोषणा की तथा चालू विपणन वर्ष 2024-25 में खरीद को सात गुना बढ़ाकर 50 लाख टन करने का लक्ष्य रखा। इन तीन राज्यों ने 2023-24 विपणन वर्ष (अप्रैल-मार्च) के दौरान केंद्रीय पूल में केवल 6.7 लाख टन का योगदान दिया है। वहीं केंद्रीय खाद्य मंत्रालय ने 2024-25 के लिए 310 लाख टन के कुल गेहूं खरीद लक्ष्य का 16 प्रतिशत इनसे खरीदने का लक्ष्य निर्धारित किया है।

## वरिष्ठ पदों पर औसत 20% वेतन वृद्धि का अनुमान

नई दिल्ली, एजेंसी

- माइकल पेज इंडिया सैलरी गाइड ने जारी की रिपोर्ट



इस साल वरिष्ठ पदों पर वेतन वृद्धि औसतन 20 प्रतिशत तक पहुंचने की उम्मीद है। माइकल पेज इंडिया सैलरी गाइड 2024 के अनुसार, पारंपरिक उद्योगों में फिर से नियुक्तियां फिर से बढ़ रही हैं जो विशेष रूप से विनिर्माण तथा परिचालन भूमिकाओं की निरंतर उच्च मांग से स्पष्ट है। इसके अतिरिक्त, विभिन्न क्षेत्रों में डेटा एनालिटिक्स, जेनरेटिव एआई और मशीन लर्निंग में कुशल पेशेवरों की आवश्यकता में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है।

वार्षिक मार्गदर्शन रिपोर्ट में बीएफएसआई, इंजीनियरिंग तथा विनिर्माण, वित्त व लेखा, स्वास्थ्य देखभाल तथा जीवन विज्ञान, मानव संसाधन, विधि, अनुपालन, खरीद व आपूर्ति श्रृंखला, संपत्ति व निर्माण, बिक्री तथा विपणन और प्रौद्योगिकी के प्रमुख क्षेत्रों को शामिल किया गया है। रिपोर्ट के अनुसार, भारत की छह प्रतिशत जीडीपी वृद्धि वैश्विक चुनौतियों के बीच भी भारत को इस क्षेत्र में विशिष्ट स्थान पर रखती है।

पेजग्रुप के प्रबंध निदेशक अंकित अग्रवाल ने कहा-भारत की अर्थव्यवस्था के इस तरह के लचीलेपन तथा आशावाद को प्रदर्शित करने और वैश्विक महामारी के पहले के अपने प्रदर्शन को पार करने के बाद क्षमताओं का दोहन करने पर ध्यान केंद्रित किया जा रहा है। इस प्रकार प्रतिभा को फलने देना और नवप्रवर्तन को बढ़ावा देना महत्वपूर्ण बना हुआ है।

# राष्ट्रीय

# विपक्षी गठबंधन सीएए को लेकर अफवाह फैला रहा: मोदी

## पश्चिम बंगाल के कूचबिहार जिले की चुनावी रैली में प्रधानमंत्री बोले-नागरिकता देना मोदी की गारंटी

कूचबिहार (पश्चिम बंगाल), एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने संशोधित नागरिकता कानून (सीएए) को लेकर झूठी अफवाह फैलाने के लिए विपक्षी गठबंधन इंडिया की बृहस्पतिवार को आलोचना की और कहा कि 'मां भारती' में आस्था रखने वालों को नागरिकता देना मोदी की गारंटी है। पश्चिम बंगाल के कूचबिहार के रास मेला मैदान में एक विशाल रैली को संबोधित करते हुए मोदी ने भ्रष्ट लोगों को बचाने के प्रयासों को लेकर विपक्षी दलों निशाना साधा और उनकी सजा सुनिश्चित करने के लिए अपनी प्रतिबद्धता जताते हुए कहा कि अगले पांच वर्ष में और भी कड़ी कार्रवाई की जाएगी। संदेशखालि में हाल की घटनाओं का उल्लेख करते हुए मोदी ने आश्वासन दिया कि दोषियों को अपना शेष जीवन जेल में बिताना होगा। संदेशखालि में तृणमूल कांग्रेस के नेताओं के खिलाफ यौन शोषण के आरोप सामने आए हैं।

मोदी ने कहा-उन्होंने कभी हाशिए पर पड़े समुदायों की परवाह नहीं की। अब जब हम सीएए लाए हैं तो वे अफवाहें और झूठ फैला रहे हैं। मां भारती में आस्था रखने वालों को नागरिकता देना मोदी की गारंटी है। उनकी टिप्पणी तृणमूल कांग्रेस समेत विपक्षी दलों के उन दावों की पृष्ठभूमि में आई है जिसमें कहा गया है कि सीएए के लिए आवेदन करने से वैध नागरिक विदेशी बन जाएंगे।



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कूच बिहार जिले में एनडीए उम्मीदवारों के समर्थन में एक चुनाव प्रचार रैली के दौरान उन्हें भेंट की गई अपनी तस्वीर दिखाई। • एजेंसी

### सांप पर भरोसा किया जा सकता है, लेकिन भाजपा पर नहीं: ममता बनर्जी



पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने बृहस्पतिवार को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर लोकसभा चुनाव के लिए लागू आदर्श आचार संहिता (एमसीसी) का पालन नहीं करने का आरोप लगाते हुए कहा कि जहरीले सांप पर भरोसा किया जा सकता है, लेकिन भाजपा पर नहीं। कूचबिहार में एक रैली को संबोधित करते हुए, बनर्जी ने आरोप लगाया कि केंद्रीय जांच एजेंसियां, सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) और केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ) भाजपा के इशारे पर काम कर रहे हैं। उन्होंने निर्वाचन आयोग से इस पर गौर करने और सभी के लिए समान अवसर सुनिश्चित करने का आग्रह किया। मुख्यमंत्री ने कहा-आप एक जहरीले सांप पर भरोसा कर सकते हैं, आप इसे पाल भी सकते हैं, लेकिन आप भाजपा पर कभी भरोसा नहीं कर सकते... भाजपा देश को बर्बाद कर रही है। उन्होंने कहा कि उनकी पार्टी टीएमसी, केंद्रीय एजेंसियों की धमकी के आगे नहीं झुकेगी।

## देश बनाने और बिगाड़ने वालों के बीच फर्क करना होगा

नई दिल्ली, एजेंसी

- राहुल गांधी ने पोस्ट में कहा भारत निर्णायक मोड़ पर खड़ा



कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने बृहस्पतिवार को कहा कि देश इस समय निर्णायक मोड़ पर खड़ा है और ऐसे में हर वर्ग को देश बनाने और देश बिगाड़ने वालों के बीच का फर्क पहचानना होगा।

राहुल गांधी ने एक्स पर पोस्ट किया, देश इस वक्त निर्णायक मोड़ पर खड़ा है। हर वर्ग को 'देश बनाने' और 'देश बिगाड़ने' वालों के बीच का फर्क पहचानना होगा। उन्होंने कहा-कांग्रेस और इंडिया गठबंधन का मतलबः युवाओं की पहली नौकरी पक्की, किसानों को एमएसपी की गारंटी, हर गरीब महिला लखपति, श्रमिक को न्यूनतम 400 रू प्रतिदिन, जातिगत गिनती और आर्थिक सर्वे और सुरक्षित संविधान एवं नागरिक के अधिकार है। उन्होंने दावा किया कि भाजपा का मतलब बेरोज़गारी पक्की, किसानों पर कर्ज़ का बोझ, असुरक्षित और अधिकार विहीन महिलाएं, मजबूर और बेबस मज़दूर, वंचितों के साथ भेदभाव और शोषण, तानाशाही और दिखावे का लोकतंत्र है। राहुल गांधी ने कहा-आपका भविष्य आपके हाथों में है, सोचिए, समझिए और सही फैसला कीजिए।

### कांग्रेस आज जारी करेगी अपना घोषणापत्र

कांग्रेस शुक्रवार को लोकसभा चुनाव के लिए अपना घोषणापत्र जारी करेगी जो पांच 'न्याय' और 25 'गारंटी' पर आधारित होगा। पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी यहां कांग्रेस मुख्यालय में घोषणापत्र जारी करेंगे। इसके अगले दिन जयपुर एवं हैदराबाद में जनसभाएं आयोजित की जाएंगी जिनमें पार्टी के शीर्ष नेता शामिल होंगे। जयपुर में आयोजित घोषणापत्र संबंधी रैली को कांग्रेस संसदीय दल की प्रमुख सोनिया गांधी, पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी और महासचिव प्रियंका गांधी वाद्रा संबोधित करेंगी। हैदराबाद में घोषणापत्र संबंधी जनसभा को राहुल गांधी संबोधित करेंगे। कांग्रेस के अनुसार, उसका घोषणापत्र पार्टी के पांच न्याय – हिस्सेदारी न्याय, किसान न्याय, नारी न्याय, श्रमिक न्याय और युवा न्याय पर आधारित होगा।

## एक नजर

### ईडी ने हेमंत सोरेन के भूखंड को किया कुर्क

**रांची।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के कथित स्वामित्व वाले 8.86 एकड़ के भूखंड को कुर्क किया है। ईडी ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी देते हुए कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री और उनके सहयोगियों के खिलाफ धनशोधन जांच के तहत यह कार्रवाई की गई। ईडी ने 30 मार्च को झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के 48 वर्षीय नेता सोरेन तथा चार अन्य-- भानु प्रताप प्रसाद, राज कुमार पहान, हिलारियास कच्छप और विनोद सिंह- के खिलाफ यहां विशेष धनशोधन निवारण अधिनियम अदालत में आरोपपत्र दाखिल किया था।

### कोटा से किन्नर प्रत्याशी ने भरा नामांकन

**कोटा।** राजस्थान की कोटा-बूंदी संसदीय सीट से गुरुवार को किन्नर समाज के प्रत्याशी काजल किन्नर ने अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। काजल किन्नर ने भारतीय आम जन पार्टी प्रत्याशी के तौर पर नामांकन भरा है। नामांकन भरने के बाद काजल किन्नर ने कहा कि वह 20 साल से जनता से जुड़ी है। उनकी अपनी पहचान है और जनसेवा का संकल्प लेकर वे चुनाव मैदान में हैं। वह बड़े नेताओं की तरह वह झूठे वायदे नहीं करेंगी।

## पहचान पत्र न हो लेकिन वास्तविक मतदाता हो तो मतदान सुनिश्चित कराएं

नई दिल्ली, एजेंसी

### निर्वाचन आयोग ने राज्यों के अधिकारियों को दिए निर्देश




निर्वाचन आयोग ने राज्यों के निर्वाचन अधिकारियों से कहा है कि यदि पहचान पत्र के जरिए किसी मतदाता की पहचान स्थापित हो जाती है तो उसे मतदाता पहचान पत्र की लिपिकीय या वर्तनी की त्रुटियों को नजरअंदाज करना चाहिए और यह सुनिश्चित करना चाहिए कोई भी वास्तविक मतदाता मतदान के अपने अधिकार से वंचित न हो।

आयोग ने यह भी कहा है कि किसी अन्य विधानसभा क्षेत्र के निर्वाचक पंजीकरण अधिकारी द्वारा जारी मतदाता पहचान पत्र पहचान के लिए स्वीकार किया जाएगा बशर्ते मतदाता का नाम उस मतदान केंद्र की मतदाता सूची में हो जहां वह मत डालने गया हो। तस्वीर बेमेल होने की स्थिति में मतदाता को निर्वाचन आयोग द्वारा सूचीबद्ध वैकल्पिक फोटो दस्तावेजों में से एक को पेश करना होगा। पिछले महीने जारी एक आदेश में आयोग ने कहा कि जो मतदाता पहचान पत्र प्रस्तुत नहीं कर पाए हैं उन्हें अपनी पहचान स्थापित करने के लिए फोटो पहचान पत्रों में से कोई एक प्रस्तुत करना होगा। इनमें आधार कार्ड, मनरेगा जॉब कार्ड, बैंक या डाकघर द्वारा जारी फोटोयुक्त पासबुक, श्रम मंत्रालय द्वारा जारी स्वास्थ्य बीमा स्मार्ट कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस, पैन कार्ड और राष्ट्रीय जनसंख्या रजिस्टर (एनपीआर) के तहत भारत के रजिस्ट्रार जनरल द्वारा जारी स्मार्ट कार्ड शामिल हैं।

भारतीय पासपोर्ट, फोटो के साथ पेंशन दस्तावेज, केंद्र या राज्य सरकारों या पीएसयू द्वारा कर्मचारियों को जारी किए गए फोटो वाले सेवा आई-कार्ड, सांसदों, विधायकों और एमएलसी को जारी आधिकारिक पहचान पत्र और सामाजिक न्याय मंत्रालय द्वारा जारी विशिष्ट दिव्यांगता आई-कार्ड भी स्वीकार किए जाते हैं। प्रवासी भारतीय, जो अपने भारतीय पासपोर्ट में विवरण के आधार पर मतदाता सूची में पंजीकृत हैं, की पहचान मतदान केंद्र पर केवल उनके मूल पासपोर्ट के आधार पर की जाएगी और कोई अन्य पहचान दस्तावेज नहीं जरूरी होंगे।

## शरद पवार, अजित पवार गुट आदेशों का करें पालन

नई दिल्ली, एजेंसी

- उच्चतम न्यायालय ने दोनों धड़ों को दिया निर्देश

लोकसभा चुनाव से कुछ दिन पहले उच्चतम न्यायालय ने बृहस्पतिवार को राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) के शरद पवार और अजित पवार के नेतृत्व वाले धड़ों से चुनावों के लिए प्रचार सामग्री में चुनाव चिह्न, पार्टी के नाम और 'डिस्क्लेमर' (दावा अस्वीकरण) के इस्तेमाल पर उसके दिशा-निर्देशों का पालन करने को कहा।

न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति के. वी. विश्वनाथन की पीठ ने उसके 19 मार्च के आदेश का अनुपालन न किये जाने के आरोप वाली दोनों पक्षों की याचिकाओं का निस्तारण करते हुए कहा कि अब वक्त आ गया है कि दोनों गुटों के नेताओं को कहीं और होना चाहिए, न कि अदालतों में। उसने शरद पवार गुट से कहा कि वह आगामी लोकसभा चुनाव और चार राज्यों के विधानसभा चुनाव के लिए प्रचार अभियानों में 'राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी-शरदचंद्र पवार' का नाम और 'तुरही बजाता आदमी' चुनाव चिह्न के इस्तेमाल के लिए अपने कार्यकर्ताओं को जागरूक करे। आंध्र प्रदेश, सिक्किम, अरुणाचल प्रदेश और ओडिशा में विधानसभा चुनाव भी लोकसभा चुनाव के साथ ही हो रहे हैं।

## सांसद राणा को राहत, जाति प्रमाणपत्र रद करने संबंधी आदेश खारिज

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने अमरावती सांसद नवनीत कौर राणा को राहत देते हुए उनका अनुसूचित जाति प्रमाणपत्र बहाल कर दिया, जिससे भाजपा के टिकट पर दलितों के लिए आरक्षित महाराष्ट्र सीट से चुनाव लड़ने का रास्ता साफ हो गया है। सुप्रीम कोर्ट ने बंबई हाईकोर्ट के 2021 के फैसले को खारिज करते राणा का जाति प्रमाणपत्र बहाल किया। यह फैसला नामांकन दाखिल करने के अंतिम दिन आया है। भाजपा ने राणा को अमरावती से उम्मीदवार बनाया है। हाईकोर्ट ने 8 जून 2021 को कहा था कि राणा ने धोखाधड़ी कर फर्जी दस्तावेज के जरिए 'मोची' जाति का प्रमाणपत्र हासिल किया था। हाईकोर्ट ने सांसद पर दो लाख रुपये का जुर्माना भी लगाया था और कहा था कि रिकॉर्ड से पता चलता है कि वह 'सिख-चमार' जाति से हैं।

# अनुच्छेद 370 हटने के बाद जम्मू-कश्मीर चुनावों पर पूरे देश की नजर

ज्ञानेंद्र सिंह, नई दिल्ली

### पहले से ही बढ़ गई है चुनावी सरगर्मी

- मत विभाजन को रोकने के लिए काफी सक्रिय है कांग्रेस
- घाटी की तीन सीटों पर नेशनल कांफ्रेंस का कब्जा है

**अमृत विचारः** जम्मू कश्मीर में धारा 370 हटने के बाद पहली बार लोकसभा का चुनाव हो रहा है। जिसमें न सिर्फ वर्षों से इस राज्य में रहने वाले लोगों के राजनीतिक अधिकार बहाल हुए हैं बल्कि आजादी के बाद से इस राज्य में रहने वाले उन तमाम लोगों को लोकसभा चुनाव में वोट देने का अधिकार भी मिलेगा जो धारा 370 हटने से पहले नहीं था।

धारा 370 का विरोध वहां के प्रमुख क्षेत्रीय दल नेशनल कांफ्रेंस एवं पीडीपी ने किया था और इसके प्रमुख नेताओं महबूबा मुफ्ती और उमर अब्दुल्ला को नजर बंद भी किया गया था। इंडिया गठबंधन में जम्मू कश्मीर भी है। बिल्कुल उसी तरह जैसे पंजाब या पश्चिम बंगाल में है। इस बार नेशनल कांफ्रेंस और पीडीपी ने जम्मू एवं उधमपुर की सीट पर कांग्रेस को समर्थन दिया है और कश्मीर की तीन सीटों पर कांग्रेस अपने उम्मीदवार नहीं उतारेगी, नेशनल कांफ्रेंस या पीडीपी उम्मीदवारों को समर्थन देगी। हालांकि घाटी की अनंतनाग, बारामूला और श्रीनगर संसदीय क्षेत्र में नेशनल कांफ्रेंस और पीडीपी के बीच विवाद चल रहा है। दोनों दलों का कहना है कि केंद्र में हम इंडिया गठबंधन के साथ हैं लेकिन राज्य में हम अलग-अलग रहेंगे। जैसे पंजाब में आम आदमी पार्टी और कांग्रेस अलग-अलग चुनाव लड़ रही है। यही स्थिति पश्चिम बंगाल में तृणमूल कांग्रेस और कांग्रेस की है। जम्मू कश्मीर के दोनों क्षेत्रीय दल दिल्ली में 31 मार्च को हुई रैली में एक साथ थे। फिलहाल घाटी की तीनों सीटों पर नेशनल कांफ्रेंस का कब्जा है।

इस बार के चुनाव में जम्मू कश्मीर में मत विभाजन को रोकने के लिए कांग्रेस काफी सक्रिय है। यदि मत विभाजन हुआ तो बीजेपी को लाभ मिलेगा। 2019 के लोकसभा चुनाव में बीजेपी के सामने कांग्रेस, नेशनल कांफ्रेंस व पीडीपी अलग-अलग थे। जिसका लाभ बीजेपी को मिला और उसे 46 फीसद मत प्राप्त हुए थे। जबकि कांग्रेस को 28.38 फीसद, नेशनल कांफ्रेंस को 7.87 फीसद और पीडीपी को 3.5 फीसद मत प्राप्त हुए थे। इस बार के चुनाव में पूर्व मुख्यमंत्री गुलाम नबी आजाद कांग्रेस से अलग हैं। उन्होंने डेमोक्रेटिक प्रोग्रेसिव आजाद पार्टी का गठन किया है। आजाद से बीजेपी को फायदा और इंडिया गठबंधन को नुकसान होने की आशंका है।

मगर पूरे देश के लिए सबसे दिलचस्प यह है कि धारा 370 हटने के बाद जम्मू कश्मीर में चुनाव परिणाम क्या होंगे? बीजेपी के लिए भी यह सवाल काफी बड़ा है। राष्ट्रपति शासन लगने के बाद केंद्र सरकार ने जम्मू कश्मीर एवं लद्दाख को अलग-अलग कर वहां विकास के नए-नए कार्यों के करने का दावा किया है। अब देखना है कि इसका राजनीतिक लाभ उसे कितना मिलता है।

## एक नजर

### छत्तीसगढ़: सुरक्षाबलों ने दो इनामी महिला नक्सली को किया गिरफ्तार

**बीजापुर।** छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित बीजापुर जिले में सुरक्षाबलों ने दो इनामी महिला नक्सलियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि जिले के फरसेगढ़ और कुटरू थाना क्षेत्र में सुरक्षाबलों ने एक लाख रुपये की इनामी महिला नक्सली पोयाम फगनी और 10 हजार रुपये की इनामी पोयाम सन्नी को गिरफ्तार कर लिया है। उन्होंने कहा- बुधवार को चुचकोंटा गांव से महिला नक्सली पोयाम सन्नी (34) को गिरफ्तार किया, वहीं दूसरी को केतुलनार गांव से फरसेगढ़ से पोयाम फगनी (30) को गिरफ्तार कर किया गया है। उन्होंने बताया कि दोनों महिला नक्सली एक ग्रामीण की हत्या, मारपीट और पुलिस दल पर हमला समेत अन्य नक्सली घटनाओं में शामिल थीं।



### कर्नाटक में बोरवेल में गिरा दो साल का बच्चा, 20 घंटे बाद बाहर निकाला

**विजयपुरा।** कर्नाटक के लचायन गांव में एक दो वर्षीय बच्चा बुधवार की शाम को 15-20 फीट की गहराई बोरवेल में गिर गया। बच्चे की पहचान सात्विक मुजागोंद के तौर पर की गई है जो विजयपुड़ा जिले में सिर के बल बोरवेल में गिरा था। एनडीआरएफ और एसडीआरएफ ने 20 घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद बच्चे को बोरवेल से बाहर निकाल लिया है। बुधवार शाम अपने माता-पिता के खेत में खेलते समय बोरवेल में गिर गया।

### एयरलाइन विस्तारा का गतिरोध बरकरार, 20 उड़ानें रद

**मुंबई।** पायलटों की नाराजगी की वजह से टाटा समूह की एयरलाइन विस्तारा की उड़ानों के रद होने का सिलसिला गुरुवार को भी जारी रहा। समस्या बरकरार रहने से करीब 20 उड़ानें रद करनी पड़ीं। बुधवार को भी 26 उड़ानें रद हुई थीं। हालांकि, एयरलाइन के सीईओ विनोद कन्नन ने नाराज पायलटों से समस्या के समाधान का वादा किया था। समस्या अबतक हल नहीं हो पाई है। जिससे गुरुवार को 20 उड़ानें रद कर दीं।

### इमरान की पार्टी ने धार्मिक कारणों से कल होने वाली रैली रद की

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान की जेल में बंद पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की पार्टी ने धार्मिक कारणों का हवाला देते हुए शनिवार को होने वाली अपनी बहुप्रचारित रैली को रद करने की घोषणा की। इमरान की जेल से रिहाई की मांग को लेकर की जानी थी। मीडिया के मुताबिक, पीटीआई अध्यक्ष बैरिस्टर गौहर अली खान ने बुधवार को कहा लैलत-उल-कद्र के कारण रैली होगी। बता दें, मुस्लिम समुदाय रमजान के महीने में लैलत-उल-कद्र की रात को बहुत पवित्र माना जाता है।

## सेना के खिलाफ राजनीतिक दलों के आरोप निराधार, राष्ट्रपति से मिले सेना प्रमुख असीम मुनीर



**इस्लामाबाद, एजेंसी।** पाकिस्तान के राष्ट्रपति आसिफ अली जरदारी ने राजनीतिक दलों और उनके व्यक्तियों द्वारा सेना के खिलाफ लगाए गए निराधार आरोपों पर चिंता व्यक्त की है। बुधवार को जब सेना के प्रमुख (सीओएएस) जनरल असीम मुनीर ने राष्ट्रपति से मुलाकात की तब उन्होंने जेल में बंद पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान पर निशाना साधा।

इस बैठक में सेना प्रमुख ने जरदारी को 14वें राष्ट्रपति के तौर पर नियुक्ति के लिए बधाई दी है। राष्ट्रपति भवन द्वारा जारी एक बयान में कहा गया, राष्ट्रपति जरदारी ने राजनीतिक दलों और उनके कुछ व्यक्तियों द्वारा लगाए गए निराधार आरोपों पर चिंता जताई है। उन्होंने ऐसे तत्वों से निपटने के लिए संकल्प लिया है। दरअसल, जरदारी स्पष्ट रूप से अप्रैल 2022 में सत्ता से बेदखल होने पर इमरान खान और उनकी पार्टी द्वारा पाकिस्तानी पर लगातार हमले का जिक्र कर रहे थे। इस बैठक में सीओएएस ने राष्ट्रपति को आतंकवाद के खिलाफ सेना के अभियानों से अवगत कराया। उन्होंने राष्ट्रपति को विशेष तौर पर खैबर पख्तूनख्वा और बलूचिस्तान क्षेत्र में विकास पहल में सेना के योगदान के बारे में भी बताया।

## दिल्ली यातायात पुलिस की वेबसाइट में सेंध, जांच शुरू

**नई दिल्ली।** हैकरों के एक समूह ने दिल्ली यातायात पुलिस की वेबसाइट में सेंध लगाने का दावा किया है। जिसके बाद पुलिस की टीम ने जांच शुरू कर दी है। पुलिस ने कहा कि मिली जानकारी के अनुसार 'किलसेक' नामक हैकरों के समूह ने अपने टेलीग्राम चैनल पर पोस्ट किए गए संदेश में दिल्ली यातायात पुलिस की वेबसाइट तक पहुंच और चालान की स्थिति को हासिल करने का दावा किया।

पुलिस ने कहा कि दूसरे संदेश में, समूह ने दावा किया कि उसने दिल्ली पुलिस की वेबसाइट में सेंध लगाई है और तस्वीरों को छोड़कर वह सारा डेटा हासिल कर लिया है, जो वे कर सकते हैं। पुलिस ने कहा कि एनआईसी रिकॉर्ड की पड़ताल कर रही है। मामले की गंभीरता को देखते हुए जांश शुरू कर दी गई है।

## पांच साल में 28 फीसदी बढ़ी राहुल गांधी की संपत्ति

*कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने बुधवार को केरल के वायनाड से नामांकन दाखिल किया। राहुल ने जो हलफनामा दिया है, उसके मुताबिक उनके पास कुल 20.39 करोड़ रुपये की संपत्ति है। इसमें 9.24 करोड़ रुपये चल और 11.15 करोड़ की अचल संपत्ति है। 2019 में राहुल ने कुल 14.85 करोड़ रुपये की संपत्ति बताई थी है। यानी 5 साल में उनकी संपत्ति 5.54 करोड़ रुपये से 28 फीसदी बढ़ोतरी हुई है। बचत से ज्यादा निवेशः राहुल बैंक से ज्यादा शेयर और म्यूचुअल फंड में निवेश पर भरोसा करने लगे हैं। उनके पास 4.33 करोड़ के शेयर और 3.81 करोड़ के म्यूचुअल फंड हैं। हालांकि बैंक में महज 6.25 लाख जमा हैं।*

- 18 केस दर्ज... राहुल ने शपथ पत्र में 18 आपराधिक केस का जिक्र किया है। इसमें मानहानि केस में सूरत कोर्ट की तरफ से सुनाई सजा का भी जिक्र है। 2019 में दाखिल हलफनामे में उन्होंने अपने खिलाफ 6 केस का जिक्र किया था।



### 2004 के चुनाव में इतनी थी संपत्ति



राहुल गांधी ने साल 2004 में नामांकन के दौरान दिए गए हलफनामे में बताया था कि उनके पास महज 55 लाख 83 हजार 123 रुपये मूल्य की कुल संपत्ति है। फिर 2009 के अगले लोकसभा चुनाव में उन्होंने अपनी कुल संपत्ति की कीमत 2 करोड़ रुपये बताई जो 2014 के लोकसभा चुनाव के वक्त 9 करोड़ 40 लाख रुपये हो गई। हलफनामें में कांग्रेस अध्यक्ष राहुल गांधी ने बताया कि उनके पास 40 हजार रुपये नकदी है, उनके 17 .93 लाख रुपये कई बैंकों में जमा हैं। इसके अलावा राहुल गांधी ने 5 .19 करोड़ रुपये विभिन्न कंपनियों के बॉन्ड, डिबेंचर और शेयरों में लगा रखे हैं। उनके पास 333 .3 ग्राम सोना भी है। दिल्ली के सुल्तानपुर गांव में उनके पास खेती की पैतृक जमीन भी है, इसके अलावा गुरुग्राम में उनके पास दो कार्यालय भी हैं।

### कमाई करोड़ों की बैंक में मात्र 26 लाख रुपये...

राहुल गांधी ने शपथ पत्र में बताया है कि बीते पांच सालों में उन्हें कुल 6 करोड़ रुपये की आमदनी हुई। उनके पास कुल 20 .39 करोड़ रुपये की संपत्ति है। राहुल गांधी ने बताया है कि उनके पास कुल नकदी 55 हजार रुपये की है और इसके अलावा 26 लाख रुपये की धनराशि बैंक में जमा है। राहुल के एफीडेविट में जिक्र किए ब्योरे के अनुसार उनकी संपत्ति में 2019 की तुलना में 28 फीसदी की बढ़ोतरी हुई है।

# परिवर्तनकारी सुधारों से युद्ध क्षमताओं को धारदार बनाएगी भारतीय सेना

## सैन्य कमांडर सम्मेलन में भारतीय सेना की बहुआयामी रणनीति पर दिया जोर

नई दिल्ली, एजेंसी

भारतीय सेना भविष्य में सुरक्षा चुनौतियों से निपटने के लिए अपनी युद्ध क्षमता को विकसित करेगी। इसके लिए 'प्रतिद्वंदी बल' के रूप में एक विशेष संगठन तैयार करने पर विचार किया है। इसकी वजह यह है कि प्रतिद्वंदी बल के साथ भारतीय सेना युद्ध और प्रशिक्षण की बारिकियों पर ध्यान दे सके। दिल्ली में आयोजित सैन्य शीर्ष कमांडर सम्मेलन में उच्च पदस्थ अफसरों ने भारतीय सेना की मानव संसाधन प्रबंधन नीति को संशोधित करने का भी निर्णय लिया।

अफसरों का मानना है कि भविष्य में भारतीय सेना की तकनीक संबंधित आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए मानव संसाधन प्रबंधन नीति का नवीनीकरण जरूरी है। इस दौरान भारतीय सेना के उप प्रमुख जनरल मनोज पांडे ने सैन्य कमांडरों और वरिष्ठ अधिकारियों को संबोधित किया। उन्होंने मौजूदा सुरक्षा माहौल की समीक्षा करते हुए भारतीय सेना की बहुआयामी रणनीति और केंद्रीय दृष्टिकोण की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि सेना के तकनीक-सक्षम और आत्मनिर्भर भविष्य के लिए सर्वोत्तम प्रणालियों को अपनाना जरूरी है। साथ ही उन्होंने स्पष्ट किया कि भारतीय सेना के लिए यह पहल एक बड़ा परिवर्तन साबित हो सकती है। बता दें, सैन्य कमांडरों का सम्मेलन मंगलवार को दिल्ली में संपन्न हुआ। यह द्विवार्षिक कार्यक्रम 28 मार्च को थलसेना प्रमुख जनरल मनोज पांडे की अध्यक्षता में एक ऑनलाइन सत्र के साथ शुरू हुआ था इसके बाद एक और दो अप्रैल को आमने-सामने की चर्चा हुई।

### संशोधित होगी मानव संसाधन प्रबंधन नीति, मजबूत होगा बुनियादी ढांचा

सम्मेलन में शीर्ष अधिकारियों ने एक महत्वपूर्ण निर्णय लिया है। यह फैसला लिया गया कि भारतीय सेना की मानव संसाधन प्रबंधन नीतियों को संशोधित किया जाएगा। यह संशोधित नीति सेना के तकनीक-सक्षम भविष्य के लिए मददगार होगी। इसके अलावा सीमावर्ती क्षेत्रों में उन्नत क्षमता निर्माण और बुनियादी ढांचे के विकास के प्रयासों में तेजी लाई जाएगी। इसके लिए अन्य मंत्रालयों के साथ सहयोग करने के अधिक अवसर तलाशे जाएंगे।



### आत्मनिर्भरता पर रहेगा फोकस, नवाचार क्षमता को बढ़ाया जाएगा

सम्मेलन के दौरान सेना के शीर्ष अधिकारियों ने आत्मनिर्भरता पर ध्यान देने की बात कही। उनका मानना है कि भविष्य की क्षमता विकास की दिशा में विशिष्ट प्रौद्योगिकी को शामिल करना बड़ी पहल साबित होगा। इस दिशा में आर्मी डिजाइन ब्यूरो की नवाचार क्षमता को बढ़ाया जाएगा। सेना ने कहा कि इस पहल को और मजबूत करने के लिए अलग से एक फंड हेड का विकल्प तलाशा जाएगा। इसके अलावा सैन्य परीक्षणों में अधिक दक्षता और निरंतरता सुनिश्चित की जाएगी।

## सीबीआई की कार्रवाई सऊदी अरब से भारत लाया गया वांछित

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) द्वारा जांच किए जा रहे सोना तस्करी के एक मामले में वांछित और इंटरपोल के रेड नोटिस का सामना कर रहे एक आरोपी को केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) द्वारा समन्वित एक अभियान में सऊदी अरब से वतन वापस लाया गया है।

अधिकारियों ने गुरुवार को यह जानकारी दी। सीबीआई के प्रवक्ता ने बताया कि जांच एजेंसी के वैश्विक अभियान केंद्र ने शौकत अली की सऊदी अरब से मुंबई वापसी के लिए इंटरपोल के माध्यम से राष्ट्रीय केंद्रीय ब्यूरो-रियाद के साथ समन्वय किया है। अली को बुधवार रात वापस लाया गया। अली राजस्थान के जयपुर अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर तस्करी कर लाई गई सोने की छड़ों की जब्ती से संबंधित 2020 में दर्ज मामले में वांछित था। इस मामले की जांच एनआईए कर रही है।

अधिकारी ने बताया, "जांच के दौरान यह पता चला कि आरोपी शौकत अली ने सह आरोपियों के साथ मिलकर सऊदी अरब से भारत में सोने की छड़ों की तस्करी की साजिश रची थी।

## चीन-पाक को छोड़कर सभी पड़ोसी देशों से रिश्ते बेहतर

- विदेश मंत्री जयशंकर बोले-चीन के साथ भारत के संबंध चुनौतीपूर्ण

तिरुवनंतपुर, एजेंसी

विदेश मंत्री एस जयशंकर ने गुरुवार को कहा कि चीन और पाकिस्तान को छोड़कर सभी पड़ोसी देशों से भारत के संबंधों में पहले की तुलना में काफी सुधार हुआ है। क्षेत्र में भारत की कूटनीतिक प्रगति के बारे में मीडिया से बातचीत के दौरान जयशंकर ने कहा कि चीन के साथ भारत के संबंध चुनौतीपूर्ण हैं, लेकिन देश आश्वस्त है और अपने हितों की रक्षा करने में सक्षम है।

विदेश मंत्री बोले- भारत के आसपास के छोटे देशों में चीनी हस्तक्षेप चिंता का विषय है, लेकिन भारत एक ऐसा देश है जो आज आश्वस्त है, जो अपने हितों को आगे बढ़ाने और उनकी रक्षा करने में सक्षम है, दुनिया में हम प्रतिस्पर्धा करेंगे। मंत्री ने इस बात को खारिज किया कि एक दशक पहले की तुलना में अब ऐसे पड़ोसियों की संख्या अधिक है जो भारत के प्रति मित्रवत नहीं हैं। विदेश मंत्री ने कहा, पड़ोस में ऐसी ताकतें हो सकती हैं जो समस्याएं पैदा करती हैं और भारत में ऐसे लोग हो सकते हैं जो इन समस्याओं को तूल देना पसंद करते हैं। जयशंकर ने कहा, चीन के साथ हमारे संबंध बहुत ही असामान्य हैं, और पाकिस्तान के साथ भी हमारे संबंध ठीक नहीं हैं - आप सभी जानते हैं कि हमारे वर्तमान संबंधों की स्थिति क्या है।



### कच्चातिवु वार्ता में द्रमुक पक्षकार थी : जयशंकर

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कच्चातिवु को लेकर दिए गए बयान के बाद से ही राजनीतिक सरगर्मियां बढ़ गई है। तमाम दलों के बीच बयानबाजी का दौरा शुरू हो गया है। इस बीच डीएमके पर कटाक्ष करते हुए जयशंकर ने दावा किया कि तत्कालीन केंद्र के साथ डीएमके ने पांच दशक पहले बातचीत की थी, बाद में जो निर्णय लिया गया उसमें भी उन्होंने सहमति दिखाई थी। डीएमके पर कटाक्ष करते हुए जयशंकर ने कहा कि जो सबसे खास है वह यह है कि तमिलनाडु के लोगों को सच्चाई पता होनी चाहिए।

### नाटो का लंदन में जश्न...



**लंदन :** अमेरिका के नेतृत्व वाली गठबंधन सेना नाटो की 75वीं वर्षगांठ (डायमंड जुबली) 4 अप्रैल को थी। इसकी पूर्व संध्या पर चेंजिंग ऑफ द गार्ड सेरेमनी मनाई गई। इसी दौरान शाही परिवार के विशेष घुड़सवारी दल के साथ बैंड ने परेड की। जश्न गुरुवार तक जारी रहा। इस उत्सव में नाटो देशों के विदेश मंत्री भी जुटे। इसके अलावा जुलाई में अमेरिका की राजधानी वाशिंगटन में भी आयोजन होगा। नाटो की स्थापना 4 अप्रैल 1949 को हुई थी। इस गठबंधन में अभी 32 देश शामिल हैं। इनमें से 30 देश तो यूरोप के हैं। ● एजेंसी

## थाईलैंडः जहाज में लगी आग, सवार 108 यात्री समुद्र में कूदे

**बैंकॉक।** थाईलैंड की खाड़ी में गुरुवार नाव में भीषण आग लग गई। आग से बचने के लिए घबराए यात्री समुद्र में कूदने लगे, जिससे जहाज पर सवार सभी 108 लोगों को सुरक्षित बच गए। सूरत थानी प्रांत से रात भर चलने वाली नाव थाई तट से दूर एक लोकप्रिय पर्यटन स्थल कोह ताओ पहुंचने ही वाली थी।

तभी यात्रियों में से एक ने अचानक एक तेज आवाज सुनी और धुएं की गंध महसूस की। फिर सभी ने समुद्र में कूद कर जान बचाई। अधिकारियों ने कहा कि नौका पर सवार 108 लोगों में से 97 यात्री सूरत थानी के थे। प्रांत के जनसंपर्क विभाग ने बताया कि सभी को बचा लिया गया और कोई हताहत नहीं हुआ।

## कम लागत में होगा कैंसर का इलाज मुर्मू ने लांच की पहली स्वदेशी थेरपी

- राष्ट्रपति बोलीं- सीएआर टी-सेल थेरेपी से मानव जाति को मिलेगी नई उम्मीद

मुंबई, एजेंसी

कैंसर वैश्विक स्तर पर तेजी से बढ़ती गंभीर बीमारी है, जिसका जोखिम साल-दर साल बढ़ता देखा जा रहा है। भारत में भी कैंसर रोग एक बड़ा खतरा रहा है। पवई स्थित भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) बॉम्बे में आयोजित एक कार्यक्रम में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने गुरुवार को कैंसर के इलाज के लिए स्वदेशी रूप से विकसित सीएआर टी-सेल थेरेपी की शुरुआत की।

आईआईटी बॉम्बे और टाटा मेमोरियल सेंटर द्वारा विकसित यह जीन-आधारित थेरेपी विभिन्न प्रकार के कैंसर को ठीक करने में मदद करेगी। एक अध्ययन के अनुसार, भारत में साल 2019 में लगभग 12 लाख नए कैंसर के मामले और 9.3 लाख मौतें दर्ज की गई थीं। भारत, एशिया में इस बीमारी के बोझ वाल दूसरा सबसे बड़ा देश है। सीएआर टी-कोशिका-सेल थेरेपी भारत की पहली 'मेड इन इंडिया' सीएआर टी-कोशिका-सेल थेरेपी है, जिससे इलाज की लागत में काफी कमी आने की उम्मीद जताई गई है।



टाटा मेमोरियल सेंटर के निदेशक सुदीप गुप्ता ने कहा कि सीएआर टी-सेल थेरेपी एक बेहद महंगा उपचार है, जो अधिकतर लोगों की पहुंच से बाहर है। उन्होंने कहा, नेक्ससीएआर19 का भारत के बाहर उपलब्ध इलाज की कीमत से तकरीबन 10 गुना कम खर्च है।

## लद्दाख में सैन्य हेलीकॉप्टर की आपात लैंडिंग, कोर्ट ऑफ इन्क्वायरी का आदेश

**नई दिल्ली।** भारतीय वायु सेना के एक अपाचे हेलीकॉप्टर को लद्दाख में आपातकालीन लैंडिंग करनी पड़ी। इस दौरान उतार-चढ़ाव वाले इलाके और अधिक ऊंचाई के कारण हेलीकॉप्टर को नुकसान पहुंचा है। हालांकि इसमें सवार दोनों पायलट सुरक्षित हैं। वायुसेना ने गुरुवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि घटना बुधवार को हुई।

वायु सेना ने घटना की कोर्ट ऑफ इन्क्वायरी के आदेश दे दिए हैं। आईएएफ ने एक संक्षिप्त बयान में कहा, 'आईएएफ के अपाचे हेलीकॉप्टर ने 3 अप्रैल को लद्दाख में एक परिचालन प्रशिक्षण उड़ान के दौरान एहतियाती लैंडिंग की। इस लैंडिंग की प्रक्रिया के दौरान, उतार-चढ़ाव वाले इलाके और उच्च ऊंचाई के कारण इसे नुकसान हुआ।'

इसमें कहा गया, 'विमान पर सवार दोनों पायलट सुरक्षित हैं और उन्हें निकटतम एयरबेस पर ले जाया गया है। कारण का पता लगाने के लिए कोर्ट ऑफ इंक्वायरी का आदेश दिया गया है।

## बैलिस्टिक मिसाइल अग्नि प्राइम का हुआ सफल परीक्षण

- रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने डीआरडीओ को दी बधाई

नई दिल्ली, एजेंसी

सामरिक बल कमान ने डीआरडीओ के साथ मिलकर कल (बुधवार) शाम लगभग 7:00 बजे ओडिशा के तट पर डॉ एपीजे अब्दुल कलाम द्वीप से नई पीढ़ी की बैलिस्टिक मिसाइल अग्नि-प्राइम का सफल उड़ान परीक्षण किया। रक्षा मंत्रालय ने इस परीक्षण की पुष्टि की। मंत्रालय ने कहा- रक्षा अनुसंधान और विकास संगठन (डीआरडीओ) के साथ मिलकर 1,000 से 2,000 किमी की मारक क्षमता वाली मिसाइल का सफल परीक्षण किया।

प्रक्षेपण के मौके पर सीडीएस जनरल अनिल चौहान, स्ट्रैटजिक फोर्सेज कमांड के प्रमुख और डीआरडीओ और भारतीय सेना के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद थे। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने सफल परीक्षण के लिए डीआरडीओ, एसएफसी और सशस्त्र बलों को बधाई दी है। रक्षा मंत्रालय ने एक बयान में कहा, "रणनीतिक बल कमान (एसएफसी) ने रक्षा अनुसंधान और विकास संगठन (डीआरडीओ) के साथ मिलकर 3 अप्रैल को लगभग 07:00 बजे ओडिशा के तट पर एपीजे अब्दुल कलाम द्वीप से नई पीढ़ी की बैलिस्टिक मिसाइल अग्नि-प्राइम का सफल उड़ान परीक्षण किया गया है।



**विज्ञान** मुख्य खोजकर्ता डॉ. निकोल नेविल ने की खोज, सूर्य की उत्पत्ति से पहले अस्तित्व में आया है यह कण

## वैज्ञानिकों ने की ब्रह्मांड के दुर्लभ कण की खोज

नैनीताल कार्यालय

**अमृत विचार :** वैज्ञानिकों ने एक ऐसे दुर्लभ धूल कण की खोज की है, जिसका सम्बंध हमारे सूर्य के अलावा किसी अन्य तारे से है। कर्टिन विश्वविद्यालय के वैज्ञानिकों ने यह खोज की है, जो प्राचीन धूल कणों की उत्पत्ति में प्रकाश डाल सकती है।

मुख्य खोजकर्ता डॉ. निकोल नेविल ने अपने सहयोगियों के साथ यह खोज की है। उल्कापिंड हमारे सौर मंडल में बने पदार्थों से बने होते हैं और इनमें बहुत छोटे कण भी हो सकते हैं, जो हमारे सूर्य से बहुत पहले पैदा हुए सितारों से उत्पन्न होते हैं। इन्हें प्रीसोलर ग्रेन के रूप में जाना जाता है। इन कणों के अंदर विभिन्न प्रकार के तत्व मौजूद होते हैं। का विश्लेषण करके पाए जाते हैं।



ब्रह्मांड के कणों की फोटो।

डॉ. नेविल के अनुसार ये कण एक तरह के आकाशीय कैप्सूल की तरह हैं, जो अपने मूल तारे के जीवन का एक स्नैपशॉट हैं। यह हमारे सौर मंडल में निर्मित सामग्री में आइसोटोप का अनुमानित अनुपात होता है। इस खोज को लेकर डॉ. डेविड सैक्से ने कहा है कि अनुसंधान विश्लेषणात्मक तकनीक और खगोल भौतिकी मॉडल को आगे बढ़ाने में यह खोज महत्वपूर्ण हो सकती है।

इससे ब्रह्मांड को समझने के तरीके में नई दिशा मिलती है।। हाल ही में हाइड्रोजन बर्निंग सुपरनोवा की खोज भी हुई है, यह एक तारा है। इस सुपरनोवा में नई खोज की तरह के कण मौजूद हैं। दोनों के धूल कण का विश्लेषण करने के बाद यह जानकारी सामने आई है।

### ब्रह्मांड के रहस्यों को समझने में मिलेगी मदद

कर्टिन स्कूल ऑफ अर्थ एंड प्लैनेटरी साइंसेज के प्रोफेसर फिल ब्लैंड कहते हैं कि ब्रह्मांड के अनेक रहस्यों को जानने के लिए उल्कापिंडों में दुर्लभ कण बड़ा योगदान दे सकते हैं। ब्रह्मांड के अनेक रहस्य आज भी बने हुए हैं। जिन्हे समझने के लिए निरंतर अनुसंधान जारी हैं।

## अमेरिका : ओपिनियन पोल में बाइडन से आगे निकले ट्रंप

वाशिंगटन, एजेंसी

अमेरिका में नवंबर में होने वाले राष्ट्रपति चुनाव से पहले एक ताजा सर्वे में राष्ट्रपति जो बाइडन पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप से पिछड़ते नजर आ रहे हैं। सात राज्यों में हुए ओपिनियन पोल में रिपब्लिकन नेता ट्रंप ने डेमोक्रेट बाइडन पर बढ़त बनाई है, जबकि बाइडन केवल एक राज्य में आगे दिखे।

सर्वे में पाया गया कि मतदाता देश की अर्थव्यवस्था से संतुष्ट नहीं हैं, इसके साथ वे बाइडन की क्षमता और राष्ट्रपति के रूप में उनके प्रदर्शन से भी निराश हैं। वाल स्ट्रीट जर्नल द्वारा कराए गए सर्वे के अनुसार, ट्रंप ने पेंसिल्वेनिया, मिशिगन, एरिजोना, जार्जिया, नेवादा और उत्तरी कैरोलिना राज्यों में बाइडन पर दो से आठ प्रतिशत तक बढ़त बनाई। जबकि, बाइडन केवल विस्कन्सिन राज्य में मतदाताओं का तीन प्रतिशत अधिक समर्थन प्राप्त कर सके। राष्ट्रपति बाइडन के विरुद्ध सभी राज्यों में पद के प्रदर्शन को लेकर 16 प्रतिशत नकारात्मक दृष्टिकोण रहा, जबकि चार राज्यों में यह 20 प्रतिशत तक देखा गया। अगर ट्रंप की बात करें तो जब वह राष्ट्रपति थे तो केवल एरिजोना राज्य में उनके विरुद्ध नकारात्मक दृष्टकोण था। सर्वेक्षणों पर नजर रखने वाली रीयल क्लीयर पालिटिक्स के अनुसार, 2020 की तरह इस वर्ष के चुनाव में भी ट्रंप और बाइडन के बीच कांटे का मुकाबला होने की संभावना है।

